67 YEARS

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 15 जुलाई 2025 | वर्ष – 67 | अंक –90 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59







बिहार में नहीं होने देंगे मताधिकार छीनने की साजिश कामयाब : कांग्रेस पृष्ठ 2

■ अब मतदाता सूचियों में विदेशी नामों का हौवा
■ चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार सर्वव्यापी नहीं पृष्ठ 6

■ यूक्रेन को सुरक्षा की जरूरत, अमेरिका भेजेगा पैट्रियट मिसाइल
■ भारत व सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा पृष्ठ 7

मोनांक पटेल : रेस्टोरेंट चलाने वाला भारतीय मूल का क्रिकेटर, जो बने अमेरिका टीम के कप्तान पृष्ठ 8


# खाद संकट पर कांग्रेस का स्थगन खारिज, सदन में जमकर हंगामा

## गर्भगृह में आकर नारेबाजी करने पर विपक्षी सदस्य हुए निलंबित





**रायपुर**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन शून्यकाल के दौरान नेता–प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्य में खाद–बीज संकट का मुद्दा उठाया। विपक्ष की ओर से खाद–बीज की कमी के मुद्दे पर स्थगन लाया गया लेकिन मंत्री के वक्तव्य के बाद विधानसभा अध्यक्ष के स्थगन को अग्राह्य कर दिया ।जिससे कांग्रेस सदस्य नारेबाजी करने लगे।

विपक्ष के हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित की गई। गर्भगृह में आकर नारेबाजी करने पर वे निलंबित हो गए ।हालांकि अध्यक्ष ने उनका निलंबन तुरंत बहाल भी कर दिया। स्थगन की सूचना देते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि पूरे राज्य में खाद की भारी किल्लत है। किसान इससे दु:खी हैं, आक्रोशित हैं। इस पर स्थगन स्वीकार कर चर्चा कराई जाए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खाद संकट से किसान हलाकान है ।सरकार खाद उपलब्ध कराने में नाकाम है। किसान बाहर बाजार से दोगुने भाव मे खाद खरीदने में मजबूर हैं।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए जागरूक कर रहे हैं, वैकल्पिक खाद के उपयोग की भी जानकारी प्रशिक्षण के जरिए दी गई। फास्फेटिक खाद की आपूर्ति प्रभावित हुई, इसलिए हमने बहुत पहले से वैकल्पिक व्यवस्था की ।नैनो उर्वरकों के उपयोग की अनुशंसा की गई है ।बड़ी तादाद में इसका भंडारण भी किया जा चुका है. मंत्री ने बताया कि वैश्विक कारणों से रासायनिक खाद की आपूर्ति प्रभावित हुई. एनपीके उर्वरक का भंडारण लक्ष्य से ज्यादा हुआ है। पोटाश सहित अन्य खाद का भी भंडारण हुआ है ।28 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में बोअनी हो चुका है, ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## राजस्व निरीक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर दोषियों को अगले सत्र के पहले मिलेगी सजा




■ राजेश मूणत के सवाल पर सदन में घिरे राजस्व मंत्री
■ विपक्षी दल कांग्रेस ने किया बहिर्गमन

राजस्व निरीक्षक की विभागीय परीक्षा में गड़बड़ी का मामला मानसून सत्र के पहले दिन ही सदन में गूंजा। भाजपा विधायक राजेश मूणत और अजय चंद्राकर के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सवालों पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा घिरते नजर आए।

मंत्री के जवाब पर सदन में विपक्ष के विधायकों ने हंगामा मचाया ।सत्तापक्ष की नोक–झोंक से नाराज विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया। इसके पहले भाजपा विधायक राजेश मूणत ने प्रश्न काल में राजस्व निरीक्षक की विभागीय परीक्षा में गड़बड़ी का मुद्दा उठाते हुए मंत्री से सवाल किया कि गृह विभाग की जांच का क्या हुआ ? दोषियों पर कार्रवाई कब होगी ? कुल कितने परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए ?

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब में कहा कि भर्ती होने से राजस्व विभाग को अमला मिल जाएगा और काम में सहूलियत होगी। पिछली सरकार के दौरान परीक्षा की प्रक्रिया शुरू हुई. ।लेकिन परीक्षा परिणाम आने के बाद ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# हेट स्पीच को रोकें केंद्र व राज्य सरकारें



■ लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर जागरूक करने की जरूरत है
■ वजाहत खान की याचिका पर की सुनवाई
■ भड़काने वाला कंटेंट पोस्ट करने के आरोप

**नई दिल्ली**, 14 जुलाई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि केंद्र व राज्य सरकारें हेट स्पीच यानी नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकें। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन न हो। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा– लोग नफरत भरे भाषण को बोलने की आजादी समझ रहे हैं, जो गलत है। लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर जागरूक करने की जरूरत है, ताकि सरकार को इसे नियंत्रित करने की जरूरत न पड़े। सुप्रीम कोर्ट ने ये बातें कोलकाता के वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। उस पर कई राज्यों में सोशल मीडिया पर नफरत और भड़काने वाला कंटेंट पोस्ट करने के आरोप में मामले दर्ज किए गए हैं। हेट स्पीच कंटेंट को लाइक नहीं करें

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, राज्यों और वजाहत खान के वकील से सुझाव मांगे कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचाए बिना हेट स्पीच को कैसे नियंत्रित किया जा सकता है। कोर्ट ने ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### शब्दों से किया गया घाव कभी नहीं भरता

वकील ने कहा था कि पोस्ट हटाने के बाद भी धमकियां मिल रही हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने वजाहत खान को नसीहत देते हुए कहा था कि आग से जला हुआ घाव समय के साथ भर सकता है, लेकिन शब्दों से किया गया घाव कभी नहीं भरता। वजाहत पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इसके बाद उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196(1)(ए), 299, 352 और 353(1)(सी) के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

## सार संक्षेप

### चार उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों के तबादले

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने चार उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों का तबादला किया है। अधिसूचनाओं के अनुसार मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के आर श्रीराम को राजस्थान उच्च न्यायालय में तबादला किया गया है। इसी प्रकार राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव का स्थानांतरण मद्रास उच्च न्यायालय किया गया है। त्रिपुरा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह को तेलंगाना उच्च न्यायालय तबादला किया गया है। झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एम एस रामचंद्र राव का स्थानांतरण त्रिपुरा उच्च न्यायालय में किया गया है।

### दिल्ली के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तीन स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने के धमकी मिली, हालांकि पुलिस जांच में किसी भी तरह की संदिग्ध सामग्री नहीं मिली है। पुलिस को प्रशांत विहार और द्वारका सेक्टर-16 स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) स्कूलों और चाणक्यपुरी स्थित एक स्कूल से बम की धमकी के बारे में सूचना मिली। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, श्वान दस्ते और बम निरोधक दस्ते स्कूल पहुंचे और गहनता से जांच की।

### उमर ने कब्रिस्तान की दीवार फांदी, फातिहा पढ़ा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को श्रीनगर के नक्शबंद साहिब कब्रिस्तान में कब्रों पर फातिहा पढ़ने और फूल चढ़ाने के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए। इसमें उमर कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल फांदकर अंदर जाते दिख रहे हैं।

# शुभांशु शुक्ला आज लौटेंगे



**नई दिल्ली**, 14 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अन्य तीन साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ सोमवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से रवाना हो गए। एग्जिओम स्पेस ने इस बात की पुष्टि की है कि एएक्स 4 मिशन में शामिल स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद 4.35 बजे आईएसएस से अलग हो गया। एग्जिओम स्पेस ने बताया कि अब कई चरणों में अंतरिक्षयान के इंजन को चालू कर उसे आईएसएस से दूर ले जाया जाएगा। सेपरेशन के लगभग 22.5 घंटे बाद सभी यात्री अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरेंगे।

**इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे**–आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। अपने साथियों के साथ वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया, जिनमें इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे।

**'गगनयान' के संभावित क्रू में भी शामिल**–खास बात यह है कि भारतीय वायु सेना में टेस्ट पायलट शुक्ला देश के पहले अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के लिए चयनित संभावित क्रू में भी शामिल हैं। वह इस क्रू में एक मात्र ऐसे सदस्य बन गए हैं, जिनके पास अब अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव है, जो मिशन के लिए महत्वपूर्ण है। मिशन की लॉन्चिंग 25 जून को हुई थी और मिशन 26 जून को आईएसएस पहुंचा था। इसके मंगलवार अपराह्न 3.01 बजे धरती पर वापस लौटने की उम्मीद है।

**41 साल बाद जाने वाले दूसरे भारतीय**–ग्रुप कैप्टेन शुभांशु शुक्ला राकेश शर्मा के 41 साल बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला और सुनीत विलियम्स नासा के मिशनों में आईएसएस पर जा चुकी हैं।

# 75 आदिवासी महिला किसानों को दी गई दुधारू गायें



■ राज्य के छह जिलों में दुधारू पशु प्रदाय योजना का पायलट प्रोजेक्ट शुरू

**रायपुर**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। आदिवासी समुदाय की महिला किसानों की आय बढ़ाने और उनके सशक्तीकरण के लिए राज्य शासन द्वारा दुधारू पशु प्रदाय योजना प्रारंभ की जा रही है। राज्य के छह जिलों कांकेर, कोंडागांव, महासमुंद, सारंगढ़–बिलाईगढ़, जशपुर और बलरामपुर–रामानुजगंज में इसका पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। योजना के तहत आजीविका संवर्धन, पोषण सुधार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने आदिवासी महिला किसानों को साहीवाल नस्ल की दो–दो दुधारू गायें दी जा रही हैं। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की सहायक संस्था एनडीडीबी डेयरी सर्विसेस के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य दुग्ध महासंघ मर्यादित द्वारा यह योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत कांकेर जिले के बड़गांव (पखांजूर) में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र की 75 आदिवासी महिला किसानों को गाय प्रदान किया गया। सांसद भोजराज नाग ने दुधारू पशु प्रदाय कार्यक्रम को मुख्य अतिथि ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## नेशनल हेराल्ड मामले में फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली**, 14 जुलाई (एजेंसियां)। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की तरफ से दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि मामले की सुनवाई 29 जुलाई को होगी। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन, डॉटेक्स मर्चेंडाइज और सुनील भंडारी को ईडी ने आरोपी बनाया है। ईडी का आरोप है कि एजेएल की संपत्ति अवैध रूप से हासिल करने के लिए एजेएल के शेयर यंग इंडियन को हस्तांतरित किए गए।






# अशीम घोष हरियाणा, गजपति राजू गोवा के राज्यपाल नियुक्त



■ कविंदर गुप्ता लद्दाख के उपराज्यपाल बनाए गए

**नई दिल्ली**, 14 जुलाई (एजेंसियां)। प्रो. अशीम कुमार घोष को हरियाणा और पी अशोक गजपति राजू को गोवा का राज्यपाल तथा कविन्द्र गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को यहां बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उप राज्यपाल पद से ब्रिगेडियर बी. डी. मिश्रा (सेवानिवृत्त) का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और उनके स्थान पर कविन्द्र गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल बनाया गया है। इसके अलावा राष्ट्रपति ने प्रो. अशीम कुमार घोष को हरियाणा और पी अशोक गजपति राजू को गोवा का राज्यपाल नियुक्त किया है। ये सभी नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होंगी।

**प्रो घोष वरिष्ठ राजनीतिज्ञ और शिक्षाविद**–नवनियुक्त राज्यपालों को लंबा राजनीतिक–प्रशासनिक अनुभव है। हरियाणा के नवनियुक्त राज्यपाल प्रो घोष वरिष्ठ राजनीतिज्ञ और शिक्षाविद हैं। वह पश्चिम बंगाल भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रह चुके हैं। राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर रहे श्री घोष 1991 में भाजपा में शामिल हुए और 1999 से 2002 तक पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष रहे।

**गजपति राजू को मंत्री के रूप में लंबा अनुभव**–अशोक गजपति राजू विजयनगरम रियासत के अंतिम महाराजा के पुत्र हैं। उन्हें केन्द्र और राज्य सरकार के मंत्री के रूप में काम करने का लंबा अनुभव है। उन्होंने 1978 में जनता पार्टी के टिकट पर पहली बार जीत हासिल की थी।

## डीजीसीए का एयरलाइंस को सख्त निर्देश

# बोइंग विमानों की फ्यूल स्विच लॉकिंग सिस्टम की करें जांच

**21 तक अनिवार्य रूप से जांच पूरी करनी होगी**

**नई दिल्ली**, 14 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की विमानन निगरानी संस्था नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने देश की सभी एयरलाइनों को निर्देश दिया है कि वे बोइंग 787 और 737 विमानों में फ्यूल स्विच लॉकिंग सिस्टम की पूरी तरह जांच करें। यह जांच 21 जुलाई तक अनिवार्य रूप से पूरी करनी होगी। डीजीसीए ने कहा है कि यह कदम यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, इन विमानों के ईंधन स्विच लॉकिंग सिस्टम में तकनीकी खामी सामने आई है, जिससे सुरक्षा को खतरा हो सकता है। कुछ विदेशी एयरलाइंस जैसे एमिरेट्स पहले ही अपने बोइंग विमानों में सुरक्षा जांच शुरू कर चुकी हैं ।वहीं, अमेरिका की एफएए ने कहा है कि अभी तक कोई गंभीर तकनीकी खतरा नहीं दिखा है, इसलिए अनिवार्य आदेश जारी करने की जरूरत नहीं है। यह सिस्टम विमान के इंजन को ईंधन की सप्लाई को नियंत्रित करता है। अगर इसमें गड़बड़ी हो जाए तो इंजन बंद होने या ईंधन की आपूर्ति रुकने का जोखिम हो सकता है। इसलिए डीजीसीए ने इसे गंभीरता से लिया है।

**इन एयरलाइनों को करनी होगी जांच**–भारत में एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, अकासा एयर और स्पाइसजेट जैसी कंपनियां बोइंग 737 और 787 विमान चला रही हैं, जिन्हें फ्यूल स्विच लॉकिंग सिस्टम की जांच करनी होगी।

**अहमदाबाद विमान हादसे से कनेक्शन**–12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान हादसे की जांच कर रही एएआईबी ने अपने प्रारंभिक रिपोर्ट में बताया कि हादसे वाले बोइंग ड्रीमलाइनर विमान के दोनों इंजन टेकऑफ के कुछ ही सेकंड बाद बंद हो गए क्योंकि ईंधन की आपूर्ति रुक गई थी।

# देश

**उवाच**

महाराष्ट्र विशेष जन सुरक्षा विधेयक के खिलाफ विपक्ष को सबसे पहले इसका विरोध करना चाहिए था, लेकिन उम्मीद के मुताबिक ऐसा नहीं हो पाया है। बिल छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा फुले और बाबासाहेब अंबेडकर की विचारधारा के खिलाफ।

–हुसैन दलवई, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.0 | 27.0 |
| मुंबई | 27.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 29.0 |

# बिहार में नहीं होने देंगे मताधिकार छीनने की साजिश कामयाब : कांग्रेस

## भाजपा पर चुनाव आयोग के साथ मिलकर साजिश रचने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चुनाव आयोग के साथ मिलकर जनता के मताधिकार छीनने साजिश कर रही है लेकिन इसे कामयाब नहीं होने दिया जाएगा और बिहार की जनता इसका करारा जवाब देगी।

कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को कहा कि बिहार के आठ करोड़ मतदाताओं पर भाजपा की थोपी वोटबंदी की मार, लोकतंत्र पर 'तालाबंदी' के साथ ही घर-घर से अवैध वसूली का जरिया है। मतदाता पुनरीक्षण की आड़ में चल रहा ये फर्जीवाड़ा, मताधिकार छीनने की साजिश और उगाही का धंधा बन गया है। उन्होंने कहा कि घर-घर वोटरों की जांच से लेकर दस्तावेजों की जानकारी तक और फार्म पहुंचाने से लेकर जमा दिखाए जा रहे भरे हुए फार्म की रिसीविंग तक सब फर्जी है। भाजपा के डबल इंजन में वोट देने का संवैधानिक अधिकार भी नीलाम हो रहा है लोगों के मताधिकार को भी उगाही के बदले बेचा जा रहा है। सुरजेवाला ने चुनाव आयोग को कठपुतली करार देते हुए कहा कि भाजपा की कठपुतली बने चुनाव आयोग के 14 दिन में ही बिहार के 80 प्रतिशत मतदाताओं यानी छह करोड़ से अधिक लोगों के घर तक फार्म पहुंचाने और भरे हुए फॉर्म जमा करा लेने के सारे दावे 'कागज़ी' हैं। पूरे बिहार में अघोषित आपातकाल जैसे हालात हैं, जनता अपना वोट देने का अधिकार बचाने के लिए भी दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि मगर जिस तरह 2024 में संविधान बदलने की भाजपाई साजिश को देश ने नाकाम कर दिया वैसे ही बिहार के किसानों, मजदूरों, गरीबों, दलितों और पिछड़ों से वोट देने का अधिकार छीनने की ये भाजपाई साजिश कभी कामयाब नहीं होगी। कांग्रेस एमएलसी मदन मोहन झा ने कहा कि अगर सरकार के पास सूत्रों से ऐसी जानकारी मिली है तो मैं पूछता हूं कि मतदाता सूची कौन तैयार करता है।



बिहार के आठ करोड़ मतदाताओं पर भाजपा की थोपी वोटबंदी की मार, लोकतंत्र पर तालाबंदी के साथ ही घर-घर से अवैध वसूली का जरिया
: रणदीप सिंह सुरजेवाला

### एक भी बांग्लादेशी या विदेशी मिला तो कौन जिम्मेदार : मनोज झा



बिहार में गहन मतदाता पुनरीक्षण में बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार के लोगों के मिलने पर सियासत गरमा गई है। राजद के राज्यसभा सांसद मनोज कुमार झा ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हुए कहा कि क्या वे गठबंधन सहयोगी बन गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर बिहार में एक भी बांग्लादेशी या विदेशी का नाम मतदाता लिस्ट में मिला है तो इसका जिम्मेदार कौन है? मैं तो कहूंगा कि अगर ऐसा हुआ है तो यह केंद्रीय गृह मंत्री की असफलता है और उनको इस्तीफा देना चाहिए। राजद सांसद मनोज कुमार झा ने बिहार में गहन मतदाता पुनरीक्षण पर बात करते हुए कहा, इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता है। देश की एक संवैधानिक संस्था, जिस पर काफी भरोसा है। मैं पूछता हूं कि यह सूत्र क्या होता है? क्या उत्पात करने के लिए सूत्र का इस्तेमाल होगा? हमारे देश के मुख्य चुनाव आयुक्त से लेकर बिहार के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया, लेकिन सूत्र की खबर को कौन प्लांट कर रहा है? बिहार में गहन मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर अराजकता फैली हुई है। पत्रकारों को बिहार में धमकियां भी मिल रही हैं।

## निपाह वायरस से एक मौत

**तिरुवनंतपुरम,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। केरल के पलक्कड़ जिले में निपाह वायरस के एक नए मामले ने स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है, जो निरंतर वायरस की रोकथाम को लेकर प्रयासरत हैं। नया मामला कुमारमपुथुर का है। यहां 58 वर्षीय व्यक्ति की शनिवार रात निधन हो गया था। मृत्यु के बाद कराए गए टेस्ट में निपाह वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। इस व्यक्ति का बुखार और अन्य संबंधित लक्षणों का इलाज चल रहा था, तभी उसकी हालत बिगड़ गई। पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) को भेजे गए उसके नमूनों में बाद में निपाह वायरस की पुष्टि हुई, जिससे यह जिले में दूसरा पुष्ट मामला बन गया। एनआईवी से आधिकारिक पुष्टि मिलने से पहले ही, पलक्कड़ और मलप्पुरम के स्वास्थ्य अधिकारियों ने संपर्कों का पता लगाने और रोकथाम के उपायों को सख्ती से लागू कर दिया था। अब तक, पिछले तीन हफ्तों में मृतक के संपर्क में आए 46 लोगों की पहचान कर उन्हें निगरानी में रखा गया है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि मृतक की एक विस्तृत संपर्क सूची और रूट मैप पहले ही तैयार कर लिया गया है।

केरल के छह जिलों में अलर्ट जारी

## महाराष्ट्र विधानसभा की सीढ़ियों पर विपक्ष ने किया मौन प्रदर्शन

**मुंबई,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा की सीढ़ियों पर सोमवार को विपक्षी दलों ने राज्य सरकार की नीतियों और विचारधारा के खिलाफ मौन प्रदर्शन किया। इस विरोध में नेताओं ने बिना नारेबाजी के हाथों में पोस्टर लिए खामोशी से अपनी नाराजगी जताई।

यह प्रदर्शन सोलापुर के अक्कलकोट में संभाजी ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण गायकवाड़ पर स्याही फेंके जाने की घटना के विरोध में किया गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार और जितेंद्र आव्हाड ने इस प्रदर्शन का नेतृत्व किया। सोलापुर के अक्कलकोट में रविवार शाम को कुछ अज्ञात लोगों ने प्रवीण गायकवाड़ पर स्याही फेंककर हमला किया था। इस घटना को विपक्ष ने सरकार की विचारधारा से जोड़ते हुए इसे असहिष्णुता का प्रतीक बताया। विपक्षी नेताओं ने विधानसभा की सीढ़ियों पर अपने हाथों में तख्तियां लेकर खड़े होकर मौन प्रदर्शन किया। इन तख्तियों पर सरकार की नीतियों के खिलाफ संदेश लिखे थे, जैसे असहिष्णुता बंद करो और महाराष्ट्र की विचारधारा की रक्षा करो। इस प्रदर्शन में विपक्षी दलों के कई विधायक और कार्यकर्ता शामिल हुए। विपक्ष का कहना है कि यह प्रदर्शन केवल एक शुरुआत है और वे महाराष्ट्र की प्रगतिशील और समावेशी संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। इस मौन प्रदर्शन ने विधानसभा परिसर में सभी का ध्यान खींचा और सरकार पर दबाव बढ़ाने का काम किया।



सरकार की नीतियों पर जताई नाराजगी

### प्रवीण गायकवाड पर हमले की निंदा की

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने संभाजी ब्रिगेड के संस्थापक सदस्य प्रवीण गायकवाड पर हुए हमले की सोमवार को निंदा की और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुणे में सुले ने कहा कि यह हैरान करने वाली बात है कि घटना की गंभीरता के बावजूद आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई। रोहित पवार ने कहा, यह हमला न केवल प्रवीण गायकवाड़ पर है, बल्कि यह महाराष्ट्र की प्रगतिशील विचारधारा और सामाजिक समरसता पर हमला है। जितेंद्र आव्हाड ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की।

## सार संक्षेप

### मोदी ने सरोजा देवी के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पद्म भूषण से सम्मानित कन्नड़ फिल्मों की अभिनेत्री बी. सरोजा देवी के निधन पर शोक जताया। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, जानी-मानी फिल्मी हस्ती बी. सरोजा देवी जी के निधन से दुःखी हूं। उन्हें भारतीय सिनेमा व संस्कृति के अनुकरणीय प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा। सरोजा देवी का सोमवार को बेंगलुरु में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 87 वर्ष की थीं और उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रही थीं। उन्होंने अपने परिवार के बीच अपने आवास पर अंतिम सांस ली।

### अमरनाथ यात्रियों का नया जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा के 6143 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था सोमवार को 'बम बम भोले' के जयकारों के बीच भगवती नगर स्थित यात्री निवास से पवित्र गुफा के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्री 235 वाहनों के बेड़े में जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। सोमवार सुबह 6143 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से कश्मीर स्थित अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ।

### तृणमूल कांग्रेस नेता हत्या मामले में तीन और गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता रज्जाक खान की हत्या के मामले में तीन और संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही इस हत्याकांड में पकड़े गए लोगों की संख्या बढ़ कर चार हो गई है। खान भांगर इलाके में पार्टी का कामकाज देखते थे और वह इलाके में खासे लोकप्रिय तथा पार्टी के स्थानीय विधायक शौकत मोल्ला के काफी निकट थे। पुलिस ने गत रविवार रात अजहरुद्दीन मोल्ला, जहां अली खां और राजू मोल्ला को इस सिलसिले में पकड़ा। इससे पहले टीएमसी की भांगर एसेंबली कमेटी सदस्य मोहफजिल मोल्ला पकड़ा गया था।

### मप्र के सीहोर में दो हादसों में पांच लोग बहे

**सीहोर।** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में भारी बारिश के बीच एक ही परिवार के चार सदस्य पानी के तेज बहाव में बह गए, जिसके बाद परिवार के एक बच्चे को बचा लिया गया। हादसा रेहटी तहसील के ग्राम मालीबायां निवासी एक परिवार के साथ हुआ। एक बेटे को तुरंत निकाल लिया गया, वहीं माता-पिता और एक पुत्र की तलाश नहीं हो सकी। वहीं कोलार डेम में नहाने उतरे दो युवक भी डूब गए। दोनों भोपाल में रहकर पढ़ाई करते थे, जो अपने दो अन्य साथियों के साथ कोलार डेम पहुंचे थे।

## उत्तर प्रदेश के रायबरेली का दौरा करेंगे राहुल गांधी

**लखनऊ/रायबरेली,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 17 जुलाई को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंच सकते हैं। इस दौरान वे पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठकें करेंगे।



बूथ कार्यकर्ताओं व प्रजापति समाज से करेंगे संवाद

रायबरेली से 2024 में लोकसभा चुनाव जीतने के बाद यह उनका अपने निर्वाचन क्षेत्र का पांचवां दौरा होगा। रायबरेली में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने राहुल गांधी के दौरे का पूरा शेड्यूल बताया। पंकज तिवारी ने कहा, 17 जुलाई को राहुल गांधी का अपने संसदीय क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे का कार्यक्रम तय है। वह तीन अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी के मुताबिक, 17 जुलाई को राहुल गांधी बूथ कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। ऊंचाहार विधानसभा के अंतर्गत बाबूगंज में यह कार्यक्रम होगा। उसके बाद रायबरेली शहर में प्रजापति समाज के साथ संवाद होगा। बाद में वो सताव ब्लॉक इलाके में बूथ कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे, जहां उनका एक दिवसीय दौरा समाप्त होगा। यह दौरा राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसके माध्यम से राहुल गांधी पंचायत चुनाव से पहले पार्टी की चुनावी रणनीति को मजबूती देंगे। राहुल गांधी इस दौरे में बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

## निमिषा प्रिया फांसी मामले में पिनाराई विजयन ने की मोदी से हस्तक्षेप की मांग

### हत्या मामले में निमिषा को यमन में युनई गई है मौत की सजा

**तिरुवनंतपुरम,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने यमन में काम करने वाली केरल निवासी नर्स निमिषा प्रिया टॉमी थॉमस की जिंदगी बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप करने की मांग की है। निमिषा को यमन में मौत की सजा सुनाई गई है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में निमिषा मामले में भारतीय दूतावास को हर संभव तरीके से हस्तक्षेप करने का निर्देश देने का आग्रह किया।



गौरतलब है कि केरल के पलक्कड़ जिले की रहने वाली 38 वर्षीय निमिषा प्रिया, 2008 से यमन में नर्स के तौर पर काम कर रही थी। वहां निमिषा ने एक क्लिनिक खोला था, लेकिन यमन के कानून के तहत, किसी भी बाहरी व्यक्ति को यमन में कोई कारोबार करने के लिए वहां के किसी नागरिक को स्थानीय साझेदार रखना अनिवार्य है। निमिषा ने इस कारोबार में एक यमनी नागरिक तलाल अब्दो मेहदी को अपना साझेदार बनाया था। हालांकि उसने 2011 में शादी कर ली थी और वह अपने पति टॉमी थॉमस को अपने साथ यमन ले गई थी, मगर 2014 में वहां छिड़े गृहयुद्ध के कारण उसके पति अपनी बेटी के साथ केरल लौट आए, जबकि निमिषा यमन में ही रही। आरोपों के मुताबिक मेहदी ने उसके साथ धोखाधड़ी कर उसकी धनराशि हड़प ली और उसके साथ शादी का झूठा दावा भी किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इससे तंग आकर निमिषा ने जुलाई 2017 में कथित तौर पर अपने कारोबारी साझेदार मेहदी को खाने में नशीला पदार्थ देकर उसकी हत्या कर दी।

### निमिषा को कल दी जानी है फांसी

केरल निवासी नर्स निमिषा प्रिया को 16 जुलाई को फांसी दी जानी है। विजयन ने कहा कि निमिषा प्रिया की वृद्ध मां अपनी बेटी की जान बचाने के लिए लगातार अपील कर रही हैं। विजयन ने केंद्र सरकार को छह फरवरी को लिखे अपने पहले पत्र में उसकी जान बचाने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया था।

## योगेंद्र प्रसाद के भाई के श्राद्ध में पहुंचीं कल्पना सोरेन

### शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस

**रांची,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। झारखंड में गांडेय विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मंगलवार को मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई भरत कपूर के श्राद्ध कार्यक्रम के अंतिम दिन शोक संतप्त परिवार से मिलने उनके पैतृक गांव पहुंचीं। कल्पना सोरेन ने पूरे परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि दुख की इस घड़ी में वे पूरी तरह से परिवार के साथ खड़ी हैं।



कल्पना सोरेन के साथ-साथ कई अन्य लोग भी उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और परिवार को इस मुश्किल समय में संबल देने की कोशिश की। उल्लेखनीय है कि कि भरत कपूर का हाल ही में हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया था। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनके असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी भरत कपूर के निधन पर गहरा शोक जताया था और उन्हें विनम्र व्यक्तित्व का धनी बताया था।

## तेलंगाना में कांग्रेस ने 42 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग आरक्षण लागू करने का लिया संकल्प : प्रभाकर

### भाजपा पर कानूनी बाधाएं उत्पन्न करने का लगाया आरोप

**हैदराबाद,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। तेलंगाना के पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने राजनीतिक, शैक्षणिक एवं रोजगार क्षेत्रों में पिछड़ा वर्ग (बीसी) के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के कांग्रेस सरकार के निर्णय का बचाव किया। सोमवार को गांधी भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर कानूनी बाधाएं उत्पन्न करने और राज्य सरकार के कदम के बारे में गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया।



प्रभाकर ने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने के साथ ही हमने कानूनी और अदालती निर्देशों का पालन करते हुए जाति जनगणना शुरू की। इसके निष्कर्षों के आधार पर विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित हुआ और पिछड़ी जातियों के आरक्षण को 42 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए एक कानून बनाया गया और इस कानून को राज्यपाल और फिर राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा गया। प्रभाकर ने भाजपा के राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण पर निशाना साधते हुए उन पर पिछड़ा वर्ग आरक्षण के प्रति असहिष्णुता दिखाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आप ओबीसी का समर्थन करने का दावा करते हैं लेकिन आपके कार्य कुछ और ही दर्शाते हैं। आपने पिछले 18 महीनों से स्थानीय निकाय चुनावों और धनराशि रोक रखी है और उसमें बाधा डाली है जिनका उद्देश्य पिछड़े वर्गों के लिए प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है। मंत्री ने दिल्ली में चल रहे राजनीतिक नाटक के लिए भाजपा और बीआरएस की आलोचना की और उनकी रणनीति की तुलना 'दोस्ती गली के पहलवानों' से की।

### भाजपा नेतृत्व के फैसलों पर कसा तंज

तेलंगाना के पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने भाजपा नेतृत्व के फैसलों पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछड़े वर्ग का मुख्यमंत्री और पिछड़ा वर्ग का राष्ट्रीय अध्यक्ष का वादा किया था। लेकिन इसके बजाय उन्होंने बंदी संजय को हटाकर किशन रेड्डी को नियुक्त कर दिया। यहां तक कि हाल ही में कमजोर वर्गों को दी गई पांच विधान परिषद सीटें भी जाति गणना के कारण ही संभव हुईं।

## बिहार में वज्रपात से नौ की मौत

**पटना,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार में पिछले 24 घंटों के दौरान वज्रपात से नौ लोगों की मौत हो गई। मौसम में हुए अचानक बदलाव के कारण पटना, गया, वैशाली और बांका सहित कई जिलों में गरज के साथ बारिश हुई। इस दौरान कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। मृतकों की उम्र 12 से 65 वर्ष के बीच है। वज्रपात से सबसे ज्यादा प्रभावित जिला बांका रहा, जहां चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में कोहकारा की करीना कुमारी, अमरपुर के अनिल यादव, फुलदीदुमार की सुलेक्षा देवी और बेलहर के पशुपालक विजय यादव शामिल हैं। गया जिले में सूर्यमंडल चेकपोस्ट के पास तीन बाइक सवार पर बिजली गिरी। हादसे में अंकित कुमार और विकेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वकील मांझी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

## ईडी ने सहारा समूह के दो शीर्ष अधिकारियों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सहारा समूह के दो शीर्ष अधिकारियों क्रोनिक केयर मैनेजमेंट (सीसीएम) कार्यालय के कार्यकारी निदेशक अनिल वैलापरम्पिल अब्राहम और इस समूह के लंबे समय से सहयोगी जितेंद्र प्रसाद वर्मा को कथित धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी सहारा इंडिया और उसके समूह की संस्थाओं के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गयी है। ईडी ने एक बयान में कहा कि अब्राहम ने सहारा समूह की संपत्तियों की बिक्री के समन्वय और सुविधा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी, जिनमें से कई में बड़ी मात्रा में बेहिसाब नकदी शामिल थी जिसमें गबन किया गया था। वहीं, वर्मा की कई संपत्ति लेनदेन को अंजाम देने में सक्रिय भूमिका रही थी और जानबूझकर इन बिक्री लेनदेन से उत्पन्न बड़ी नकदी आय को रूट करने में सहायता की। केंद्रीय एजेंसी ने पीएमएलए के प्रावधानों के तहत की गई तलाशी कार्रवाई के दौरान बरामद किए गए कई आपत्तिजनक साक्ष्य भी जब्त किए। ईडी ने कहा कि ऐसे सबूतों से पता चलता है कि सहारा समूह की संपत्तियों को एक-एक करके गुप्त तरीके से बेचा जा रहा था। विभिन्न डिजिटल सबूतों से यह भी पता चला कि इन दोनों व्यक्तियों ने ऐसी संपत्तियों को बेचने और सहारा समूह के प्रमोटरों को धन की हेराफेरी करने में मदद करने में अहम भूमिका निभायी है।



हवाला कारोबार से जुड़ा है मामला

**आयोजन** | बिहार में नीतीश कुमार ने वन महोत्सव का किया शुभारंभ

## पांच करोड़ पौधों का रोपण करने का किया लक्ष्य निर्धारित

**पटना, 14 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में पौधारोपण कर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय वन महोत्सव-2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि सभी लोग अपने परिसर एवं आसपास पौधारोपण कर अभियान में अपना योगदान दें। बिहार में वित्तीय वर्ष 2025-26 में।**

पांच करोड़ पौधों का रोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस अभियान की पूरी तैयारी कर ली गई है। बताया गया कि वर्ष 1950 से हर वर्ष देश में वन महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य वनों का संरक्षण, पौधारोपण करना और लोगों को वृक्षों के प्रति जागरूक करना है।

इस अभियान के दौरान अगले तीन माह तक पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। बिहार में इसके अन्तर्गत वन विभाग के साथ ग्रामीण विकास विभाग, जीविका समूह, उद्यान विभाग, विभिन्न संस्थाओं, विभागों, गैर सरकारी संस्थानों एवं विभिन्न सामाजिक क्लबों द्वारा पौधारोपण कराया जा रहा है। बता दें कि वर्ष 2012 में हरियाली मिशन की शुरुआत कर बड़े पैमाने पर राज्य भर में मिशन मोड में पौधारोपण किया गया, जिसके फलस्वरूप राज्य का हरित आवरण 15.05 प्रतिशत हो गया।

हरित आवरण को वर्ष 2028 तक बढ़ाकर 17 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। बिहार में वर्ष 2019 से जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत पौधारोपण, जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जनमानस को जागरूक कर उन्हें पौधरोपण में शामिल करने तथा कृषि वानिकी के माध्यम से किसानों की आमदनी में वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही जीविका दीदियों एवं जंगल से सटे गांवों में लोगों को फलदार पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सुनील कुमार, विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हारा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बिहार के वन एवं पर्यावरण मंत्री डा. सुनील कुमार ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सरकार प्रदेश में विशेष अभियान चला रही है। डा. सुनील ने वन एवं जलवायु परिवर्तन पर संगोष्ठी के अवसर पर कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सरकार द्वारा प्रदेश में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में वन महोत्सव अभियान के तहत बिहार में इस वर्ष के अंत तक चार करोड़ 90 लाख से अधिक पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम की अपील से पूरे देश में एक क्रांति आई है, जिसके तहत बिहार प्रदेश में करीब चार करोड़ 24 लाख पौधे लगाएं गए।



■ तीन माह तक राज्य में बड़े पैमाने पर किया जाएगा पौधारोपण






## 'गिन्नी वेड्स सनी 2' के जरिए 'ओटीटी एक्टर' का टैग हटाना चाहते हैं अविनाश तिवारी

**मुंबई।** अभिनेता अविनाश तिवारी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी 2' की रिलीज की तैयारी में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि वह 'ओटीटी एक्टर' की पहचान से बाहर आना चाहते हैं और सिनेमा में भी अपनी जगह बनाना चाहते हैं ताकि लोग उन्हें एक 'फिल्म स्टार' के रूप में भी पहचानें। अविनाश तिवारी ने कहा कि मुझे ओटीटी एक्टर का टैग इसलिए मिला क्योंकि कोविड के समय में थिएटर बंद थे और काम सिर्फ ओटीटी पर ही मिल रहा था। लेकिन, मेरी असली कोशिश तो फिल्मों में काम करने की थी। उन्होंने आगे बताया कि पिछले साल उन्होंने कुछ फिल्मों पर काम शुरू किया था, लेकिन वे फिल्में बन नहीं पाईं। उन्हें लगा कि अब खुद ही चीजों को संभालना होगा।

### समोसा-जलेबी को लेकर स्वास्थ्य चेतावनी

# अधिक शुगर व फैट से हो सकती है घातक बीमारी

■ तला हुआ या चीनी से भरपूर खाना ज्यादा खाना नुकसानदेह ■ फ्रूट्स और सब्जियों पर फोकस करना चाहिए

**नागपुर,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। तंबाकू स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है और इससे कैंसर जैसी घातक बीमारी हो सकती है। इस तरह का विज्ञापन आपने कई दुकानों पर देखा होगा। अब इसी तर्ज पर सरकारी कैंटीनों और रेस्टोरेंट में अब समोसे और जलेबी जैसी चीजों के लिए तंबाकू की चेतावनी की तरह चेतावनी बोर्ड लगाएंगे। इन चेतावनी बोर्ड में तेल और चीनी की मात्रा का विवरण देना जरूरी है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिया गया है।



स्वास्थ्य मंत्रालय के इस निर्देश को नागपुर के जाने-माने कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर अमर आमले ने सही बताया है। उन्होंने कहा कि समोसा और जलेबी तो प्रतीकात्मक उदाहरण हैं, कोई भी तला हुआ या चीनी से भरपूर खाना ज्यादा खाना नुकसानदेह हो सकता है। ये मोटापे को बढ़ावा देते हैं, जिससे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, दिल का दौरा, ब्रेन स्ट्रोक, किडनी फेलियर और यहां तक कि कैंसर भी हो सकता है। यह पहल गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के इस नोटिफिकेशन का समर्थन करते हुए कहा कि इससे उम्मीद है कि लोग जागरूक होंगे और स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा सजग बनेंगे। इस नोटिफिकेशन के अनुसार, कैंटीन में लोगों को यह जानकारी मिल पाएगी कि समोसा किस तेल में तला गया गया है। इसके अलावा एक जलेबी में कितनी शुगर है। उन्होंने बताया कि शुगर हमारे शरीर



को काफी नुकसान पहुंचाता है। हम देखते हैं कि युवा अकसर गर्मियों में आराम से 250 एमएल कोल्ड ड्रिंक पी लेते हैं। इसमें 10 से 30 ग्राम शुगर रहता है जो शरीर में सीधे तौर पर जाता है। यह हमारे शरीर को काफी नुकसान पहुंचाता है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक स्वस्थ व्यक्ति को यह पता होना चाहिए कि उसे बाहर का तला हुआ भोजन नहीं करना चाहिए। समोसा, जलेबी से जितनी दूरी बनाएंगे, वह आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा होगा। हालांकि, एक स्वस्थ व्यक्ति अपनी फिटनेस के हिसाब से एक जलेबी और समोसा खा सकता है। लेकिन, ज्यादा जलेबी खाने से शरीर में शुगर की मात्रा बढ़ सकती है, जिससे कई तरह की समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसलिए, समोसा जलेबी को छोड़कर फ्रूट्स और सब्जियों पर फोकस करना चाहिए।

लोगों में फैल रही बीमारियों के लिए उन्होंने लोगों के लाइफस्टाइल को मुख्य कारण माना है। उन्होंने कहा कि आज से 50 साल पहले लोगों में इतनी बीमारियां नहीं होती थी। लेकिन, आज युवा से लेकर बुजुर्ग सभी कई बीमारियों से ग्रसित हैं। इसके पीछे हमारी डाइट भी बहुत महत्वपूर्ण है। बीमारियों से बचने के लिए हमें लाइफस्टाइल पर भी ध्यान देना होगा। ज्यादा से ज्यादा फलों और सब्जियों का सेवन करना उचित होगा।

## डेब्यू से पहले पापा को दिखाती थी प्रैक्टिस वीडियो, मिलती थी सलाह : शनाया कपूर

**मुंबई,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। 'आंखों की गुस्ताखियां' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस शनाया कपूर ने बताया कि उनके माता-पिता संजय कपूर और महीप कपूर उनके सबसे सच्चे सलाहकार हैं।



शनाया कपूर बताया कि उनके पापा संजय कपूर हमेशा से उन्हें सही राय देने वाले इंसान हैं। जब वह अपनी फिल्म की तैयारी कर रही थीं, तो वह अपने प्रैक्टिस वीडियो पापा को दिखाती थीं। वीडियो देखने के बाद उन्होंने हर बार सीधी और साफ बात कही, जो चीज अच्छी लगी, उसकी तारीफ की, और जो सुधारने लायक थी, वो भी साफ-साफ बता दी। शनाया कपूर ने कहा कि मेरे पापा मेरे सबसे सच्चे सलाहकार हैं। जब भी मैं अपनी एक्टिंग की तैयारी कर रही होती थी या कोई प्रैक्टिस वीडियो पापा को दिखाती, तो वह सीधी और सच्ची राय देते थे। कहां सुधार की जरूरत है और कौन-सी चीजें मैं और अच्छे से कर सकती हूं, वह सबकुछ बताते थे। मेरी मम्मी भी बिल्कुल साफ-साफ बात करती हैं। मेरे माता-पिता हमेशा ईमानदारी से फीडबैक देते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि फिल्म इंडस्ट्री बहुत सख्त है, यहां किसी को आसानी से जगह नहीं मिलती, इसके लिए मेहनत करनी पड़ती है।

उन्होंने कहा कि ये मौका जिंदगी में एक बार ही मिलता है और मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि मुझे यह मिला है। अब जब मुझे यह मौका मिला है, तो मैं चाहती हूं कि इसका पूरा फायदा उठाऊं। मुझे इस इंडस्ट्री में अपनी जगह खुद बनानी होगी और लोगों का प्यार और अपनापन भी खुद कमाना होगा। मेरे माता-पिता यह बात समझते हैं कि इसमें समय और बहुत मेहनत लगती है, इसलिए वे हमेशा मेरे और मेरे काम के प्रति ईमानदार रहते हैं। वे कभी-कभी कड़ी और सख्त बातें भी बोलते हैं, जो सुनना आसान नहीं होता।

शनाया कपूर ने एक्टर होने की जिम्मेदारी के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि एक एक्टर होने के नाते, आपकी जिम्मेदारी दर्शकों के प्रति होती है और जब आप कैमरे के सामने होते हैं, तो आपको ईमानदारी से अपना बेस्ट देना होता है।

## 'उफ्फ ये लव है मुश्किल' की 'कैरी' से मेरा खास जुड़ाव : आशी सिंह

**नई दिल्ली,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। अभिनेत्री आशी सिंह इन दिनों 'उफ्फ ये लव है मुश्किल' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। इस शो में वह कैरी शर्मा का किरदार निभाती नजर आ रही हैं। अपने किरदार को लेकर उन्होंने कहा कि वह अपनी भूमिका कैरी से एक खास जुड़ाव महसूस करती हैं।



आशी ने कहा कि मैंने अब तक जो भी रोल निभाए हैं, वे सब अलग-अलग तरह के हैं, और यह नया किरदार भी उन सबसे अलग है। उन्होंने आगे कहा कि जब लोग मुझसे पूछते हैं कि मैं किसी किरदार से कैसे जुड़ती हूं, मैं आमतौर पर अपने किसी भी किरदार से ज्यादा जुड़ाव महसूस नहीं करती। लेकिन कैरी मेरा पहला ऐसा किरदार है जिससे मैं खास जुड़ाव महसूस करती हूं। वह कुछ हद तक मुझ जैसी है, जिस तरह वह बोलती है और चलती है। वह मुझे बेहद पसंद है।

उन्होंने आगे कहा कि जो भी कैरी करती है, मैं भी वैसा ही करती हूं। वह बहुत भावुक है, अपनी फीलिंग्स को अच्छे से दिखाती है, और मैं भी ऐसी ही हूं। जब मैं अपनी फीलिंग्स को जाहिर करती हूं।

# मोटापे और मधुमेह में राहत दे सकता है 'आईईआर'

**नई दिल्ली,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। एक हालिया अध्ययन में पाया गया है कि अलग-अलग तरह के डाइट प्लान्स, जैसे कि इंटरमिटेंट एनर्जी रेस्ट्रिक्शन (आईईआर), टाइम-रिस्ट्रिक्टेड ईटिंग (टीआरई), और कंटीन्यूअस एनर्जी रेस्ट्रिक्शन (सीईआर), मोटापे और टाइप 2 डायबिटीज से प्रभावित लोगों के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। ये सभी डाइट प्लान ब्लड शुगर के स्तर को बेहतर करने और शरीर के वजन को कम

**मोटापे व मधुमेह वाले लोग करें खानपान में बदलाव**

करने में मदद करते हैं।

बता दें कि इंटरमिटेंट एनर्जी रेस्ट्रिक्शन (आईईआर) का मतलब कभी-कभी खाने की मात्रा को कम करने से है, जैसे हफ्ते में कुछ दिन कम कैलोरी लेना। वहीं टाइम-रिस्ट्रिक्टेड ईटिंग (टीआरई) का मतलब एक तय समय सीमा के अंदर खाने से है, जैसे दिन में सिर्फ 8 घंटे के अंदर खाना और बाकी समय उपवास रहना। इसके अलावा, कंटीन्यूअस एनर्जी रेस्ट्रिक्शन (सीईआर) का अर्थ हर दिन थोड़ी-थोड़ी कैलोरी कम खाना है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि तीनों डाइट प्लान से एचबीए1सी बेहतर हुआ है और साइड इफेक्ट्स भी तीनों ग्रुप में लगभग एक जैसे थे। लेकिन आईईआर वाले ग्रुप को कुछ अतिरिक्त फायदे मिले, जैसे फास्टिंग ब्लड ग्लूकोस कम हुआ, इंसुलिन का असर



बेहतर हुआ, ट्राइग्लिसराइड्स घटी और लोग इस डाइट को लंबे समय तक ज़्यादा अच्छी तरह से फॉलो कर पाए।

इस स्टडी में शोधकर्ताओं ने देखा कि 5-2 आईईआर और 10 घंटे की टीआरई वाली डाइट में से कौन-सी डाइट मोटापे और डायबिटीज के मरीजों के लिए ज़्यादा फायदेमंद है।

चीन के झेंगझोऊ विश्वविद्यालय के प्रथम संबद्ध अस्पताल के मुख्य चिकित्सक, पीएचडी, हाओहाओ झांग ने कहा कि इस स्टडी में साइंटिफिक सबूत मिले हैं, जिससे वह यह तय कर सकें कि डायबिटीज और मोटापे से ग्रस्त मरीजों के लिए कौन-सी डाइट सबसे सही होगी। इस स्टडी में 90 मरीजों को शामिल किया गया, और उन्हें तीन बराबर ग्रुपों में बांटा गया- आईईआर, टीआरई, और सीईआर। हर ग्रुप को समान मात्रा में कैलोरी दी गई। पूरे 16 हफ्तों की इस डाइट की निगरानी डायटीशियन की एक टीम ने बारीकी से की, ताकि सभी सही तरीके से डाइट फॉलो करें। 90 लोगों में से 63 लोगों ने इस स्टडी को पूरा किया। उनमें से 18 महिलाएं और 45 पुरुष थे। सभी की औसतन उम्र 36.8 साल थी। उन्हें डायबिटीज को लगभग 1.5 साल हो चुका था, और उनका शुरुआती बीएमआई 31.7 था, जो मोटापे की श्रेणी में आता है। वहीं, एचबीए1सी 7.42 प्रतिशत था। यह ब्लड शुगर कंट्रोल का एक माप है, और यह सामान्य से थोड़ा ज्यादा है। स्टडी खत्म होने पर, तीनों डाइट ग्रुप्स, आईईआर, टीआरई, और सीईआर, में एचबीए1सी और वजन कम होने में कोई बहुत बड़ा अंतर नहीं था। लेकिन फिर भी आईईआर ग्रुप में एचबीए1सी और वजन में सबसे ज्यादा गिरावट पाई गई। जब आईईआर की तुलना टीआरई और सीईआर से की गई, तो आईईआर ने फास्टिंग ब्लड ग्लूकोज और ट्राइग्लिसराइड्स को ज्यादा कम किया। इस डाइट ने शरीर में इंसुलिन के काम करने की क्षमता को भी बेहतर बनाया। लेकिन तीनों ग्रुप्स में यूरिक एसिड और लीवर एंजाइम्स में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। आईईआर और टीआरई ग्रुप में 2 मरीजों को और सीईआर ग्रुप में 3 मरीजों को हल्का हाइपोग्लाइसीमिया हुआ। यानी ब्लड शुगर थोड़ा ज्यादा नीचे चला गया, लेकिन यह समस्या हल्की थी। आईईआर और सीईआर ग्रुप की डाइट फॉलो करने की दर टीआरई ग्रुप से काफी बेहतर थी। आईईआर ग्रुप के 85 प्रतिशत लोग अपनी डाइट को सही तरीके से फॉलो कर पाए। सीईआर ग्रुप में 84 प्रतिशत लोगों ने डाइट ठीक से निभाई। टीआरई ग्रुप में 78 प्रतिशत लोगों ने डाइट फॉलो की। डॉ. झांग ने कहा कि ये नतीजे बताते हैं कि मोटापे और टाइप 2 डायबिटीज वाले लोगों के लिए खानपान में बदलाव करना संभव है और यह असरदार भी है।

## बच्चों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद चक्रासन

**नई दिल्ली,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। आजकल माता-पिता अपने बच्चों के सही शारीरिक विकास को लेकर चिंतित रहते हैं। हाइट को लेकर फिक्र कुछ ज्यादा ही होती है। हालांकि इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। कारण आनुवंशिक हो सकता है या फिर पोषण की कमी भी हो सकती है। योग एक प्रभावी और प्राकृतिक तरीका है जो बच्चों के संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास में मदद कर सकता है। योगासन न केवल शरीर को लचीला बनाता है बल्कि मानसिक तौर पर भी उन्हें मजबूत बनाता है।

'चक्र' का अर्थ है पहिया और 'आसन' का अर्थ है मुद्रा। इस आसन में शरीर को पीछे की ओर मोड़कर पहिए जैसा आकार दिया जाता है। यह आसन रीढ़ की हड्डी को अत्यधिक



लचीला बनाता है और कमर दर्द से राहत दिलाने में मदद करता है। साथ ही यह पूरे शरीर को स्ट्रेच करता है और मजबूती देता है, जिससे लंबाई बढ़ने में मदद मिलती है।

'ताड़ासन' को 'पाम ट्री पोज' या 'माउंटेन पोज' भी कहते हैं। आयुष मंत्रालय की सलाह है कि बच्चों को नियमित रूप से ताड़ासन करना चाहिए क्योंकि यह बच्चों की एकाग्रता, फोकस और शारीरिक संतुलन में सुधार करता है।

'पश्चिमोत्तासन' को 'सीटेड फॉरवर्ड बेंड' भी कहा जाता है। यह एक ऐसा योगासन है जिसमें शरीर को आगे की ओर झुकाकर रीढ़, हैमस्ट्रिंग और काल्व्स की मांसपेशियों को खींचा जाता है। यह आसन शरीर को लचीला बनाने के साथ-साथ तनाव दूर कर मानसिक शांति भी देता है। आजकल के कॉम्पटीटिव वर्ल्ड में जब बच्चे होमवर्क और कुछ विशेष करने के चक्कर में दबाव महसूस करते हैं तो ये आसन उनकी समस्याओं को हर सकता है। आयुष मंत्रालय की मानें तो ये बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। इस आसन से बच्चों को एकाग्रता लाने में मदद मिलती है और तनाव कम होता है।

'धनुरासन' में शरीर की मुद्रा धनुष के जैसी होती है, जिसमें रीढ़ की हड्डी पर गहरा खिंचाव पड़ता है।

## बिना मंच और टिकट के सीधे दिलों तक पहुंचने वाले कलाकार बादल सरकार

**मुंबई,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। हर कलाकार का एक सपना होता है कि उसकी कला लोगों तक पहुंचे, लोग उससे जुड़ें और कुछ नया सोचें। लेकिन कुछ कलाकार ऐसे भी होते हैं जो सिर्फ़ मंच पर अभिनय नहीं करते, बल्कि समाज की सोच बदलते हैं। बादल सरकार ऐसे ही एक कलाकार थे। उन्होंने रंगमंच को आम लोगों के बीच ले जाकर यह दिखा दिया कि नाटक सिर्फ़ किसी हॉल या टिकट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जरिया है- लोगों से जुड़ने का, उन्हें सोचने पर मजबूर करने का और बदलाव लाने का। बादल सरकार का जन्म 15 जुलाई 1925 को कोलकाता में हुआ था। उनका असली नाम सुधींद्र सरकार था। वह एक साधारण बंगाली परिवार से थे, लेकिन उनकी सोच हमेशा असाधारण रही। पढ़ाई में तेज होने के कारण उन्होंने बंगाल इंजीनियरिंग कॉलेज से सिविल



इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की और बाद में नगर योजनाकार के रूप में भारत, इंग्लैंड और नाइजीरिया में काम किया। सरकारी नौकरी और विदेशों में काम करने के बाद भी उनका मन हमेशा उन्हें थिएटर की ओर खींचता रहता था। उन्होंने अपनी खुशी और सुकून उस कला में पाई जो उनके अंदर नैसर्गिक थी। कला के प्रति इस लगाव और पैशन के चलते उन्होंने नौकरी छोड़ दी और पूरी तरह से रंगमंच को अपना जीवन बना लिया। उनका रंगमंच अलग था। वह नाटक को सिर्फ मंच, पर्दा और लाइट से जुड़ा हुआ नहीं मानते थे। उन्होंने ऐसे नाटक लिखे और किए, जिन्हें बिना मंच, बिना वेशभूषा, बिना टिकट के गांवों और नुक्कड़ों पर दिखाया गया। लोग जमीन पर बैठते, कलाकारों के साथ जुड़ते और नाटक को महसूस करते।

## संगीत की दुनिया में एक चमकता सितारा, रूपाली की आवाज ने जीता श्रोताओं का दिल

**मुंबई,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। संगीत का जादू हर किसी की जिंदगी में खुशी और मस्ती लेकर आता है। कुछ आवाजें ऐसी होती हैं जो कानों में नहीं, सीधे दिल में उतरती हैं और फिर वहीं बस जाती हैं। ऐसी ही एक जादुई आवाज है रूपाली जग्गा की, जो सहारनपुर की गलियों से निकलकर लाखों दिलों की धड़कन बन चुकी हैं। रूपाली अपनी मेहनत और जुनून के दम पर मनोरंजन जगत में अपनी पहचान बना रही हैं। इस सफर में उन्होंने कदम-कदम पर संघर्ष और सफलता दोनों देखे हैं।

15 जुलाई 1995 को जन्मीं रूपाली को बचपन से ही संगीत से बहुत लगाव था। संगीत की उनकी इस यात्रा में उनको अपने परिजनों का भी भरपूर साथ मिला। उनके घर में कुल आठ सदस्य हैं - माता-पिता, दादा-दादी, दो बहनें और एक भाई। परिवार का साथ और प्यार उनके सफर की सबसे बड़ी ताकत रहा।

रूपाली ने अपने करियर की शुरुआत 2013 में की, जब वह मशहूर टीवी शो 'इंडियन आइडल' के मंच पर नजर आईं। हालांकि वह फाइनलिस्ट नहीं बन पाईं और इससे पहले ही शो से बाहर हो गईं। साल 2016 में वह टीवी शो 'सारेगामापा' में सेकंड रनर अप रहीं। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगातार मेहनत करते हुए कई म्यूजिक कॉम्पटीशंस में हिस्सा लिया।

साल 2017 में रूपाली को पहला बड़ा मौका मिला, जब उन्होंने कन्नड़ फिल्म 'सरकारी क्लासा देवरा क्लासा' में 'कन्नु होडिबेदी' गाया। इस गाने को काफी पसंद किया गया। इसके बाद 2018 में उन्होंने टीवी शो 'द रिमिक्स' में हिस्सा लिया। यह शो काफी लोकप्रिय हुआ और यहां रूपाली ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। इस शो को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा गया और इसे इंटरनेशनल



**बर्थडे स्पेशल**

एमी अवार्ड के लिए नामांकित किया गया। उन्होंने साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'ऑपरेशन रोमियो' का गाना 'तेरे बिन जीना क्या' गाया। इसके बाद रूपाली जग्गा ने अपने करियर में 'सॉरी', 'सोनिया', 'आवारा शाम है', 'मजबूर', 'दिल ये दिलबरो', 'कांटा लगा', 'जन्म जन्म', 'ये नैना', 'तेरे पीछे', 'जोगन', 'पिया रंगगीला', 'तू रब दी मेहर', 'चेंज सोनिया', 'कॉल करी' जैसे शानदार गाने गाए।

रूपाली ने अपने गायन से सोशल मीडिया पर भी खास जगह बनाई है। टिकटॉक पर उनकी आवाज में गाया गया बी प्राक का गाना मन भरया काफी वायरल हुआ। इस वीडियो ने उन्हें लाखों फॉलोअर्स दिलाए। टिकटॉक पर उनके 12 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स और 300 मिलियन से ज्यादा लाइक्स थे। टिकटॉक भारत में बैन हो गया था। हालांकि, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर रूपाली ने अपनी प्रतिभा से फैंस का मनोरंजन जारी रखी है। वह लगातार नए-नए गाने और वीडियो बनाकर अपने फैंस का दिल जीतती रहती हैं। उनकी आवाज में एक अलग ही मिठास है, जो सुनने वालों को उनकी तरफ खींचती है।

# पित्त, लिवर और पेट की समस्याओं का प्राकृतिक समाधान शरपुंखा

**नई दिल्ली,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। औषधीय गुणों से भरपूर शरपुंखा का वैज्ञानिक नाम 'ट्रेफसिया परप्यूरिया' है। यह भारत के विभिन्न हिस्सों खासकर सूखे और पथरीले स्थानों पर पाया जाता है। इसका उपयोग आमतौर पर कई स्वास्थ्य संबंधित समस्या से निजात दिलाने के लिए किया जाता है।

यह एक छोटा झाड़ीनुमा पौधा होता है, जिसकी ऊंचाई आमतौर पर 30 से 60 सेंटीमीटर तक होती है। इसकी टहनियां अक्सर फैली हुई होती हैं। इसकी पत्तियां हल्की हरे रंग की और छोटी होती हैं, जो बारीक रूप से कटी हुई लगती हैं। वहीं, इसके फूल गुलाबी, बैंगनी या लाल-बैंगनी रंग के होते हैं, और छोटे गुच्छों में खिलते हैं। इसकी एक सफेद फूलों वाली प्रजाति भी

■ लवर को डिटॉक्स करके विषाक्त पदार्थों को निकालता है बाहर

■ शरीर पर होने वाले फोड़े फुंसी को यह ठीक करने में करती है मदद

होती है। फूल के बाद इसमें छोटी, सीधी फलियां लगती हैं, जिनमें छोटे-छोटे बीज होते हैं।

आयुर्वेद में शरपुंखा को लिवर के स्वास्थ्य के लिए एक लाभकारी माना गया है। इसके अलावा, यह जड़ी बूटी पाचन तंत्र के लिए भी अच्छी है। साथ ही यह खांसी और श्वसन संबंधी



जटिलताओं के लिए एक अच्छी मानी गई है। यह लिवर को डिटॉक्स करके विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है, जिससे लिवर की कार्यक्षमता बेहतर होती है। सरफोंका में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो इंफेक्शन को दूर करने में मदद करता है। शरपुंखा के फूल को पीसकर उसे शहद में मिलाकर चोट या घाव पर लेप को लगाने से घाव जल्दी से ठीक हो जाता है। शरपुंखा से किसी भी प्रकार के घाव को ठीक किया जा सकता है। शरीर पर होने वाले फोड़े फुंसी को यह ठीक करने में मदद करती है, इसके इस्तेमाल से दांतों को स्वस्थ रखा जाता है और मसूड़े और दांतों की सभी बीमारियों का समाधान होता है। इसका इस्तेमाल जरूरी मात्रा और चिकित्सक की देखरेख में ही करना चाहिए। यह रक्त को शुद्ध करने में सहायक है, जिससे त्वचा और शरीर के अन्य अंगों को लाभ होता है।

यह मूत्र संबंधी समस्याओं, जैसे कि मूत्र संक्रमण और पेशाब के दौरान होने वाले दर्द या जलन को कम करने में सहायक हो सकता है। हालांकि प्रयोग से पहले किसी विशेषज्ञ की सलाह जरूरी है।

देशबन्धु



रायपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# भाजपा का शिक्षा विरोधी फैसला

देश के कई विद्यालयों में सुबह की प्रार्थना सभा में सुविचार प्रस्तुत करने की परंपरा है, विद्यालयों के श्यामपट (ब्लैकबोर्ड) पर भी सुविचार लिखे होते हैं। जिनके जरिए बच्चों में नैतिक मूल्य विकसित करने की कोशिश रहती है। कई सुविचार शिक्षा के महत्व पर केन्द्रित होते हैं, जिनमें नागरिक और देश के भविष्य को संवारने की बात बताई जाती है। हमें नहीं पता कि भाजपा के कितने नेता ऐसी स्कूलों में पढ़े हैं या शिक्षा संबंधी सुविचारों पर उनकी क्या राय है। लेकिन इतना तय है कि भाजपा भारतीय परंपरा और संस्कृति की मुरीद है। इस परंपरा में धर्म की बातें तो हैं, लेकिन वे भी कहीं न कहीं शिक्षा से जुड़ी हुई हैं। कोई धर्म यह सीख नहीं देता कि बच्चों को शिक्षा से वंचित रखो। बेशक जाति आधारित समाज बनने के बाद निचली जातियों और स्त्रियों को वेद-पुराणों की शिक्षा न देने का नियम बताया गया, लेकिन यह भारतीय संस्कृति का केवल एक हिस्सा है। इससे कहीं बड़े हिस्से में ऋषियों के गुरुकुल, शास्त्रार्थ, पठन-पाठन, नए अनुसंधान, शोध, वैचारिक क्रांति के प्रसंग भरे पड़े हैं। भारत में ज्ञान की परंपरा सदियों से बनी रही और अंग्रेजों ने भी यह महसूस किया कि अगर भारत को पूरी तरह गुलाम बनाना है तो सबसे पहले उन जड़ों को काटना होगा, जिनके कारण भारत में ज्ञान की विभिन्न शाखाओं से भरे-पूरे वृक्ष खड़े हैं। अंग्रेज इस मकसद में कामयाब हुए, तो उन्हें दो सदी तक इस देश पर शासन करने में आसानी हुई। हालांकि इस गुलामी से छुटकारे के लिए जो कोशिशें 1857 की क्रांति के बाद शुरु हुईं, उसमें उन लोगों ने ही खास तौर पर नेतृत्व किया, जिन्होंने आधुनिक शिक्षा से खुद को लैस किया। गांधी, अंबेडकर, नेहरू, नेताजी, मौलाना आजाद न जाने कितने नाम यहां गिनाए जा सकते हैं। पाठक भी भारत की इस ज्ञान परंपरा से परिचित हैं। लेकिन आज इसे दोहराने की आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि अब भाजपा की सोच और उसकी नीयत क्या है, इस पर संदेह उठ रहा है।

एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर साल परीक्षा पर चर्चा का आयोजन कर विद्यार्थियों को परीक्षा के युद्ध में वीरता से मुकाबला करने के ज्ञान देते हैं। 21वीं सदी में भारत को आगे ले जाने में उनकी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कितने क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, इसके दावे होते हैं। सरकार नयी शिक्षा नीति ले आई है और मानव संसाधन मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय किया जा चुका है। हालांकि व्यक्तिगत तौर पर नरेन्द्र मोदी की शिक्षा को लेकर जो संदेह बना है, वह अब भी दूर नहीं हुआ है। किसी साक्षात्कार में श्री मोदी ने खुद कहा कि उन्होंने ज्यादा पढ़ाई-लिखाई नहीं की, और दूसरी तरफ एंटायर पॉलिटिकल साइंस में स्नातकोत्तर डिग्री भी वे दिखाते हैं, जिसमें उनके अलावा कोई दूसरा डिग्रीधारी आज तक नहीं मिला है। मुमकिन है कि अकेले श्री मोदी के लिए गुजरात विश्वविद्यालय ने ऐसा कोई पाठ्यक्रम तैयार किया हो। लेकिन जो काम तब हो सकता था, वह अब क्यों नहीं हो सकता, यह सोचने वाली बात है।

दरअसल उत्तरप्रदेश में योगी सरकार ने फैसला लिया है कि जिन सरकारी प्राथमिक स्कूलों में 70 या उससे कम बच्चे हैं, उन्हें बंद कर दिया जाए। इस फैसले के बाद कम से कम 5 हजार स्कूलों के विलय का रास्ता खुल गया। इस तरह सरकार को शिक्षकों की नियुक्ति, शिक्षा मित्र, और मध्याह्न भोजन के लिए रसोइए समेत कई और नौकरियों के पद खत्म करने का मौका भी मिल गया। जिन स्कूलों का विलय होगा, उनकी जमीन भी अन्य कार्यों के लिए उपलब्ध हो जाएगी। इसमें सरकार को कई तरह से फायदा होगा। लेकिन लाखों बच्चों का भविष्य अधर में लटक चुका है। ये बच्चे या तो अब निजी स्कूलों में दाखिला लेने पर मजबूर रहेंगे या फिर पढ़ाई छोड़ेंगे।

योगी सरकार के 16 जून 2025 के इस फैसले के खिलाफ सीतापुर और पीलीभीत के 51 छात्रों ने हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। लेकिन पिछले हफ्ते सात जुलाई को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस मामले में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को राहत देते हुए पांच हजार स्कूलों के विलय के फैसले को हरी झंडी दिखा दी थी। योगी सरकार की अधिसूचना के मुताबिक राज्य के दूरदराज में स्थित जिन सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में 70 या इससे कम छात्र हों उनका आसपास के अन्य विद्यालयों में विलय कर दिया गया। हाईकोर्ट मे भी योगी सरकार के पक्ष में फैसला दिया तो अब सुप्रीम कोर्ट में इस फैसले के खिलाफ याचिका दायर की गई है। इस जनहित याचिका में कहा गया कि सरकार के इस कदम से राज्य में 3 लाख 50 हज़ार से ज़्यादा छात्रों को निजी स्कूलों में दाखिला लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। याचिका के मुताबिक सरकार अब विलीन होने वाले विद्यालयों के छात्रों को एकीकृत विद्यालय में दाखिला लेने का दबाव भी बना रही है। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से जल्द सुनवाई की मांग की तो सुप्रीम कोर्ट ने जल्द सुनवाई का भरोसा देते हुए कहा कि हालांकि यह सरकार का नीतिगत मामला है। अब शीर्ष अदालत से भी छात्रों को निराशा मिलती है या फिर उनके हक में फैसला आता है, यह देखना होगा। लेकिन एक तरफ योगी सरकार को 70 बच्चे भी एक विद्यालय में कम लग रहे हैं, जबकि कांग्रेस शासित तेलंगाना में एक सरकारी स्कूल है जो सिर्फ एक छात्रा के लिए संचालित होता है। नौ साल की कीर्तना नरपनेनिपल्ले गांव के इस स्कूल में अकेली छात्रा है, और उमा नाम की शिक्षिका उसे पढ़ाने के लिए रोज़ाना स्कूल जाती हैं। इस स्कूल को चलाने में सालाना 12 लाख का खर्च आता है, लेकिन कीर्तना की कम से कम 7वीं तक की पढ़ाई हो और फिर आगे पढ़ने के लिए वह हॉस्टल जा सके, इस वजह से सरकार इस खर्च को वहन कर रही है। वैसे खर्च की तरह नहीं बल्कि भविष्य के निवेश की तरह देखने की जरूरत है। कांग्रेस के पास भाजपा से कम सत्ता है, फिर भी वह ऐसा निवेश कर रही है, तो भाजपा क्यों पढ़ाई पर होने वाले खर्च को बचा रही है, यह सोचना होगा। क्या भाजपा की सोच यही है कि नयी पीढ़ी के सामने शिक्षा के अवसर सीमित हों और वह सजग नागरिक न बने। या भाजपा शिक्षा को फिर से उच्च तबकों तक सीमित रखने वाली दकियानूसी, मनुवादी सोच पर चल रही है और गरीब ग्रामीणों से शिक्षा के बुनियादी हक को छीन रही है।

# अब मतदाता सूचियों में विदेशी नामों का हौवा

जिसकी आशंका थी, बिहार में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के पीछे के असली खेल का पर्दे के पीछे से झांकना शुरू हो गया है। यह शुरूआत हुई है इसके दावों के साथ कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के क्रम में घर-घर जाने से मिल रही जानकारियों से पता चला है कि मतदाता सूची में बड़ी संख्या में नेपाली, बंगलादेशी और म्यांमार के लोगों के नाम हैं। बेशक, अभी तक ये कथित जानकारियां, चुनाव आयोग में मौजूद 'सूत्रों' से आ रही जानकारियों के तौर पर ही मीडिया में आयी हैं। चुनाव आयोग ने खुद औपचारिक रूप से न तो ऐसा कोई बयान दिया है और न ऐसा कोई दावा किया है। बहरहाल, ये खबरें जितने बड़े पैमाने पर और वास्तव में जिस तरह हर जगह ही मीडिया में आयी हैं, उससे साफ है कि यह दबी-छुपी जानकारी का मामला नहीं है, जिसे किन्हीं इक्का-दुक्का सूत्रों ने उजागर कर दिया हो और इस या उस मीडिया संस्थान के हाथ लग गयी हों। इसके विपरीत, यह 'सूत्रों' के नाम पर खुद चुनाव आयोग द्वारा बड़े पैमाने पर खबर प्लांट किए जाने का मामला है। यह किसी से छुपा नहीं है कि मोदी राज की अपारदर्शिता की आम कार्य संस्कृति में रच-बसकर चुनाव आयोग ने भी अपनी स्वतंत्र भूमिका के अधिकतम पारदर्शिता के तकाजों को भुलाकर, मीडिया के जरिए जनता से और स्वयं सीधे राजनीतिक पार्टियों के साथ भी संवाद कम से कम कर दिया है। मोदी राज की तरह अब चुनाव आयोग भी संवाददाता सम्मेलन और चुनाव प्रक्रिया की मुख्य हितधारक, राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठकें कम से कम करता है और ज्यादा से ज्यादा 'सूत्रों' के नाम पर खबरें प्लांट करने का सहारा लेता है। यही बड़ी संख्या में विदेशियों के नाम मतदाता सूचियों में होने के प्रचार के मामले में हो रहा है।

कहने की जरूरत नहीं है कि यह एक जन-धारणा बनाने का और उसका अधिकतम प्रचार करने का ही खेल है। इस खेल में इस तरह का 'सूत्रों' के नाम पर किया जाने वाला प्रचार, खासतौर पर मददगार होता है, जिसे विश्वसनीय बनाने के लिए जिस संस्था के नाम पर इस्तेमाल किया जाता है, उस संस्था को मंडन या खंडन में से कुछ भी करने की जरूरत ही नहीं होती है और इस तरह वास्तव में वह मौन स्वीकृति से इस धारणा के बनने में मदद ही कर रही होती है। यह मदद महत्वपूर्ण रूप से इस अर्थ में भी की जा रही होती है कि इस खबर, जिसे वास्तव में अफवाह ही कहना चाहिए, की जांच के लिए सवालों के जवाब देने के लिए, उसकी जिम्मेदारी लेने वाला कोई होता ही नहीं है। मिसाल के तौर पर 'मतदाता सूची में बड़ी संख्या में विदेशियों के नाम' होने की इस धारणा के सिलसिले में, जिसको सत्ताधारी संघ-भाजपा से जुड़ा पूरा का पूरा प्रचार सिस्टम जोर-शोर से फैलाने में लगा हुआ है, न तो इसका कहीं कोई जवाब मिलेगा कि ये 'बड़ी संख्या' आखिरकार है कितनी और न ही इसका कोई जवाब मिलेगा कि घर-घर जाने के क्रम में अधिकारियों को यह जानकारी मिली कैसे? कथित रूप से घर-घर गए, निचले दर्जे के अधिकारियों ने, जिनमें ज्यादातर बीएलओ की भूमिका अदा कर रहे स्कूल अध्यापक ही हैं, कैसे जाना, किस तरह की जांच के जरिए जाना कि मतदाता सूची में शामिल अनेक नाम, वास्तव में विदेशियों के हैं? उल्लेखनीय संख्या को बाहर करना है, उसका इस तरह से औचित्य सिद्ध किया जा रहा होगा। और चूंकि इस पुनरीक्षण की पद्धति को इस तरह से ढाला गया कि यह ग्रामीण व शहरी गरीबों पर, कमजोर तबकों/ जाति के लोगों पर, कम पढ़े-लिखे लोगों पर, अल्पसंख्यकों और महिलाओं पर ही सबसे ज्यादा चोट करेगी, जबकि संपन्न, शिक्षित, सवर्ण पर सबसे कम चोट करेगी, मतदाता सूचियों की यह 'सफाई', वस्तुगत रूप से सत्तापक्ष की मदद करेगी, जिसे वंचितों का अपेक्षाकृत कम और अधिकार-संपन्नों का अपेक्षाकृत अधिक समर्थन हासिल है। चुनाव आयोग की इस सब में इसलिए भी अतिरिक्त



राजेंद्र शर्मा

> पुन: सूत्रों के ही हवाले से, इसकी खबरें भी आनी शुरू हो चुकी हैं कि चुनाव आयोग ने देश के पैमाने पर, बिहार जैसे ही विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए कदम उठाने की शुरूआत कर दी है। स्वाभाविक रूप से विपक्षी पार्टियों ने चुनाव आयोग की इस जल्दबाजी की आलोचना की है और कहा है कि उसे इस प्रक्रिया के लिए सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन चुनौतियों के फैसले का इंतजार करना चाहिए था।

दूसरी ओर, 'सूत्रों' के नाम पर फैलायी जा रही इन अफवाहों में आयोग के नाम पर ही यह अफवाह और जोड़ दी गयी है कि इन नामों को पक्की मतदाता सूची में से हटा दिया जाएगा। कैसे? इस सवाल का भी कोई जवाब नहीं है, हालांकि गोल-मोल तरीके से यह जरूर कहा जा रहा है कि 'जांच के बाद' नामों को हटा दिया जाएगा। लेकिन, जैसा कि बिहार में जारी पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में दी गयी कानूनी चुनौतियों में बलपूर्वक रेखांकित किया गया है और अदालत भी जिससे सहमत नजर आयी है, नागरिकता की जांच करना चुनाव आयोग के दायरे में आता ही नहीं है। ऐसे में आयोग किसी भी रूप में नागरिकता की जांच को, मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ने / हटाने का आधार बना ही नहीं सकता है। लेकिन, उद्देश्य उतना नाम हटाना नहीं है, जितना विदेशी घुसपैठ का हौवा खड़ा करना है।

इस खेल के दो मकसद तो आसानी से पहचाने भी जा सकते हैं। पहला तो यही कि जिस बात की शुरू से ही आशंका जतायी जा रही थी कि, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की इस पूरी प्रक्रिया का ही मकसद मतदाता सूचियों की साफ-सफाई के नाम पर, इन सूचियों से वैध मतदाताओं की दिलचस्पी हो सकती है कि इस प्रक्रिया के अंत में उल्लेखनीय संख्या में मतदाताओं की छंटनी को, जो इस प्रक्रिया में ही निहित है, 'विदेशियों' की छंटनी के नाम पर न सिर्फ उचित ठहराया जा रहा होगा बल्कि आयोग मतदाता सूची पुनरीक्षण की अपनी पद्धति की खामियों का जवाब देने के बजाय, इतने नामों का छांटा जाना जिसका साक्ष्य है, कथित रूप से विदेशियों से देश की जनतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा के लिए अपनी पीठ भी ठोक सकेगा। याद रहे कि मतदाता सूची में विदेशी नामों की 'खबरों' ने खासतौर पर तब जोर पकड़ा है, जब मुख्यधारा के मीडिया के सरकार की ही तरह चुनाव आयोग का भी भोंपू बनने के बावजूद, कई साहसी स्वतंत्र पत्रकारों ने किसी भी तरह तय समय सीमा में इस नामुमकिन पुनरीक्षण को मुमकिन कर दिखाने की हड़बड़ी में, चुनाव आयोग द्वारा जमीनी स्तर पर अपने ही बनाए तमाम नियम कायदों को उठाकर ताक पर ही रख देने की सच्चाई को उजागर कर दिया है। यह मतदाता सूचियों में भारी धांधली और मनमानी की स्थितियां बनाता है। इस तरह ध्यान बंटाने के हथकंडों के जरिए सवालों से बचना तो, वर्तमान शासकीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा ही बन चुका है।

दूसरा मकसद, और भी सीधा है। विदेशी घुसपैठ के खतरे का हौवा खड़ा करना, वर्तमान सत्ताधारियों के तरकश का एक प्रमुख तीर है। इस तीर की प्रमुखता का एक बड़ा आधार यह है कि 'विदेशी' को आसानी से 'मुस्लिम' का पर्याय बनाया जा सकता है और इस तरह 'विदेशी घुसपैठ के खतरे' को आसानी से मुस्लिमविरोध का हथियार बनाया जा सकता है। मोदी निजाम के 11 साल में ही और खासतौर पर 2024 के आम चुनाव के समय से ही, मुस्लिमविरोधी प्रचार में जो विशेष तेजी आयी है, उसमें आम चुनाव के नतीजों के बाद से वर्तमान सत्ताधारी ताकतें, मुस्लिम घुसपैठियों के हौवे को खासतौर पर हवा दे रही हैं। झारखंड के विधानसभाई चुनावों में तो बंगलादेशी घुसपैठ का मुद्दा उछालने की प्रधानमंत्री के स्तर तक से, हरसंभव कोशिश की गयी थी, हालांकि झारखंड की जनता ने इसे खारिज कर दिया। अब बिहार के चुनाव के लिए और उससे भी आगे, अगले साल के शुरू में होने वाले असम तथा पश्चिम बंगाल के विधानसभाई चुनाव लिए खासतौर पर, बंगलादेशी घुसपैठ के भूत को नचाने की कोशिशें की जा रही हैं। वैसे इस खेल की व्याप्ति सार्वदेशिक है। इसीलिए, पिछले कुछ महीनों में राजधानी दिल्ली से लेकर मुंबई तक और ओडिशा समेत देश के दूसरे कई हिस्सों में कथित घुसपैठियों की पकड़-धकड़ के नाम पर, बंगला भाषा बोलने वाले मुसलमानों को खासतौर पर निशाना बनाया जा रहा है।

इसी दौरान, पुन: सूत्रों के ही हवाले से, इसकी खबरें भी आनी शुरू हो चुकी हैं कि चुनाव आयोग ने देश के पैमाने पर, बिहार जैसे ही विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए कदम उठाने की शुरूआत कर दी है। स्वाभाविक रूप से विपक्षी पार्टियों ने चुनाव आयोग की इस जल्दबाजी की आलोचना की है और कहा है कि उसे इस प्रक्रिया के लिए सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन चुनौतियों के फैसले का इंतजार करना चाहिए था। 28 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में इन याचिकाओं के सुने जाने की संभावना है। याद रहे कि सुप्रीम कोर्ट के सामने बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण की समय-सूची का मुद्दा ही विचाराधीन नहीं है बल्कि इसके लिए अपनायी गयी प्रक्रिया और अधिकार क्षेत्र के मुद्दे भी विचाराधीन हैं, जो इसके अखिल भारतीय प्रयास के संदर्भ में प्रासंगिक हैं। यही नहीं, जैसा कि पूर्व-चुनाव आयुक्त लवासा ने अपने एक लेख में ध्यान दिलाया है- 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाकर, सभी मतदाताओं का दो श्रेणियों में विभाजन और इसी प्रकार, जन्म तिथियों के आधार पर मतदाताओं का श्रेणी विभाजन भी, आसानी से अदालत को हजम होने वाला नहीं है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार सर्वव्यापी नहीं

■ के. रवींद्रन

बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सर्वोच्च न्यायालय के रुख से सबसे महत्वपूर्ण सीख यह है कि भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के पास स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का संवैधानिक अधिकार तो है, लेकिन उसे अनियंत्रित विवेकाधिकार से कार्य करने का अधिकार नहीं है।

पुनरीक्षण प्रक्रिया पर रोक लगाने से न्यायालय का इनकार पहली नज़र में आयोग की पहल का समर्थन प्रतीत हो सकता है, लेकिन निर्णय का अंतर्निहित स्वर और सार एक खाली चेक से कहीं अधिक है। इसके विपरीत, न्यायालय ने मनमानी के विरुद्ध एक सख्त चेतावनी जारी की है, जिसमें आयोग को याद दिलाया गया है कि संवैधानिक स्वायत्तता का अर्थ उसकी मनमानी की संवैधानिक सुरक्षा नहीं है।

यह घटनाक्रम इस बढ़ती धारणा के आलोक में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि हाल के वर्षों में चुनाव आयोग अपने संवैधानिक अधिकार क्षेत्र से बाहर के क्षेत्रों में भटक गया है। बिहार मामले में, मतदाता सूची के संशोधन को नागरिकता के सवालों से जोड़ने के आयोग के प्रयास पर अदालत ने कड़ी फटकार लगायी। पीठ ने स्पष्ट रूप से कहा कि नागरिकता का निर्धारण चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। यह दावा करके, अदालत ने न केवल बिहार की इस प्रक्रिया पर कानूनी अंकुश लगाया, बल्कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनावी अधिकारियों की बढ़ती दखलंदाजी के बारे में एक बड़ा और अधिक गंभीर सवाल भी उठाया।

> व्यापक राजनीतिक और संस्थागत संदर्भ को देखते हुए और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जिसमें यह उभरा है। चुनाव आयोग को कई क्षेत्रों से, खासकर विपक्ष से, बढ़ती आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि इसे कार्यपालिका के एजेंडे के साथ इसके बढ़ते तालमेल के रूप में देखा जा रहा है। इस आलोचना के केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों ( ईवीएम ) को लेकर चल रहा विवाद है।

यह निर्णय उस व्यापक राजनीतिक और संस्थागत संदर्भ को देखते हुए और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जिसमें यह उभरा है। चुनाव आयोग को कई क्षेत्रों से, खासकर विपक्ष से, बढ़ती आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि इसे कार्यपालिका के एजेंडे के साथ इसके बढ़ते तालमेल के रूप में देखा जा रहा है। इस आलोचना के केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को लेकर चल रहा विवाद है, जिसमें वरिष्ठ विपक्षी नेता राहुल गांधी उनकी विश्वसनीयता और आयोग की निष्पक्षता, दोनों पर सवाल उठाने वाली सबसे लगातार आवाज बन गये हैं। उनके आरोप लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास के क्षरण के व्यापक विषय को छूते रहे हैं, जहां चुनाव आयोग का महत्वपूर्ण स्थान है। इन चिंताओं को उठाकर, गांधी केवल एक राजनीतिक अभियान ही नहीं चला रहे हैं, बल्कि भारत के प्रमुख संवैधानिक निकायों में से एक में विश्वास के संकट की ओर भी ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

बिहार प्रकरण को केवल एक राज्य-स्तरीय विवाद से कहीं अधिक माना जा रहा है जिसकी प्रकृति इसका प्रयोग अन्यत्र व्यापक उपयोग है, जो सवालों के घेरे में आ गयी है। मतदाता सूची में संशोधन करने की चुनाव आयोग की शक्ति सर्वविदित है। हालांकि, समस्या तब उत्पन्न होती है जब ऐसा लगता है कि इस तरह के संशोधन का आधार प्रशासनिक आवश्यकता से नहीं, बल्कि अस्पष्ट मानदंडों या संदिग्ध उद्देश्यों से उत्पन्न होता है। बिहार में, एसआईआर प्रक्रिया ने अपने समय, कार्यान्वयन के तरीके और इसके संभावित जनसांख्यिकीय निहितार्थों के कारण लोगों को चौंका दिया। यह तथ्य कि आयोग ने मतदाता सूची प्रबंधन को नागरिकता सत्यापन के साथ मिलाने का प्रयास किया, एक ऐसे इरादे की ओर इशारा करता है जो उसके संवैधानिक अधिकार क्षेत्र से परे था। इस कारण सर्वोच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा और एक सीमा निर्धारित करनी पड़ी। यह दर्शाता है कि अगर इसे अनियंत्रित छोड़ दिया जाये तो संस्थागत अतिक्रमण कितनी आसानी से सामान्य हो सकता है।

केंद्र सरकार द्वारा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के संदर्भ में ये चिंताएं और भी गंभीर हो जाती हैं। यह एक व्यापक सुधार है जिसका उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराना है। पहली नज़र में, यह विचार दक्षता और लागत-प्रभावशीलता का वायदा करता है। हालांकि, आलोचकों का तर्क है कि इससे पहले से ही नाज़ुक शक्ति संतुलन केंद्र सरकार के पक्ष में झुकने का खतरा है। इन चुनावों को कराने का मुख्य तंत्र, निश्चित रूप से, चुनाव आयोग ही होगा। इसलिए, एक समन्वित चुनावी कैलेंडर के चश्मे से देखने पर आयोग की निष्पक्षता पर कोई भी संदेह और भी गहरा हो जाता है।

पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने मूलत: इस बात पर ज़ोर दिया कि एक राष्ट्र, एक चुनाव मॉडल, गलत परिस्थितियों में, चुनाव आयोग को न्यूनतम जवाबदेही वाली एक अर्ध-संप्रभु संस्था में बदल सकता है। इसलिए, बिहार का मामला सिर्फ़ एक राज्य या एक चुनाव का मामला नहीं है। यह एक व्यापक प्रवृत्ति का प्रतीक है—प्रशासनिक सुव्यवस्थितीकरण की आड़ में, अति-केंद्रीकरण की ओर एक संस्थागत झुकाव। न्यायपालिका का हस्तक्षेप ठीक इसी प्रवृत्ति को रोकने का प्रयास करता है। यह स्पष्ट करके कि चुनाव आयोग को अपने संवैधानिक रूप से परिभाषित दायरे में ही रहना चाहिए, सर्वोच्च न्यायालय स्वायत्तता और जवाबदेही के बीच संतुलन को फिर से स्थापित करने का भी प्रयास कर रहा है। आयोग स्वायत्त हो सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वह जांच से परे है। बल्कि, उसकी स्वायत्तता का उद्देश्य उसे राजनीतिक हस्तक्षेप से बचाना है, न कि उसे संवैधानिक अनुशासन से मुक्त करना।

दूसरे स्तर पर, इस न्यायिक क्षण को भारत के लोकतांत्रिक लचीलेपन में एक शांत विश्वास मत के रूप में भी देखा जा सकता है। जब राजनीतिक टकराव और चुनाव आयोग जैसे स्वायत्त संस्थाओं की परीक्षा होती है, तब संवैधानिक प्रहरी के रूप में कार्य करने की न्यायालय की क्षमता अक्षुण्ण बनी रहती है। हालाँकि, यह तथ्य कि चुनाव आयोग को ऐसी चेतावनी जारी करनी पड़ी, यह दर्शाता है कि संस्थागत औचित्य की सीमा रेखा का उल्लंघन ख़तरनाक नियमितता के साथ किया जा रहा है। न्यायालय और आयोग के बीच इस तरह के टकराव की पुनरावृत्ति, लोकतांत्रिक राज्य के विभिन्न अंगों के बीच बढ़ते अविश्वास का भी संकेत देती है।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में, चुनावी प्रक्रिया की वैधता केवल तकनीकी सुदृढ़ता पर ही नहीं, बल्कि निष्पक्षता की जनधारणा पर भी निर्भर करती है। यदि मतदाताओं के एक बड़े वर्ग को यह संदेह होने लगे कि मतदाता सूचियों में चुनिंदा ढंग से संशोधन किया जा रहा है, या मशीनों से छेड़छाड़ की जा रही है, या कोई एक संस्था चुनावी कैलेंडर पर अनुचित नियंत्रण हासिल कर रही है, तो लोकतंत्र स्वयं कमज़ोर हो जाता है। राहुल गांधी और अन्य अपनी आलोचनाओं में इसी लोकतांत्रिक कमज़ोरी की भावना व्यक्त कर रहे हैं। उनकी चेतावनियां राजनीति से प्रेरित हो सकती हैं, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि उनमें दम नहीं है।

## आपके पत्र

### कांवड़ या हुड़दंग ? आस्था की राह में अनुशासन की दरकार

भारत में धार्मिक यात्राओं का इतिहास पुराना है — पदयात्रा, व्रत, नियम और तपस्या इनका मूल हिस्सा रहे हैं। लेकिन कांवड़ यात्रा, खासकर उत्तर भारत के कुछ इलाकों में, अब एक शक्ति प्रदर्शन में बदलती जा रही है। श्रद्धालु अब भक्त कम, और 'रौबदार शिवभक्त' ज़्यादा नज़र आते हैं। बाइक पर 10-15 लोग, डीजे बजाते ट्रक, और शोर-शराबे में हर-हर महादेव का नारा— यह सब आस्था से अधिक दिखावे और गुटबाज़ी का प्रतीक लगता है।

इसके विपरीत रामदेवरा की यात्रा में न कोई सुरक्षा खतरा, न सरकारी तामझाम, फिर भी वहां अनुशासन और सेवा का वातावरण होता है। ऐसा क्यों? भारत जैसे धर्मप्रधान देश में तीर्थयात्राओं और धार्मिक यात्राओं का एक गहरा सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व रहा है। इन यात्राओं का उद्देश्य आत्मशुद्धि, समर्पण और शांति की प्राप्ति होता है परंतु हाल के वर्षों में कुछ तीर्थ यात्राएं, विशेषकर कांवड़ यात्रा, अपने मूल स्वरूप से भटक कर हंगामा, शोर-शराबा और अनुशासनहीनता का पर्याय बनती जा रही हैं। जहां एक ओर लाखों श्रद्धालु राजस्थान के रामदेवरा जैसे स्थानों पर सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा कर शांति और श्रद्धा से पूजा-अर्चना करते हैं, वहीं दूसरी ओर कांवड़ यात्रा के दौरान अक्सर सड़कों पर कब्ज़ा, डीजे की धुनों पर नाचना, ट्रैफिक जाम, तोड़फोड़ और मारपीट की खबरें आती रहती हैं। सवाल उठता है — क्या आस्था का मतलब अराजकता है? कांवड़िये ही हुड़दंग क्यों करते हैं, जबकि अन्य तीर्थयात्राएं शांति से होती हैं?

कांवड़ यात्रा में आज जो हुड़दंग दिखाई देता है, वह भक्ति का नहीं, मर्दानगी का अवतार है। हर-हर महादेव जैसे पवित्र नारे को कई बार उग्रता और हिंसा के साथ जोड़ दिया गया है। यह मानो मर्दानगी का ऐसा संस्करण है जिसमें भक्त बाइक पर स्टंट करता है, तेज़ म्यूज़िक पर झूमता है और किसी ने कुछ कहा तो झगड़े पर उतर आता है।

प्रशासन के लिए कांवड़ यात्रा अब आस्था का नहीं, सिरदर्द का विषय बन गई है। रास्तों को बंद करना पड़ता है, ज़बरदस्ती स्कूल-कॉलेज की छुट्टियां करनी पड़ती हैं और पुलिस को कांवड़ियों को 'मना करने' की हिम्मत नहीं होती।

इसके पीछे एक बड़ा कारण है— राजनीतिक संरक्षण। कोई भी सरकार कांवड़ियों को नाराज़ नहीं करना चाहती, विशेषकर जब धार्मिक भावनाएं उबाल पर हों। नतीजा यह होता है कि कुछ असामाजिक तत्व इस ढील का फायदा उठाकर पूरे आयोजन को बदनाम कर देते हैं।

आजकल कांवड़ यात्रा का एक और बड़ा आयाम है — सोशल मीडिया प्रमोशन। भक्त कम, 'इन्फ्लुएंसर' ज़्यादा हैं। कोई रील बना रहा है, कोई फेसबुक लाइव कर रहा है, कोई अपने ट्रक की सजावट दिखा रहा है। भक्ति अब कैमरे के सामने 'पोज़' करने की प्रक्रिया बन गई है। रामदेवरा जैसे स्थलों पर ऐसी कोई प्रवृत्ति नहीं दिखती। वहां लोग अपने मन और आत्मा से जुड़ते हैं, न कि अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से। कांवड़ यात्रा में जो देखा जा रहा है, वह भक्ति नहीं, उन्माद है। यह वह धर्म नहीं है जिसकी शिक्षा भगवान शिव देते हैं। वे तो योगी हैं, शांति और तपस्या के प्रतीक हैं।

धार्मिक संगठनों को आगे आना चाहिए जो कांवड़ यात्रा का संयोजन करते हैं, उन्हें स्वयं अनुशासन और संयम का संदेश देना होगा।

प्रशासन को राजनीतिक दबाव से ऊपर उठकर कानून का पालन करवाना चाहिए, चाहे वह कोई भी समुदाय हो।

भक्तों को आत्मचिंतन करना चाहिए कि क्या उनकी यात्रा भगवान शिव को प्रसन्न कर रही है या बदनाम कर रही है।

सोशल मीडिया पर फालतू दिखावे की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करना चाहिए, और असामाजिक तत्वों की पहचान कर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

**-प्रियंका सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### हिमाचल प्रदेश-3 : जहां अकबर ने देवी को छत्र चढ़ाया

*'भारत के अनेक धर्मस्थानों की तरह ज्वालामुखी मंदिर के लिए भी एक जनसंकुल बाजार से गुजरना होता है। एक किलोमीटर की चढ़ाई जिसके दोनों तरफ दुकानें और फिर सर्पाकार पंक्ति में सरकते हुए अपनी बारी आने की प्रतीक्षा। ऐसे भी कुछ उद्यमी थे जो रेलिंग फांदकर आगे निकल अपनी वीरता का प्रदर्शन कर रहे थे। बहरहाल हमारी बारी आई। गर्भगृह के बीचों बीच एक कुंड जिसमें अग्निशिखा प्रज्वलित हो रही थी। एक कोने में आले जैसी जगह पर एक और शिखा थी जिसे हिंगलाज देवी का नाम दिया गया था।'*

*'भक्तजनों का रेला लगा हुआ था, लेकिन मेरा ध्यान समीप के एक कक्ष पर चला गया जहां दीवार पर बड़े-बड़े हर्फों में लिखा था कि शहंशाह अकबर ने देवी माता को छत्र चढ़ाया था, वह यहां है। मेरे लिए यह एक नायाब जानकारी थी। उस कक्ष में प्रवेश किया, देवी की सामान्य आकार की प्रतिमा वहां थी, सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित, मुख मंडल पर सौम्य भाव और सिर पर मुकुट; बाजू में इबारत थी शहंशाह अकबर का चढ़ाया हुआ छत्र। उसके साथ तीर का निशान था ताकि कोई शक-शुबहा न रहे। मैं यह देखकर किसी हद तक चकित था। एक दिन पहले ही तो नूरपुर के किले में मुसलमान चारण द्वारा भेंट किया गया मंदिर का प्रवेश द्वार देखा था, आज यहां शहंशाह द्वारा चढ़ाया गया मुकुट देख लिया। यात्राओं के दौरान साम्प्रदायिक सद्भाव के ऐसे उदाहरण जगह-जगह देखने मिलते हैं लेकिन जिनकी आंखों पर पट्टी चढ़ी होती है वे इन्हें देखकर भी देखने से इंकार कर देते हैं।'*

**( देशबन्धु में 31 जुलाई 2017 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/08/3.html

## पावन प्रसंग

### भावुकता से भावना की यात्रा

जीवन का आधार है-भावना। भावनाविहीन जीवन की परिकल्पना तक नहीं की जा सकती। भावना जीवन को सरस, सहज और सजल बनाती है। संवेग भावना का ही एक रूप है। संवेग (इमोशन) के बिना जीवन कुछ अधूरा-अधूरा सा रहता है। यदि प्रेम न हो, क्रोध न हो, आक्रोश न हो, ईर्ष्या न हो, दया न हो तो जीवन बेजान और नीरस हो जाएगा। संवेग या भाव कितने महत्वपूर्ण है, यह किसी दिन का अखबार उठाकर देखे तों अनुमान लगा सकेंगे। पाएंगे कि तमाम घटनाएं संवेगों के ही ईर्दगिर्द घूम रही है। हिंसा का कारण संवेग है और किसी व्यक्ति, समाज को सहायता देना भी संवेग का ही एक रूप है। संवेग संचार माध्यमों पर छाया हुआ है। आप टीवी खोलते ही पाते हैं कि वह तमाम तरह के संवेगों की अभिव्यक्तियों को प्रस्तुत कर रहा है। संवेग तात्कालिक भौतिक घटनाओं से जुड़ा भी है, और स्वतंत्र भी। इसमें हमारी स्मृति की बड़ी भूमिका होती है। संवेग का प्रमुख कार्य है संचार अर्थात संवेग हमें कुछ सूचना देते हैं। हमारी हँसी, हमारी रुलाई, हमारे अन्य व्यवहार, जो विभिन्न संवेगों के साथ घटित होते हैं, दूसरों को कुछ बताते हैं, सूचित करते हैं-वे निमंत्रित कर सकते हैं, या दूर भागने का संकेत दे सकते हैं, तटस्थ रहने को कह सकते हैं, पर वे कुछ बताते जरूर हैं।

संवेग न केवल हमारी शारीरिक रचना या दैहिक प्रक्रिया पर निर्भर करते हैं, बल्कि समाज पर भी निर्भर करते हैं। विभिन्न समाजों में संवेगों की न केवल शब्दावली भिन्न है, बल्कि उनकी अभिव्यक्ति भी भिन्न-भिन्न हैं। प्यार का इजहार कैसे किया जाता है? क्रोध को कैसे व्यक्त किया जाता है? ये सब अपनी संस्कृति से मिली विरासत पर निर्भर करता है। संवेगों के प्रदर्शन करने के भी कुछ नियम होते हैं। प्रेम कैसे प्रदर्शित किया जाए? क्रोध कैसे प्रदर्शित किया जाए? चिंता कैसे प्रदर्शित की जाए? ये सबके नियम हैं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि संवेग को लेकर कई तरह की भ्रामक धारणाएं बनी हुई हैं। उदाहरण के लिए एक धारणा यह है कि संवेग तो कुछ स्त्रीत्व जैसी बात है। संवेगवान या भावुक होना कोई पौरुष की बात नहीं है। यह भी एक भ्रांति है कि संवेग नकारात्मक होते हैं। अक्सर बातचीत में लोगों को यह कहते पाया गया है-तुम भावुक मत हो, नहीं तो सब गड़बड़ा जाएगा। भावुक होने को कमजोरी माना जाता है। अवसाद और चिंता भी संवेग है।

आज हम नकारात्मक संवेगों के बारे में ज्यादा जानते हैं और सकारात्मक संवेगों के बारे में बहुत कम, परंतु कुछ समय पूर्व सकारात्मक संवेगों की ओर लोगों का ध्यान गया है। स्मरणीय है कि बुद्धि और भाव दोनों जुड़े हुए हैं। हमारे मस्तिष्क में सेरिब्रल कॉर्टेक्स जो बौद्धिक प्रक्रियाओं को नियमित करता है, ऊपर है। थैलेमस और अन्य 'सबकॉर्टिकल' क्षेत्र कहा जाता है, जहां संवेग सक्रिय होते हैं, वे कॉर्टेक्स के थोड़े नीचे स्थित हैं। दोनों के बीच अंत:क्रिया होती है अर्थात संवेग हमारे संज्ञान को प्रभावित करते हैं। एक के बिना दूसरे को समझना असंभव है।

**-अखंड ज्योति**

## श्रीलंका नौसेना ने इस साल अब तक 181 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चेन्नई,** 14 जुलाई (वार्ता) श्रीलंकाई नौसेना ने इस साल अब तक श्रीलंकाई जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में 24 भारतीय मछली पकड़ने वाली नावें जब्त की हैं और 181 मछुआरों को गिरफ्तार किया है। नौसेना ने आज कोलंबो में जारी एक बयान में कहा कि इसमें कल एक अभियान के दौरान एक भारतीय मछली पकड़ने वाली नाव की जब्ती और सात भारतीय मछुआरें भी शामिल है। उन्हें श्रीलंका के उत्तरी प्रांत जाफना के डेल्फ़्ट द्वीप के पास गिरफ्तार किया गया ।नौसेना ने कहा कि ज़ब्त की गई नाव और मछुआरों को कानूनी कार्यवाही के लिए मत्स्य अधिकारियों को सौंप दिया गया है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब श्रीलंका ने रामेश्वरम के सात और मछुआरों को हिरासत में लिया है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पुतिन के युद्ध खत्म करने से इनकार करने पर हुए नाराज, बोले

# यूक्रेन को सुरक्षा की जरूरत, अमेरिका भेजेगा पैट्रियट मिसाइल

■ **डोनाल्ड ट्रंप इस हफ्ते नाटो महासचिव मार्क रट से करेंगे मुलाकात**

**वाशिंगटन,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह यूक्रेन को 'पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम' भेजेंगे। उनकी सरकार रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के यूक्रेन के साथ युद्ध खत्म करने से इनकार करने पर नाराज नजर आ रही है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने रविवार को मैरीलैंड के ज्वाइंट बेस एंड्रयूज में पत्रकारों से कहा कि हम यूक्रेन को पैट्रियट भेजेंगे, जिनकी उन्हें सख्त जरूरत है। पुतिन ने वाकई बहुत लोगों को चौंका दिया है। वह दिन में अच्छी बातें करते हैं और फिर शाम को बमबारी कर देते हैं। इससे मुझे समस्या है। मुझे यह पसंद नहीं है। ट्रंप ने बताया कि अभी इस पर फैसला नहीं लिया गया है कि यूक्रेन को कितने पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम भेजने हैं। ट्रंप ने कहा कि इस पर अभी फैसला नहीं किया है, लेकिन उन्हें कुछ तो भेजी ही जाएंगी, क्योंकि उन्हें सुरक्षा की जरूरत है।

डोनाल्ड ट्रंप बीते हफ्ते यूरोप में नाटो सहयोगियों को हथियार बेचने का फैसला कर चुके हैं, ताकि वह उन्हें कीव को सौंप



सकें। अमेरिकी राष्ट्रपति का कहना है कि यह एयर डिफेंस सिस्टम नाटो के यूक्रेन को भेजे जाने वाले हथियारों का हिस्सा होंगे, जिसके लिए नाटो अमेरिका को भुगतान करेगा। उन्होंने कहा कि हम मूल रूप से

> **पुतिन ने वाकई बहुत लोगों को चौंका दिया है। वह दिन में अच्छी बातें करते हैं और फिर शाम को बमबारी कर देते है : डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति**

उन्हें बहुत ही परिष्कृत सेना की विभिन्न टुकड़ियां भेजने जा रहे हैं। वह हमें उनके लिए शत प्रतिशत भुगतान करने जा रहे हैं।

डोनाल्ड ट्रंप इस हफ्ते नाटो महासचिव मार्क रट से मुलाकात करने वाले हैं। इस मुलाकात के दौरान कीव को हथियार आपूर्ति करने की योजनाओं पर चर्चा होने की उम्मीद है। पैट्रियट (एमआईएम-104) सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल, क्रूज मिसाइल और एडवांस विमानों का मुकाबला करने के लिए सतह से हवा में मार करने वाला डिफेंस सिस्टम है, जो अमेरिकी सेना का सबसे एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम है।

### जर्मनी ने यूक्रेन के अनुरोध के बावजूद टॉरस मिसाइलें देने से किया इनकार



**मॉस्को।** जर्मनी ने कहा है कि यूक्रेन के फिर से अनुरोध के बावजूद उसे टॉरस मिसाइलें अथवा पैट्रियट वायु रक्षा प्रणालियां नहीं दी जाएंगी। रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने कहा कि देश के पास पर्याप्त पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली नहीं हैं जिन्हें यूक्रेन को दिया जा सके। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के अनुरोध के बावजूद उसे जर्मनी की टॉरस मिसाइलें या पैट्रियट हवाई रक्षा प्रणाली नहीं दी जाएगीं। हमारे पास केवल छह पैट्रियट वायु रक्षा प्रणालियां बची हैं। यह संख्या वास्तव में बहुत कम है। हम निश्चित रूप से यूक्रेन को इससे ज़्यादा नहीं दे सकते। उन्होंने बताया कि जर्मनी पहले ही यूक्रेन को ऐसी तीन प्रणालियां दे चुका है, अन्य दो पोलैंड को दी गई थीं और एक मरम्मत तथा प्रशिक्षण के लिए रहती है। रक्षा मंत्री ने बताया कि सोमवार को वह वाशिंगटन में पेंटागन प्रमुख पीट हेगसेथ से मुलाकात करेंगे।

## शांति वार्ता के जरिए गाजा से इजरायली सेना की वापसी सुनिश्चित हो : हमास



■ **वार्ता के विफल होने का कारण बन सकता है इजरायल का अड़ियल रवैया**

**गाजा।** हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) ने कहा कि इजरायल के साथ चल रही अप्रत्यक्ष बातचीत का नतीजा यह होना चाहिए कि युद्ध पूरी तरह खत्म हो, इजरायली सेना गाजा से पूरी तरह हटे, सभी बॉर्डर क्रॉसिंग खोले जाएं, और गाजा का पुनर्निर्माण होना चाहिए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने हमास की ओर से जारी किए गए एक बयान के हवाले से बताया कि रविवार को दोनों संगठनों के नेताओं की एक बैठक के दौरान इस पर विचार रखे गए। हालांकि, बैठक का स्थान अभी तक स्पष्ट नहीं किया गया है। हमास के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हमास की शूरा परिषद के प्रमुख मुहम्मद दरवेश ने किया, जबकि पीआईजे के प्रतिहमास सूत्र के अनुसार, कतर की राजधानी दोहा में इजरायल और हमास के बीच चल रही अप्रत्यक्ष वार्ता एक महत्वपूर्ण और जटिल चरण में प्रवेश कर रही है। सूत्र ने चेतावनी दी कि इजरायल का अड़ियल रवैया वार्ता के विफल होने का कारण बन सकता है। हमास सूत्र ने बताया कि दोनों पक्षों ने इजरायल के जवाबों की समीक्षा की और कहा कि बातचीत में प्रगति की मुख्य बाधा नक्शों के संबंध में इजरायल का अड़ियल रवैया है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता है कि इजरायली सेना पहले जनवरी की सीमाओं तक पीछे हटे। साथ ही वार्ता प्रक्रिया के बाद गाजा पट्टी से पूर्ण वापसी की गारंटी हो। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महासचिव जियाद अल-नखलाह ने किया।

## सुडोकू 6974

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | | | | | | |
| | 7 | | 2 | | 6 | 4 | | |
| 4 | | | | 1 | | 7 | | |
| | 8 | | 6 | | | 1 | | |
| | 1 | 4 | 7 | | 9 | 6 | 3 | |
| | | 6 | | | 1 | | 2 | |
| | | 8 | | 3 | | | | 6 |
| | | 1 | 8 | | 7 | | 4 | |
| | | | | | | 8 | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ **बेजान दारूवाला**

ग्रह स्थिति : मंगलवार 15 जुलाई , 2025 श्रावण कृष्ण पक्ष 5

### राशिफल

मेष - आज का दिन आप सामाजिक कामों और मित्रों के साथ दौड़ धूप में व्यतीत करेंगे। आपके मित्रमंडल में नए मित्र जुड़ेंगे। मित्रों के पीछे पैसे खर्च होंगे। बुजुर्गों की तरफ से लाभ होगा और उनका सहयोग मिलेगा।

वृषभ - नौकरी व्यवसाय की जगह पदोन्नति का मिलेगा। अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। सरकारी निर्णय आपके पक्ष में आने से लाभ होगा। गृहस्थजीवन में सुख- शांति रहेगा। नए काम का आयोजन करेंगे। अधूरे काम पूरे होंगे।

मिथुन - मानसिक रूप से आज का दिन दुविधाओं और उलझनों से भरा रहेगा। शारीरिक रूप से थकान होने और आलस्य के कारण किसी काम में मन नहीं लगेगा। पेट दर्द से परेशानी होगी। धन का अपव्यय होगा। व्यवसाय में बाधाएं होंगी।

कर्क - आप का दिन प्रतिकूलताओं से भरा प्रतीत होता है। आज किसी नए काम का आरंभ ना करें। किसी बीमारी के इलाज की शुरुआत ना ही करें। क्रोध से दूर रहें।

सिंह - वैवाहिक जीवन में तकरार होने से पति-पत्नी के बीच में तनाव होगा। जीवन साथी का स्वास्थ्य भी खराब रह सकता है। व्यापार में अपने भागीदार के साथ धीरज से काम लें। संभव हो तो निरर्थक चर्चा या विवाद में ना पड़ें।

कन्या - व्यावसायिक क्षेत्र में आज यश प्राप्त होने की संभावना अधिक हैं। सहकर्मियों का साथ मिलेगा।पारिवारिक वातावरण में सुख का अनुभव होगा। शारीरिक और मानसिक रुप से भी आप स्वस्थ रहेंगे। आर्थिक लाभ होगा।

तुला - वैचारिक रूप से विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेंगी और इससे अन्य व्यक्तियों के साथ संबंधों में मेल बना रहेगा। चर्चा-परिचर्चा में भी आप प्रभाव जमा सकेंगे।

वृश्चिक - स्नेहीजनों के साथ संबंधों में सावधानी बरतें। शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता के कारण व्यग्रता बनी रहेगी। माता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। धन और कीर्ति की हानि होगी। पारिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण रहेगा।

धनु - विरोधी आज परास्त होंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल है। स्नेहीजनों के साथ समय आनंद सहित गुजारेंगे।

मकर - आज का दिन मिश्रित फलदायी है। परिजनों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव के प्रसंग बनने से मन में ग्लानि छाई रहेगी। निरर्थक खर्च होगा। आरोग्य का ध्यान रखें। विद्यार्थियों को आज अभ्यास में रुचि नहीं होगी।

कुंभ - आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। परिवार का वातावरण आनंद से भरा रहेगा। मित्रों और परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजार सकेंगे। आज आप प्रवास और पर्यटन का आनंद भी उठा सकेंगे।

मीन - कोर्ट-कचहरी या स्थायी संपत्ति की झंझट में न पड़ें। एकाग्रता से आज सभी कार्यों में फायदा होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्वजनों के वियोग का प्रसंग उपस्थित होगा। परिजनों के साथ मतभेद रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## मालवाहक जहाज पर हूती हमले में चालक दल के 4 सदस्यों की मौत

**अदन,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। लाल सागर में मालवाहक जहाज पर हूती विद्रोहियों के हमलों में चालक दल के चार सदस्य मारे गए हैं। ब्रिटेन ने इसकी पुष्टि की है और बताया कि लाइबेरिया-ध्वजवाहक जहाज इटरनिटी-सी पर सवार कई अभी लापता हैं। ब्रिटेन के यमन स्थित दूतावास ने इटरनिटी-सी के सभी चालक दल के सदस्यों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई करने की भी मांग की।



■ **ब्रिटेन ने की हमलों की निंदा**

ब्रिटेन ने 'मैजिक सी' और 'इटरनिटी-सी' जहाजों पर हूती हमलों की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया। दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, यूनाइटेड किंगडम लाल सागर में मालवाहक जहाजों 'मैजिक सी' और 'इटरनिटी सी' पर अनुचित हूती हमलों की निंदा करता है, जिसके परिणामस्वरूप जहाज डूब गए और कम से कम चार चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लापता हैं। पोस्ट में आगे लिखा कि हम हूतियों से आह्वान करते हैं कि वे 'इटरनिटी सी' के सभी जीवित चालक दल के सदस्यों को तुरंत और बिना शर्त रिहा करें। हम पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और आशा करते हैं कि लापता लोग जल्द से जल्द अपने परिवारों से मिल जाएंगे।

## भारत व सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा



■ **माडेन व भारतीय कंपनियों आईपीएल, कृभको और सीआईएल के बीच दीर्घकालिक समझौतों पर हुए हस्ताक्षर**

**नई दिल्ली,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। भारत और सऊदी अरब के बीच रसायन एवं उर्वरक क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य और रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा की दम्मम और रियाद यात्रा में ध्यान केंद्रित किया गया। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में दी गई।

सप्ताहांत में हुई इस दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा में केंद्रीय मंत्री नड्डा ने एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। केंद्रीय मंत्री ने रियाद में सऊदी अरब के उद्योग एवं खनिज संसाधन मंत्री बंदर बिन इब्राहिम अल खोरायफ के साथ उर्वरक, पेट्रोरसायन और दवा क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस दौरे पर माडेन और भारतीय कंपनियों (आईपीएल, कृभको और सीआईएल) के बीच दीर्घकालिक समझौतों पर हस्ताक्षर हुए, जिसके तहत 2025-26 से पांच वर्षों के लिए प्रति वर्ष 3.1 मिलियन मीट्रिक टन डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक की आपूर्ति की जाएगी, जिसे आपसी सहमति से पांच साल के लिए और बढ़ाया जा सकता है। वर्ष 2024-25 में भारत द्वारा सऊदी अरब से डीएपी उर्वरक का आयात 1.9 मिलियन मीट्रिक टन था, जो वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान आयातित 1.6 मिलियन मीट्रिक टन से लगभग 17 प्रतिशत अधिक है। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के दायरे को व्यापक बनाने और इसमें यूरिया के साथ-साथ डीएपी जैसे अन्य प्रमुख उर्वरकों को शामिल करने की अपनी प्रतिबद्धता पर बल दिया।

## पाकिस्तान हुक्मरान नहीं करा पा रहे नालियां साफ



■ **मानसून को लेकर अलर्ट के बीच गंदगी से जनता परेशान**

**सिंध,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के सिंध प्रांत की सरकार नालों, सीवर लाइनों और गटरों को साफ करने में विफल साबित हुई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सिंध सरकार ने सफाई के लिए कोई पर्याप्त कदम नहीं उठाए, जिसके कारण कई इलाके अभी भी जाम हैं। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि सिंध प्रांत में 15 जुलाई को मानसून प्रवेश करेगा।

पाकिस्तानी अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, सिंध के हैदराबाद में घनी आबादी वाले इलाकों में मुख्य नालियां कचरे से भरी हैं और नालियों के किनारे की टूटी या गायब दीवारें ठीक नहीं की गई हैं। इस वजह से स्थानीय जनता काफी चिंतित है।

मौसम विभाग ने सिंध सरकार को बारिश की चेतावनी दी थी, जिसके बाद उच्च-स्तरीय बैठकों में आयुक्तों, उपायुक्तों और स्थानीय नगर निकायों को शहरी बाढ़ की संभावना के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। इससे पहले, सिंध स्थानीय निकाय विभाग ने 10 जुलाई को हैदराबाद नगर निगम सहित विभिन्न नगर निगमों को जरूरी उपाय करने का निर्देश दिया, लेकिन 48 घंटे बीतने के बाद भी कोई जमीन पर तैयारी शुरू नहीं हुई है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, शहर की प्रमुख नालियां, जैसे लियाकत कॉलोनी और सत्तार शाह कब्रिस्तान से मेमन अस्पताल चौक और टंडो यूसुफ तक की नाली कचरे से बुरी तरह जाम हैं। इसके अलावा, कुछ इलाकों में स्थित नालियों के ऊपर कचरा जमा हो गया है। साथ ही कुछ जगहों पर नालियों के ऊपर कचरा जमा हो गया है, जिससे वहां से गुजरने वाले बच्चों के लिए भी खतरा बढ़ गया है।

## बांग्लादेश में डेंगू संकट गहराया, खतरे में सभी 64 जिले

**ढाका,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। बांग्लादेश में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह एक देशव्यापी संकट बन सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की ओर से डेंगू फैलाने वाले मच्छरों को रोकने के लिए जो कोशिशें की जा रही हैं, वे अपर्याप्त हैं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्दी और सही तरीके से कदम नहीं उठाए गए, तो यह डेंगू की समस्या पूरे देश के 64 जिलों में फैल सकती है। बांग्लादेश के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार, रविवार सुबह तक (24 घंटों में) डेंगू से एक और व्यक्ति की मौत हो गई। इसके साथ ही इस साल में डेंगू से मरने वालों की कुल संख्या अब 56 हो गई है। साथ ही, 420 और लोग वायरल बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती हुए हैं, जिससे डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 14,880 हो गई है।



## वर्ग पहेली 6974



**बायें से दायें:-**

१. अपहरण करने वाला,चोर, डाकू
४. किसी मार्ग या पुल पर से आवागमन करने पर लगने वाला कर
६. सामने, आंखों के सामने
७. किसी वस्तु के निर्माण आदि पर होने वाला खर्च
८. विद्यालय
१०. प्रमाणित (उर्दू)
११. परिवर्तित होना या करना
१३. लालच
१४. सूर्य
१५. दूर करना, हटाना
१७. यूनान का निवासी
१९. प्रकाश, उजाला
२१. विनाश, बरबादी (उर्दू)
२२. व्यापार(उर्दू)
२४. नपुंसक, हिजड़ा

**ऊपर से नीचे:-**

१. कामना, हसरत
२. इच्छुक,जिसे आवश्यकता हो (उर्दू)
३. कुलबुलाना
४. तरफदारी
५. झगड़ालु स्त्री
९. लाख का बना घर जिसे दुर्योधन ने पांडवोंको जीवित जलानेकेलिए बनवाया था
११. झगड़ा, उपद्रव, दंगा (उर्दू)
१२. आसार
१३. वह उपसर्ग जैसा शब्द जो किसी धातु या मूल शब्द के अंत में कोई संज्ञापद-क्रियापद अव्यय या विशेषण बनाने के लिए लगाया जाता है
१४. हुक्म, आज्ञा,
१५. घर, मकान
१६. नीरस
१८. वर्ष, साल
१९. दिलचस्प, रुचिकर
२०. वह आधारभूत सिद्धांत जिसकेअनुसार कोई कार्य संचालित किया जाता है
२३. दलील

### वर्ग पहेली-6973

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ भु | त्त | २ भो | गी | | | ३ अ | श्वा | ४ रो | ही |
| ग | | ज्य | | ५ प | ल्ल | व | | क | |
| ६ त | ड्ड | प | | थ | | ७ स | र्व | ना | ८ म |
| ना | | दा | | ९ भ्र | म | र | | | हा |
| | १० अ | र्थ | ११ क | ष्ट | | | १२ सु | ग | म |
| | जी | | ले | | १३ कि | ष्किं | धा | | हि |
| १४ आ | ब | १५ ह | वा | | वा | | १६ र | १७ ह | म |
| क्र | | ल | | १८ अ | ड़ | १९ ना | | र्ष | |
| २० म | ग | ध | | सी | | २१ ना | प | क | २२ ना |
| ण | | २३ र | स | म | य | | | | ज |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1662- इंग्लैंड के राजा चार्ल्स द्वितीय ने लंदन में रॉयल सोसायटी को अधिनियमित किया।
1795- 'मार्सिलेस 'फ्रांस का राष्ट्रगान बना।
1904- अमेरिका के लॉस एंजिल्स में पहला बौद्ध मंदिर बना।
1910- एमिल क्रेपलिन ने एलॉइस अल्जाइमर के नाम पर अल्जाइमर बीमारी का नाम दिया।
1916- दुनिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग की शुरुआत।
1926- बॉम्बे (अब मुम्बई) में पहली मोटरबस सेवा की शुरुआत।
1955- प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की।
1961- स्पेन ने पुरुषों और महिलाओं के लिए समान अधिकारों को स्वीकार किया।
1968- अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ के बीच वाणिज्यिक विमान सेवा की शुरुआत।
1979- भारत के प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने अपने पद से इस्तीफा दिया।
1984- पंजाब में सिख समुदाय के अशांत होने के बाद पंजाब को आतंकवाद प्रभावित क्षेत्र घोषित किया गया।
2000- सिएरा लियोन में सैन्य कार्यवाही द्वारा सभी भारतीय सैनिक बंधक मुक्त।
2002- अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल के हत्यारे उमर शेख़ को पाकिस्तानी अदालत द्वारा मौत की सज़ा सुनाई गई।
2004- माओवादियों से वार्ता में नेपाल के प्रधानमंत्री ने विदेशी मध्यस्थता मंजूर की।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**खाद संकट पर कांग्रेस का...**

जो पहले से ज्यादा है। निलंबन के बाद सदन के बाहर गांधी प्रतिमा के पास बैठकर प्रदर्शन करने लगे।

मंत्री के वक्तव्य के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विपक्ष का स्थगन अग्राह्य किया। स्थगन अग्राह्य होने और मंत्री के वक्तव्य से असंतुष्ट कांग्रेस के विधायकों ने वेल में आकर जमकर नारेबाजी। निलंबन समाप्ति के बाद कांग्रेस सदस्य सदन में आए।ध्यानाकर्षण की सूचना की कारवाई होने के पूर्व ही संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप ने इसे कल तक के लिए बढ़ाने का आग्रह आसंदी से किया।नेता प्रति पक्ष चरणदास महंत ने कोई आपत्ति नहीं की।इसके बाद सदन की कारवाई मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**राजस्व निरीक्षक भर्ती घोटाले की...**

शिकायत हुआ। 5 सदस्यीय टीम बनाकर हमने जांच कराई तो अनियमितता पाई गई है।

मंत्री ने बताया कि भाई-भाई भी एक जगह बैठे पाए गए। सामान्य विभाग ने गृह विभाग को जांच के लिए पत्र लिखा, फिर गृह विभाग ने भी पत्र लिखा कि सम्बंधित विभाग सक्षम है।इस मामले की जांच इओडब्ल्यू को सौंपी गई है, जांच शुरू हो गई है, हम किसी को नहीं बख्शेंगे, वास्तविक दोषी तक पहुंचकर कार्रवाई करेंगे।भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी की तरह इस तरह की जांच कर रहे हैं।

मूणत ने कहा कि मंत्री को विभाग में आए 9 दिन भी नहीं हुआ था, और परीक्षा ले ली गई। साली और जीजा, भाई-भाई एक साथ बैठे थे। अनियमितता जांच में पाई गई तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं की गई? जबकि वरिष्ठ 5 अधिकारियों की टीम ने जांच की। इसपर कार्रवाई क्यों नहीं की गई? इस पर टंकराम वर्मा ने कहा कि जांच कमेटी ने निष्कर्ष में कहा है कि प्रस्तुत दस्तावेज साक्ष्य की श्रेणी में नहीं आता है।ये जरूर है कि गड़बड़ी हुई है और जांच कमेटी ने स्वीकार किया है। लेकिन कॉल डिटेल निकालना है, इसमें इओडब्ल्यू जांच कर रही है।

मूणत ने इस पर कहा कि मंत्री आधा पढ़ रहे हैं, कहें तो रिपोर्ट सदन की पटल पर रख देता हूं, पिछली सरकार के हैं ये सभी घोटाले, चाहे पीएससी हो या कोई।टंकराम वर्मा ने कहा कि जो भी दोषी होगा उसपर ठोस कार्रवाई होगी, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। मूणत ने कहा कि क्या अगले सत्र से पहले दोषियों पर कार्रवाई कर देंगे? तब टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रयास रहेगा कि अगले सत्र से पहले जांच पूरी कर कार्रवाई हो जाए।

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि इओडब्ल्यू जांच का निर्णय किसने लिया? आपके विभाग में इओडब्ल्यू जांच हो ये फैसला किसका है? इस पर टंकराम वर्मा ने कहा कि विभाग ने ही इओडब्ल्यू को जांच के लिए दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूछा कि परीक्षा आपकी सरकार आने के बाद हुई या पहले. इस पर टंकराम वर्मा ने कहा कि जनवरी 2024 में परीक्षा हुई और फरवरी में रिजल्ट आया। मंत्री के इस जवाब के बाद सदन में जोरदार हंगामा। विपक्ष के विधायकों भाजपा सरकार में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

भूपेश बघेल ने कहा कि दोषियों को बचाने की कोशिश हो रही है. क्या सीबीआई से इसकी जांच कराएंगे? भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि क्या सीबीआई पर आपको भरोसा है? इसके साथ ही भाजपा विधायकों ने भूपेश बघेल को घेरा। सत्ता पक्ष की नोक-झोंक से नाराज विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया।

**हेट स्पीच को रोकें ...**

कहा कि लोगों को हेट स्पीच क्यों अटपटे और गलत नहीं लगते हैं। ऐसे कंटेंट पर नियंत्रण होना चाहिए। साथ ही लोगों को भी ऐसे नफरत भरे कंटेंट को शेयर करने और लाइक करने से बचना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने खान की गिरफ्तारी पर रोक जारी रखी है। साथ ही कहा, बार-बार एफआईआर और जेल भेजने से क्या फायदा? क्या वास्तव में सभी केस एक ही ट्वीट से जुड़े हैं? इस पर खान के वकील ने कहा- मेरे क्लाइंट ने पुराने ट्वीट्स को लेकर माफी मांग ली है। मैं सिर्फ यही चाहता हूं कि कोर्ट यह देखे कि सभी एफआईआर वाकई इन्हीं ट्वीट्स से जुड़ी हैं या नहीं।

**75 आदिवासी महिला किसानों ...**

के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी वर्ग की महिलाओं को दुधारू पशु देने की यह योजना उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। वनांचलों की महिलाओं को दुग्ध उत्पादन से जोड़कर समावेशी विकास की ओर अग्रसर किया जाएगा, जिससे वे समृद्ध हो सके। विधायक विक्रम उसेंडी ने भी गाय वितरण कार्यक्रम में शामिल होकर महिला कृषकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

राज्य सरकार द्वारा इस योजना में 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है, जबकि 40 प्रतिशत राशि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के माध्यम से रियायती ब्याज दर पर ऋण स्वरूप प्रदान की जा रही है। शेष 10 प्रतिशत राशि लाभार्थियों द्वारा दी जाएगी। ऋण की वसूली किसानों द्वारा दूध के विक्रय से की जाएगी। डेयरी समग्र विकास योजना के अंतर्गत संचालित इस योजना में लाभार्थियों को एक वर्ष तक मुफ्त सुविधाएं भी दी जाएंगी, जिनमें दुधारू गायों का बीमा, पशु स्वास्थ्य निगरानी, साइलेज चारा, पौष्टिक आहार, खनिज मिश्रण तथा वैज्ञानिक पशु प्रबंधन पर प्रशिक्षण शामिल हैं। साथ ही राज्य की पशु चिकित्सा टीमें नियमित रूप से पशु स्वास्थ्य सेवा एवं प्रजनन सुविधा भी उपलब्ध कराएंगी।

## दुनिया को जानें

### गिनी-बिसाऊ के बिजागोस द्वीपसमूह को मिला यूनेस्को विश्व धरोहर का दर्जा

**बिसाऊ,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। पश्चिम अफ्रीका के गिनी-बिसाऊ स्थित बिजागोस द्वीपसमूह को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है। यूनेस्को ने रविवार को इसकी घोषणा की है।

कोस्टल एंड मरीन इकोसिस्टम्स ऑफ बिजागोस आर्किपेलागो-ओमाटी मिन्हो नामित यह नया सूचीबद्ध कोस्टल और मरीन इकोसिस्टम की एक श्रृंखला को शामिल करता है, जो इस क्षेत्र के कुछ सर्वोत्तम संरक्षित समुद्री और अंतज्वारीय पर्यावरणों में से एक हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, पश्चिम अफ्रीका के तट पर स्थित बिजागोस द्वीपसमूह को अफ्रीकी अटलांटिक तट पर एकमात्र सक्रिय डेल्टाई द्वीपसमूह और दुनिया में अपनी तरह के कुछ द्वीपसमूहों में से एक माना जाता है। इस द्वीपसमूह का क्षेत्र अद्भुत जैव विविधता से भरपूर है और पारंपरिक स्थानीय जीवनशैली से जुड़ा हुआ है। यूनेस्को के अनुसार, यह स्थल कई दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियों का आश्रयस्थल है, जिनमें ग्रीन और लेदरबैक कछुए, पश्चिमी अफ्रीकी मैनेटी और डॉल्फिन की कई प्रजातियां शामिल हैं।



# खेल जगत

## वरुण ऐरन होंगे सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच

**हैदराबाद।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण ऐरन इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ बतौर गेंदबाजी कोच जुड़ेंगे। ऐरन न्यूजीलैंड के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह लेंगे। 35 वर्षीय ऐरन पहली कोच के रूप मे शुरुआत करेंगे। उन्होंने इस वर्ष जनवरी में क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया था। ऐरन डेनियर विटोरी के नेतृत्व वाले स्टाफ का हिस्सा होंगे। ऐरन ने 2010-11 में झारखंड के साथ अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने भारत के लिए नौ टेस्ट और नौ एकदिवसीय मैच खेले है। उन्होंने आखिरी बार भारत के लिए नवंबर 2015 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेंगलुरू टेस्ट खेला था। इसके अलावा ऐरन ने आईपीएल में भी कई टीमों का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें दिल्ली डेयरडेविल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, कोलकाता नाइट राइडर्स, किंग्स-इलेवन पंजाब और गुजरात टाइटंस शामिल हैं।



# लॉर्ड्स टेस्ट में 22 रन से हारा भारत

## इंग्लैंड ने 5 टेस्ट की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बनाई

- रवींद्र जडेजा (नाबाद 61 रन) ही दिखा सके जुझारूपन
- इंग्लैंड से बेन स्टोक्स व जोफ्रा आर्चर ने 3-3 विकेट लिए



**लॉर्ड्स,** 13 जुलाई (एजेंसियां)। लाड्र्स। इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट में भारत को 22 रन से हरा दिया। सोमवार को मैच के 5वें दिन भारत को 135 रन बनाने थे, 6 विकेट बाकी थे। टीम ने 112 रन बनाने में ही सभी विकेट गंवा दिए। इसी के साथ इंग्लैंड ने 5 टेस्ट की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बना ली। चौथा टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। गुरुवार, 10 जुलाई को लंदन में इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी। दोनों टीमें पहली पारी में 387-387 रन ही बना सकीं। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 192 रन बनाए। 193 रन के टारगेट के सामने भारत से केएल राहुल (39 रन) और रवींद्र जडेजा (नाबाद 61 रन) ही फाइट दिखा सके। बाकी कोई भी बैटर 15 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। इंग्लैंड से बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने 3-3 विकेट लिए। लॉर्ड्स टेस्ट के आखिरी दिन के आखिरी सेशन में जैसे ही बशीर के जाल में मोहम्मद सिराज फंसे, वैसे ही करोड़ों फैंस का दिल टूट गया। रवींद्र जडेजा का संघर्ष बेकार गया और भारत को 22 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड इसके साथ ही सीरीज में 2-1 से आगे हो गया है। इससे पहले, आल राउंडर वाशिंगटन सुंदर ने चार विकेट झटककर को भारत को रविवार को यहां तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन बेहतरीन स्थिति में पहुंचाया लेकिन 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने मेहमान टीम के स्टंप तक 58 रन तक चार विकेट चटका दिए. भारत अच्छी शुरूआत नहीं कर सका और दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल खाता खोले बिना आउट हो गए, करूण नायर (14) और कप्तान शुभमन गिल (06) ब्रायडन कार्स का शिकार हुए, नाइट वॉचमैन आकाश दीप को बेन स्टोक्स के आउट करते ही स्टंप हो गया. भारत ने आज यहां 58 रन पर चार विकेट से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह जोफ्रा आर्चर ने ऋषभ पंत (नौ) को बोल्डकर भारत को पांचवां झटका दिया।

## गेंदबाजों को बल्लेबाजी की ट्रेनिंग दी होती तो भारत जल्दी ही मैच जीत जाता : योगराज



**चंडीगढ़,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। लॉर्ड्स के मैदान पर खेले जा रहे भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट के पांचवे दिन के खेल पर पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने कहा कि अगर हमने पुछल्ले बल्लेबाजों को ऑलराउंडर बना दिया होता, तो मैच अब तक खत्म हो गया होता। योगराज सिंह ने सोमवार को आईएएनएस से बात की। उन्होंने कहा कि ऑलराउंडर पैदा नहीं होते हैं, बनाए जाते हैं। मैंने बार-बार कहा है कि गेंदबाजों से भी बल्लेबाजी कराने की जरूरत है। दूसरी पारी में सिर्फ रवींद्र जडेजा पर पूरा दबाव क्यों हैं। नीतीश रेड्डी जब आउट हुए तो उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया गया। यह गलत है। उन्होंने कहा कि भारत का अंतिम पंक्ति का खिलाड़ी भी इस मैच को जीतने का दम रखता है। उन्होंने गेंदबाजों को बल्लेबाज के तौर पर भी प्रैक्टिस करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब हम बल्लेबाजों को प्रैक्टिस करवा सकते हैं तो गेंदबाजों को भी करा सकते हैं। कोई भी खिलाड़ी पैदाइशी ऑलराउंडर नहीं होता है। किसी खिलाड़ी को ऑलराउंडर उसका कोच बनाता है। अगर कोई अच्छी गेंदबाजी कर रहा है तो उस पर थोड़ा भरोसा दिखाएंगे तो भारत के गेंदबाज भी अच्छी बल्लेबाजी करेंगे। उन्होंने कहा कि गेंदबाजों से बल्लेबाजी की प्रैक्टिस कराई होती तो पूरा दबाव जडेजा पर नहीं होता। योगराज सिंह ने कहा कि जब तक सभी खिलाड़ियों को एक लेवल पर नहीं लाया जाता, तब तक ऐसी स्थिति फंसने पर मैच निकल नहीं सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि गेंदबाजों को 'टेलएंडर' कहना ठीक नहीं है। वह टीम के अहम खिलाड़ी हैं। भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच तीसरा टेस्ट लंदन के लॉर्ड्स मैदान में खेला गया, जहां पांचवें दिन मेजबान टीम भारत पर हावी रही और टीम इंडिया को 23 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज में 1-2 से पीछे हो गई है।

# मोनांक पटेल : रेस्टोरेंट चलाने वाला भारतीय मूल का क्रिकेटर, जो बने अमेरिका टीम के कप्तान

- मोनांक का सपना था कि वह एक दिन भारत के लिए खेलें।
- मोनांक अपने सपने को साकार करने के लिए गुजरात की अंडर-16 और अंडर-18 टीम की ओर से क्रिकेट खेले



**नई दिल्ली,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। क्रिकेट सुपर पावर भारत एक ऐसा देश है जहां क्रिकेट को लेकर एक अलग ही पैशन है। एक ऐसा देश, जहां यह खेल धर्म की तरह भी पूजा गया और आज पेशेवर स्तर पर नई ऊंचाई हासिल कर चुका है। क्रिकेट को लेकर भारत जैसी प्रतिस्पर्धा कहीं और नहीं है। इस प्रतियोगिता में युवा प्रतिभाओं का कई बार देश का प्रतिनिधित्व करने का सपना अधूरा रह जाता है। हालांकि क्रिकेट की ऐसी जुनूनी प्रतिभाएं कई बार अपना रास्ता खुद बना लेती हैं और किसी अन्य मंच पर अपनी चमक बिखरेती हैं। अमेरिका में भारत की ऐसी ही एक प्रतिभा अपना डंका बजा रही है जिनका नाम है- मोनांक पटेल। कई बार जब आप उम्मीद खो बैठते हैं, तो ऐसे चमत्कार हो जाते हैं, जिनसे आपका नसीब ही बदल जाता है। कुछ ऐसा ही मोनांक पटेल के साथ भी हुआ। 1 मई 1993 को आणंद (गुजरात) में जन्मे मोनांक पटेल बचपन से ही क्रिकेटर बनना चाहते थे। मोनांक का सपना था कि वह एक दिन भारत के लिए खेलें। विकेटकीपर-बल्लेबाज मोनांक अपने सपने को साकार करने के लिए गुजरात की अंडर-16 और अंडर-18 टीम की ओर से क्रिकेट खेले। इस दौरान जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल उनके टीममेट भी रहे।13 वर्ष की उम्र में मोनांक अंडर-15 टूर्नामेंट में आणंद जिला क्रिकेट टीम का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने सूरत और भरूच के खिलाफ क्रमशः 144 और शानदार 166 रन बनाए। मोनांक पटेल को साल 2010 में अमेरिका का ग्रीन कार्ड मिल गया था। भारत में अंडर-19 स्तर पर कुछ खास कमाल न कर पाने के बाद मोनांक पटेल साल 2016 में स्थायी रूप से अमेरिका शिफ्ट हो गए। साल 2016 में उन्होंने रेस्टोरेंट बिजनेस में हाथ आजमाने का फैसला किया। उन्होंने अमेरिका में 'टेरियाकी मैडनेस' नाम से एक चाइनीज रेस्टोरेंट खोला। लगभग दो साल तक, उन्होंने रेस्टोरेंट में रोजाना करीब 10-12 घंटे काम किया। रेस्टोरेंट में ब्रिकी कम थी। ऐसे में मोनांक को मैनेजर के साथ-साथ शेफ का काम भी करना पड़ गया एक तरफ बिजनेस में खास मुनाफा नहीं था, दूसरी तरफ मोनांक को एक और झटका लग गया। उन्हें मां के कैंसर से पीड़ित होने का पता चला। ऐसे में आखिरकार रेस्टोरेंट बिजनेस को बेचने का फैसला करना पड़ा। मोनांक के बैंक अकाउंट में सिर्फ 3000 डॉलर बचे थे। उन्होंने बीमार मां के पास न्यू जर्सी वापस लौटने का फैसला लिया। पूर्व अमेरिकी कोच पुबुदु दसनायके ने मोनांक की बल्लेबाजी का वीडियो देखा, तो उनसे प्रभावित हो गए। उन्होंने तुरंत कुछ मैच खेलने के लिए मोनांक को बुला लिया। बाद में मोनांक की प्रतिभा ने उनके लिए अमेरिकी टीम के रास्ते खोल दिए।

# एमआई न्यूयॉर्क ने दूसरी बार जीता मेजर लीग क्रिकेट का खिताब




**नई दिल्ली,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। एमआई न्यूयॉर्क ने सोमवार को वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ फाइनल मुकाबले में पांच रन से जीत दर्ज की। इसी के साथ एमआई ने दूसरी बार मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) का खिताब अपने नाम कर लिया। एमआई न्यूयॉर्क ने साल 2023 में पहली बार एमएलसी की ट्रॉफी अपने नाम की थी, जिसके बाद अगले साल इस खिताब को वाशिंगटन फ्रीडम ने अपने नाम किया था। डलास में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी एमआई न्यूयॉर्क ने सात विकेट खोकर 180 रन बनाए। इस टीम को सलामी बल्लेबाजों ने शानदार शुरुआत दिलाई। मोनांक पटेल और क्विंटन डी कॉक ने 7.1 ओवरों में 72 रन जोड़े। मोनांक 22 गेंदों में 28 रन बनाकर पवेलियन लौटे। तजिंदर ढिल्लन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए, लेकिन 14 रन से ज्यादा नहीं बना सके। यहां से क्विंटन डी कॉक ने कप्तान निकोलस पूरन के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 रन जुटाए। पूरन ने 17 गेंदों में 21 रन की पारी खेली, जबकि क्विंटन डी कॉक ने 46 गेंदों में चार छक्कों और छह चौकों की मदद से 77 रन बनाए। विपक्षी टीम की ओर से लॉकी फर्ग्यूसन ने सर्वाधिक तीन विकेट झटके। उनके अलावा इयान हॉलैंड, जैक एडवर्ड्स, ग्लेन मैक्सवेल और सौरभ नेत्रावलकर ने एक-एक शिकार किया। इसके जवाब में वाशिंगटन फ्रीडम की टीम निर्धारित ओवरों में 175/5 के स्कोर से आगे नहीं बढ़ सकी। टीम शुरुआती पांच गेंदों में अपने दो बल्लेबाजों का विकेट गंवा चुकी थी। इस समय तक फ्रीडम का खाता तक नहीं खुला था। यहां से रचिन रविंद्र ने जैक एडवर्ड्स के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। एडवर्ड्स 22 गेंदों में 33 रन की पारी खेलकर आउट हुए। इसके बाद रचिन रविंद्र ने ग्लेन फिलिप्स के साथ चौथे विकेट के लिए 46 रन जुटाए। रविंद्र 41 गेंदों में दो छक्कों और आठ चौकों की मदद से 70 रन बनाकर आउट हुए।

## ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्कॉट बोलैंड ने रचा इतिहास



- बोलैंड 2,000 गेंदें फेंकने वाले खिलाड़ियों में सबसे बेहतरीन गेंदबाजी औसत वाले क्रिकेटर बने

**जमैका,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने इतिहास रच दिया है। वह 1915 के बाद टेस्ट क्रिकेट में कम से कम 2,000 गेंदें फेंकने वाले खिलाड़ियों में सबसे बेहतरीन गेंदबाजी औसत वाले क्रिकेटर बन गए हैं। स्कॉट बोलैंड ने यह उपलब्धि सबीना पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट में हासिल की, जहां उन्होंने 13.1 ओवरों में 34 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए। बोलैंड का टेस्ट में गेंदबाजी औसत 17.33 का है, जो टेस्ट क्रिकेट के पिछले 110 वर्षों (कम से कम 2000 गेंदें) में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ है। 1900 के बाद से बोलैंड से आगे इस सूची में केवल इंग्लैंड के सिड बार्न्स ही हैं। इनके अलावा बोलैंड से ऊपर मौजूद अन्य छह गेंदबाज 1800 के दशक से हैं। जमैका में ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 225 रन पर ढेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टीव स्मिथ ने सर्वाधिक 48 रन बनाए, जबकि कैमरून ग्रीन ने 46 रन की पारी खेली। मेजबान टीम की ओर से शमार जोसेफ ने सर्वाधिक चार विकेट झटके। इसके जवाब में, वेस्टइंडीज की पहली पारी 143 रन पर सिमट गई। टीम के लिए जॉन कैंपबेल ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। बोलैंड सर्वाधिक तीन विकेट चटकाने वाले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज रहे। पहली पारी में बढ़त हासिल करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन की समाप्ति तक दूसरी पारी में छह विकेट खोकर 99 रन बनाए।

## सार संक्षेप

### पीएसजी को हराकर चेल्सी ने जीता फीफा क्लब विश्वकप का खिताब

**न्यूयॉर्क।** कोल पाल्मर के पहले हाफ में किये गये दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की बदौलत चेल्सी ने फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराकर फीफा क्लब विश्वकप के पहले संस्करण का खिताब अपने नाम किया। मेटलाइफ स्टेडियम में रविवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में पाल्मर ने अपनी टीम के लिए 22वें मिनट में गोल किया, और आठ मिनट बाद 30वें मिनट में दूसरा गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद जोआओ पेड्रो ने तीसरा गोल दागकर स्कोर को 3-0 कर दिया। पीएसजी ने दूसरे हाफ में जवाबी हमला किया, लेकिन चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज ने उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। पीएसजी की वापसी की सारी उम्मीदें 84वें मिनट में उस समय धराशायी हो गईं जब मार्क कुकुरेला के बाल खींचने के कारण जोआओ नेवेस को मैदान से बाहर भेज दिया गया। मैच में दो शानदार गोल करने वाले 23 वर्षीय पाल्मर को मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वहीं सांचेज को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का सम्मान से नवाजा गया।

### लिवरपूल ने प्री-सीजन की शुरुआत जीत के साथ की

**नई दिल्ली।** लिवरपूल ने अपने 2025-26 प्री-सीजन की शुरुआत डीपडेल में प्रेस्टन नॉर्थ एंड पर 3-1 से जीत के साथ की।

### सुडोकू 6974 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 |
| 8 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 5 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 8 | 1 | 3 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 4 | 9 |
| 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 1 |

# रोजर फेडरर एक खिलाड़ी और इंसान के तौर पर प्रेरणादायी : नीरज चोपड़ा




**लंदन,** 14 जुलाई (एजेंसियां) दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने टेनिस दिग्गज रोजर फेडरर की प्रशंसा की और उन्हें सच्चा चैंपियन बताया। चोपड़ा ने न केवल कोर्ट में उनके प्रदर्शन बल्कि दयालु व्यक्तित्व की भी तारीफ की। ऑल इंग्लैंड क्लब के सेंटर कोर्ट में जैनिक सिनर और कार्लोस अल्काराज के बीच पुरुष एकल फाइनल देखने के लिए मौजूद चोपड़ा ने फेडरर के पुराने दौर को याद किया, जिसमें उनके नाम 2003 से 2007 तक लगातार पांच चैंपियनशिप सहित आठ खिताबों के साथ सबसे ज्यादा ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम जीतने का रिकॉर्ड है। जेवलिन थ्रो स्टार ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया कि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। यह मेरा पहला टेनिस टूर्नामेंट है-और वह भी विंबलडन-इसलिए मैं इसका भरपूर आनंद ले रहा हूं। मुझे याद है कि जब फेडरर जीतते थे, तो वह ग्रास कोर्ट कोट पहनते थे। हम उस परंपरा के बारे में थोड़ा-बहुत जानते थे कि पूरा ड्रेस कोड सफेद होता है। मुझे यह देखकर बहुत अच्छा लगता था। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि रोजर फेडरर बहुत प्रेरणादायक हैं,अपने खेलने के तरीके और एक इंसान के तौर पर, दोनों ही लिहाज से। मैं उनसे पिछले साल ज्यूरिख में मिला था, उनके साथ काफी समय बिताया था और अच्छी बातचीत हुई थी। यह वाकई बहुत अच्छा लगा। जिस तरह से वह खेलते थे, वह भी अद्भुत था। चोपड़ा ने स्पेन के दिग्गज राफेल नडाल को भी उनके कभी हार न मानने वाले रवैये के लिए याद किया, जिन्होंने दो विंबलडन खिताबों सहित 22 ग्रैंड स्लैम जीते। उन्होंने कहा कि मैं एक और खिलाड़ी का भी जिक्र करना चाहूंगा, नडाल।


**आम सूचना**

एतद् द्वारा अशोक कुमार गुप्ता पिता स्व. गजानंद गुप्ता निवासी वार्ड क्र. 10, मछली चौक आरंग को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती सुरजा बाई उम्र 61 वर्ष पति स्व. सोमनाथ साहनी जाति-घसिया निवासी वार्ड क्र. 13, साहनी पारा आरंग तहसील-आरंग जिला-रायपुर छ.ग. द्वारा पूर्व में दिनांक 26.03.2015 को मेरी पक्षकारा के स्वामित्व एवं आधिपत्य का मकान नगर पालिका परिषद आरंग सीमा क्षेत्र अंतर्गत स्थित है जिसका नगर पालिका परिषद आरंग के कर अभिलेखानुसार मकान नंबर-14/158 है उक्त भूमि परिवर्तित भूमि है जिसका भूखण्ड क्र.-19/4 रकबा 1131 वर्गफुट मे कालम वाला पक्का मकान निर्मित है एवं लगभग 800 वर्गफुट भूमि जिसका चतुर सीमा-उत्तर दिशा में रोड है। दक्षिण दिशा में डबरी है। पूर्व दिशा में रूपऊ का मकान है। पश्चिम दिशा में बुधराम का मकान है। जिसका पुराना मकान नंबर-13/158 है का बिक्री इकरारनामा किया गया था उक्त इकरारनामा में दिनांक 31.12.2015 तक बिक्री इकरारितशुदा मकान का रजिस्ट्री बैनामा का निष्पादन किया जाना था किन्तु आपके द्वारा उक्त दिनांक तक रजिस्ट्री बैनामा का निष्पादन नहीं कराये तद्संदर्भ में पूर्व में एक आम सूचना का प्रकाशन दिनांक 23.02.2016 अपने अधिवक्ता प्रीतम गिरी गोस्वामी मार्फत किया गया था जिसका खंडन मेरी पक्षकारा मार्फत अपने अधिवक्ता द्वारा दिनांक 27.02.2016 को किया गया था साथ ही एक अन्य आम सूचना का प्रकाशन दिनांक 29.07.2016 को इस कथन का किया गया था कि आपके द्वारा इकरारित बिक्री इकरारनामा की अवधि 31.12.2015 को पूर्ण होकर समाप्त हो चुकी है। अत: आप किसी अन्य अधिवक्ता मार्फत विधिक नोटिस प्रेषित कर मेरी पक्षकारा को मानसिक रूप से प्रताड़ित न करे तत् पश्चात् वर्तमान में मेरी पक्षकारा द्वारा अपने आधिपत्य एवं स्वामित्व की मकान को राकेश कुमार चन्द्राकर पिता श्री दादूराम चन्द्राकर निवासी जगनाथी चौक वार्ड नं.-17, महासमुन्द छ.ग. को विक्रय किया जा चुका है जिसके नगर पालिका परिषद आरंग में नामांतरण की कार्यवाही के प्रारंभ में आपके द्वारा दिनांक 23.06.2025 को आपत्ति प्रस्तुत की गई जो कि विधि के विपरीत है। अत: इस आम सूचना मार्फत आपको सूचित किया जाता है कि उक्त आपत्ति को नि:शर्त वापस लेवे अन्यथा की स्थिति मेरी पक्षकारा आपके विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट आरंग थाना में दर्ज कराने एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के लिये सक्षम न्यायालय में दाण्डित प्रकरण दर्ज कराने स्वतंत्र होगी ।

सो सूचना जाने

स्थान-आरंग
दिनांक 14.09.2025

भवदीया
श्रीमती रीति शर्मा ( अधिवक्ता )
निवास पदमावती सदन एसडीओ ऑफिस के सामने आरंग, जिला-रायपुर ( छ.ग. )


# रॉकी फ्लिंटॉफ के 93 रन के बावजूद भारत 19 की पकड़ मजबूत

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



- भारत अंडर-19 टीम इंग्लैंड-19 के खिलाफ अभी खासी मजबूत पकड़ बनी हुई है

**नई दिल्ली,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। कप्तान आयुष म्हात्रे के शतक (102 रन, 115 गेंद, दो छक्के और 14 चौके) के तेज शतक व विकेटकीपर अभिज्ञान कूंडू की 95 गेंदों पर एक छक्के व 10 चौकों की मदद स 90 रन की तेज पारियों की बदौलत भारत अंडर 19 के पहली पारी के 540 रन के विशाल स्कोर के जवाब में इंग्लैंड अंडर 19 ने बेकेनहैम में पहले यूथ क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन का खेल बंद होने के समय कप्तान हम्जा शेख (84 रन, 134 गेंद, एक छक्का, 10 चौके) व रॉकी फ्लिंटॉफ (93 रन,152 गेंद, एक छक्का, 14 चौके) की दूसरे विकेट की तीसरे विकेट की 154 रन की बदौलत अपनी पहली पारी में पांच विकेट 230 रन बनाए। तब थामस रेउ तीन और एकांश सिंह खाता खोले बिना क्रीज पर थे। इंग्लैंड अंडर 19 अभी भी भारत अंडर 19 से 310 रन पीछे है और उसके मात्र पांच विकेट बाकी है। भारत अंडर 19 की अभी भी यूथ टेस्ट में मेजबान इंग्लैंड 19 के खिलाफ अभी खासी मजबूत पकड़ बनी हुई है। इंग्लैंड के जाने माने पूर्व ऑलराउंडर एड्रयू फ्लिंटॉफ के बेटे रॉकी फ्लिंटॉफ को तीसरे दिन का खेल बद होने से मात्र पांच मिनट पहले दीपेश देवेंद्रन ने एलबीडब्ल्यू आउट किया जबकि इंग्लैंड 19 के कप्तान हम्जा शेख ने 84 रन बनाए जबकि तेज गेंदबाज हिनल पटेल (2/51) भारत अंडर 19 के अब तक सबसे कामयाब गेंदबाज रहे है। अलेक्स ग्रीन और राल्फ अल्बर्ट ने इंग्लैड अंडर 19 की ओर से तीन तीन विकेट चटकाए। रॉकी फ्लिंटॉफ जब 25 रन पर थे तब उन्होंने देवेंद्रन की गेंद के उड़ाने की कोशिश की लेकिन कुमार ने उनका कैच टपका दिया और इसका लाभ उठाकर उन्होंने इनान की गेंद पर चौका जड़ अपना अर्द्धशतक पूरा किया। शेख नशे अनमोलजीत की गेंद पर लॉन्ग ऑफ के उपर से छक्का उड़ाया लेकिन बाए हाथ के 14 वर्षीय स्पिनर वैभव सूर्यवंशी शेख को मिड अरॅफ पर कैचा उनकी और फ्लिंटॉफ की 154 रन की भागीदारी को तोड़ा।

## रग्बी विश्वकप 2027 क्वालीफाई को लेकर भिड़ेंगे जिम्बाब्वे और नामीबिया

**कंपाला,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे और नामीबिया रग्बी अफ्रीका कप फाइनल में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया में 2027 में होने वाले रग्बी विश्वकप में सीधा क्वालीफाई के लिए भिड़ेंगे। नामीबिया ने रविवार को खेले गये पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अधिकतर समय गेंद पर कब्जा और क्षेत्र में दबदबा बनाये रखते हुए अल्जीरिया को 21-7 से हराया। अगर नामीबिया इस फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज करता है तो यह आठवीं बार होगा जब वह विश्वकप में जगह बनायेगा। वहीं मंडेला नेशनल स्टेडियम में खेले गये दूसरे सेमीफाइनल में जिम्बाब्वे ने केन्या को 29-23 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जिम्बाब्वे हाफटाइम तक केन्या से 18-13 से पीछे था, लेकिन दूसरे हाफ में उसने वापसी करते हुए 16 अंक बनाकर जीत हासिल की।

# मारक्रम और मैथ्यूज जून 2025 के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए



- मारक्रम ने 207 गेंदों पर 136 रनों की शानदार पारी खेली

**दुबई,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडेन मारक्रम को पुरुष वर्ग और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज को महिला वर्ग में जून 2025 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है। मारक्रम ने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में अपने साथी खिलाड़ी कैगिसो रबाडा और श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका को पछाड़कर पुरुष वर्ग का पुरस्कार जीता। 30 वर्षीय सलामी बल्लेबाज मारक्रम ने 207 गेंदों पर 136 रनों की शानदार पारी खेली और कप्तान टेम्बा बावुमा के साथ तीसरे विकेट के लिए 147 रनों की साझेदारी कर 282 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। पाँच विकेट की इस जीत ने दक्षिण अफ्रीका को 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहली बार आईसीसी खिताब जीतने में मदद की। इसके साथ मारक्रम ने दोनों पारियों में एक-एक विकेट भी लिया।

## हेले मैथ्यूज ने चौथी बार जीता 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' खिताब

**दुबई।** वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर हेले मैथ्यूज ने ताजमिन ब्रित्स और एफी फ्लेचर को पछाड़कर जून महीने का 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' खिताब अपने नाम कर लिया है। मैथ्यूज ने चौथी बार 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' खिताब जीता है। इससे पहले वह नवंबर 2021, अक्टूबर 2023 और अप्रैल 2024 में यह सम्मान हासिल कर चुकी हैं। इस चौथे अवार्ड के साथ मैथ्यूज ऑस्ट्रेलिया की एश गार्डनर के साथ संयुक्त रूप से सर्वाधिक 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' खिताब जीतने वाली क्रिकेटर बन गई हैं। वेस्टइंडीज की कप्तान को यह सम्मान टी20 फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन के बाद मिला है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज को बतौर कप्तान 2-1 से जीता। इसी के साथ हेले मैथ्यूज 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' भी रहीं। चौथी बार 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' का खिताब जीतने पर हेले मैथ्यूज ने कहा कि फिर से प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार पाना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं अपने हालिया प्रदर्शन से खुश हूं, लेकिन उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात टीम की सफलता में योगदान देना है।

# चेल्सी ने पीएसजी को हराकर फीफा क्लब विश्व कप जीता



**न्यू जर्सी,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। कोल पाल्मर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत चेल्सी ने सोमवार को पेरिस सेंट-जर्मेन पर 3-0 की शानदार जीत के साथ फीफा क्लब विश्व कप अपने नाम किया। मेटलाइफ स्टेडियम में हुए इस धमाकेदार फाइनल में, पाल्मर ने शुरुआती हाफ में आठ मिनट के अंतराल में दो गोल किए। मुकाबले के 22वें मिनट मॉलो गुस्टो की मदद से पाल्मर ने पहला गोल दागा। इसके बाद 30वें मिनट पाल्मर ने एक बार फिर गोल करते हुए टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। जोआओ पेड्रो ने मुकाबले के 43वें मिनट गोल दागते हुए टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। जोआओ पेड्रो के इस गोल ने चेल्सी की जीत को लगभग पक्का कर दिया था। पीएसजी की टीम इस पूरे मुकाबले में कोई गोल नहीं दाग सकी। चेल्सी 17 गोल के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष स्कोरर रही। यह मुकाबला करीब 81 हजार दर्शकों से भरे स्टेडियम में खेला गया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल थे। फाइनल में पहली बार हाफ-टाइम शो का आयोजन किया गया, जिसने मुकाबले को सुपर बाउल जैसा अनुभव दिया। ट्रंप ने विजेता टीम को ट्रॉफी दी। क्लब को इस जीत के साथ करीब 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि भी मिली। चेल्सी ने दूसरी बार क्लब ट्रॉफी अपने नाम की है। इससे पहले उसने साल 2021 में खिताब जीता था। पीएसजी की टीम इस खिताब को जीत नहीं सकी, लेकिन चैंपियंस लीग और फ्रेंच लीग कप डबल जीतना, उसके सीजन की बड़ी उपलब्धि रही है। चेल्सी के युवा खिलाड़ी कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड टूर्नामेंट के बेस्ट खिलाड़ी को दिया जाता है। इस टूर्नामेंट में पाल्मर ने तीन गोल के साथ दो असिस्ट भी किए।

# अर्थ जगत

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटर्नल | 2.83 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.23 प्रतिशत |
| आई टीसी | 0.54 प्रतिशत |
| सनफार्मा | 0.54 प्रतिशत |
| एमएंडएम | 0.52 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 1.58 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.55 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.54 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.53 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.41 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,303 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,13,867 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7789-7818 |
| मसूर काली | 8006-8032 |
| उड़द दाल | 10556-10561 |
| मूंग दाल | 10133-10146 |
| अरहर दाल | 11130-11132 |

## वैश्विक व्यापार का स्वरूप तय कर रहा भारत : विरमानी



■ वैश्विक स्तर पर सेवा-अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति मजबूत
■ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में विस्तार के लिए भारत के पास अवसर मौजूद

**नई दिल्ली,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने सोमवार को कहा कि भारत न सिर्फ वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है, बल्कि उसे नया स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। नीति आयोग द्वारा जारी तीसरे 'ट्रेड वॉच क्वार्टरली' की प्रस्तावना में डॉ. विरमानी ने लिखा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में मौजूदा बदलावों और व्यापार के अलाइनमेंट में तेजी से आ रहे बदलावों के बीच भारत स्थिरतापूर्वक खुद को न सिर्फ एक भागीदार के रूप में मजबूत कर रहा है, बल्कि नए वैश्विक व्यापार ढांचे का स्वरूप तय करने वाली ताकत बन रहा है। उन्होंने कहा कि जहां वैश्विक व्यापार में आंशिक रूप से आर्थिक विलगाव देखा जा रहा है, भारत इससे लाभ पाने की संभावना वाले देश के रूप में उभर रहा है।

रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2024) में देश के व्यापार की समीक्षा की गई है। इसमें बताया गया है कि तिमाही के दौरान वस्तु निर्यात तीन प्रतिशत बढ़कर 108.7 अरब डॉलर पर और आयात 6.5 फीसदी बढ़कर 187.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। सेवा क्षेत्र का निर्यात 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 52.3 अरब डॉलर हो गया जिससे व्यापार घाटा कम करने में मदद मिली। यह इस बात का संकेत है कि वैश्विक स्तर पर सेवा-अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति मजबूत हो रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2024 में डिजिटल माध्यमों से दी गई सेवाओं में 269 अरब डॉलर के साथ दुनिया का पांचवां सबसे बड़ी निर्यातक रहा। साल 2014 से हाई-टेक वस्तुओं का निर्यात भी बढ़ा है। रिपोर्ट जारी करते हुए डॉ. विरमानी ने कहा कि भारत का बढ़ता व्यापार अर्थव्यवस्था की बढ़ती मजबूती की ओर इशारा करता है जो प्रतिस्पर्धात्मकता, नवाचार और अमेरिका सहित महत्वपूर्ण बाजारों में उपस्थिति बढ़ाने के रणनीतिक प्रयासों में बढ़ोतरी की ओर इशारा करता है।

रिपोर्ट में अमेरिका के साथ बढ़ते व्यापार, और कर ढांचे तथा भारत पर इसके प्रभाव पर विशेष रूप से फोकस किया गया है।

## निजी कंपनियों को सीएसआर पर खर्च बढ़ाने की जरूरत : क्रिसिल




**नई दिल्ली।** खाड़ी देशों, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में कुशल कामगारों की बढ़ती मांग को देखते हुए निजी कंपनियों को कौशल विकास में खर्च बढ़ाने की जरूरत है, ताकि इस अवसर का लाभ उठाया जा सके। बाजार अध्ययन कंपनी क्रिसिल की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2014-15 के अब तक देश की निजी कंपनियों ने कौशल विकास पर 2.22 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जो उनके कुल सीएसआर खर्च का मात्र 3.5 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि खाड़ी सहयोग परिषद, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के देशों में कुशल कामगारों की काफी कमी है – विशेष रूप से स्वास्थ्य, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स और निर्माण क्षेत्र में कुशल लोगों की जरूरत है। क्रिसिल की बिजनेस हेड (रिस्क सॉल्यूशन) बिनाइफर जहानी ने कहा कि सीएसआर निवेश को छिटपुट कौशल विकास गतिविधियों से कहीं आगे ले जाने की जरूरत है। सरकार की पहलों के साथ मिलकर सीएसआर में भारत के वैश्विक कार्यबल को तैयार करने की काफी क्षमता है। हमारे विश्लेषण में यह बात सामने आयी है कि इस क्षमता का इस्तेमाल करने के लिए चरणबद्ध तरीके से कौशल की पहचान करने और उन्हें प्राथमिकता देने की जरूरत है।

## आयकर विभाग ने कटौतियों व छूटों के फर्जी दावों पर की कार्रवाई : केंद्र




■ जांच अभियान से डिजिटल रिकॉर्ड सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि आयकर विभाग ने देश भर में कई जगहों पर बड़े पैमाने पर वेरिफिकेशन अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य आयकर रिटर्न (आईटीआर) में कटौती और छूट के फर्जी दावों को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं पर नजर रखना है। 150 कैंपस में चल रहे वेरिफिकेशन अभियान से डिजिटल रिकॉर्ड सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने की उम्मीद है, जो इन योजनाओं के पीछे के नेटवर्क को खत्म करने और कानून के तहत जवाबदेही सुनिश्चित करने में मदद करेंगे।

जांच में कुछ आईटीआर तैयार करने वालों और बिचौलियों द्वारा संचालित संगठित रैकेट का पर्दाफाश हुआ है, जो फर्जी कटौती और छूट का दावा करते हुए रिटर्न दाखिल कर रहे थे।

वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, इन धोखाधड़ी वाली फाइलिंग में लाभकारी प्रावधानों का दुरुपयोग शामिल है, कुछ लोग अत्यधिक रिफंड का दावा करने के लिए झूठे टीडीएस रिटर्न भी जमा करते हैं। यह कार्रवाई आयकर अधिनियम, 1961 के तहत कर लाभों के दुरुपयोग के विस्तृत विश्लेषण के बाद की गई है, जो अक्सर पेशेवर बिचौलियों की मिलीभगत से किया जाता है।

संदिग्ध पैटर्न की पहचान करने के लिए, आयकर विभाग ने थर्ड पार्टी स्रोतों, जमीनी स्तर की खुफिया जानकारी और एडवांस एआई उपकरणों से प्राप्त वित्तीय आंकड़ों का लाभ उठाया है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली, गुजरात, पंजाब और मध्य प्रदेश में हाल ही में की गई तलाशी और जब्ती की कार्रवाइयों से इन निष्कर्षों की पुष्टि होती है, जहां विभिन्न समूहों और संस्थाओं द्वारा धोखाधड़ी के दावों के सबूत पाए गए।

## जेन स्ट्रीट ने सेबी के पास जमा किए 4,843 करोड़ रुपए



**मुंबई,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क मुख्यालय वाली ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट ग्रुप ने कथित तौर पर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पक्ष में एक एस्क्रो खाते में 4,843.50 करोड़ रुपए जमा कर दिए हैं। इस राशि को जमा पूंजी बाजार नियामक के निर्देश पर किया गया है। सेबी का आरोप है कि शेयर बाजार में गलत प्रथाओं से जेन स्ट्रीट ग्रुप ने करोड़ों रुपए कमाए हैं, जिसके चलते नियामक ने अमेरिकी कंपनी को भारतीय शेयर बाजार में प्रवेश से प्रतिबंधित कर दिया था।

इस महीने की शुरुआत में सेबी ने वॉल स्ट्रीट की इस कंपनी पर तब तक भारतीय शेयर बाजार में कारोबार करने पर प्रतिबंध लगा दिया था। जब तक कि वह 4,843.5 करोड़ रुपए एस्क्रो खाते में जमा नहीं कर देती।

सोमवार को कई रिपोर्टों में बताया गया है कि कंपनी ने अब यह राशि जमा कर दी है। हालांकि, सेबी या जेन स्ट्रीट ने अभी तक इन रिपोर्टों पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। इस महीने की शुरुआत में सेबी ने जेन स्ट्रीट पर आरोप लगाया गया था कि उसने नियमों के खिलाफ जाकर गलत रणनीतियों के इस्तेमाल से इंडेक्स ऑप्शंस में 43,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का मुनाफा कमाया है।

## थोक महंगाई दर जून में गिरकर 14 महीने के निचले स्तर पर



■ जून में प्राथमिक वस्तुओं का इंडेक्स मई के मुकाबले 0.81 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। थोक महंगाई दर जून में गिरकर (-)0.13 प्रतिशत हो गई है। इसकी वजह खाद्य उत्पादों की कीमतों में कमी आना है। यह जानकारी केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी किए डेटा में दी गई। इस साल की शुरुआत से यह पहला मौका है जब थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई दर नकारात्मक स्तर और 14 महीने के न्यूनतम स्तर पर चली गई है। मई में थोक महंगाई दर 0.39 प्रतिशत थी।

मंत्रालय की ओर से जारी किए गए डेटा के मुताबिक, जून में प्राथमिक वस्तुओं का इंडेक्स मई के मुकाबले 0.81 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, खाद्य उत्पादों पर थोक महंगाई दर जून में -3.75 प्रतिशत रही है, जो कि मई में -1.56 प्रतिशत थी। प्राथमिक वस्तुओं में महंगाई दर पिछले महीने के -2.02 प्रतिशत से घटकर -3.38 प्रतिशत हो गई। ईंधन और बिजली में महंगाई दर जून में -2.65 प्रतिशत रही, जबकि मई में यह -2.27 प्रतिशत थी। मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों में महंगाई दर जून में 1.97 प्रतिशत रही।

खाद्य वस्तुओं की श्रेणी में सब्जियों की महंगाई दर मई के -21.62 प्रतिशत से घटकर जून में -22.65 प्रतिशत हो गई। जून महीने के दौरान दालों में महंगाई दर -14.09 प्रतिशत रही, जबकि गेहूं में महंगाई दर 3.77 प्रतिशत रही। अंडे, मांस और मछली की महंगाई दर मई के -1.01 प्रतिशत से जून में -0.29 प्रतिशत रही। आलू और प्याज में महंगाई दर क्रमशः -32.67 प्रतिशत और -33.49 प्रतिशत रही।

बीते महीने एमपीसी बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महंगाई दर अनुमान 4 प्रतिशत से घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया था।

## शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला जारी

■ सेंसेक्स 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82253.46 अंक पर
■ निफ्टी 0.27 प्रतिशत घट कर 2582.30 अंक पर बंद




**मुंबई,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। यूरोपीय संघ और मैक्सिको पर 30 प्रतिशत की ऊंची दर से अमेरिका में आयात शुल्क लगाने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पिछले सप्ताहांत की घोषणा, निर्यातोन्मुख सूचना प्रौद्योगिकी की आय की संभावनाओं को लेकर चिंता और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के रुख से स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला सोमवार चौथे दिन भी जारी रहा।

खास कर टेक्नोलॉजी और ऑटो कंपनियों के शेयरों में बिकवाली के दबाव से बीएसई 30 पिछले बंद के मुकाबले 247.01 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82253.46 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 67.55 अंक यानी 0.27 प्रतिशत घट कर 2582.30 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई सेंसेक्स में एशियन पेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, टीसीएस, मारुति, टाटा मोटर, रिलायंस और एचडीएफसी बैंक सहित 20 शेयर गिरावट में बंद हुए। इन्फोसिस, रिलायंस, एलएंडटी, टीसीएस और बजाज फाइनेंस का गिरावट में बड़ा योगदान रहा। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में इटर्नल, टाइटन, सनफार्मा, आईटीसी, एम एंड एम, टाटा स्टील और अडानी पोर्ट तथा एसबीआई जैसे शेयर शामिल हैं।

सेंसेक्स पिछले सप्ताहांत के बंद 82,500.47 की तुलना में आज सुबह 82,537.87 अंक पर नाम मात्र की तेजी से खुला लेकिन उसके बाद लगातार गिरावट में बना रहा। कारोबार के दौरान बाजार 82,010.38 तक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में सबसे अधिकतर खरीदे-बेचे जाने वाले प्रमुख 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी-50 भी शुरू में 25,149.50 पर खुला और ऊपर में 25,151.10 तक जाने के बाद नीचे में 25,001.95 तक गया था।

एनएसई में पंजीकृत 3043 में से 1464 शेयर लाभ और 182 शेयर हानि में बंद हुए। इसके अलावा 97 शेयरों के भाव पिछले बंद के स्तर पर बने रहे। निफ्टी बैंक 0.02 प्रतिशत की नाम मात्र की तेजी पर रहा। निफ्टी मिडकैप और स्मालकैप क्रमश. 0.70 प्रतिशत और 1.02 प्रतिशत के सुधार पर रहे। निफ्टी 100 0.14 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार मैक्सिको और यूरोपीय संघ जैसे अमेरिका के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों पर पहली अगस्त से ऊंचा कर लगाने की ट्रम्प की घोषणाओं से वैश्विक व्यापार को लेकर अनिश्चितायें बढ़ गयी हैं। इसके असर से आज एशियाई बाजारों में सावधानी भरे कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। जापान का बाजार (निकेई225) 0.28 प्रतिशत गिरावट में रहा जबकि हांगकांग और शंघाई में 0.27 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गयी।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के सकारात्मक नजीजों की उम्मीद में फार्मा कंपनियों में आज आकर्षण बढ़ा हुआ था।

## गुजरात में हुआ 48.59 लाख टन आलू का उत्पादन



■ देश के प्रोसेस्ड आलू के निर्यात में गुजरात का योगदान महत्वपूर्ण

**गांधीनगर,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। गुजरात में वर्ष 2024-25 में प्रोसेस्ड आलू सहित कुल 48.59 लाख टन आलू का उत्पादन हुआ।

सरकारी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि फ्रेंच फ्राइज दुनिया भर में लोकप्रिय एक ऐसा स्नैक्स है, जिसे बच्चों से लेकर बड़े तक सभी पसंद करते हैं। भारत, जो पहले फ्रेंच फ्राइज का आयात करता था, अब इसका भरपूर निर्यात कर रहा है। इतना ही नहीं, भारत अब प्रोसेस्ड आलू का भी बंपर उत्पादन करता है, जिससे फ्रेंच फ्राइज और वेफर्स जैसे क्रिस्पी-कुरकुरे स्नैक्स तैयार होते हैं। देश के प्रोसेस्ड आलू के निर्यात में गुजरात का भी महत्वपूर्ण योगदान है।

गत दो दशकों में प्रोसेस्ड आलू का उत्पादन 10 गुना बढ़ा। 2004-05 में प्रोसेस्ड आलू का उत्पादन एक लाख टन से भी कम था जबकि बुवाई क्षेत्र केवल 4000 हेक्टेयर के करीब था। सरकार के प्रोत्साहन के चलते गत दो दशकों में प्रोसेस्ड आलू का उत्पादन 37,000 हेक्टेयर बुवाई क्षेत्र के साथ 11.50 लाख टन तक पहुंच गया है, जो 10 गुना वृद्धि को दर्शाता है। आज गुजरात प्रोसेस्ड आलू का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। साथ ही, फ्रेंच फ्राइज और वेफर्स का सबसे बड़ा निर्यातक बनकर भी उभरा है। प्रोसेस्ड आलू के उत्पादन के मामले में गुजरात के बाद उत्तर प्रदेश और पंजाब राज्य क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। 2024-25 में गुजरात में 48.59 लाख टन आलू का उत्पादन हुआ- वर्ष 2024-25 में गुजरात में 48.59 लाख टन आलू का उत्पादन हुआ, जिसमें लगभग 25 फीसदी से अधिक प्रोसेस्ड आलू हैं, जबकि शेष कुफरी आलू है, जिसका उपयोग सब्जी बनाने के लिए किया जाता है।

## सार संक्षेप

### ओला इलेक्ट्रिक का आय 50 प्रतिशत गिरी

**नई दिल्ली।** भाविश अग्रवाल के नेतृत्व वाली दोपहिया ईवी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने सोमवार को वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए। अप्रैल-जून अवधि में कंपनी का घाटा बढ़कर 428 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में हुए 347 करोड़ रुपए के घाटे से करीब 30 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में कंपनी की आय 828 करोड़ रुपए रही है, जो कि वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही की आय 1,644 करोड़ रुपए से 49.6 प्रतिशत कम है। वित्त वर्ष 26 की जून तिमाही में कंपनी की इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की डिलीवरी 68,192 यूनिट्स रही है, जो कि वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में 1,25,198 यूनिट्स थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी का ईबीआईटीडीए नुकसान 237 करोड़ रुपए रहा है, जो कि पिछले साल इसी अवधि में 205 करोड़ रुपए पर था।

### बिटकॉइन की कीमत पहली बार 1.21 लाख डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत सोमवार को 2.75 प्रतिशत बढ़कर 1,21,097.94 डॉलर हो गई है। यह पहला मौका है जब दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी की कीमत 1,21,000 डॉलर से अधिक हो गई है। कॉइनमार्केटकैप के डेटा के मुताबिक, कीमत में तेजी आने से बिटकॉइन का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 2.41 ट्रिलियन डॉलर हो है। अब तक के कारोबार में ट्रेडिंग वॉल्यूम 60 अरब डॉलर से अधिक रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस साल की शुरुआत से अब तक बिटकॉइन की कीमत में 29 प्रतिशत से अधिक का इजाफा हो चुका है। इसके साथ अन्य क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में भी इजाफा देखा जा रहा है। कॉइनमार्केटकैप के डेटा के मुताबिक, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी एथेरियम की कीमत 3.28 प्रतिशत बढ़कर 3,054.96 डॉलर हो गई है और मार्केटकैप 368.77 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस दौरान ट्रेड वॉल्यूम 21.62 अरब डॉलर रही।

### राघवेंद्र श्रीनिवास बने कर्नाटक बैंक के अंतरिम एमडी व सीईओ

**नई दिल्ली।** कर्नाटक बैंक ने सोमवार को घोषणा की कि बैंक के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) राघवेंद्र श्रीनिवास भट 16 जुलाई से तीन महीने की अवधि के लिए अंतरिम प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पदभार संभालेंगे। यह निर्णय बैंक के निदेशक मंडल द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से अप्रूवल मिलने के बाद लिया गया। स्टॉक एक्सचेंज में दर्ज जानकारी के अनुसार, भट की नियुक्ति तब तक प्रभावी रहेगी जब तक कि एक नियमित एमडी और सीईओ की नियुक्ति नहीं हो जाती या तीन महीने की अवधि के अंत तक, जो भी पहले हो।

## सोना-चांदी की कीमतों में उछाल



■ चांदी एक बार फिर ऑल-टाइम हाई पर
■ सोने की कीमत में 700 रुपए से ज्यादा का उछाल

**नई दिल्ली,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। सोना-चांदी की कीमतों में सोमवार को बढ़त दर्ज की गई। 24 कैरेट के सोने की कीमतों में 700 रुपए से ज्यादा का इजाफा हुआ। वहीं, चांदी की कीमत एक बार फिर ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 792 रुपए बढ़कर 98,303 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि बीते शुक्रवार को 97,511 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 90,045 रुपए हो गई है, जो कि पहले 89,320 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 73,727 रुपए हो गया है, जो कि पहले 73,133 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

आईबीजेए की ओर से सोने और चांदी की कीमतों को दिन में दो बार सुबह और शाम अपडेट किया जाता है। सोने के साथ चांदी की कीमत में भी इजाफा देखने को मिला है और यह ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई है। चांदी की कीमत 1,13,867 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,10,290 रुपए प्रति किलो थी। चांदी की कीमत में 3,577 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इससे पहले चांदी की कीमत ने शुक्रवार को ऑल-टाइम हाई छुआ था। इससे पहले 18 जून को चांदी का पिछला ऑल-टाइम हाई 1,09,550 रुपए प्रति किलो था।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत में गिरावट और चांदी की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। सोना 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,359.80 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.59 प्रतिशत की तेजी के साथ 39.185 डॉलर प्रति औंस पर थी।

## 2047 तक 'विकसित भारत' लक्ष्य के लिए गांवों को विकसित बनाना जरूरी : चंद्रशेखर



हम सिर्फ योजनाएं लागू नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम भारत की विकास गाथा का अगला अध्याय लिख रहे हैं : डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर

**नई दिल्ली,** 14 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर ने सोमवार को कहा कि हमें 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गांव को विकसित गांव में बदलना होगा।

ग्रामीण विकास मंत्रालय की परफॉर्मेंस रिव्यू कमेटी की पहली बैठक में बोलते हुए, केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि ऐसा भविष्य, जहां प्रत्येक ग्रामीण परिवार बुनियादी सुविधाओं के साथ पक्के मकान में रहता हो, प्रत्येक गांव गुणवत्तापूर्ण सड़कों से जुड़ा हो, प्रत्येक युवा के पास रोजगार के अवसर हों और प्रत्येक महिला सशक्त और आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो, कोई सपना नहीं बल्कि एक प्राप्त करने योग्य वास्तविकता है। उन्होंने कहा कि इस विजन को साकार करने के लिए मंत्रालय को नई ऊर्जा, नई सोच और गहरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना होगा।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा किम हम सिर्फ योजनाएं लागू नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम भारत की विकास गाथा का अगला अध्याय लिख रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण विकास में हुई बेहतरीन प्रगति का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कैबिनेट मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व को दिया।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की सफलता पर बोलते हुए, केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि यह ग्रामीण बेरोजगारी और मजबूरी में माइग्रेशन के विरुद्ध और विशेष रूप से कृषि के कमजोर मौसम के दौरान एक सशक्त हथियार बन गई है। उन्होंने कहा कि 90,000 से लेकर 1,00,000 करोड़ रुपए के वार्षिक निवेश के साथ, यह योजना सालाना 250 करोड़ से अधिक मानव-दिवस रोजगार सृजित करती है, जिसमें 36 करोड़ से अधिक जॉब कार्ड जारी किए गए हैं और 15 करोड़ सक्रिय श्रमिक हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री ने वेतन भुगतान से आगे बढ़कर विविध परियोजनाओं के माध्यम से टिकाऊ और उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की, मेरे पक्षकार श्रीमती सदफ परवीन पति मोहम्मद अकबर निवासी खेज मैदान सुंदर नगर, रावाभाठा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार के अधिपत्य व स्वामित्व कि भूमि जो कि खसरा नं. 275/2 रकब 1205 वर्गफुट जो कि मोजा खमतराई प.ह.नं. 00038 रा.नि.मं. रायपुर-6-खमतराई, तह व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, इसकी पूर्व विक्रय विलेख जो कि क्रेतपा लखन साव पिता स्व. बंशीलाल साव के द्वारा विक्रेता अंजना रोहतगी पति प्रभात रोहतगी से पंजीकृत विक्रय विलेख जिसका पुस्तक क्र. अ-1 ग्रन्थ क्र. 30692 पृष्ट क्र . 69 से 76 दस्तावेज क्र. 12232 दिनांक 01.02.2005 देकर पंजीकृत कराया गया था, मेरे पक्षकार द्वारा रस्ते में कहीं गुम हो गया जिसकी सूचना मेरे पक्षकार के द्वारा पुलिस दे दी गई है एवं वास्तु हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में उपरोक्त वर्णित संपत्ति को गिरवी रख कर लोन लिया जा रहा है। अत: उपरोक्त वर्णित संपत्ति के अधिकार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय/ अर्द्धशासकीय विभागों, सेठ, साहूकार, वारिसान आदि किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे उप्पर लिखित पते पर कार्यालीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा अवधि अवसान पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का पंजीयन निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा।

उसके पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति शून्य व अवैध मानी जाएगी व मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी साथ ही समाचार पत्रों के माध्यम से की गयी आपत्ति खंडन मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने...

दिनांक रायपुर 14.07.2025

**भवदीय**
**ज्योति ताम्रकार ( अधिवक्ता )**
**भाठागांव, रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.98276-89188**

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की, मेरे पक्षकार श्रीमती उषा पाण्डेय पति स्व. सुरेश कुमार पाण्डेय निवासी म.नं. 150 वार्ड नं. 01, पाररास बालोद जिला बालोद (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार के अधिपत्य व स्वामित्व कि भूमि जो कि खसरा नं. 665 रकबा1250 वर्गफुट जो कि मौजा रायपुरा प.ह.नं. 00057 रा.नि.मं. रायपुर-1-रायपुरा, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, इसकी पूर्व विक्रय विलेख जो कि क्रेता लोमेश कुमार साहू पिता स्व. हरिराम साहू के द्वारा विक्रेता जीवनलाल निषाद पिता दुकालुराम निषाद से पंजीकृत विक्रय विलेख जिसका पुस्तक क्र. अ-1 ग्रन्थ क्र. 21462 पृष्ट क्र. 68 से 73 दस्तावेज क्र. 12413 दिनांक 16.02.1998 देकर पंजीकृत कराया गया था, मेरे पक्षकार द्वारा रस्ते में कही गुम हो गया जिसकी सूचना मेरे पक्षकार के द्वारा डी.डी. नगर थाना, रायपुर (छ.ग.) में दिनांक 05.07.2025 को दे दी गई है एवं वास्तु हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में उपरोक्त वर्णित संपत्ति को गिरवी रख कर लोन लिया जा रहा है। अत: उपरोक्त वर्णित संपत्ति के अधिकार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय/ अर्द्धशासकीय विभागों, सेठ, साहूकार, वारिसान आदि किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे उप्पर लिखित पते पर कार्यालीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा अवधि अवसान पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का पंजीयन निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा ।

उसके पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति शून्य व अवैध मानी जाएगी व मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी साथ ही समाचार पत्रों के माध्यम से की गयी आपत्ति खंडन मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने...

दिनांक रायपुर 14.07.2025

**भवदीय**
**ज्योति ताम्रकार ( अधिवक्ता )**
**भाठागांव, रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.98276-89188**

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202507110200003/अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम-शंकर नगर प.ह.नं. 1106/63
रायपुर, दिनांक 02.07.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रमा घाडगे पति स्व. सुरेन्द्र घाडगे निवासी वार्ड नं. 7, बलौदाबाजार (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र वास्ते छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के अंतर्गत पेश कर लेख किया है कि ग्राम शंकर नगर, प.ह.नं. 110/63, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 1082/15 रकबा 0.0130 हे. व खसरा नंबर 1083/6 रकबा 0.0130 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदिका के पति सुरेन्द्र कुमार घाडगे पिता गोपाल राव घाडगे के नाम से भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार आवेदिका के पति सुरेन्द्र कुमार घाडगे पिता गोपाल राव घाडगे की मृत्यु दिनांक 04.04.2025 को हो चुका है। उनके मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान में आवेदिका रमा घाडगे पति स्व. सुरेन्द्र घाडगे, श्री अश्विन घाड़गे पिता स्व. सुरेन्द्र घाड़गे, शिल्पा घाड़गे पिता स्व. सुरेन्द्र घाड़गे, आस्था घाड़गे पिता स्व. सुरेन्द्र घाडगे है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं हैं। अतएव आवेदित भूमि से संबंधित राजस्व अभिलेखों में मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 17.07.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

क्रमांक/क्यू/वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 07.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक हरमीत सिंह खनूजा द्वारा मुख्त्यार आम अमल कुमार अग्रवाल, निवासी-रायपुर स्वर्ण भूमि विधान सभा रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-बरौदा, प.ह.नं.-23, रा.नि.मं.-पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2, 3 रकबा 0.14, 0.27 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जिसका मूल ऋण पुस्तिका पूर्व में प्राप्त हुआ था, जो असावधानिपूर्वक कहीं गुम हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय मे दिनांक 21.07.25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 07.07.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

**मुहर** **तहसीलदार मंदिर हसौद**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202407116400021/
बी-121/2024-2025
ग्राम माना प.ह.नं. 80
रायपुर, दिनांक 04.07.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रफुल्ल कुमार बारमेड़ा पिता मगन भाई बारमेड़ा (सोनी) निवासी क्रेस्ट ग्रीन, दिशा कालेज के पास, कोटा रोड, रामनगर रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम माना पटवारी हल्का नंबर 80, राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 18, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 702/1 रकबा 0.0770 हेक्टेयर भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उपरोक्त भूमि को क्रय करने के पश्चात् विधिवत् नामांतरण करवाया गया तथा राजस्व अभिलेख में आवेदक का नाम दर्ज किया गया परन्तु आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान नहीं किया गया जिसके कारण आवेदक को ऋण पुस्तिका संबंधित कार्यो में असुविधा हो रही है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र पर जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 21.07.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 04.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202507116400022/
बी-121/2024-2025
ग्राम माना प.ह.नं. 80
रायपुर, दिनांक 04.07.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निलेश कुमार पिता निर्भयराम सोनी बुधभट्टी निवासी कंकाली मंदिर के पीछे कंकालीपारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा अवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम माना पटवारी हल्का नंबर 80, राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 18, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 702/2 रकबा 0.0930 हेक्टेयर भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उपरोक्त भूमि को क्रय करने के पश्चात् विधिवत् नामांतरण करवाया गया तथा राजस्व अभिलेख में आवेदक का नाम दर्ज किया गया परन्तु आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान नहीं किया गया जिसके कारण आवेदक को ऋण पुस्तिका संबंधित कार्यों में असुविधा हो रही है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र पर जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 21.07.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 04.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

क्रमांक/202507116400051/अ-6/2024-25
ग्राम देवपुरी प.ह.नं. 73
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 10.07.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित सूचित किया जाता है कि आवेदिका पुष्पा माखीजा पति शीतल माखीजा निवासी अस्पताल वार्ड डॉ. पटेन नर्सिंग होम के सामने रायगढ़ बाड़ा सिविल लाईन रायपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73, राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 10, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 15/34, 15/37 रकबा 0.0160 हे. भूमि, 0.0440 हे., भूमि आवेदिका द्वारा धारित की जाती है। उपरोक्त भूमि को प्रकाशचंद जैन पिता छेदीलाल जैन, प्रणय जैन पिता प्रकाशचंद जैन के द्वारा दिनांक 31.03.2018 को आवेदिका के पक्ष में हकत्याग विलेख निष्पादित किया गया है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि पर हकत्याग विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 31.07.2025 तक स्वत: अथवा वैद्य प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्रमांक ब/121
ग्राम कुरूद (क)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार पिता श्री दऊवाराम ग्राम कुरूद (क) तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने माता अमृत बाई के मृत्यु दिनांक 22.08.2021 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 25.07.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**मुहर** **नायब तहसीलदार आरंग**

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00047 पंडरीतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440724100068

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00047 के अंतर्गत ग्राम पंडरीतराई के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी पिता/पति रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर छ.ग. पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 4/52 0.0139 में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता राकेश जालान पिता/पति स्व. रघुनंदन जालान पता देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.07.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00044 सड्डू ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440723900193

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00044 के अंतर्गत ग्राम सड्डू के वर्तमान भूमिस्वामी श्री अश्विन घाडगे पिता/पति श्री सुरेन्द्र कुमार घाडगे पता गैलेक्सी आइलैंड, श्री सुरेन्द्र कुमार घाडगे पिता/पति श्री गोपाल राव घाडगे पता गैलेक्सी आइलैड विधानसभा चौक रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 490/5 0.0052 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता आस्था घाड़गे पिता/पति स्व. सुरेन्द्र घाड़गे पता निवासी म.नं. 137, कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, श्री अश्विन घाड़गे पिता/पति स्व. सुरेन्द्र घाड़गे पता निवासी गैलेक्सी आईलैण्ड विधानसभा चौक रायपुर, शिल्पा घाड़गे पिता/पति स्व. सुरेन्द्र घाड़गे पता निवासी अशोका रत्न शंकर नगर रायपुर, रमा घाड़गे पिता/पति स्व. सुरेन्द्र घाड़गे पता निवासी वार्ड नं. 7, बलौदाबाजार छ.ग. केनाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.06.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **तहसीलदार रायपुर**

### न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.नं. 00001 सेमरिया ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440200200045

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.नं. 00001 के अंतर्गत ग्राम सेमरिया के वर्तमान भूमिस्वामी ए.डी.पी.एल. इस्टेट प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर प्रियंक सिंघानिया पिता/पति अशोक सिंघानिया पता गीता नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1173/1 0.0149, 1174 0.0016 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राकेश कुमार गुप्ता पिता/पति स्व. रामगरीब गुप्ता पता म.नं. 41 बी, 1-टाईप टाउनशीप दल्लीराजहरा जिला बालोद छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.07.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **तहसीलदार मंदिर हसौद**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00072 डूंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440726700193

1. रूचि की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि –28/07/2025 दोपहर 12.00 बजे तक
2. रूचि की अभिव्यक्ति खोलने की अंतिम तिथि –28/07/2025 दोपहर 2.00 बजे

प्राचार्य
आस्था विद्या मंदिर, इंग्लिस मीडियम
स्कूल जावंगा, विकासखण्ड गीदम

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दल्लीराजहरा जिला बालोद ( छ.ग. )
## उद्घोषणा

क्रमांक /741/प्र./अति.तह. / 2025
दल्लीराजहरा, दिनांक 08/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद (छ.ग.) का ज्ञापन क्रमांक 326/प्र.कले. /2025 बालोद दिनांक 17/06/2025 के अनुसार आवेदक श्री पदमचंद जैन आ. उत्तमचंद जैन जाति जैन निवासी फ्लैट नंबर 201 लाल गंगा रिगेंसी भैरव सोसायटी रायपुर (छ.ग.) द्वारा नगर पंचायत चिखलाकसा प.ह.नं 10 तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 586. रकबा 0. 74 हे. भूमि को अपने भतीजे मनीष कुमार जैन पिता स्व. भागचंद जैन जाति जैन निवासी दुर्ग को बिना किसी प्रकार से प्रतिफल प्राप्त किये दान में देकर भूमि के दान पत्र विलेख का पंजीयन की अनुमति हेतु आवेदन पेश किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 21/07/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 08/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार**
**दल्लीराजहरा**

## कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग ( छ.ग. )
**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिल राणा आ. श्री कल्याण सिंह राणा, निवासी–क्वा.नं.–5/बी, स्ट्रीट नं.–03, सेक्टर–02, भिलाई–1, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र–दुर्ग अन्तर्गत जूही फ्लैट क्रमांक–207 (द्वितीय तल), तालपुरी रूआबांधा भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 15.07.2019 एवं पूर्व में फ्री–होल्ड दिनांक 07.07.2015 के अनुसार, उक्त फ्लैट बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 09.06.2025 को श्रीमती मधु गेन्ड्रे पति श्री अशोक कुमार गेन्ड्रे के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती मधु गेन्ड्रे के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त फ्लैट का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: नवीन क्रेता श्रीमती मधु गेन्ड्रे के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक.......... जारी किया गया।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-दुर्ग ( छ.ग. )**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, GAJENDRA KUMAR S/O DWARIKA PRASAD resident of HNO.76, PO. SIRRI GRAM-PUSERA, TEH-KURUD DISTRICT- DHAMTARI -493663 (C.G.) have changed my old name GAJENDRA KUMAR S/O DWARIKA PRASAD so in future I should be recognized by my new name that is GAJENDRA KUMAR SAHU S/O DWARIKA PRASAD in all Government and other documents.

**GAJENDRA KUMAR SAHU**
HNO.76, PO. SIRRI GRAM-PUSERA, TEH-KURUD DISTRICT-DHAMTARI -493663 (C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, PRAVEEN K KURUP S/O UNNIKRISHNA KURUP resident of PLOT-47, HOUSING BOARD, KURUD, KAILASH NAGAR I.E. BHILAI, DIST-DURG, (C.G.) PIN-490026 have changed my old name PRAVEEN K KURUP S/O UNNIKRISHNA KURUP so in future I should be recognized by my new name that is PRAVEEN KURUP S/O UNNIKRISHNA KURUP in all Government and other documents.

**PRAVEEN KURUP**
PLOT-47, HOUSING BOARD, KURUD, KAILASH NAGAR I.E. BHILAI, DIST-DURG, (C.G.) PIN-490026

## न्यायालय तहसीलदार अहिवारा तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग
## उदघोषणा

**रा.प्र.क्रं/202607102800012/अ-74/ वर्ष 2024.2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिसौहा पिता उधोराम निवासी वार्ड क्रं.08 मोहंदी, तहसील अहिवारा जिला दुर्ग द्वारा स्वयं के भूमिस्वामी हक में दर्ज मौजा ग्राम मोहंती प.ह.न 17 रा.नि.म. मुरमंदा तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग स्थित ख.नं. 192, 215/1, 215/2, 215/3, 216. 226/12 333 334 रकबा 0.05, 0.21, 0.10, 0.08, 0.36, 0.37, 0.01, 0.05 हे. की भूमि का ऋणा पुस्तिका क्रमांक 615590 जीर्ण–शीर्ण हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायलाय में प्रस्तुत किया है। अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या सस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम में इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 17/07/2025 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 04/07/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यावालय की पर मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक:–04.07.2025
पेशी दिनांक:–17/07/2025

**मुहर** **नायब तहसीलदार**
**अहिवारा**

# कार्यालय नगर पंचायत कुरुद, जिला-धमतरी ( छ.ग )
**पता-पुराना बाजार चौक कुरूद, फोन-7705-299149, Email-kurudnp@gmail.com, npkurud@yahoo.in**

क्रमांक/1827/2/ राजस्व/न.पं./ दु.नी.सू./2025-26 कुरूद, दिनांक 14/07/2025

## नीलामी सूचना

नगर पंचायत कुरूद क्षेत्रान्तर्गत दुकान विवरण अनुसार प्रीमियम लीज पर नीलामी घोष विकय के धाराभनांक 09/08/2025 को नगर पंचायत कार्यालय मंगल भवन में समय प्रात: 11.00 बजे नीलामी प्रारंभमेना। इच्छुक व्यक्ति अमानत राशि जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है।

**दुकानों का विवरण निम्नानुसार है-**

| क्रं. | दु. क्रं. | दुकान का विवरण | साईज | आरक्षण | न्यूनतम बोली राशि | अमानत राशि | मासिक किराया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | नया बस स्टैण्ड (पुराना देशी शराब दुकान) | 20×20=400 व.फी. | सामान्य | 394600 | 79000=00 | 1578 |
| 02 | 02 | नया बस स्टैण्ड (पुराना देशी शराब दुकान) | 20×20=400 व.फी. | सामान्य | 394600 | 79000=00 | 1578 |
| 03 | 17 | सिंधी धर्मशाला के बाजूफुटकरदुकान | 10×10=100 व.फी. | सामान्य | 197300 | 10000=00 | 110 |
| 04 | 36 | नया बस स्टैण्ड कान्पलेक्स | 10×10=100 व.फी. | भू.पू.सै. | 197300 | 20000=00 | 395 |
| 05 | 37 | नया बस स्टैण्ड काम्पलेक्स | 10×10=100 व.फी. | स्व.सं. सै. | 197300 | 20000=00 | 395 |
| 06 | 38 | नया बस स्टैण्ड काम्पलेक्स | 10×10–100 व.फी. | अ.जा. | 197300 | 20000=00 | 395 |
| 07 | 25 | दाऊ गंगा प्रसाद व्यवसायिक परिसर (सुपर मार्केट) भू-तल | 12×13.4 160.8 व.फी. | अ.ज. | 317520 | 10000=00 | 276 |

उपरोक्त नीलानी की विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस एवं समयावधि पर कार्यालय के राजस्व शाखा एवं विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in पर देखी व अवलोकन की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत कुरूद, जिला-धमतरी ( छ.ग. )**

## न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर ( छ.ग. )
## ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6 अ वर्ष 2024–2025
आरंग, दिनांक 10.07.2025
ग्राम आरंग प.ह.नं. 29

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलकंठ देवांगन पिता जगदीश देवांगन कास्तकार निवासी ग्राम आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर के द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 स्थित खसरा नं. 3729/5 का रकबा 1672 वर्गफुट भूमि खातेदार जगदीश देवांगन पिता बहोरन के नाम पर राजस्व अभिलेख के मेनुअल रिकार्ड में दर्ज है। आवेदक की उक्त आवेदित भूमि खसरा नं. 3729/5 का रकबा 1672 वर्गफुट भूमि ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में आवेदक का नाम त्रुटिवश दर्ज नहीं है। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार कर मेनुअल राजस्व अभिलेख के आधार पर आवेदक का नाम ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश कर निवेदन किये जाने पर प्रकरण इस न्यायालय में दर्ज किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 28.07.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार**
**आरंग**

## PRATIBHA INSTITUTE OF NURSING
**VILL.-KHUTERI,POST-GODHI THANA-MANDIR HASAUD RAIPUR (C.G.)**
**Email ID . pratibhanursing@gmail.com, Contact No. 9981165778**
**Application are invited for following posts**

| S. No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience As per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 01 | Professor cum Principal. | 01 | Essential Qualification:- M.Sc. (N): Experience M.Sc.(N), Ph.D.(N) having total 15 years experience with M.Sc. (N) out of which 10 years after M.Sc. (N) in collegiate programme. Ph.D. (N) is desirable |
| 02 | Professor cum Vice-Principal | 01 | Essential Qualificaton:- M.Sc. (N): Experience:- M.Sc.(N) Total 12 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N) Ph.D.(N) is desirable. |
| 03 | Associate Professor/ Reader | 02 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- Total 8 years experience withM.Sc.(N) including 5 years teaching experience Ph.D. (N) is desirable. |
| 04 | Assistant Professor/ Lecturer | 03 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience: M.Sc.(N) with total 3 years teaching experience Ph. D. (N) desirable. |

**Other terms & conditions:-**
1. Experience: As per INC Norms
2. Pay Scale : As per State Govt. Pay Scale
3. Reservation : As per State Government Norms

**Selection criteria :-** Selection will decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like-
* Number of paper publications in various national/international journals.
* Paper presentation in conferences.
* Total No. of conferences attended..

**Last date of receipt of Application:-**Send Your Application Along With Resume All Mark Sheets Photocopy And Recent Passport Photo Within 15 Days from the date of publication of advertisement.

**Director**
**PRATIBHA INSTITUTE OF NURSING**

# 'वेटलैण्ड मित्र' बनें, जैविक विरासत को बचाएं: साय

■ नवा रायपुर में वेटलैण्ड एवं जैव विविधता संरक्षण पर उच्चस्तरीय कार्यशाला




**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। जैव विविधता एवं आर्द्रभूमियों (वेटलैण्ड्स) के संरक्षण के उद्देश्य से आज नवा रायपुर स्थित दण्डकारण्य अरण्य भवन में एक उच्चस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्रीद्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा सहित कैबिनेट के सभी मंत्री एवं विधायकगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना केवल आधारभूत ढांचे के विकास से नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और जैविक विविधता की रक्षा से ही पूर्ण होती है। उन्होंने आह्वान किया कि हर जनप्रतिनिधि व नागरिक जैव विविधता एवं वेटलैण्ड संरक्षण के लिए व्यक्तिगत दायित्व समझें और च्वेटलैण्ड मित्रज्ञ बनकर इस अभियान को जनांदोलन में परिवर्तित करें।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि जैव विविधता और वेटलैण्ड्स का संरक्षण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं, बल्कि यह हमारी भावी पीढ़ियों की सुरक्षा का सवाल भी है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से जैव विविधता के संरक्षण में भागीदारी सुनिश्चित करने और च्वेटलैण्ड मित्रज्ञ बनकर जनजागरण फैलाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी ने व्यापक प्रस्तुति दी। उन्होंने 1992 के अर्थ सम्मिट, जैव विविधता अधिनियम 2002, राष्ट्रीय जैव विविधता बोर्ड की भूमिका और जैव विविधता प्रबंधन समितियों की संरचना एवं कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ देश का तीसरा राज्य है, जहां जैव विविधता प्रबंधन समितियाँ प्रभावी रूप से कार्य कर रही हैं।

आर्द्रभूमि संरक्षण के संदर्भ में प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरुण कुमार पाण्डेय ने बताया कि वेटलैण्ड्स पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण की कार्यप्रणाली और जिला स्तरीय आर्द्रभूमि संरक्षण समितियों के गठन की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि इन समितियों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर वेटलैण्ड्स की निगरानी एवं संरक्षण को मजबूती मिल रही है।

कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई कि राज्य का गिधवा-परसदा पक्षी अभ्यारण्य अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित रामसर साइट बनने की पात्रता रखता है। इसके अतिरिक्त, बलौदाबाजार जिले के खोखरा ग्राम को छत्तीसगढ़ की पहली रामसर साइट के रूप में सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

कार्यशाला के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से च्वेटलैण्ड मित्रज्ञ के रूप में जुड़कर जैव विविधता और आर्द्रभूमियों के संरक्षण हेतु सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। यह भागीदारी राज्य में पर्यावरणीय चेतना को जनआंदोलन का रूप देने में सहायक होगी।

इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव (वन) श्रीमती ऋचा शर्मा, छत्तीसगढ़ वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव, जैव विविधता बोर्ड के सदस्य सचिव राजेश कुमार चंदेले सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित थे।

# बघर्रा संग्रहण केंद्र में करीब 41 करोड़ का धान 6 महीने से जाम

**कवर्धा,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के बघर्रा धान संग्रहण केंद्र में करीब 41 करोड़ का धान 6 महीने से अधिक समय से जाम है । उठाव न होने और बारिश से बचाव की सही व्यवस्था नही होने के कारण धान की गुणवत्ता व मात्रा दोनो पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ।



ब्लॉक अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि समय से धान नही उठाना कही ये धान को सड़ाने की कोई सोची समझी साजिश तो नही है । संग्रहण केंद्र में धान को बारिश से बचाने के लिए चबूतरों की व्यवस्था नही होने के कारण आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है ।

श्री जायसवाल ने बताया कि धान संग्रहण केंद्र में 157041 चिंटल धान में से अब तक मात्र 24775 चिंटल धान का उठाव हुआ है इसका मतलब ये है कि अभी भी 41 करोड़ का धान जाम है । सबसे जबरदस्त बात तो ये है कि केंद्र में एक भी चबूतरा नही है ,जमीन पर भूसा बिछाकर धान को रखा गया है । बारिश में धान को बचाने के लिए तिरपाल से ढका गया था लेकिन अब बारिश और आंधी के चलते तिरपाल फट रहे हैं ।

मिलर्स गिनती के ट्रक भेज रहे हैं ङ्क नवीन जायसवाल ने बताया कि गांव वालों से जानकारी लेने पर पता चला कि दिन भर में एक से दो ट्रक धान का उठाव हो रहा है । अगर इसी गति में धान का उठाव होगा तो कम से कम 2 से 3 माह लग जायेगा और इस दौरान तेज बारिश होती है तो धान पूरी तरह से सड़ भी सकता है ।

बारिश अगर 2 से 3 दिन लगातार होगी तो धान का उठाव होगा ही नही क्योंकि सड़क मिट्टी का है । सरकार ने संग्रहण केंद्र तो खोल दिया पर सड़क की सही व्यवस्था नही की है ।

# 90 फीसदी से अधिक किसानों ने संतुलित उर्वरक का उठाव कर लाभ लिया

■ सेवा सहकारी समिति नवागढ़ बनी कृषि समृद्धि की मिसाल



**बेमेतरा,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत सेवा सहकारी समिति नवागढ़ ने खरीफ सीजन 2025 में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस सीजन में समिति से जुड़े कुल 1905 केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) धारक कृषकों में से 1720 कृषक बंधुओं ने संतुलित उर्वरकों का उठाव कर लाभ प्राप्त किया है, जो कुल कृषकों का 90 प्रतिशत से भी अधिक है। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा एवं कृषि विभाग के मार्गदर्शन और समिति की सतत प्रेरणा के फलस्वरूप किसानों ने यूरिया, डीएपी, एसएसपी, पोटाश और एनपीके जैसे संतुलित उर्वरकों का समुचित उपयोग किया। इस दौरान किसानों द्वारा कुल 795.38 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया गया, जिसके अंतर्गत यूरिया 366.38 मीट्रिक टन, डीएपी 65 मीट्रिक टन, एसएसपी 100 मीट्रिक टन, पोटाश 76 मीट्रिक टन, एनपीके 188 मीट्रिक टन शामिल हैं ।

सिर्फ उर्वरक ही नहीं, बल्कि किसानों ने उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाणित बीजों का भी उठाव किया, जिनमें धान स्वर्णा के 210 क्विंटल एवं महामाया प्रजाति के 150 क्विंटल बीज शामिल हैं। इससे कृषक अपने खेतों में गुणवत्तापूर्ण और लाभकारी खेती कर पा रहे हैं। यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ भी क्षेत्रीय किसानों को मिला है। शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर खाद, बीज और नगद ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसी क्रम में सेवा सहकारी समिति नवागढ़ के माध्यम से अब तक 4.5 करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों को वितरित की जा चुकी है, जिससे खेती-किसानी का कार्य निर्बाध रूप से चल रहा है।

सेवा सहकारी समिति नवागढ़ में कार्यरत कर्मचारी श्री मनोज पुरबिया ने जानकारी दी कि कृषि विभाग के निर्देशन में किसानों को संतुलित उर्वरक के उपयोग हेतु लगातार जागरूक किया गया। डीएपी की उपलब्धता सीमित होने पर उसके विकल्प के रूप में एसएसपी, यूरिया, पोटाश एवं एनपीके का महत्व बताया गया। इसका सकारात्मक असर देखने को मिला और कृषकों ने विकल्पों का प्रभावी उपयोग करते हुए लक्ष्य का 90 प्रतिशत से अधिक उठाव कर लिया। इस प्रयास से जहां किसानों की लागत में कमी आई है, वहीं उपज की गुणवत्ता और मात्रा में भी सुधार हुआ है। नवागढ़ की सेवा सहकारी समिति प्रदेश में एक सफल उदाहरण बनकर उभरी है, जहाँ कृषि विभाग, सहकारी समिति और किसानों के सामूहिक प्रयासों से खरीफ सीजन 2025 में कृषि उन्नति की नई कहानी लिखी जा रही है।

# पुलिस ने तत्परता से की अंतरजिला धान चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार आरोपी हुए गिरफ्तार

■ चोरी गया पिकअप वाहन व 40 कट्टा धान बरामद-बीएनएस की गंभीर धाराओं के तहत की गई वैधानिक कार्यवाही

■ पूर्व में भी की थी संगठित चोरी-अन्य फरार आरोपियों की पता तलाश सतत् जारी



**धामतरी,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर चोरी, लूट व संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कुरूद थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अंतरजिला धान चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी के महत्वपूर्ण माल व वाहन बरामद किए गए हैं।

विगत 11 जुलाई की शाम 6 बजे से 12 जुलाई की सुबह 5.30 बजे के मध्य, ग्राम सेमरा बी (थाना कुरूद) निवासी महेश्वर कुमार साहू पिता स्व. जेठूराम साहू उम्र 41 वर्ष के गोदाम से अज्ञात चोरों द्वारा 60 कट्टा धान कीमत 70,000 रूपये एवं एक ट्रैक्टर बैटरी कीमत 3,000 रूपये चोरी कर ली गई थी। मौके पर जांच के दौरान 20 कट्टा धान झुरानवागांव-सेमरा रोड पर पड़े मिले तथा चार पहिया वाहन के टायरों के निशान भी पाये गए।

पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम झुरानवागांव के समीप एक पिकअप वाहन में रखे धान व चार संदेहियों गोपाल नेताम पिता सुखदेव नेताम उम्र 21 वर्ष निवासी सिंधी कॉलोनी नगर पालिका के पीछे नयापारा थाना गोबरा जिला रायपुर, सोहन लाल देवार पिता मोहन लाल उम्र-27 वर्ष निवासी सिंधी कॉलोनी नगर पालिका के पीछे नयापारा थाना गोबरा जिला रायपुर, चंद्रा लाल निषाद उर्फ सुखदेव नेताम पिता श्याम लाल उर्फ जेवू निषाद उम्र-48 वर्ष निवासी हरदेवलाल चौक धनेली रायपुर, हाल पता- कुर्रा थाना गोबरा नयापारा जिला रायपुर और (04) दीपक कुमार देवार पिता स्व. रूस्तम देवार उम्र 25 वर्ष निवासी देवारपारा सिंधी कॉलोनी नगर पालिका के पीछे गोबरा नयापारा थाना गोबरा जिला रायपुर को हिरासत में लिया गया। गहन पूछताछ पर इन सभी ने न केवल उक्त घटना, बल्कि पूर्व में एक अन्य संगठित चोरी की वारदात को भी स्वीकार किया।

**पूर्व की चोरी का हुआ खुलासा**- 25 जून 2025 की रात्रि में इसी गिरोह ने पिकअप वाहन सीजी 04 एलके 7041 से ग्राम सिवनीखुर्द के एक गोदाम का ताला तोड़कर 65 कट्टा धान, 05 बंडल छड़, ट्रैक्टर की बैटरी, टुल बाक्स, जैक, दतारी पाइप और डीजल चोरी कर उसे बेचकर आपस में रकम बांट ली थी। 11 जुलाई की रात इन्हीं आरोपियों ने पुन: एकत्र होकर ग्राम सेमरा बी के गोदाम से 60 कट्टा धान व ट्रैक्टर की बैटरी चोरी की। वाहन में अधिक लोड होने के कारण 20 कट्टा धान रास्ते में फेंक दिए गए, जबकि शेष 40 कट्टा धान और पिकअप वाहन को कुरूद पुलिस द्वारा बरामद किया गया है।

चारों आरोपियों के विरुद्ध थाना कुरूद में अपराध क्रमांक 179/25 के तहत धारा 331 (4), 305, 3 (5) बीएनएस.एवं संगठित अपराध की धारा 111 बीएनएस.के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तारी के उपरांत न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी हेतु पुलिस की टीमें लगातार प्रयासरत हैं।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कुरूद निरीक्षक राजेश जगत, सउनि. कमिल चंद सोरी, प्रआर. जयप्रकाश कन्नौजे, आरक्षक गोपाल चंद्राकर, महेश साहू, शैलेन्द्र बंजारे एवं सैनिक कुबेर साहू का विशेष योगदान रहा।

# सायबर अपराध में संलिप्त आरक्षक गिरफ्तार

■ सेवा से किया गया बर्खास्त



**बलौदाबाजार,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। सायबर अपराध के मामले में बलौदाबाजार पुलिस ने वर्तमान में सारंगढ जिले में पदस्थ आरक्षक हेमंत नायक को गिरफ्तार किया है। वहीं एसपी बलौदाबाजार ने पुलिस विभाग की छबि को धुमिल करने पर आरक्षक को सेवा से बर्खास्त भी कर दिया है। मामले की जांच में पाया गया है कि आरोपी आरक्षक एसपी के नाम पर फर्जी ईमेल आईडी बनाकर बैंकिंग संबंधित कार्यो में लोगों से अवैध वसूली करता था। बताया गया है कि बलौदाबाजार सायबर सेल में पदस्थ रहते हुए आरक्षक हेमंत नायक लोगों से रकम फ्रीज होने व डीफ्रीज करने के नाम पर अवैध उगाही करता था। इस अपराध में वह बलौदाबाजार पुलिस अधीक्षक के नाम पर मेल आईडी बनाकर उपयोग करता था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 3 जुलाई 2024 को प्राप्त शिकायत आवेदन जांच पर पाया गया कि जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में पदस्थ आरक्षक हेमंत नायक द्वारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा में पदस्थापना अवधि के दौरान अकाउंट फ्रीज-डीफ्रीज करने के एवज में विभिन्न आवेदकों से पैसे लिया गया है। साथ ही हेमंत नायक के विरुद्ध इसी प्रकार से अवैध वसूली करने की भी शिकायतें प्राप्त हुई थी। शिकायत जांच प्रमाणित होने पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरक्षक हेमंत नायक के विरुद्ध अविलंब अपराध दर्ज करने हेतु थाना प्रभारी सिटी कोतवाली को निर्देशित किया गया। उक्त आवेदन जांच पर से थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 670/2025 धारा 166, 419, 409, 384 भादवि एवं 66सी, 66डी आईटी एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। शिकायत जांच पर यह भी पाया गया कि आरक्षक द्वारा फर्जी आईडी बनाते हुए उक्त धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिया गया है। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी आरक्षक हेमंत नायक को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में पदस्थापना के दौरान उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में अग्रिम जांच विवेचना कार्यवाही जारी है। आरक्षक हेमंत नायक जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के उक्त अपराध में संलिप्त होना पाए जाने पर उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

# पैरा मशरूम खाने से एक ही परिवार के 13 लोंगों की बिगड़ी तबियत



■ सभी लोगों का अस्पताल में ईलाज जारी

**बालोद,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के डौंडीलोहारा ब्लॉक अंतर्गत मुड़खुसरा गांव से एक ही परिवार के 13 लोग फूड पॉयजनिंग का शिकार हो गए। सभी को रात में अचानक उल्टी.दस्त और पेट दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार पीड़ित सभी लोग एक शोक कार्यक्रम में शामिल हुए थे जिसमें कुछ मेहमान दूसरे गांव से भी आए थे। कार्यक्रम के बाद सभी ने घर में बना खाना खाया जिसमें मुख्य रूप से पैरा फूटू ;मशरूम सब्जीद्ध परोसी गई थी। खाना खाने के कुछ घंटों के भीतर ही लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। परिवार के 13 सदस्य जिनमें बुजुर्ग, महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं सभी को गंभीर हालत में डौंडीलोहारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टरों ने सभी का तत्काल इलाज शुरू किया और भर्ती कर लिया गया। फिलहाल सभी मरीजों की हालत स्थिर बताई जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि संभवत: भोजन में मौजूद किसी जहरीले तत्व या फफूंदयुक्त पैरा फूट के कारण यह हालत बनी। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि बरसात के मौसम में किसी भी प्रकार के अनजाने खाद्य पदार्थों का सेवन सावधानी से करें।

# यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त 2 लोगों की मौत

**जगदलपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। बस्तर जिले में सोमवार अल सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हुआ. रायपुर से जगदलपुर आ रही मनीष ट्रेवल्स की बस बस्तर थाना क्षेत्र में माजीसा पेट्रोल पंप के पास खड़े ट्रक से टकरा गई. इस हादसे में बस चालक और महिला हेल्पर की मौत हो गई है. हादसे के वक्त बस में 30 से अधिक यात्री सवार थे। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 4 बजे चालक को झपकी आ गई, जिससे बस सीधे सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई. टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक बस में ही बुरी तरह फंस गया. उसे निकालने के लिए कटर मशीन का सहारा लेना पड़ा. स्थानीय पुलिस और रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया. फिलहाल, बाकी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।



# प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं: सीएम

**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य में रासायनिक उर्वरको कोई कमी नहीं हैं। खरीफ सीजन 2025 के लिए सभी प्रकार के रासायनिक उर्वरक सहकारी समितियों एवं नीजि विक्रय केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। वैश्विक परिस्थिति के चलते डीएपी खाद के आयात में कमी को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा इसके विकल्प के रूप में अन्य रासायनिक उर्वरकों की भरपूर आपूर्ति एवं वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

राज्य में डीएपी की आपूर्ति में कमी से किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो इसको ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा इसके विकल्प के रूप में 179000 बॉटल नैनो डीएपी, एनपीके उर्वरक का लक्ष्य से 25 हजार मेट्रिक टन अधिक तथा एसएसपी का निर्धारित लक्ष्य से 50 हजार मेट्रिक टन का अतिरिक्त भंडारण किया गया है। पोटाश के निर्धारित लक्ष्य 60 हजार मेट्रिक टन के विरूद्ध अब तक 77 हजार मेट्रिक टन से अधिक म्यूरेट ऑफ पोटाश का भंडारण किया गया है। नैनो डीएपी जो कि ठोस डीएपी के विकल्प के रूप में बीज/थरहा, जड़ उपचार एवं बोआई/रोपाई के पश्चात खड़ी फसल में छिड़काव के लिए उपयोगी है। नैनो डीएपी की निरंतर आपूर्ति राज्य में सरकार द्वारा सुनिश्चित की गई है।

चालू खरीफ सीजन के लिए डीएपी उर्वरक के निर्धारित 3.10 लाख मेट्रिक टन लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 1 लाख 63 मेट्रिक टन से अधिक का भंडारण हो चुका है। डीएपी की आपूर्ति निरंतर जारी है। अभी जुलाई माह में 48 हजार मेट्रिक टन डीएपी उर्वरक की आपूर्ति राज्य को होगी। राज्य के सहकारी क्षेत्र में उर्वरकों का भंडारण प्राथमिकता के आधार पर कराया गया है। राज्य के सहकारी क्षेत्र में डीएपी उर्वरक की उपलब्धता राज्य की कुल उपलब्धता का 62 प्रतिशत है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक कुल 13.18 लाख

■ डीएपी की कमी को पूरा करने एनपीके, एसएसपी और नैनो डीएपी का भरपूर स्टॉक

■ राज्य में 1,79,000 बॉटल नैनो डीएपी भंडारित, निरंतर आपूर्ति जारी

मेट्रिक टन का भंडारण किया जा चुका है, जो गत वर्ष इसी अवधि में भंडारित 12.79 लाख मेट्रिक टन से लगभग 38 हजार मेट्रिक टन अधिक है। इस वर्ष एनपीके और एसएसपी का लक्षित मात्रा से क्रमश: 25,266 मेट्रिक टन एवं 71,363 मेट्रिक टन अधिक भंडारण किया गया है, जो डीएपी के विकल्प के रूप में उपयोग किया जा रहा है। राज्य में यूरिया 6 लाख मेट्रिक टन अधिक का भंडारण हुआ है। जुलाई एवं आगामी माह में यूरिया के शेष मात्रा की आपूर्ति होगी।

यहां यह उल्लेखनीय है कि धान में यूरिया का उपयोग तीन बार किया जाता है। प्रथम बार बोआई/रोपाई के समय में, दूसरी बार कंसा निकलने के समय में बोआई/रोपाई से तीन चार सप्ताह बाद एवं तीसरी बार गभोट अवस्था में बोआई/रोपाई के 7 से 8 सप्ताह बाद, इस प्रकार यूरिया का सितम्बर माह के मध्य तक उपयोग किया जाता है। डीएपी उर्वरक का 1.63 लाख मेट्रिक टन भंडारण हुआ है। जुलाई माह के सप्लाई प्लान के अनुसार राज्य को 48 हजार 850 मेट्रिक टन डीएपी और मिलेगी।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जुलाई माह में 25 हजार टन एनपीके की आपूर्ति संभावित है। एनपीके की अतिरिक्त आपूर्ति को मिलाकर कुल अतिरिक्त एनपीके 50 हजार 266 मेट्रिक टन से 22 हजार मेट्रिक टन डीएपी प्रतिपूर्ति होगी। इसी तरह एसएसपी की कुल अतिरिक्त आपूर्ति 1.47 लाख मेट्रिक टन से 50 हजार मेट्रिक टन डीएपी की प्रतिपूर्ति होगी। इस प्रकार राज्य में एनपीके और एसएसपी के अतिरिक्त आपूर्ति से 72 हजार मेट्रिक टन डीएपी की प्रतिपूर्ति सुनिश्चित होगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि डीएपी खाद की कमी को लेकर किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

**NECC**

| 15.07.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 490 | 68 | 165 |
| चिल्हर | 6.00 | 90 | 190 |

डिलीवरी 505 सैकड़ा
दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

अब तो शक की इंतहा ही हो गई।
बीवी- तुम्हारे शर्ट पर एक भी बाल नहीं है।
सोनू- हां तो क्या?
बीवी- सच-सच बताओ कौन थी वह गंजी?

## संपादकीय

### एनएचएम कर्मियों के मुद्दे हल हों

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राज्य में कार्यरत 16 हजार कर्मचारी पुन: हड़ताल पर जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने अपनी एक अर्से से लम्बित मांगों को लेकर मंगलवार व बुधवार को काम बन्द करने का ऐलान किया है। इन मांगों को लेकर ये कर्मचारी पहले भी आंदोलन कर चुके हैं। वैसे तो ये 10 जुलाई से ही चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं जिसके तहत यह कामबन्दी की जायेगी। 15 जुलाई तक ये कर्मी काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। संविदा कर्मचारियों के रूप में कार्यरत इस महत्वपूर्ण मानव संसाधन पर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बड़े पैमाने पर टिकी हैं। इनके काम बन्द करने से निश्चित ही जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसलिये सरकार को चाहिये कि वह संघ के प्रतिनिधियों के साथ सहानुभूतिपूर्वक बातचीत कर उनके मुद्दों का हल निकाले। विपक्ष में रहते हुए सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के कई नेता संघ की मांगों को जायज ठहरा चुके हैं।

पिछले दो वर्षों से संविदा कर्मचारी जो मांगें कर रहे हैं, उनमें प्रमुख हैं- उनका संविलयन, वेतन वृद्धि, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे का निर्धारण आदि। राज्य के विभिन्न जिला अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक ये संविदा कर्मचारी लोगों के स्वास्थ्य की देख-भाल कर रहे हैं। जिस वर्ग के कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगे उनमें डॉक्टर, नर्सें, फार्मासिस्ट, लैब, एक्सरे टेक्नीशियन, कार्यालयीन व हाऊस कीपिंग स्टाफ, सफाईकर्मी आदि हैं।

किसी भी अस्पताल-मेडिकल कॉलेज में जाकर देखा जा सकता है कि ये कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में नियमित कर्मचारियों का कंधे से कंधा मिलाकर साथ निभाते हैं। टीबी, कुष्ठ, मलेरिया आदि की रोक-थाम में इनका अहम रोल होता ही है, पैथालॉजी सम्बन्धी जांच, मरीजों को दवाइयां पिलानी व उनका वितरण, टीके व सुइयां लगाना उनका दायित्व होता है। स्कूलों तथा आंगनबाड़ियों में बच्चों के सेहत की जांच, शिशुओं की देख-भाल, पोषण, पुनर्वास केन्द्र, वरिष्ठ व बीमार नागरिकों की फिजियोथेरेपी, गांवों के आयुष्मान केन्द्रों की ओपीडी का संचालन जैसी जिम्मेदारियां भी वे ही निभा रहे हैं। ऐसे ही, मौसमी रोगों के प्रसार को रोकने में भी उनका बड़ा योगदान होता है।

कहने को ये संविदा कर्मचारी होते हैं लेकिन वे किसी भी नियमित कर्मचारियों के बराबर और कुछ मामलों में तो उनसे बढ़कर काम करते हैं। उनके कामों के घंटों को देखें तो वे पूरा समय लगाते हैं जबकि उनके वेतन वर्तमान महंगाई को देखते हुए बहुत कम होते हैं। अक्सर ये संविदा कर्मचारी बाहरी गांवों या शहरों में रहते हैं जिसके कारण उन पर और भी कई तरह के खर्च होते हैं। इसके चलते वे अपने परिवार का भरण-पोषण समुचित ढंग से नहीं कर पाते। लगभग सभी राजनीतिक दल उनकी मांगों से सहमति जता चुके हैं। सरकार को चाहिये कि वह घोषित हड़ताल को टाले।

# ग्रामीणों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : महेश कश्यप



**सांसद ने किया 46 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास**

**सुकमा,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। बस्तर सांसद महेश कश्यप सोमवार को छिंदगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत उरमापाल में आयोजित लोकार्पण शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। जिलास्तरीय कार्यक्रम उरमापाल में सीसी सड़क चौक से स्कूल तक एवं 2 मीटर पुलिया सहित जिसकी लागत 19.99 लाख रुपये और नवीन हाईस्कूल गुम्मा में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य 440 मीटर जिसकी लागत 26.14 लाख रुपये का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी, सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम, सरपंच उरमापाल देवाराम मरकाम, सरपंच गुम्मा विमला नाग, सोयम मुका, पार्वती प्रधानी तथा अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जनजातीय वर्ग के समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हो रही है। उनके नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर निरन्तर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ राज्य में भी हर वर्ग हर क्षेत्र का विकास हो रहा है। गांव गांव में पक्का मकान बन रहा है, उज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन से महिलाओं को बहुत राहत मिली है। महतारी वंदन योजना से 70 लाख माताओं-बहनों को 1000 रुपये प्रतिमाह दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसानों का कल्याण हो रहा है। जन जन तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। दूरस्थ वनांचलों में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं और शिविर लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। सुशासन तिहार में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों का दौरा किया। सुशासन तिहार और समाधान शिविर से जनकल्याण की बुनियाद >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# प्रथम सावन सोमवार पर निकाली भव्य कांवड़ यात्रा



**हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हुआ वातावरण**

**जगदलपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। पवित्र सावन मास के प्रथम सोमवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। कावड़ यात्री पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ परंपरा का पालन करते हुए कावड़ को कंधे पर लेकर मां दंतेश्वरी मंदिर के सामने से छोटे देवड़ा शिव मंदिर के लिए निकले। जगह जगह विभिन्न समाज संगठनों के लोगों ने कावड़ यात्रियों का स्वागत किया। इस क्रम में कावड़ यात्रियों का स्वागत महापौर संजय पाण्डे के नेतृत्व में नगर निगम के एमआईसी के सदस्य एवं पार्षदों ने दंडामी माड़िया चौक में किया। संजय पाण्डे ने दंडामी माड़िया चौक (एयरपोर्ट) के पास हर-हर महादेव के जयकारों के बीच कांवड़ यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं का पैर धोकर स्वागत किया। उन्होंने कहा यह अवसर केवल सेवा का नहीं, बल्कि आस्था और सनातन संस्कृति के उत्सव का प्रतीक है। ऐसा सौभाग्य किस्मत वालों को मिलता है। सनातनी परंपरा के अनुसार उन्होंने एक-एक कर सभी श्रद्धालुओं का पैर धोकर उनको माला पहनकर स्वागत किया। मालूम हो कि आज सावन मास का प्रथम सोमवार है। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। दंतेश्वरी मंदिर के सामने सभी श्रद्धालु एकत्रित हुए। यहां से पैदल सभी महादेव घाट पहुंचे। महादेव घाट से जल भरकर सभी कावड़ लेकर देवड़ा के लिए रवाना हुए। स्वागत करने वालों में नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानिग्राही, लक्ष्मण झा, संजय विश्वकर्मा, त्रिवेणी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जिस ठेले को निगम ने हटवाया उसे महापौर ने व्यवस्थित करवाकर दिया मानवता का परिचय



**जगदलपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। शहर के राउतपारा इलाके में आईकेएफ फाउंडेशन द्वारा संचालित च्भूखे को सोने नहीं देंगेज् अभियान के तहत लगाए गए ठेले को दो दिन पहले नगर निगम द्वारा हटा दिया गया था। सोमवार को महापौर संजय पाण्डे की पहल से निगम की टीम ने दोबारा ठेले को व्यवस्थित किया। महापौर के साथ निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीमाही, लक्ष्मण झा मौजूद रहे। दरअसल मनोरमा नर्सिंग होम (लागू क्लिनिक) के सामने आईकेएफ फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा पिछले कुछ सालों से गरीबों और जरूरतमंदो को भोजन देने के उद्देश्य से ठेला लगाया जाता है। दो दिन पूर्व इस ठेले को नगर निगम दवारा हटा दिया गया था। इस बात की जानकारी जैसे ही महापौर संजय पाण्डे की मिली उन्होंने तत्काल इसे संज्ञान में लिया और मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अपने सामने ठेले को व्यवस्थित करवाया। निगम के कर्मचारियो के मुताबिक इस ठेले से यातायात प्रभावित हो रहा था इसलिए इसे हटाया गया। वहीं महापौर संजय पाण्डे ने बताया अतिक्रमण की जद में आने से इस ठेले को हटाया गया था न कि द्वेष पूर्ण भावना से। चूंकि फाउंडेशन के सदस्य मानवता का परिचय दे रहे हैं और भूखे को भोजन परोस रहे हैं इसलिए लागू क्लिनिक के सामने इसे दोबारा व्यवस्थित किया गया है। इससे यातायात भी प्रभावित नहीं होगा और जरूरतमंदों को भोजन भी मिलेगा। ठेले को व्यवस्थित करने में नगर निगम के राकेश यादव के साथ उनका अमला मौजूद रहा।

आईकेएफ फाउंडेशन के इरफान खान ने बताया पिछले ढाई सालों से इस अभियान के तहत लोगों को निशुल्क भोजन वितरण किया जा रहा है। ठेले को व्यवस्थित करने के लिए उन्होंने संजय पांडे और नगर निगम की पुरी टीम को धन्यवाद दिया।

# आदिवासियों के हितों की रक्षा करने में सरकार नाकाम : डॉ. संदीप



**छत्तीसगढ़ को पूंजीपतियों को सौंपना चाहती है सरकार : मुकेश**

**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, राज्यसभा सांसद और छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ. संदीप पाठक जगदलपुर के दौरे पर हैं, उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आदिवासियों के हितों की रक्षा करने में सरकार नाकाम है। और जैसा सरकार बोल रही है कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलमुक्त कर देंगें पर सरकार जवाब दे की जो लोग सलवा जुडूम विस्थापित हुए थे वे लोग आज कहां हैं? पुनर्वास के तहत जो कैंप में गए थे उनकी वस्तु स्थिति क्या है? सरकार स्पष्ट करें! जो गांव वीरान पड़े हैं वो लोग कहां गए और अगर उनका पुनर्वास नहीं हो पाया है तो सरकार ने क्या कदम उठाए? निश्चित ही सरकार की मंशा जंगल को किसी और के हाथ में देने की है, क्योंकि अगर पुनर्वास नहीं होते हैं तो इसका सीधा मतलब है कि किसी भी प्रकार के ग्राम सभा का आयोजन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सलवा जुडूम आंदोलन के दौरान विस्थापित आदिवासियों के पुनर्वास मामले में स्थिति चिंताजनक है और सरकार छत्तीसगढ़ की जनता को इसका जवाब दे। भाजपा अपने डेढ़ साल के कार्यकाल में ही विफल साबित हो रही है

छत्तीसगढ़ प्रदेश सह प्रभारी, उप नेता विपक्ष, दिल्ली, मुकेश अहलावत ने कहा कि छत्तीसगढ़ को साय सरकार उद्योगपतियों के हवाले करना चाहती है। राज्य में अडानी के लिए लाखों पेड़ काटे जा रहें हैं और मुख्यमंत्री च्एक पेड़ मां के नामज् का दिखावा कर रही है। सरकार आदिवासियों के रोजगार की व्यवस्था आज तक नहीं कर पायी है. पुनर्वास की व्यवस्था करने में सरकार फेल रही है। आदिवासियों के लिए अच्छे स्कूलों की व्यवस्था नहीं कर पा रही है। राज्य सरकार आदिवासी अंचल में स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया क्यों नहीं कर पा रही है, आज भी अगर कोई बड़ी घटना घटती है तो उनका इलाज दंतेवाड़ा बीजापुर में कराना पड़ता है। पाँचवी अनुसूची होने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लगता है उद्योगपतियों से विष्णुदेव साय ने पूरे छत्तीसगढ़ को उजाड़ने का ठेका ले लिया है। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि सरकार पन विद्युत परियोजना के प्रभावित 53 गांव में ग्राम सभा क्यों नहीं करवा रही है। विस्थापित आदिवासी परिवारों को आज भी बुनियादी पहचान, भूमि, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रखा गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों पर तत्काल अमल हो, हथियार की रिकवरी और पुनर्वास योजनाओं का क्रियान्वयन होना चाहिए। विस्थापित आदिवासियों को जल जंगल जमीन पर अधिकार मिलना चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव वदूद आलम, प्रदेश संगठन महामंत्री जसबीर सिंग चावला, प्रदेश महासचिव (सोशल मीडिया, मीडिया प्रभारी), मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तम जायसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु चंद्रा, रायपुर लोकसभा अध्यक्ष अज़ीम खान, रायपुर लोकसभा महासचिव प्रदुमन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य कांकेर देवलाल नरेटी, प्रदेश उपाध्यक्ष बल्लूराम भवानी, प्रदेश संगठन मंत्री समीर खान, प्रवक्ता तरुणा बेदरकर, लोकसभा अध्यक्ष नरेंद्र नाग, संजीत विश्वकर्मा बस्तर जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, इमरान खान, शिव शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दीपक बैज के जन्मदिन पर बकावंड अस्पताल में कांग्रेसियों ने किया मरीजों को फल वितरण



**जगदलपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के जन्मदिन के अवसर पर सोमवार को बकावंड अस्पताल में एक सेवा भावनापूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व बस्तर जिला एनएसयूआई के ग्रामीण जिलाध्यक्ष एवं कोसमी पंचायत के युवा सरपंच नीलम कश्यप ने किया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण कर उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीपक बैज के प्रति शुभकामनाओं और सेवा संकल्प के साथ हुई। फल वितरण के इस आयोजन में नीलम कश्यप ने यह संदेश दिया कि व्यक्तिगत खुशी के अवसरों को जनसेवा में बदलकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। अस्पताल में मरीजों को फल बांटते समय युवाओं की ऊर्जा और संवेदनशीलता साफ झलक रही थी। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने भी इस कार्य की सराहना की और कांग्रेस संगठन की समाज के प्रति प्रतिबद्धता को महसूस किया। इस अवसर पर कई स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं, जनपद सदस्य तुंगापाल सरपंच पंच, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भाग लिया। सभी ने दीपक बैज के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनके नेतृत्व की प्रशंसा की। नीलम कश्यप द्वारा किया गया यह आयोजन प्रेरणादायक रहा, युवाओं को समाज सेवा की दिशा में सक्रिय होने का संदेश भी दे गया।

# बस्तर सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक



**शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने आपसी सामंजस्य से कार्य करें अधिकारी, हितग्राहियों को योजनाओं का शत-प्रतिशत दें लाभ : महेश कश्यप**

**सुकमा,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। बस्तर सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में सोमवार को जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति यानी दिशा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में राज्य महिला आयोग सदस्य दीपिका सोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष मंगम्मा सोयम, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन सहित भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे, जनपद पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, जिला व जनपद पंचायत सदस्य और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद महेश कश्यप ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को कहा कि आमजनों तक शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करें। विभागीय अधिकारी लोकहित को ध्यान रख अपने दायित्वों का गम्भीरता से निर्वहन करें। पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिले, योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यही शासन की मंशा है। बैठक में एजेंडा वार चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाएं। योजनांतर्गत निर्माणाधीन आवासों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से जल्द पूर्ण कराएं। सांसद श्री कश्यप ने मनरेगा के तहत पंजीकृत कुल जॉब कार्डधारियों की जानकारी ली तथा कहा कि जॉब कार्ड प्राप्त श्रमिकों का श्रम विभाग के अंतर्गत पंजीयन भी सुनिश्चित करें जिससे श्रमिकों के लिए निर्धारित योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने मनरेगा एवं श्रम विभाग द्वारा आपसी समन्वय के साथ प्राथमिकता के साथ अभियान के तौर पर यह कार्य सुनिश्चित करने निर्देशित किया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक एवं व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय निर्माण की प्रगति की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि शौचालयों में स्वच्छता एवं पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें और लोगों में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत, प्रगतिरत एवं निर्माणाधीन सड़कों की जानकारी ली। सांसद श्री कश्यप के द्वारा बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए आयुष्मान कार्ड पंजीयन, स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न कार्यक्रमों के प्रगति की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जल-जनित बीमारियों के रोकथाम एवं बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त तैयारी रखने के निर्देश दिए गए। उपसंचालक कृषि ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, परम्परागत कृषि विकास योजना, फसल प्रदर्शन और बीज की मांग एवं उपलब्धता की जानकारी दी, जिस पर सांसद ने समय पर किसानों को खाद एवं बीज उपलब्ध कराने कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने शिक्षा विभाग को शाला प्रवेशोत्सव से पूर्व छात्र- छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां पूर्ण किए जाने निर्देशित किया। जिला खाद्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि राशन दुकानों में पर्याप्त मात्रा में राशन उपलब्ध हो, वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता ना रहे। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अंतर्गत जल जीवन मिशन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को कहा कि वर्तमान में बारिश और तूफान में बिजली बंद की शिकायत मिल रही है, इसलिए पूर्व तैयारी कर लें ताकि आमजनों को समस्या ना हो। बैठक में पोलावरम बांध परियोजना में बाढ प्रभावित क्षेत्रों की >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बस्तर संभाग में अब तक एक लाख 15 हजार किसानों को 600 करोड़ रुपए फसल ऋण वितरित



**लैम्पस समितियों के माध्यम से 58159 मैट्रिक टन खाद एवं**

**जगदलपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। खरीफ फसल सीजन 2025 के अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर द्वारा समूचे बस्तर संभाग में अब तक करीब एक लाख 15 हजार किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर 600 करोड़ रुपए अल्पकालीन फसल ऋण प्रदान किया गया है। वहीं आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से 58 हजार 159 मैट्रिक टन उर्वरक तथा 33062 चिंटल बीज किसानों को उपलब्ध कराया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर केएस ध्रुव ने इस बारे में बताया कि कलेक्टर बस्तर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर हरिस एस के निर्देशन में शासन की महत्वाकांक्षी योजना सहकार से समृद्धि अंतर्गत बस्तर अंचल के कृषकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में खरीफ फसल सीजन 2025 के तहत किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पकालीन फसल ऋण वितरण लक्ष्य 950 करोड़ रुपए के एवज में अब तक एक लाख 14 हजार 929 कृषकों को 600 करोड़ 74 लाख रुपए ऋण प्रदान किया गया है। साथ ही एक लाख 06 हजार 65 मैट्रिक टन खाद वितरण लक्ष्य के विरुद्ध 71772 मैट्रिक टन भंडारण कर अब तक 58 हजार 159 मैट्रिक टन उर्वरक किसानों को वितरित किया जा चुका है। वहीं 54 हजार 648 चिंटल बीज वितरण लक्ष्य के एवज में 40 हजार 587 चिंटल भंडारण कर 33 हजार 62 चिंटल बीज कृषकों को वितरित किया गया है। अल्पकालीन फसल ऋण वितरण के तहत बस्तर जिले के 24256 किसानों को 162 करोड़ 53 लाख रुपए, कोंडागांव के 23301 कृषकों को 122 करोड़ 63 लाख रुपए, नारायणपुर के 4351 किसानों को 25 करोड़ 66 लाख रुपए, कांकेर जिले के 45921 कृषकों को 186 करोड़ 93 लाख रुपए, दंतेवाड़ा के 1943 किसानों को 12 करोड़ 79 लाख रुपए, सुकमा के 7359 कृषकों को 41 करोड़ 04 लाख रुपए तथा बीजापुर जिले के 7798 किसानों को 49 करोड़ 16 लाख रुपए फसल ऋण प्रदान किया गया है। सीईओ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर ने जानकारी में बताया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से वर्तमान खरीफ फसल सीजन के अंतर्गत अब तक बस्तर जिले में 13963 मैट्रिक टन, कोंडागांव में 14679 मैट्रिक टन, नारायणपुर में 2105 मैट्रिक टन, कांकेर जिले में 23884 मैट्रिक टन, सुकमा में 1615 मैट्रिक टन तथा बीजापुर जिले में 1913 मैट्रिक टन खाद कृषकों को वितरित किया जा चुका है। वहीं दंतेवाड़ा जिला जैविक खेती जिला होने के कारण यहां पर कृषकों को उर्वरक प्रदाय नहीं किया गया है। खरीफ फसल हेतु बीज वितरण के तहत बस्तर जिले में अब तक 7645 चिंटल, कोंडागांव में 3674 चिंटल, नारायणपुर में 1337 चिंटल, कांकेर जिले में 8397 चिंटल, दंतेवाड़ा में 2184 चिंटल, सुकमा में 2372 चिंटल और बीजापुर जिले में 7453 चिंटल बीज किसानों को वितरित किया गया है। उन्होंने बताया कि डीएपी खाद के विकल्प के तौर पर एसएसपी एवं एनपीके खाद पर्याप्त मात्रा में भंडारण कराया गया है। वर्तमान में अल्पकालीन फसल ऋण वितरण जारी है और फसल ऋण वितरण के तहत सुगन्धित धान, मिलेट्स फसल कोदो-कुटकी एवं रागी सहित मक्का, उड़द, मूंग, अरहर जैसी दलहन व मूंगफली तिलहन और उद्यानिकी फसल के लिए भी किसानों को अभी तक कुल 30 करोड़ 74 लाख रुपए फसल ऋण प्रदाय किया जा चुका है।

# युवा उद्यमशिलता को मंच देगा स्टार्टअप दंतेवाड़ा- कलेक्टर

- युवाओं को मिलेगा बिजनेस का आइडिया
- 13 अगस्त को गीदम यूथ हब में भव्य आयोजन
- पंजीयन 20 तक, युवाओं के सपनों को मिलेगा उड़ान का मंच

**दंतेवाड़ा**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। बस्तर और खासकर दक्षिण बस्तर में उद्यमशिलता को बढ़ाने प्रशासन लगातार नवाचार को आधार बना रहा है। बस्तर ओलंपिक से खेल, बस्तर पंडूम से खान-पान, संस्कृति एवं कला को बढ़ावा देने के बाद अब अगला और निर्णायक कदम युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। स्टार्टअप हंट दंतेवाड़ा इसी पहल की शुरूआत है। कलेक्टर कुणाल दुदावत इस नवाचार को लेकर बेहद उत्साहित हैं और क्रांतिकारी कदम भी बताते हैं। उनके मुताबिक इस आयोजन से युवाओं में अपनी उद्यमशिलता को लेकर एक नया आत्म विश्वास जागृत होगा।



दंतेवाड़ा जिला प्रशासन एक बार फिर नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम उठा रहा है। इस बार फोकस है युवाओं की उद्यमशीलता पर। स्टार्टअप हंट दंतेवाड़ा 2025 नामक यह आयोजन, शार्क टैंक की तर्ज पर 13 अगस्त को यूथ हब, गीदम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले के युवा अपने बिजनेस आइडियाज को निवेशकों और विशेषज्ञों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इस अनूठे कार्यक्रम का उद्देश्य है जिले में स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना, स्थानीय रोजगार के अवसर पैदा करना और युवाओं को आर्थिक विकास का भागीदार बनाना। प्रतियोगिता में 16 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वे युवा भाग ले सकते हैं, जिनके पास कोई नया व्यावसायिक विचार है या जिन्होंने अपना स्टार्टअप शुरू किया है। भागीदारी व्यक्तिगत या टीम के रूप में की जा सकती है।

स्टार्टअप हंट दंतेवाड़ा 2025 सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक व्यापक मंच है जहाँ चयनित प्रतिभागियों को न केवल विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में आइडिया पिच करने का मौका मिलेगा, बल्कि फंडिंग, मेंटरशिप, प्रशिक्षण, नेटवर्किंग और मार्केट एक्सेस जैसी सुविधाएं भी दी जाएंगी। इसके अलावा, स्टार्टअप्स को तकनीकी सहयोग और जिला प्रशासन का संस्थागत समर्थन भी मिलेगा, जिससे वे अपने व्यवसाय को सशक्त रूप से आगे बढ़ा सकें। यह पहल दिखाती है कि दंतेवाड़ा अब सिर्फ प्राकृतिक सौंदर्य या खनिज संपदा के लिए ही नहीं, बल्कि नवाचार, आत्मनिर्भरता और स्टार्टअप संस्कृति के नए केंद्र के रूप में भी अपनी पहचान बना रहा है। पंजीयन की प्रक्रिया 13 जुलाई से शुरू होकर 20 जुलाई तक चलेगी। इच्छुक प्रतिभागी स्टार्टअप हंट दंतेवाड़ा रजिस्ट्रेशन फॉर्म लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए यूथ हब मैनेजर से संपर्क करें 7000453917 स्टार्टअप हंट दंतेवाड़ा 2025 निश्चित रूप से जिले के युवाओं के लिए एक नई उम्मीद, नया मंच और नए अवसरों का द्वार साबित होगा, जहां विचार सिर्फ कागज पर नहीं, जमीन पर उतरेंगे।

# भक्त ने मांई दंतेश्वरी से मांगा अपना प्यार

- दान पेटी से निकली मांई जी के लिए लिखी चिट्ठी
- हिन्दी के साथ तेलगु में भी लिखी थी अर्जियां
- गणना में मिली दानपेटी से 11 लाख 18 हजार की राशि





**दंतेवाड़ा**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। बस्तर की आराध्या मांई दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा में आज दान पेटी खोली गई। सावन सोमवार के पवित्र दिवस पर दान पेटी खोलते हुए भक्तों द्वारा चढ़ाए गए धनराशि की गणना हुई।

दान पेटी में भक्तों ने बड़ी संख्या में दंतेश्वरी मांई के नाम अर्जियां भी लिखकर डाली थी। इन पत्रों में मांई जी से आशीर्वाद की कामना करते हुए कई मन्नत भी मांगी गई। एक पत्र में भक्त ने दंतेश्वरी मांई से अपनी प्रेमिका को मिलाने की गुहार लगायी। कुछ पत्र हिन्दी के अलावा तेलगु में भी लिखी गई थी। भाषा भले ही अलग थी, लेकिन भावना सभी की माई दंतेश्वरी का आशीष और स्नेह पाने की थी। आज दानपेटी से 11 लाख 18 हजार 194 रूपए प्राप्त हुए। 6 महीने पहले भी 7 फरवरी को दान पेटी खोली गई थी, उस दौरान 19 लाख 1 हजार 723 रूपए नगद प्राप्त हुए थे। हर 6 महीने में दान पेटी खोली जाती है। दान पेटी खोलने के दौरान पूर्व पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, कुलदीप ठाकुर, मुकुंद ठाकुर, समेत कई सेवादार रहे। नोट गिनने की मशीन की सहायता से धन राशि की गणना की गई।

उल्लेखनीय है कि 14वीं शताब्दी का यह मंदिर दंतेवाड़ा के साथ ही पूरे प्रदेश में आस्था का महत्वपूर्ण केन्द्र है। देश के 51 शक्तिपीठों में इसकी गणना होती है। साल के दो नवरात्र चैत्र और शारदीय में यहां विशेष पर्व की तरह वातावरण रहता है। मांई दंतेश्वरी के दर्शन और पूजन के लिए दोनों पर्व में हजारों की संख्या में भक्त पहुंचते हैं। 13 दिन के फागुन मंडई के महत्वपूर्ण पर्व में भी ग्रामीण अपने देवी-देवताओं के विग्रह के साथ यहां जुटते हैं और हर दिन मांई दंतेश्वरी की पालकी निकलती है और पूजा होती है।

# किसानों के साथ खेतों में उतरे सीईओ, लगाया श्री विधि रोपा

- ज्ञान, नवाचार और परंपरा के संतुलन के साथ खेती से आयेगी समृद्धि- जयंत
- जैविक दंतेवाड़ा को अग्रिम पंक्ति में लाने की एक और सशक्त पहल
- जैविक खेती को प्रोत्साहित करने किसानों बीच पहुंच रहे अफसर



**दंतेवाड़ा**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन दंतेवाड़ा एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास, तथा कृषक उत्पादक संगठन भूमगादी के सक्रिय सहयोग से जिले में जैविक खेती को वैज्ञानिक आधार पर प्रोत्साहित करने हेतु एक विशेष मिशन मोड अभियान प्रारंभ किया गया है। आज इस अभियान की प्रायोगिक शुरुआत के तहत विकासखंड गीदम के ग्राम सियानार के खेतों में जाकर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने स्वयं, कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ श्री विधि से रोपा लगाया। इस दौरान उपसंचालक कृषि सूरज पंसारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अशोक नेताम, एसआर नेताम, भूमगादी के सीईओ आकाश बढ़वे, आरएईओ सुरेश नाग, जैविक क्लस्टर समन्वयक उदय यादव, क्षेत्रीय कृषक मित्र एवं प्रगतिशील किसान मौजूद रहे। श्री विधि लगाने वाले किसान के खेत में रोपा लगाकर सीईओ श्री नाहटा ने किसानों के साथ संवाद करते हुए उन्हें वैज्ञानिक एवं जैविक विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती और श्री विधि जैसे नवाचार आज की आवश्यकता हैं, जो न केवल उत्पादन को बढ़ाते हैं, बल्कि हमारे जल, मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा भी करते हैं। आज का किसान तभी सशक्त बनेगा जब वह ज्ञान, नवाचार और परंपरा के संतुलन के साथ खेती करेगा। मेरा आह्वान है कि जिले के सभी किसान इस अभियान से जुड़ें और जैविक दंतेवाड़ा को कृषि के क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में खड़ा करें।

इस अभियान का मूल उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को व्यापक रूप से अपनाना है। यह पहली बार है, जब जिले में बड़े स्तर पर वैज्ञानिक तरीके से श्री विधि एवं कतार रोपा विधि को अपनाकर धान की खेती को नया आयाम देने का संकल्प लिया गया है। अभियान के अंतर्गत 6 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में उन्नत विधियों से खेती का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 15 सौ हेक्टेयर क्षेत्र में विशेष रूप से श्री विधि को लागू किया जा रहा है। श्री विधि धान उत्पादन की एक आधुनिक, वैज्ञानिक एवं पर्यावरण-संवेदनशील पद्धति है, जिसके माध्यम से कम संसाधनों के उपयोग से अधिक उत्पादकता प्राप्त की जाती है। इस विधि की प्रमुख विशेषताएं यह है। 12 से 15 दिन की आयु के स्वस्थ पौधों का कतार में एकल रोपण, जिससे प्रत्येक पौधे को पर्याप्त स्थान, पोषण और प्रकाश मिल पाता है। नियमित निराई-गुड़ाई द्वारा वायु संचार को बढ़ावा, जिससे पौधों की जड़ प्रणाली मजबूत होती है और खरपतवार नियंत्रण होता है। जैविक पोषक तत्वों जैसे जीवामृत, गोमूत्र, वर्मी कम्पोस्ट, हंडी खाद आदि का समुचित उपयोग, जो मिट्टी की उर्वरता एवं पौधों की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। संतुलित सिंचाई प्रणाली, जिसमें खेत में स्थायी जल भराव के स्थान पर आवश्यकतानुसार जल प्रदान किया जाता है, जिससे जल संरक्षण संभव हो पाता है।

उल्लेखनीय है कि उन्नत खेती अभियान के अन्तर्गत जिले भर के कृषि अधिकारी, विकास अधिकारी व कर्मचारी इस मिशन को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इसके अलावा भूमगादी के जैविक कार्यकर्ता प्रायोगिक खेतों के माध्यम से किसानों को श्री विधि व कतार रोपा विधि का सजीव प्रदर्शन करने के साथ-साथ किसानों को जैविक इनपुट जैसे जीवामृत, नीम आधारित कीटनाशक, हंडी खाद, वर्मी कम्पोस्ट आदि के उपयोग की तकनीकी जानकारी और लाभ विस्तार से बता रहे हैं। इस व्यापक अभियान का मूल उद्देश्य जिले में कृषि उत्पादकता में गुणात्मक सुधार जैविक उत्पादों की गुणवत्ता में वृद्धि प्राकृतिक संसाधनों, जल, मिट्टी, पर्यावरण का संरक्षण तथा किसानों की आय में दीर्घकालिक एवं स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना है। यह प्रयास आने वाले समय में दंतेवाड़ा को देश के प्रमुख जैविक कृषि मॉडल जिलों में स्थान दिलाने में सहायक सिद्ध होगा। यहाँ के अनुभव, नवाचार और सफलता की कहानियाँ देश के अन्य भागों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगी।

# शिवालयों में दिन भर गूंजता रहा ओम नमः शिवाय

- सावन के पहले सोमवार पर भक्तों का तांता
- ऐतिहासिक और नये मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु
- विशेष श्रृंगार, रूद्राभिषेक और भजन-कीर्तन में बीता दिन





**दंतेवाड़ा**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। सावन के पहले सोमवार पर दंतेवाड़ा के सभी शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह से ही भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

दंतेवाड़ा की सुरभि कालोनी स्थित श्रीराम लिंगेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ रूद्राभिषेक भी हुआ। इसमें बड़ी संख्या में कालोनी वासी शामिल हुए। भजन-कीर्तन के बीच सावन का पहला सोमवार बीता। इस दौरान भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार भी किया गया था। इसी तरह शहर के दंतेश्वरी मंदिर मार्ग के शिव मंदिर, भैरमबाबा मंदिर, दंतेश्वर्य महादेव मंदिर, सीएसईबी कालोनी, जिला अस्पताल परिसर, पुराना कलेक्टोरेट, पुलिस लाईन कारली, चिंतालंका, टेकनार, रेल्वे कालोनी के शिवालयों में भी विशेष पूजा-अर्चना हुई। इसके साथ ही बारसूर, समलूर, गुमरगुंडा के ऐतिहासिक शिव मंदिरों में भी भक्त बड़ी संख्या में जुटे थे। इसी तरह बचेली, किरन्दुल, नकुलनार के शिव मंदिरों में भी सावन के प्रथम सोमवार पर भक्तों का उत्साह नजर आया। इस बार सावन में चार सोमवार पड़ने वाले हैं। आज पहला सोमवार बीत गया और अब तीन सोमवार की प्रतीक्षा श्रद्धालुओं को रहेगी। आज के दिन भक्त व्रत और पूजन कर भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करते हैं और उनका आशीर्वाद पाते हैं।

श्रावण मास में शिव पूजन की विशेष महत्ता रहती है। दक्षिण बस्तर में प्राचीन समय से ही भगवान भोलेनाथ की आराधना होती रही है। इसके प्रमाण यहां मिलने वाले प्राचीन शिवलिंग है। दंतेश्वरी मंदिर के आगे भैरमबाबा का मंदिर है। इसके आस-पास के हिस्से में भी प्राचीन शिवलिंग मौजूद है, जिसकी लोग पूजा-अर्चना करते हैं। इसके संरक्षण और संवर्धन की भी जरूरत है। भैरमबाबा के मंदिर में भगवान शिव का पूरा दरबार शिवलिंग के साथ मौजूद है। यहां जलहरि के साथ कई शिवलिंग है जो लोगों के लिए आस्था और आकर्षण का केन्द्र भी है। समलूर का शिव मंदिर भी ऐतिहासिक माना जाता है। यहां एक विशेष बड़ी जलहरि में शिवलिंग है। मंदिर भी काफी पुराना है। गुमरगुंडा का शिवमंदिर काशी विश्वनाथ की तर्ज पर बनाया गया है। दक्षिण के कारीगरों ने इसे भव्य रूप से बनाया है। यहां सावन में ही नहीं बल्कि महाशिवरात्रि पर भी भगवान सोमेश्वर नीलकंठ की विशेष पूजा-आराधना होती है। भक्त हजारों की संख्या में जुटते हैं और मेला जैसा माहौल रहता है। इलाके में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की समृद्धशाली परम्परा ने इस अंचल को पौराणिक तीर्थ की भी महत्ता प्रदान की है, जो दक्षिण बस्तर के सांस्कृतिक और पुरातात्विक समृद्धि की नींव भी है।

## गुंडरापारा के निवासियों को बड़ी राहत मिली



**फरसगांव**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। केशकाल विकासखंड के ग्राम हरवेल स्थित गुंडरापारा के निवासियों को बड़ी राहत मिली है। पिछले दो महीने से खराब पड़ा सोलर ड्यूल पंप संयंत्र सफलतापूर्वक मरम्मत के बाद फिर से चालू हो गया है। यह त्वरित कार्वाई ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत किए जाने के बाद की गई।

जनदर्शन सत्र के दौरान, गुंडरापारा के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना को अपने गांव में स्थापित सोलर ड्यूल पंप संयंत्र की लंबी खराबी के बारे में अवगत कराया था और उसकी मरम्मत के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। शिकायत का तुरंत संज्ञान लेते हुए, कलेक्टर पन्ना ने क्रेडा (छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी) विभाग के अधिकारियों को सोलर संयंत्र में आवश्यक मरम्मत कार्य करने का निर्देश दिया था।

कलेक्टर के निर्देश पर, क्रेडा विभाग ने तत्काल सोलर ड्यूल पंप संयंत्र की मरम्मत का कार्य किया, जिससे वह पूरी तरह से काम करने योग्य हो गया। पंप के अब चालू हो जाने से जल जीवन मिशन के तहत गुंडरापारा के निवासियों को पानी की समस्या से निजात मिल गई है, जिससे उन्हें काफी राहत मिली है।

# नये मतदाताओं को समझाया, हर वोट महत्वपूर्ण

- एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक कॉलेज जागरूकता अभियान
- मतदाता सूची, वोटर आईडी और मतदान की दी गई जानकारी



**दंतेवाड़ा**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक कॉलेज जावंगा में आज स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य भावी मतदाताओं, विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को मतदान के अधिकार और उसकी अहमियत के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया, वोटर आईडी कार्ड बनवाने की जानकारी, और मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक वोट की अहम भूमिका होती है और जागरूक मतदाता ही अच्छे शासन की नींव रखता है। इस अवसर पर युवाओं को यह प्रेरणा दी गई कि वे समय पर अपना वोटर आईडी बनवाएं और आगामी चुनावों में जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए मतदान अवश्य करें। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि उनमें मतदान के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना भी विकसित करना था। यह पहल युवा पीढ़ी को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रेरित करेगी और दंतेवाड़ा जिले में समावेशी एवं सशक्त लोकतंत्र की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी।

# बस्तर की सांस्कृतिक पहचान को दूरदर्शन पर लाया बालेंगा के रहटीपारा लिंगो गोटुल मांदरी टीम



**फरसगांव/विश्रामपुरी**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। बस्तर की हजारों साल पुरानी आदिवासी संस्कृति और रीति-रिवाज एक बार फिर सुर्खियों में है, इस बार दूरदर्शन केंद्र जगदलपुर के माध्यम से बड़ेराजपुर ब्लॉक के हरवेल उपखंड स्थित राहटीपारा, बालेंगा की लिंगो गोटुल मांदरी टीम ने पहली बार दूरदर्शन पर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया। यह प्रयास बस्तर की असली पहचान - उसकी सांस्कृतिक विरासत को युवा पीढ़ी द्वारा आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

सांस्कृतिक विरासत ही बस्तर की असली पहचान, युवा पीढ़ी जिम्मेदारी को बढ़ा रही आगे - मांदरी नृत्य शीर्षक के साथ, टीम ने अपने पारंपरिक मांदरी नृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ की विविधतापूर्ण संस्कृति में बस्तर के अनूठे स्थान को उजागर किया। टीम के अध्यक्ष फुलदास नेताम, उपाध्यक्ष सुरेश नेताम, गायक सहदेव नेताम, गायिका आरती नेताम, सचिव शिवलाल नेताम, और सह सचिव सुरेंद्र नेताम के साथ-साथ कई सदस्यों - दिनेश, रजनू, सतू, सुरजन, रूपेश, रमेश, हिरासिंग, चैनू, पद्मावती, अमित्रा, जैयमो, धरमबाई, और रैमा, सातोन - ने इस ऐतिहासिक प्रस्तुति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर सुकमन नेताम जनपद अध्यक्ष, बड़ेराजपुर, फुलसिंग नेताम शिक्षक, सुकमन मरकाम सरपंच, ग्राम बालेंगा, अर्जुन मरकाम पंच, बोधा राम नेताम, और दशरथ नेताम सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस प्रस्तुति का प्रसारण जल्द ही छत्तीसगढ़ दूरदर्शन चैनल पर किया जाएगा, जिससे व्यापक दर्शकों तक बस्तर की मनमोहक संस्कृति पहुंच सकेगी। यह पहल न केवल स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करती है, बल्कि बस्तर की समृद्ध परंपराओं को संरक्षित और प्रचारित करने में भी मदद करती है।

## विधायक नीलकंठ टेकाम ने नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष



## भवन का किया लोकार्पण

**फरसगांव/बड़ेडोंगर**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। केशकाल विधानसभा के लोकप्रिय विधायक, नीलकंठ टेकाम ने, रविवार, 13 जुलाई 2025 को बड़ेडोंगर मंडल मुख्यालय के भैंसाबेड़ा स्थित कन्या आश्रम में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष भवन का लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोपहर 12 बजे आयोजित इस समारोह में विधायक टेकाम के साथ कई जिला पदाधिकारी और वरिष्ठ जन भी मौजूद थे। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामवासी, ग्राम पंचायत पदाधिकारी, वरिष्ठ जन और कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। यह नया अतिरिक्त कक्ष कन्या आश्रम की छात्राओं के लिए बेहतर सुविधाओं और अधिक स्थान उपलब्ध कराएगा, जिससे उनकी शिक्षा और रहन-सहन में सुधार होगा। विधायक टेकाम ने इस अवसर पर शिक्षा के

## प्रादेशिकी का शेष...

### ग्रामीणों के सर्वांगीण...

लिखी गई। जनजाति गौरव वर्ष में आयोजित धरती आबा विकास कार्यक्रम भी जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है। उरमापाल के कार्यक्रम के पश्चात बस्तर सांसद श्री कश्यप छिंदगढ़ पहुंचे और यूको बैंक के नए भवन का शुभारंभ किया।

### प्रथम सावन सोमवार पर...

रंधारी, पार्षद उर्मिला यादव, बसंती समरथ, रोशन सिसोदिया, उमा मिश्रा, पूनम सिन्हा, आशा साहू, जबीता मंडावी, सुधा मिश्रा, गीता नाग, प्रज्ञा आचार्य, अनिल अग्रवाल, रवि ब्रह्मचारी, शंकर लाल गुप्ता, सिकंदर कश्यप, मुन्ना बजरंगी, प्रकाश झा, शशिनाथ पाठक, संजय चंद्राकर, पप्पू वर्मा, मनोज ठाकुर, वीरेन्द्र जोशी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बस्तर सांसद की अध्यक्षता...

समीक्षा, नियद नेल्लानार ग्रामों में विभागीय योजनाओं की प्रगति और विकास, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, डिजीटल भारत भू अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के कार्यों की समीक्षा सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

# बारसूर के बत्तीसा मंदिर में जुटे शिव भक्त, सावन के पहले सोमवार पर विशेष पूजा-अर्चना

- मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक
- ओम नमः शिवाय के उद्घोष से गूंजा मंदिर परिसर



**दंतेवाड़ा**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। रिमझिम बारिश के साथ आज सावन का पहला सोमवार शुरू हुआ। पर्यटन नगरी बारसूर के ऐतिहासिक मंदिर में श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों ने मंत्रोच्चारण के साथ जलाभिषेक किया। हर- हर महादेव और ऊं नमः शिवाय के उदघोष से मंदिर परिसर गूंज उठा।

बारसूर में सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। खासकर महिला और युवतियों की भीड़ ज्यादा देखने को मिली। सावन सोमवार का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने भगवान नीलकंठ को बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, चंदन, दूध, गंगाजल, नारियल, केला आदि पूजा सामग्री अर्पित कर अपने व परिजनों की खुशहाली का वरदान मांगा। पंचाग के अनुसार इस साल 4 सावन सोमवार पड़ रहा है। बत्तीसा मंदिर बारसूर में प्रतिवर्ष श्रावण मास नवरात्रि और शिवरात्रि पर विशेष पूजा- अर्चना की जाती है। वैसे तो साल के बारह मास छत्तीसगढ़ राज्य सहित अन्य सूबे के पर्यटक बारसूर स्थित ऐतिहासिक और पुरातात्विक धरोहर बत्तीसा मंदिर, मामा- भांजा मंदिर, युगल गणेश जी की प्रतिमा को देखने आते ही हैं, लेकिन श्रावण मास शिवरात्रि और नवरात्रि जैसे खास मौके पर बारसूर आने वाले पर्यटक और श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में ज्यादा देखने को मिलती है। मंदिर के पुजारी संतोष राणा ने बताया कि आने वाले दूसरे सावन सोमवार को कांवड़ यात्रा का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। छिंदनार मार्ग स्थित गणेश बहार इंद्रावती संगम से पवित्र जल भर कावड़ियों का जत्था भजन- कीर्तन करते बत्तीसा मंदिर पहुँच शिव जी को जल अर्पित करेंगे। प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी तीसरे या चौथे सावन सोमवार को विशाल भंडारा का आयोजन भी किया जाएगा। थलेश ठाकुर ने बताया कि श्रावण मास में उपवास रखकर बारसूर के प्राचीन शिवमंदिर में पूजा करने वाले श्रद्धालुओं की हर तरह की मन्नत पूरी हो जाती है। खासकर विवाह योग्य युवती जिनकी शादी-ब्याह में किसी तरह की अड़चनें आ रही है तो भोलेनाथ की उपासना से उन्हें मनचाहे वर की प्राप्ति होती है, ऐसा श्रद्धालुओं का अटूट विश्वास है।

# मोहनलाल कोटड़िया की नातीन गुन लेगी दीक्षा, जैन श्री संघ ने किया अभिनंदन

**कोण्डागांव,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। आचार्य भगवन 1008 श्री राम गुरु के सानिध्य में मोहनलाल कोटड़िया की नातीन गुन के दीक्षा लेने के निर्णय पर कोंडागांव जैन श्री संघ द्वारा गुन का अभिनंदन किया गया। कोंडागांव जैन श्री संघ के द्वारा दीक्षार्थी बहना मुमुक्षु बहना गुन जी कवाड़ (धमतरी निवासी) का कोंडागांव आगमन होने पर अभिनंदन किया गया। कोंडागांव में आचार्य भगवन 1008 श्री राम लाल जी के आज्ञानुवर्ती साध्विया श्री श्रुतशिला जी जिनेन्द्र श्री जी प्रतीक्षा श्री जी सुपदम श्री जी आदि ठाना 4 का चौमासा कोंडागांव में चल रहा है, जिसका जैन समाज के द्वारा भरपूर प्रवचन का धर्म ध्यान का लाभ लिया जा रहा है। कोंडागांव जैन श्री संघ के द्वारा कोंडागांव निवासी मोहनलाल कोटडिया की सुपुत्री धर्म सहायिका श्रीमति रिंकू कवाड़ पिता ऋषि कि सुपुत्री गुन कवाड़ का राजस्थान के देशनोक में 9 अगस्त को सांसारिक जीवन त्याग कर साधु जीवन को अपना कर आचार्य भगवन 1008 श्री राम लाल जी, म.सा. के सानिध्य में दीक्षा होगा।



इस कार्यक्रम में जैन समाज के अध्यक्ष हरीश गोलछा, विजयलाल कोटाडिया, शांतिलाल सुराना, मांगी सुराना, मांगी संचेती, उत्तम कोटडिया, महेन्द्र सुराना, सुरेश संचेती, राजमल जैन, राजेंद्र गोलछा, दिलीप जैन, बसंत पारख, ललीत जैन, टीकम गोलछा, नवीन जैन, ज्ञान चंद जैन, जितेंद्र सुराना, तरुण जैन, हरीश जैन, भीखम गोलछा, मुकेश सुराना, विजय गोलछा, श्रीमति ललिता जैन, सरिता जैन, श्रीमति पुष्पा जैन, चंदा सुराना, किरण सुराना, तारा कोटडिया, रोशनी जैन, कंचन जैन आदि समाज के लोग उपस्थित रहे।

# राम मंदिर तालाब के पास हुई सड़क दुर्घटना प्रशासन की लापरवाही का परिणाम - नरेन्द्र

◆ **घटना के लिए जिम्मेदार कर्मचारी-अधिकारियों के खिलाफ हो कार्यवाही- कांग्रेस**

**कोण्डागांव,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। राम मंदिर तालाब के पास हुई ट्रक से स्कूटी सवार युवक को कुचले जाने की दुर्घटना को लेकर कोंडागांव शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन ने प्रेस में बयान जारी कर कहा कि यह दुर्घटना प्रशासन की लापरवाही के चलते हुए है, इस मौत का जिम्मेदार स्थानीय प्रशासन है। नेशनल हाइवे 30 जोकि कोंडागांव शहर से होकर गुजरती है, उससे लगा हुआ राम मंदिर तालाब में भू स्खलन के चलते तालाब से लगी सड़क को दोनों तरफ से नो एंट्री का बोर्ड लगाकर ब्लॉक कर दिया है, ताकि बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके, यह प्रशासन की तारीफ योग्य कदम है। परन्तु शनिवार शाम को उसी ब्लॉक किए गए सड़क में तालाब के पास एक ट्रक, युवक का सर कुचलते हुएघटना स्थल से भाग जाने में सफल होने की घटना सुनने में आया है, मौके पर जाकर देखने से घटना के लिए प्रशासन की लापरवाही साफ झलक रही है, क्योंकि जिस युवक की ट्रक में दबने से मौत हुई है, वह सड़क किनारे पूजा सामग्री, माला, शंख का छोटा दुकान चलाता है और ज़ब वह मार्ग बंद है, तो ट्रक वहाँ तक पहुंची कैसे ? ज़ब मस्जिद व राममंदिर के पास दोनों तरफ से नो एंट्री का बोर्ड लगा है, दोनों तरफ स्टॉपर लगा है, तो नो एंट्री में ट्रक को एंट्री की परमिशन आखिर किसने दी ? सुनने में यह भी आया है कि इस बंद मार्ग में सुबह से ही कार व चार पहिया वाहन चल रही हैं, तो प्रशासन आखिर कहां थी ? यातायात पुलिस केवल अवैध वसूली के लिए है क्या ? अभी हाल ही में कुछ दिन पूर्व यातायात पुलिस द्वारा पैसा लेने देने का वीडियो सोशल मीडिया में बहुत वायरल हो रहा था। हर दूसरे दिन कोंडागांव से लगे अलग-अलग गांव में यातायात पुलिस की उगाही जारी रहती है, तो बीच शहर में ज़ब इतनी बड़ी घटना घटित हुई, तो यातायात पुलिस कहाँ थी ? क्या घटना के दौरान दोनों तरफ स्टॉपर नो एंट्री की बोर्ड के पास मौजूद थे ? अगर मौजूद रहे तो किनके आदेश पर नो एंट्री के बोर्ड के साथ लगे स्टॉपर को आवाजाही हेतु हटाया गया और अगर हटाया गया तो किस कारण हटाया गया ? पहले तो घटिया निर्माण, फिर ज़ब निर्माण ढह जाये तो भू स्खलन का नाम देकर प्रपंच, फिर उसमें भी लापरवाही कोंडागांव की जनता बर्दास्त नहीं करेगी। जिस युवक की शनिवार शाम दुर्घटना मे मौत हुई है, उसे प्रशासन की लापरवाही मानते हुए तत्काल मुआवजा दिए जाने के साथ ही ट्रक मालिक चालक के विरुद्ध तो कार्यवाही होना ही है। लापरवाही में सम्मिलित कर्मचारी-अधिकारीयों के खिलाफ भी कार्यवाही होनी चाहिए एवं जिस शख्स के कार के लिए नो एंट्री का बोर्ड हटाया गया, उसकी भी जाँच करके उसके विरुद्ध भी कार्यवाही होना चाहिए।



नरेन्द्र देवांगन ने शहर की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को लेकर कहा कि शहर की स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है, जिसका सुध लेने वाला कोई नहीं है। शहर के अंदर नेशनल हाइवे सड़क पर जगह जगह अप डाउन है, जिसके चलते मोटर सायकलें अनियंत्रित हो जाती है, अधिकांश घटनाएं तो इसी वजह से घट रही है। परन्तु सुध लेने वाला कोई नहीं है। वैसे तो ट्रीपल इंजन की सरकार है, चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे बड़ी-बड़ी घोषणाएं करके सत्ता तो हासिल कर भी लिए हैं, पर धरातल पर कोई काम नजर नहीं आता है। शहर के भीतर कई दिनों से स्ट्रीट लाइटें बंद हैं, कहां है नगर पालिका, कहां हैं स्थानीय विधायक लता उसेंडी ? क्या केवल चुनाव जितने के लिए स्थानीयों को प्राथमिकता देने की बात करके विधायकी हासिल की है, जनता से कोई सरोकार नहीं है। आपको कोंडागांव विधान सभा क्षेत्र की जनता ने विधायक चुना है, ओड़िसा के साथ-साथ थोड़ा कोंडागांव में भी ध्यान देंगे, उम्मीद है स्ट्रीट लाइट जल्द जगमगाएगी और सड़क में सुधार होगा। इसके बावजूद अगर कोई प्रगति नहीं दिखती है, तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन का रुख अपनायेगी। अगर प्रशासन द्वारा मामले को दबाने का प्रयास किया गया, तो कांग्रेस पार्टी शांत नहीं बैठेगी। जनता की आवाज को बुलंद करते हुए जायज मांगों को लेकर उग्र प्रदर्शन करेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# केशकाल पुलिस ने दी जानकारी, विद्यार्थियों को सुरक्षा, यातायात नियमों, सायबर क्राइम व नशा मुक्ति, अभिव्यक्ति एप की

**कोण्डागांव,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। थाना केशकाल पुलिस द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक स्कूल डीहीपारा के विद्यार्थियों और शिक्षकों को सुरक्षा, यातायात नियमों, सायबर क्राइम, नशा मुक्ति एवं अभिव्यक्ति एप आदि के सम्बन्ध में विशेष जानकारियां दिया गया।

वाय अक्षय कुमार पुलिस अधीक्षक कोंडागांव के निर्देश व कौशलेंद्र देव पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं अरुण नेताम पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल व थाना प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में 14 जुलाई को सरस्वती शिशु मंदिर केशकाल के प्राचार्य जे. आर.नाग व व्याख्याता शिक्षकों के उपस्थिति में उप निरीक्षक अखिलेश धीवर द्वारा लगभग 200 विद्यार्थियों को महिला संबंधी अपराध, महिलाओं की सुरक्षा, बाल अपराध एवं लैंगिक अपराध की जानकारी, अपराध की रोकथाम व नशा से मुक्ति, अभिव्यक्ति एप, साइबर अपराध जैसे अनजान व्यक्ति को ओ.टी.पी.शेयर न करना, अनजान से वॉट्सएप कालिंग न करना, करोड़ पति लाटरी के झांसा में न आने आदि के संबंध जानकारी दिया गया। साथ ही ठगी हो जाने पर टोल फ्री नंबर 1930 में कॉल करके सूचना देने, गांव में किसी अन्जान व्यक्ति के आने पर थाना में सूचना देने, कहीं भी गलत काम जुआ, सट्टा या शराब बिक्री हो रहा है या कोई शराब पिला रहा है, की जानकारी थाना में देने। आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दिया गया। वहीं यातायात संबंधी जानकारी देने के क्रम में वाहन में रखे जाने वाले आवष्यक दस्तावेज आरसी बुक, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पॉलूशन, परमिट के संबंध में बताया गया। पैदल चलने, मोटर सायकल से चलने के नियम बताए गए। जिले में घटित हो रही सड़क दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए सड़क दुर्घटनाओं के कारणों में तेज रफ्तार, नशा कर वाहन चालन, ओवरलोड वाहन चालन, माल वाहन में यात्री परिवहन, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने एवं यातायात नियमों का पालन न करने एवं मौत के कारणों में हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग न करने को प्रमुख कारण बताया। नौकरी लगाने के झांसे में न आने, साथ ही थाना केशकाल का नंबर विद्यार्थी और स्कूल स्टाफ को दिया गया। इस दरम्यान प्राचार्य जे.आर.नाग, नारायण यादव, अमित अग्निहोत्री, चेखराज कश्यप, दुर्गेश्वरी पटेल, जागेश्वर वैध आदि शिक्षकगण तथा थाना स्टाफ में प्रधान आरक्षक ईश्वर नेताम, महिला आरक्षक सोनल यादव आदि उपस्थित रहे।




# करंजी मे संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया



**कोण्डागांव,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिला अंतर्गत विकास खंड कोंडागांव के संकुल केंद्र करंजी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शाला परिसर मे आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे ग्राम सरपंच विनोद नेताम उपस्थित थे। मंच पर उपस्थित अतिथियों, बच्चों व ग्रामवासियों की उपस्थिति में सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर मंचस्थ अतिथियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को शासन की योजना के तहत निःशुल्क शाला गणवेश व पाठय पुस्तक का वितरण कर मिष्ठान खिलाकर शाला में प्रवेश दिलाया गया। इस कार्यक्रम में संकुल केंद्र करंजी के सात प्राथमिक शाला, दो माध्यमिक शाला व शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे। प्राथमिक शाला करंजी के छात्र-छात्राओं ने शिक्षिका सरोजनी भोई के मार्गदर्शन में 'टन टन टन स्कूल की घंटी बजी' गीत पर सामूहिक नृत्य किया व उपस्थित जनसमूह को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर संकुल केंद्र करंजी की ओर से प्राथमिक शाला डोंगरीपारा करंजी शाला परिसर की आकर्षक सजावट हेतु शिक्षक टी.ऐंकट राव, उत्कृष्ट शिक्षिका के लिए सरोजनी भोई तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजी में विशेष सेवाएं देने के लिए पुर्णिमा ध्रुव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संकुल समन्वयक रमन ठाकुर की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण, शिक्षकों, ग्रामवासियों तथा छात्र छात्राओं के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। संस्था प्रभारी प्राचार्य सुरेन्द्र पटेल ने कार्यक्रम में शामिल समस्त अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन व्याख्याता लम्बोदर प्रसाद पांडेय ने किया।

# संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए टी.ऐंकट राव



**कोण्डागांव,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। जिला व विकास खंड कोंडागांव के संकुल केंद्र करंजी परिवार ने शिक्षक टी.ऐंकट राव को शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा के सौंदर्यीकरण, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान के लिए संकुल परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। शिक्षक राव ने शैक्षणिक जगत मे अनेक उल्लेखनीय कार्य किए इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक एवं बौद्धिक क्षेत्रों मे भी लगातार सक्रिय रहते हुए संस्था के छात्र छात्राओं को प्रेरित कर उनका मार्गदर्शन किया। उनकी शाला कोंडागांव जिले के सबसे खूबसूरत शालाओं में से एक मानी जाती है। इनके किए गए प्रयासों के कारण पूर्व में हाई स्कूल करंजी को जिला प्रशासन द्वारा बेस्ट ऑफ द बेस्ट हाई स्कूल के अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। शिक्षक राव बालिका शिक्षा, पृथ्वी दिवस, अगस्त क्रांति दिवस, संविधान दिवस, राष्ट्रीय एकता दिवस, योग दिवस जैसे महत्वपूर्ण दिवसों के साथ साथ विभिन्न जगजागरण अभियान जैसे स्वच्छ भारत अभियान, पर्यावरण संरक्षण, मतदाता जागरूकता अभियान, साक्षरता अभियान, जल बचाओ अभियान, जंगल बचाओ अभियान जैसे अनेकों अभियान से ग्रामवासियों को जोड़कर उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया। इसके अलावा विशेष दिवसों पर छात्र छात्राओं को मानव श्रृंखला का रूप देकर उनके माध्यम से विभिन्न अभियानों, शासन की योजनाओं के प्रति समाज को प्रेरित करने का कार्य किया है। नो पॉलीथिन अभियान से जुड़कर हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कर इस अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का काम कर रहे है। राष्ट्रीय सेवा योजना की तर्ज पर टीम संकल्प के गठन के बाद स्वयं के व्यय से

# आईटीआई में प्रवेश हेतु पंजीयन 23 जुलाई तक

**कोण्डागांव,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सत्र 2025-26 और 2025-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिले के कोण्डागांव, फरसगाँव, माकड़ी, मर्दापाल, बडेराजपुर, विश्रामपुरी, केशकाल और धनोरा स्थित आईटीआई संस्थानों में ऑन लाइन पंजीयन हेतु पुनः आवेदन 16 जुलाई प्रातः 10 बजे से 23 जुलाई 2025 को रात 11:59 बजे तक कर सकते हैं। जिसमें जिले में संचालित विभिन्न व्यवसायों में छमाही व्यवसाय डीसीएम तथा एक वर्षीय कोपा, वेल्डर, मैकेनिक डीजल, स्टेनो हिन्दी एवं द्वि वर्षीय व्यवसाय फिटर, इलेक्ट्रिशियन में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल लिंक पर या निकटतम च्वाइस सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से संपर्क किया जा सकता है।

# कांग्रेस ने जारी की कार्यकारिणी सूची

◆ **आदी देव बुढ़ा देव भगवान शिव की आस्था के पावन श्रावण माह की शुरुआत में**

**कोण्डागांव,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। आदी देव बुढ़ा देव भगवान शिव की आस्था के पावन श्रावण मास के शुरुआत में कांग्रेस ने अपने टीम को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। रविवार देर शाम छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा एक सूची जारी की गयी, जिसमें कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के नाम शामिल हैं। यानि संगठन को मजबूत करने के लिए जिला अध्यक्ष के कार्यकारिणी की घोषणा की गयी। कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी में कुल 177 कांग्रेसजनों को पदाधिकारी बनाया गया है, जिसमें 153 जिला कांग्रेस के नव नियुक्त पदाधिकारी हैं एवं 9 जिला कांग्रेस कमेटी के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप मे 15 पदाधिकारियों के नाम शामिल हैं, स्थायी आमंत्रित सदस्य में राज्य सभा सांसद पूर्व मंत्री पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण शामिल हैं। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्य में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की टीम में पदाधिकारी जो कोंडागांव जिले से संबंध रखते हैं, वे सभी सम्मिलित हैं। नवीन जिला कार्यकारिणी मे 01 कोषाध्यक्ष, 9 उपाध्यक्ष, 10 महामंत्री, 10 कार्यकारिणी सदस्य, 35 संयुक्त महामंत्री, 44 सचिव, 36 सह सचिव, प्रवक्ता 04 एवं सोशल मीडिया की टीम में 05 पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई है। जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम ने कहा सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिला कांग्रेस कमेटी में जगह दे पाना सम्भव नहीं है। कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है, सभी कार्यकर्ताओं के साथ पदाधिकारी तालमेल बनाते हुए एवं सभी संगठन को मजबूत करने मिलकर काम करेंगे। जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम सहित सभी नेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनायें प्रेषित किया एवं सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व ने प्रति आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि कोंडागांव के साथ प्रदेश के कुल 11 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हुई थी, जिसमें से सबसे पहले कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी सूची जारी हुई है तथा कोंडागांव जिला बनने के बाद पहली दफ़े इतनी जम्बो कार्यकारिणी देखने को मिली है, जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया है।



# बढ़ते सड़क हादसों पर कांग्रेस ने उठाई आवाज़

**बढ़ती दुर्घटना को बताया प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा**

**कोण्डागांव,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। कोण्डागांव शहर में लगातार हो रहे सड़क हादसों को लेकर कोंडागांव ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बुधराम नेताम के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने राज्यपाल एवं मुख्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन, एसडीएम को सौंपते हुए कहा है कि प्रशासनिक लापरवाही के चलते शहर में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। ज्ञापन में बताया गया कि हाल ही में राम मंदिर चौक के पास एक बाइक सवार को तेज़ रफ्तार डंपर ने कुचल दिया, जिसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। यह हादसा शनिवार शाम घटित हुआ, जहां सड़कों पर अंधेरा छाया रहता है और स्ट्रीट लाइट महीनों से बंद हैं। श्री नेताम ने बताया कि हाईवे पर भारी वाहनों की अवैध आवाजाही और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी के कारण आम जनता की जान जोखिम में पड़ी है। शहर की सड़कों और मोड़ों पर दुर्घटनाएं आम हो गई हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन और ट्रैफिक विभाग पूरी तरह निष्क्रिय है। कोंडागांव शहर में नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते सभी सड़कों में मवेशियों का कब्जा है, कोई सुध लेने वाला नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने ज्ञापन के माध्यम से दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने, मृतकों के परिवार को उचित मुआवज़ा देने और शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग करने के साथ ही चेतावनी भी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्यवाही नहीं की तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम, महामंत्री रितेश पटेल, उपाध्यक्ष तरुण गोलछा, प्रदेश सचिव सकुर खान, शहर अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, जिला सचिव जीतू दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष संजय करन, गुणमती नायक, सुनील रैकवार, कमलेश दुबे, सनी चोपड़ा, बसंत समुअल, लखमू कोर्राम, देवेंद्र कोर्राम, रितेश गोयल, बब्बू दहिया, शंकर मल्लिक, आसिक मेमन, जनरेल सिंह, बुधराम मरकाम, प्रीतम पटेल सहित भारी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# कलेक्टर ने धान संग्रहण केन्द्र का किया निरीक्षण

◆ **शेष धान के शीघ्र उठाव की व्यवस्था करने के दिए निर्देश**

**कोण्डागांव,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने 14 जुलाई को पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के साथ कोण्डागांव स्थित धान संग्रहण केन्द्र पहुंचकर शेष धान के उठाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्हांने संग्रहण केन्द्र कोण्डागांव और जोबा में उठाव के लिए शेष धान की मात्रा की जानकारी ली और उठाव की समुचित व्यवस्था हेतु डीएमओ एवं खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने शेष संग्रहित धान को बारिश से बचाव और उठाव की आवश्यक व्यवस्था करने को कहा और संग्रहण केन्द्र के मार्ग में सुधार कार्य करने को कहा ताकि वाहनों के आवाजाही में दिक्कत न हो। डीएमओ ने बताया कि धान संग्रहण केन्द्र कोण्डागांव में 5150 मीट्रिक टन धान शेष है, वहीं जोबा में 49349 मीट्रिक टन धान उठाव हेतु शेष है। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी श्री नवीन श्रीवास्तव और डीएमओ श्री सतीश नानवारे उपस्थित थे।



## पालना केंद्र का किया अवलोकन

*कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने जिला कार्यालय परिसर के लक्ष्य कोचिंग केन्द्र में स्थित पालना केंद्र का अवलोकन किया और बच्चों की उपस्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बच्चों के लिए खेल सामग्री और अन्य गतिविधियों से अवगत हुए। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अवनी कुमार बिस्वाल और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।*

# सेना के जवानों और आम नागरिकों को करोड़ों की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरसगांव ,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। फरसगांव पुलिस ने एक बड़े ऑनलाइन और ऑफलाइन ठगी रैकेट का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी सेना के जवानों और आम नागरिकों को बड़े बंगलों और पैसों का लालच देकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी कर चुका था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 मोबाइल फोन, 1 एप्पल कंपनी का लैपटॉप, 1 एप्पल आईपैड, 2 एटीएम कार्ड और 1500 रुपये नकद बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक कोंडागांव, के सख्त निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में निरीक्षक संजय सिंदे के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। यह टीम पिछले सात महीनों से देश-विदेश, दुबई, मलेशिया, दिल्ली, नोएडा सहित विभिन्न स्थानों पर छिप रहे आरोपी का लगातार पीछा कर रही थी।



## मामले का विवरण

शिकायतकर्ता जगदीश्वर मरकाम (27) निवासी सिरसीकलार हल्दीबेड़ा ने 17 दिसंबर, 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 अगस्त, 2023 को दोपहर लगभग 12ः40 बजे आरोपी खिलेंद्र कश्यप ने उनसे ऑनलाइन मार्केटिंग से अवैध लाभ कमाने के नाम पर 4,50,000 रुपये की धोखाधड़ी की। इस शिकायत के आधार पर अपराध क्रमांक 171/2024, धारा 420 भादवि के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने अथक प्रयासों के बाद आरोपी खिलेंद्र कश्यप (26) पुत्र स्वर्गीय करण सिंह कश्यप, निवासी कोरगांव, थाना विश्रामपुरी, जिला कोंडागांव, छत्तीसगढ़ को ग्राम सुलेंगा, नारायणपुर से पकड़ा। पूछताछ के दौरान, खिलेंद्र कश्यप ने कबूल किया कि वह च्व्डाइवर्सिफाइड मल्टीनेशनल ग्रुप ऑफ बिजनेसेस विदेशी होटल, कपड़ेज्ज के नाम पर आम जनता और सेना के जवानों को बड़े बंगलों और पैसों का लालच देकर लाखों-करोड़ों रुपये की ऑनलाइन और ऑफलाइन धोखाधड़ी करता था। उसने जगदीश्वर मरकाम से 4 लाख 50 हजार रुपये और अन्य जनता व आर्मी जवानों से करोड़ों रुपये की ठगी करना स्वीकार किया। घटना में उपयोग किए गए सभी सामान, जिनमें 2 मोबाइल, 1 एप्पल लैपटॉप, 1 एप्पल आईपैड, 2 एटीएम कार्ड और 1500 रुपये नकद शामिल हैं, आरोपी के कब्जे से जब्त कर लिए गए हैं। पर्याप्त सबूत मिलने के बाद, आरोपी खिलेंद्र कश्यप को 14 जुलाई, 2025 को सुबह 9 बजे विधिवत गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस उल्लेखनीय कार्रवाई में निरीक्षक संजय सिंदे, सहायक उपनिरीक्षक पीतांबर कठार, सहायक उपनिरीक्षक रजउराम सूर्यवंशी, आरक्षक बासुराम मरकाम और महिला आरक्षक सरस्वती यादव की अहम भूमिका रही।

उल्टा पुल्टा

मां - किससे बात कर रहा है, इतनी रात को?
बेटा - कियारा की मां से...
मां - अब ये कियारा कौन है?
बेटा - तुम्हारी होने वाली पोती...!!!
फिर मां ने रात में ही उतारा बेटे के इश्क का भूत..

## संपादकीय

### एनएचएम कर्मियों के मुद्दे हल हों

*राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राज्य में कार्यरत 16 हजार कर्मचारी पुन: हड़ताल पर जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने अपनी एक अर्से से लम्बित मांगों को लेकर मंगलवार व बुधवार को काम बन्द करने का ऐलान किया है। इन मांगों को लेकर ये कर्मचारी पहले भी आंदोलन कर चुके हैं। वैसे तो ये 10 जुलाई से ही चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं जिसके तहत यह कामबन्दी की जायेगी। 15 जुलाई तक ये कर्मी काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। संविदा कर्मचारियों के रूप में कार्यरत इस महत्वपूर्ण मानव संसाधन पर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बड़े पैमाने पर टिकी हैं। इनके काम बन्द करने से निश्चित ही जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसलिये सरकार को चाहिये कि वह संघ के प्रतिनिधियों के साथ सहानुभूतिपूर्वक बातचीत कर उनके मुद्दों का हल निकाले। विपक्ष में रहते हुए सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के कई नेता संघ की मांगों को जायज ठहरा चुके हैं।*

*पिछले दो वर्षों से संविदा कर्मचारी जो मांगें कर रहे हैं, उनमें प्रमुख हैं- उनका संविलयन, वेतन वृद्धि, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे का निर्धारण आदि। राज्य के विभिन्न जिला अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक ये संविदा कर्मचारी लोगों के स्वास्थ्य की देख-भाल कर रहे हैं। जिस वर्ग के कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगे उनमें डॉक्टर, नर्सें, फार्मासिस्ट, लैब, एक्सरे टेक्नीशियन, कार्यालयीन व हाऊस कीपिंग स्टाफ, सफाईकर्मी आदि हैं।*

*किसी भी अस्पताल-मेडिकल कॉलेज में जाकर देखा जा सकता है कि ये कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में नियमित कर्मचारियों का कंधे से कंधा मिलाकर साथ निभाते हैं। टीबी, कुष्ठ, मलेरिया आदि की रोक-थाम में इनका अहम रोल होता ही है, पैथालॉजी सम्बन्धी जांच, मरीजों को दवाइयां पिलानी व उनका वितरण, टीके व सुइयां लगाना उनका दायित्व होता है। स्कूलों तथा आंगनबाड़ियों में बच्चों के सेहत की जांच, शिशुओं की देख-भाल, पोषण, पुनर्वास केन्द्र, वरिष्ठ व बीमार नागरिकों की फिजियोथेरेपी, गांवों के आयुष्मान केन्द्रों की ओपीडी का संचालन जैसी जिम्मेदारियां भी वे ही निभा रहे हैं। ऐसे ही, मौसमी रोगों के प्रसार को रोकने में भी उनका बड़ा योगदान होता है।*

*कहने को ये संविदा कर्मचारी होते हैं लेकिन वे किसी भी नियमित कर्मचारियों के बराबर और कुछ मामलों में तो उनसे बढ़कर काम करते हैं। उनके कामों के घंटों को देखें तो वे पूरा समय लगाते हैं जबकि उनके वेतन वर्तमान महंगाई को देखते हुए बहुत कम होते हैं। अक्सर ये संविदा कर्मचारी बाहरी गांवों या शहरों में रहते हैं जिसके कारण उन पर और भी कई तरह के खर्च होते हैं। इसके चलते वे अपने परिवार का भरण-पोषण समुचित ढंग से नहीं कर पाते। लगभग सभी राजनीतिक दल उनकी मांगों से सहमति जता चुके हैं। सरकार को चाहिये कि वह घोषित हड़ताल को टाले।*

# सावन के पहले सोमवार शिव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**रायपुर**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। सावन के पहले सोमवार में आज भक्तों का शिव मंदिरों में तांता लगा रहा। लोग सुबह पहट से ही मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धापूर्वक भगवान शिव का अभिषेक करने पहुंच गए। बड़े भक्ति भाव से मंदिरों में लोग भजन कीर्तन भी कर रहे थे। सुबह से ही खारून नदी में शिव स्नान के लिए भीड़ लगी तथा स्नान के बाद महादेव घाट स्थित शिव व हनुमान मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना में ली हो गए थे। मंदिरों को बहुत ही सुंदर ढंग से चौक-चौक में सजाया गया था तथा शिव भक्ति से संबंधित भजन, गायन लाउडस्पीकरों में हर जगह गूंज रहे थे।

ऐतिहासिक रायपुर के दूधाधारी मढ मंदिर को भी बहुत आकर्षक ढंग से सजाया





गया था तथा वहां भी सुबह से भक्तों की भीड़ लगी हुई थी। गायत्री नगर जगन्नाथ मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा रहा। लक्ष्मी नारायण मंदिर तथा जैतुसाव मठ मंदिर में भी बड़े उत्साह से सावन के पहले सोमवार मनाया गया। बंजारी धाम से कांवड़ यात्रियों की लंबी-लंबी लाइन महादेव घाट तथा राजिम की ओर जाने वाले मार्ग पर दिखाई दी। इन यात्रियों को राह में अनेक जगह भक्तों ने स्वागत किया। चारों तरफ आज भगवा रंग में बस्त्र धारण किए लोग ही नजर आए। भगवान शिव की आराधना को बहुत ही फलदायी मानने के कारण भक्तों खासकर महिलाएं बहुत ही उत्साहित नजर आईं। पूरा राजधानी शहर भगवान शिव के जयघोष से गुंजायमान था।

# राहुल गांधी के साथ आदिवासी नेताओं की बैठक में जल, जंगल, जमीन सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित विधायक व नेता हुए शामिल

**रायपुर**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। आदिवासियों के हितों को लेकर आज नई दिल्ली में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आदिवासी समुदाय से जुड़े नेताओं और विधायकों के साथ विशेष बैठक की। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, राजयसभा सांसद फूलोदेवी नेताम समेत कई आदिवासी नेता शामिल हुए।बैठक में जल, जंगल, जमीन समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।वहीं विधायक जनकराम ध्रुव ने राहुल गांधी से सदन में आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड देने की मांग रखने की बात रखी। साथ ही बस्तर और सरगुजा में आदिवासी लीडरशिप मजबूत करने के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित करने के लिए कहा।



**पेशा कानून का उल्लंघन, आदिवासियों के अधिकारों का हनन : विधायक ध्रुव**

बैठक में विधायक ध्रुव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में आदिवासियों की जंगलों की अंधाधुंध कटाई सरकार कर रही है, जिसमें पेशा कानून का खुले तौर पर उल्लंघन किया जा रहा है. आदिवासियों के अधिकारों का छत्तीसगढ़ में हनन किया जा रहा है. वहीं बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में आदिवासी लीडरशिप को मज़बूत करने के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम देने की बात रखी। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव में बस्तर और सरगुजा में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा था. चूंकि ये आदिवासी बाहुल इलाके है, जहां एक तरफ़ जंगलों की कटाई हो रही है, तो दूसरी ओर फर्जी मुठभेड़ में निर्दोष आदिवासी मारे जा रहे है. इसलिए उनके मुद्दों को बेहतर तरिके से रखने और आगामी चुनाव के लिए लीडरशिप को मज़बूत करने की जरूरत है।

**आदिवासियों के लिए मिल रहा फंड दूसरे कामों में हो रहा इस्तेमाल**-जनक ध्रुव ने कहा कि राज्य सरकार को आदिवासियों के विकास के लिए केंद्र की ओर से जो फण्ड मिलता है, उसे अन्य कामों में उपयोग किया जा रहा है. यह साफ आदिवासियों पर अन्याय है. उन्होंने राहुल गांधी से अनुरोध किया कि वे इस बात को संसद में मजबूती से रखें. बैठक में इसके साथ ही आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों से शिक्षा का अधिकार छीनने के जैसे कई विषयों पर चर्चा हुई।

**भाजपा के वनवासी शब्द के प्रयोग पर विरोध**

महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के आदिवासी लीडरों ने बैठक में आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए अलग धर्म कोड बनाने की मांग रखी. बैठक में भाजपा द्वारा आदिवासियों को वनवासी कहे जाने का भी जमकर विरोध हुआ. बैठक में मौजूद नेताओं और विधायकों ने कहा कि आज भाजपा आदिवासी को वनवासी कह रही है. जिस प्रकार आदिवासी वर्ग के अधिकारों का हनन हो रहा है, जल्द ही उन्हें स्वर्गवासी भी कह दिया जाएगा।

**पेशा कानून का उल्लंघन हो रहा**

ध्रुव ने सीधे आरोप लगाए कि छत्तीसगढ़ सरकार जंगलों की अंधाधुंध कटाई कर रही है और इसमें पेशा कानून का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। उनका कहना था कि फर्जी मुठभेड़ों में आदिवासी मारे जा रहे हैं और उनके अधिकारों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

**फंड का गलत इस्तेमाल**- जनकराम ध्रुव ने यह भी दावा किया कि आदिवासी विकास के नाम पर केंद्र से मिलने वाला फंड राज्य सरकार अन्य कामों में खर्च कर रही है। उन्होंने राहुल गांधी से आग्रह किया कि इस मुद्दे को संसद में मजबूती से उठाया जाए।

**बच्चों की शिक्षा भी खतरे में**

बैठक में आदिवासी इलाकों में शिक्षा की स्थिति को लेकर भी चिंता जताई गई। नेताओं का कहना था कि बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित किया जा रहा है, और ज़मीनी स्तर पर स्थिति लगातार बिगड़ रही है। राहुल गांधी ने सभी नेताओं की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि पार्टी आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी ताक़त से खड़ी रहेगी।

कांग्रेस के आदिवासी नेताओं और विधायकों की एक घंटे तक बैठक चली। इस बैठक में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, विधायक अनिला भेड़िया, विधायक लखेश्वर बघेल, विधायक विद्यावती सिदार, विधायक जनक ध्रुव, विधायक अंबिका मरकाम शामिल रहे।

## इंजीनियरिंग भर्ती परीक्षा को निरस्त करने की मांग

# एनएसयूआई ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

**रायपुर**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर द्वारा आज रविशंकर विश्वविद्यालय गेट के सामने जोरदार प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री साय का पुतला दहन किया गया। यह विरोध हाल ही में हुई इंजीनियरिंग भर्ती परीक्षा में उजागर हुए संगठित नकल प्रकरण के विरोध में आयोजित किया गया, जिसमें माइक्रो कैमरे और वॉकी-टॉकी के माध्यम से प्रश्नपत्र परीक्षा कक्ष से बाहर भेजे गए और महिला साथी द्वारा बाहर से उत्तर बताए गए। यह घटना प्रदेश की परीक्षा प्रणाली और सरकार की नीयत, दोनों पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती है।

प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने कहा कि यह केवल नकल नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों, परिश्रम और भविष्य के साथ किया गया एक क्रूर मज़ाक है, जिसकी जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। वहीं शहर अध्यक्ष शान्तनु झा ने कहा कि यह घटना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि भाजपा सरकार की नाक के नीचे नकल माफिया बेधड़क फल-फूल



रहे हैं और उन्हें सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। मुख्यमंत्री साय, उनके मंत्री और पूरा प्रशासन युवाओं की मेहनत और ईमानदारी को मटियामेट करने में मौन सहयोगी बने हुए हैं।

अब तक इस गंभीर मामले में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है, जो यह दर्शाता है कि भाजपा सरकार नकल माफियाओं के साथ खड़ी है, ना कि प्रदेश के लाखों परीक्षार्थियों और बेरोजगार युवाओं के साथ। एनएसयूआई रायपुर की माँग है कि इस भर्ती परीक्षा को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए।संपूर्ण प्रकरण की न्यायिक जांच कर दोषियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए।

भविष्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी एक स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए।

भाजपा सरकार की चुप्पी और निष्क्रियता इस पूरे प्रकरण में उनकी मिलीभगत को प्रमाणित करती है। एनएसयूआई अब चुप नहीं बैठेगी। यह केवल शुरुआत है। यदि शीघ्र ही इस मामले में ठोस कार्यवाही नहीं हुई, तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन छेड़ेगी और सरकार को युवाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे, जिला अध्यक्ष (शहर) शान्तनु झा, ग्रामीण अध्यक्ष प्रशांत, प्रदेश महासचिव निखिल बघेल, जिला महामंत्री सूरज साहू, उपाध्यक्ष भोजराज, वैभव, तारिक, कृष्णा, अतीक, यश सहित अन्य कार्यकर्ता एवं छात्र नेता उपस्थित रहे।

# रायपुर से 10 बांग्लादेशी गिरफ्तार जल्द भेजे जाएंगे सीमा पार

**रायपुर**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने टिकरापारा से 10 अवैध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। केंद्र की मंजूरी के बाद अब 16 से 20 जुलाई के बीच इन्हें पश्चिम बंगाल होते हुए असम ले जाकर बी एस एफ को सौंपकर बंग्लादेश वापिस भेज दिया जाएगा।

रायपुर पुलिस तेजी से अभियान चलाकर दूसरे देश से आए घुसपैठियों को उनके देश वापस भेजने में लगी है। जिनमें फर्जी दस्तावेजों के आधार पर यहां रह रहे लोग भी शामिल हैं। इन 10 गिरफ्तार आरोपियों में से कई पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपियों को फिलहाल कोर्ट के फैसले तक हिरासत में रखा गंया है, फिर उन्हें बांग्लादेश वापिस भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

रायपुर पुलिस के इस अभियान का मकसद केवल अवैध प्रवासियों को रोकना ही नहीं, बल्कि बड़े पैमाने पर चल रहे जांच-तफ्तीश अभियान को और मजबूत करना भी है। रायपुर के अलावा दुर्ग, राजनांदगांव और रायगढ़ जिलों में भी ऐसे अभियानों की तैयारी की जा रही है, वहां से भी घुसपैठियों को गिरफ्तार कर सीमा पार भेजा जाएगा।

छत्तीसगढ़ सरकार पिछले महीनों से अवैध इमिग्रेशन की जांच और प्रवर्तन गतिविधियों में तेजी ला रही है। राज्य के हर जिले में विशेष टास्क फोर्स बनाई जा रही है और नागरिकों को संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट करने के लिए हेल्पलाइन जारी की गई है।

इस अभियान के तहत, फर्जी दस्तावेज बनाने वाले और सहायता करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# कई इलाकों में आज नहीं होगी पानी सप्लाई

**टंकी के वॉल्व में आई खराबी**

**रायपुर**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के कई इलाकों में कल सुबह पानी की सप्लाई नहीं होगी। नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 1 में गंगानगर, गोवर्धन नगर स्थित 32 लाख लीटर क्षमता वाले पानी टंकी का पुराना वॉल्व खराब हो गया है।इसके चलते जल आपूर्ति बाधित रहेगी।

पुराने खराब वाल्व को निकालकर नया वाल्व लगाने का कार्य प्रगति पर है।इसके कारण पेयजल आपूर्ति 14 जुलाई को संध्याकालीन पेयजल आपूर्ति गंगानगर, गोवर्धन नगर से बाधित रही। 15 जुलाई को भी सुबह नियमित जलापूर्ति बाधित रहेगी। नया वाल्व लगाने के कार्य के होने के पश्चात पेयजल आपूर्ति गंगानगर गोवर्धन नगर जलागार से फिर बहाल होगी

**इन इलाकों में बाधित रहेगी जल आपूर्ति**-नया वाल्व लगाए जाने के कार्य के चलते गंगानगर, गोवर्धन नगर जलागार से संबंधित रहवासी क्षेत्र गोंदवारा बस्ती वार्ड क्रं. 3, गोवर्धन नगर, सरदार टिम्बर मार्केट क्षेत्र, न्यू गोंदवारा, बिहारी मोहल्ला, न्यू आनंद नगर, रामेश्वर नगर, केबिन पारा में मंगलवार को सुबह जल आपूर्ति बाधित रहेगी।नया वाल्व लगाने के कार्य के उपरांत नियमित पेयजल आपूर्ति सामान्य रूप से फिर बहाल होगी।

# राजधानी में चलेगी सौ ईवी बस, रुट सर्वे के लिए एजेंसी तय

**रायपुर**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री ई-बस योजना के तहत नगर निगम को मिलने वाली सौ ईवी बस चलने की प्रक्रिया में तेजी आ गई है। केंद्रीय आवासन एवं नगरीय प्रशासन मंत्रालय के संयुक्त सचिव रवि चौधरी पिछले सप्ताह रायपुर आए, उन्होंने टाटीबंध बिलासपुर रिंग रोड किनारे हीरापुर के पास स्थित ई-बस डिपो के लिए चिन्हित जमीन का निरीक्षण कर इसे योजना के लिए उपयुक्त बताया और बस डिपो के सिविल वर्क में तेजी के निर्देश दिये। इसी के साथ राजधानी में चलने वाली सौ ई-बस के रुट और बस की टाइमिंग के साथ ही सरकारी दफ्तर के अलावा शैक्षणिक एवं कॉमर्शियल एरिया में इसकी पहुंच को लेकर विस्तृत सर्वे पर भी बात हुई।

बताया गया कि नगर निगम को मिलने वाली सौ ईवी बस और शहर की 10 लाख की आबादी के चलते केंद्र ने रुट सर्वे के लिए भी एजेंसी तय कर दी है। इस एजेंसी को सर्वे का भुगतान निगम करेगा। इस रुट सर्वे को लेकर बताया गया कि शहर की एक बड़ी आबादी वाला वह कौन सा हिस्सा है, जहां से एक निश्चित समय पर नागरिकों की आवाजाही सबसे अधिक होती है। चूंकि शहर का दायरा



घनी आबादी वाले इलाके के साथ ही आउटर तक बढ़ चुका है, इसलिए वहां तक बस की पहुंच को आसान बनाने के लिए भी सर्वे को अनिवार्य कर दिया गया है। निगम में इस योजना से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि ईवी

बस सप्लायर के साथ ही इसके संचालन के लिए अहमदाबाद की एजेंसी केंद्र ने तय कर दी है। इसके बाद राज्य शासन की ओर से संचालन एजेंसी को भुगतान के संबंध में दिये जाने वाले गारंटी पत्र पर चर्चा करने केंद्रीय अधिकारियों का यहां दौरा हुआ था। राजधानी में ईवी बस चलने से पहले इसे चलाने वाली एजेंसी को भुगतान की गारंटी राज्य शासन को लेनी होगी। इसके लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को यह शपथ पत्र देना होगा कि किसी कारणवश निगम की ओर से ऑपरेटर को भुगतान में देरी हुई तो इसकी भरपाई राज्य शासन करेगा। अधिकारियों ने कहा कि निगम की सीमा अभी टाटीबंध के आगे कुम्हारी पुल से लेकर जोरा-लाभांडी तक पहुंच चुकी है।वहीं बिलासपुर रोड में भनपुरी, आमा सिवनी और देवपुरी से सेजबहार तक दायरा बढ़ चुका है। बस ऑपरेटर एजेंसी को इसी हिसाब से प्रति किमी का भुगतान करना होगा।

# मानसून सत्र में वित्त विभाग लाएगा पांच विधेयक

**रायपुर**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। विधानसभा के मानसून सत्र में विधेयक पेश करने का साय सरकार नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रही है। इस दौरान 13 विधेयक पेश किए जाएंगे, जिनमें से पांच वित्त विभाग पेश करेगा।इनमें पेंशन फंड और ग्रोथ एण्ड स्टेबिलिटी फंड भी शामिल है, जो देश में किसी राज्य द्वारा पेश किया गया अपनी तरह का पहला विधेयक होगा। इनमें एससीआर (स्टेट कैपिटल रीजन) से संबंधित विधेयक ङ्क जो छत्तीसगढ़ के विकास यात्रा को ग्रोथ इंजन के तौर पर स्थापित करते हुए ङ्क रायपुर, नवा रायपुर, बीरगांव, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव को जोड़ते हुए, एनसीआर की तर्ज पर- स्टेट कैपिटल रीजन बनाने से संबंधित विधेयक आ रहा है है।यह महत्वपूर्ण है, यह आने वाले दशकों में छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने वाला होगा। इसके अलावा पेंशन फंड पर आधारित विधेयक भी आ रहा है। इसका भी बहुत दूरगामी प्रभाव

**पेंशन फंड और ग्रोथ एण्ड स्टेबिलिटी एक्ट लाने वाला देश का पहला राज्य होगा**

होगा. आने वाले समय में पेंशन की जरूरतें बढ़ेंगी, उसके लिए अभी से हम राशि इकट्ठा करने का प्रावधान कर रहे हैं, ताकि राज्य के दूरगामी वित्तीय हितों को सुरक्षित किया जा सके।आज ही केवल पैसा खर्च न करते हुए, भविष्य की जरूरतों के लिए पेंशन फंड स्थापित करने का काम कर रहे हैं।

**इसके अलावा ग्रोथ एण्ड स्टेबिलिटी फंड:** भविष्य के लिए बेहतर आर्थिक स्थिरता की दृष्टि से यह भी एक नया विधेयक लाने जा रहे हैं। इसके अलावा 10 साल से पुराने विभिन्न





प्रकार के कर देयता जिनमें 25 हजार से कम देयता था- ऐसे 65 हजार मामले थे, 40 हजार से अधिक व्यापारी प्रभावित थे। बजट में एलान किया था एक झटके में उसे माफ किया जाएगा।इसमें कुल टैक्स करीबन 10 करोड़ के आसपास था, इसे अगर हम वसूल करने जाते तो 10 करोड़ से ज्यादा स्थापना व्यय हो जाता। लेकिन हमारे व्यापारियों को वकील करना, कार्यालय को चक्कर काटना इन सबकी जरूरत पड़ती, इन सबसे मुक्ति मिलने जा रही है।

**पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त और राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि दी गई**

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उनके साथ बिताए क्षणों को याद करते हुए कहा कि शेखर दत्त बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे. छत्तीसगढ़ में राज्यपाल के रूप में उनका अतुलनीय योगदान था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि दिवंगत शेखर दत्त प्रतिभा के धनी थे. शेखर दत्त ने सेना में रहते देश का मान बढ़ाया. आईएएस के रूप में प्रशासनिक सेवा की. प्रदेश के राज्यपाल के रूप में उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता. पूरे छत्तीसगढ़ वासियों की ओर से नमन करता हूं. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने भी पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त और सुरेन्द्र बहादुर को श्रद्धांजलि दी।

प्रवेश प्रारंभ
पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. से सम्बद्ध
प्रवेश प्रारंभ
शांतिनिकेतन महाविद्यालय
M.Sc. Micro Bio., Com. Science, I.T.,
B.Sc. Micro Bio., Com. Science, I.T. & Plain
B.Com. Plain & Computer Application
प्रवेश शुल्क में 50% की विशेष छूट
ST, SC, OBC विद्यार्थियों के लिए (100%) छात्रवृत्ति की सुविधा
BCA, DCA, PGDCA
-: प्रवेश हेतु संपर्क करें:-
बाजार चौक के पास, चंगोराभाठा, रायपुर
0771-2243085, 2242890, 9425526891, 7828168418

# सनातन विरोधी राहुल गांधी का बयान बर्दाश्त नहीं:पुरंदर मिश्रा



**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के विधायक पुरंदर मिश्रा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा जगन्नाथ भगवान की रथयात्रा को लेकर बोले गए झूठ पर करारा हमला करते हुए कहा कि इस झूठ के कारण राहुल गांधी की दुर्गति होना तय है। भाजपा विधायक मिश्रा ने रविवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ और उनकी रथयात्रा को लेकर झूठ बोलने का ऐसा दुस्साहस न पहले कोई कर पाया, न आज कर पाता है और न ही भविष्य में कोई कर पाएगा। भगवान जगन्नाथ कलियुग के भगवान हैं और उनकी इच्छा के बिना तो उनके दर्शन तक नहीं मिलते। मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस अब लगातार सनातन विरोधी चरित्र का प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस के बड़े से लेकर छोटे, तमाम नेता इन दिनों अपने सनातन विरोधी एजेंडे पर चल रहे हैं।

इससे अधिक शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता कि तुष्टीकरण की राजनीति के चलते लोकस ?भा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हमेशा राजनीति के निम्न स्तर को छुआ है और अब वह विश्वभर के करोड़ों लोगों की आस्था के साथ भी झूठ बोलकर खिलवाड़ करने से बाज नहीं आए हैं। राहुल गांधी को इस बात पर शर्म महसूस करनी चाहिए। मिश्रा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को लेकर सफेद झूठ बोलकर अपने सनातन विरोधी चरित्र का परिचय दे रहे राहुल गांधी को यह नहीं भूलना चाहिए कि ऐसे लोगों की राजनीति में कोई जगह नहीं है और भगवान जगन्नाथ के नाम पर झूठ बोलकर जिसने भी राजनीति करने का दुस्साहस किया, उसका हश्र बुरा ही होगा। राहुल गांधी ने यह सरासर मिथ्या प्रलाप किया है कि रथयात्रा में आम भक्तों की भीड़ रोककर एक विशेष व्यक्ति के लिए रास्ता साफ किया गया।

भाजपा विधायक मिश्रा ने कहा कि रथयात्रा को लेकर इस तरह की झूठी बयानबाजी करके अपनी मूर्खता ही साबित की गई है। ऐसी टिप्पणियां 'अनुचित और अतार्किक' हैं। जब तक भगवान जगन्नाथ स्वयं नहीं चाहेंगे, तब तक पुरी में रथों को कोई नहीं रोक सकता। कभी हिंदुओं को हिंसक बताने, हिन्दुत्ववादियों को देश से खदेड़ने की बातें करने वाले राहुल गांधी के मुँह से इस तरह का झूठ निकलना कोई नई बात नहीं है। श्री मिश्रा ने कहा कि जिस कांग्रेस में सनातन धर्म को एड्स, फ्लू, वायरस बताकर गाली देने की परम्परा रही हो, भगवान श्री राम को काल्पनिक बताया गया हो, रामसेतु के अस्तित्व तक को नकार दिया जाता हो, उस कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और कांग्रेसनीत इंडी गठबंधन के पाखण्ड, प्रपंच और सनानन विरोधी निर्लज्ज आचरण को पूरा देश समझ रहा है। भाजपा विधायक मिश्रा ने बताया कि 3 हजार साल पहले ईसा मसीह, 2 हजार साल पहले मुस्लिम धर्म गुरु (जिन्होंने जगन्नाथ दर्शन के बाद अपना नाम परिवर्तन कर हरिराम ठाकुर रख लिया था), 5 सौ वर्ष पूर्व गुरु नानकदेव, 1912 में सिंधी समाज के संत मंगलराम, गुजराती समाज के गुरु स्वामीनारायण, संत कवि कबीरदास आदि ने जगन्नाथ धाम पहुंचकर दर्शन लाभ प्राप्त किया। ईसा मसीह की प्रतिमा पर तो भगवान जगन्नाथ का तिलक तक अंकित है। श्री मिश्रा ने कहा कि आज सभी सनातन विरोधी यह झूठ बोलकर भगवान जगन्नाथ का अपमान कर रहे हैं कि किसी व्यक्ति के लिए रथयात्रा रोकी गई। यह भक्त और भगवान की, भाई और बहन की पवित्र यात्रा है, जिसे कोरोना काल में महज 100 लोगों ने रथे खींचकर पूर्ण किया जबकि 1842 में अंग्रेजों ने 41 हाथियों के साथ रथ खिंचवाने का प्रयास किया लेकिन रथ टस-से-मस नहीं हुआ था।

भाजपा विधायक मिश्रा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ सर्वशक्तिमान हैं और उनके धाम में किसी के साथ कोई भेद ?भाव नहीं होता । भगवान जगन्नाथ के धाम में सर्वधर्म समभाव के दर्शन होते हैं। आज विश्व के 28 देशों में भगवान जगन्नाथ के मंदिर स्थापित हैं और वहाँ रथयात्रा का भव्य आयोजन होता है। मिश्र ने राहुल गांधी को चुनौती दी कि वह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़ ?गे के साथ जगन्नाथ-दर्शन के लिए आ जाएँ तो उन्हें सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। अगर उनके मंदिर में कोई अपने अहंकार के साथ जाएगा तो भगवान जगन्नाथ उसका गर्व भंजन करके दर्शन नहीं देंगे। मिश्रा ने फिर दुहराया कि सनातन संस्कृति, परम्परा और आस्था के प्रति जो दुर्भावना राहुल गांधी व्यक्त कर रहे हैं, उससे कांग्रेस का सर्वनाश निकट है। कोट के ऊपर जनेऊ पहनने का पाखंड तो भारतवासी ही खत्म करेंगे ।

## गिनती करने पर कम निकले सफाई कर्मी नोटिस देकर जुर्माना ठोंकने के निर्देश



**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम कमिश्नर विश्वदीप के निर्देश पर निगम अपर कमिश्नर विनोद पाण्डेय एवं जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने आज तृतीय लिंग समुदाय से संबंधित भवन गरिमा गृह, भईया तालाब, अग्रोहा सोसायटी मुक्कड़ सहित अन्य तालाबों तथा उद्यानों का निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था देखी। संत रविदास वार्ड में पार्षद कार्यालय के सामने सामुदायिक भवन में ठेका सफाई कामगारों की गिनती करवाई गई। निर्धारित से कम संख्या में उपस्थिति मिलने पर संबंधित सफाई ठेकेदार को नोटिस देकर जुर्माना ठोंकने के निर्देश अपर कमिश्नर व जोन 8 कमिश्नर द्वारा दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिशन रघुमणि प्रधान, नगर पालिक निगम भिलाई के उप अभियंता भूपेन्द्र कुमार दिली, जोन 8 स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन एवं स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा की मौजूद थे।

# जिनवाणी का हर शब्द है भगवान : मनीष सागर महाराज

## जीवन की महत्ता को समझकर ऐसा कार्य करें, जो सभी के लिए उदाहरण बन जाए



**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी मनीष सागर महाराज ने सोमवार को चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला में मनुष्य भव के महत्व को समझकर जन्म-जन्म के भटकाव से बचने का चिंतन दिया ।उपाध्याय भगवंत ने कहा कि आपको जिनवाणी ही इस मनुष्य भव से पार लगा सकती है। जिनवाणी में प्रत्येक शास्त्र और प्रत्येक शास्त्र का शब्द भगवान ही है। इसमें भगवान बनने का मार्ग दिया गया है और यह हमारे लिए असीम उपकारी है। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपाध्याय भगवंत ने कहा कि ये जिनवाणी समुद्र है। हमें इस समुद्र की गहराई में गोता लगाकर जीवन की दुर्लभता समझनी है। पूरी जिनवाणी में दो ही चीज समझने योग्य है - पहली लक्ष्य और दूसरी उस तक पहुंचने का मार्ग। हमें समझना है कि कैसे आत्मा इस संसार समुद्र को पार करेगी।

उन्होंने बताया कि उत्तराध्ययन सूत्र में प्रभु की वाणी है और उनके बताए मार्ग है। हमें तथ्य और कथ्य को अपने जीवन में उतारना है। जीवन क्षणिक है, जीवन का भरोसा नहीं। बचपन आया, आपने देखा। युवावस्था आई, आप देख रहे हो लेकिन कल क्या हो पता नहीं। हमें इस जीवन में कुछ ऐसा करना है जिससे हम दूसरों के लिए प्रेरणा बन सके। हम न जाने किस भव में क्या थे। न जाने कितने रूप में भटकने के बाद हमें यह जीवन मनुष्य भव मिला है। ये मनुष्य पाना इतना आसान नहीं। इसका महत्व समझना होगा। आज मनुष्य बहुत अहंकार में रहता है। हमने अनंत बार मनुष्य भाव प्राप्त किया है लेकिन भटकते ही रहे। इस भटकाव के चक्र को तोड़ना है। इस चातुर्मास में हम मनुष्य भव को सुधारने का प्रयास करेंगे। जो ये सोचते रहेंगे कि आगे कर लेंगे,ये सोचते सोचते ना इस मनुष्य भव को भी गवा देंगे।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि हर प्राणी को जीने की ताकत को उसका कर्म देता है। आज सभी को मौका मिला है जाग सको तो जाग जाओ पांच इंद्रियों और मनुभाव का उपयोग करके धर्म ध्यान और सत्संग में जाकर आत्मा की पहचान करें। क्या पपकारी है, क्या पुण्यकारी है और क्या मुक्तिकारी है, यह ज्ञात होगा कि मनुष्य भव को कैसे सुधारना है तभी भव भव का भटकाव बंद होगा। आपको देव,गुरु और धर्म मिला है। उत्तम कुल मिला है। हमेशा चिंतन करें कितने कितने स्वरूपों में भटकने के बाद मनुष्य भव कितने मुश्किल से प्राप्त हुआ है। अब इसे सुधारना है या इसी में पड़कर गवना है, यह निर्णय आपको स्वयं लेना

## थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर 18 को

**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार च्सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्यज्ज अभियान के अंतर्गत रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के नेतृत्व में 18 जुलाई 2025 को जिला अस्पताल पंडरी में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जिलेवासियों को थैलेसीमिया, इसकी रोकथाम और उपचार के विषय में जानकारी प्रदान करना है। शिविर में निश्शुल्क एच.एल.ए परीक्षण, विशेष चिकित्सा परामर्श एवं उपचार की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। रोगियों एवं उनके परिवारजनों को देखभाल व उपचार से संबंधित मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। इस शिविर में जिला अस्पताल पंडरी के विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ-साथ फोर्टिस मेमोरियल इंस्टिट्यूट, गुरुग्राम के विशेषज्ञ डॉ. विकास दुआ ।

# गुरु खुशवंत साहेब के काफिले पर हमला, समाज ने किया प्रदर्शन



**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। आरंग विधानसभा क्षेत्र से विधायक और अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब के काफिले पर शनिवार को अज्ञात असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस घटना से सतनामी समाज में भारी आक्रोश है। जिसको लेकर आज सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में रायपुर कलेक्ट्रेट के सामने जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने घटना की तीव्र निंदा करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर रायपुर एसपी लाल उमेद सिंह को ज्ञापन सौंपा।

सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे ने कहा कि यह सिर्फ एक जनप्रतिनिधि पर नहीं, बल्कि हमारे पूरे समाज पर हमला है। हम दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हैं और धर्मगुरु को जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग करते हैं, वरना पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन होगा। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में समाज के युवा मौजूद थे। सभी ने एक सुर में प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी कि अगर दोषी पकड़े नहीं गए, तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान दिलीप कुर्रे, राकेश बघेल, उपकार सुल्तान, मोना खांडे, राजा बंजारे, तरुण व्यवहार, हेमलाल भारती, विनोद डिंडलोकर, हेमचंद्र गायकवाड़, वीरेंद्र हिरवानी, चंदन चांदने, दिनु पाल, रमेश जांगड़े, अजय जांगड़े, जितेश भारती, सूरज जांगड़े, तेज टोडर, जोहान पाटले, सीताराम खरे, सूरज घृतलहरे, यमन सोनवानी, रवि मनहर, तामेश बघेल, अमर मांडले, मनोज बारले, डेमसन, ललित, लक्ष्मण, नरेश चतुर्वेदी, सुभाष भारती, रूपेंद्र, अनिल निराला, मनीष घृतलहरे, तुषार, अविनाश, विजय, विकास, हेमन, आकाश एवं बड़ी संख्या में सामाजिक युवा प्रकोष्ठ मौजूद रहे।

बता दें कि आरंग विधायक और सतनामी समाज के गुरु खुशवंत साहेब के काफिले पर शनिवार को असामाजिक तत्वों ने अचानक हमला कर दिया था। जानकारी के मुताबिक, विधायक नवागढ़ में एक सामाजिक कार्यक्रम से लौटते समय बेमेतरा-रायपुर बायपास मार्ग पर भोईनाभांठा के पास पहुंचे ही थे कि अचानक उनकी गाड़ी पर पत्थरबाजी शुरू हो गई। इस हमले में उनकी कार के सामने के शीशे टूट गए। हालांकि गुरु खुशवंत साहेब पूरी तरह सुरक्षित हैं।

# सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा चलाये जा रहे सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ स्वच्छता जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत आज रायपुर नगर पालिक निगम जोन 2 कार्यालय से सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ स्वच्छता जनजागरूकता रैली जोन कार्यालय शहीद स्मारक स्कूल परिसर मौदहापारा के सामने से विभिन्न मुख्य मार्गो से होकर निकाली गयी। सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ स्वच्छता जनजागरूकता रैली का शुभारम्भ नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने जोन कार्यालय परिसर में जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया, सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति के मध्य हरी झड़ी दिखाकर किया।

रायपुर नगर निगम जोन 2 स्वास्थ्य विभाग की टीम के सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों ने मुख्य मार्गो में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ स्वच्छता जनजागरूकता रैली जोन 2 क्षेत्र अंतर्गत जोन 2 जोन कार्यालय से होकर फाफाडीह चौक, रेल्वे स्टेशन मार्ग, स्टेशन मार्ग गुरूद्वारा, संजय गाँधी चौक, नहरपारा मार्ग, झूलेलाल चौक, कैनाल लींकिंग रोड से होकर नगर निगम जोन 2 कार्यालय तक निकालकर रायपुर को स्वच्छ शहर बनाने स्वच्छ सर्वेक्षण में श्रेष्ठ स्वच्छता रैंकिंग दिलवाने सभी दुकानदारों और व्यापारियों से बाजार क्षेत्र में अपनी दुकान में हरे रंग के डस्टबिन में गीला कचरा नीले रंग के डस्टबिन में सूखा कचरा, काले रंग के डस्टबिन में हानिकारक कूड़ा पृथक ङ्क पृथक रखकर निगम सफाई मित्र को सफाई वाहन में पृथक ङ्क पृथक कचरा निष्पादन हेतु देकर सहभागिता दर्ज करवाने की अपील की. साथ ही स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों ने नागरिकों के मध्य स्वच्छता जनजागरूकता रैली में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ के गगनभेदी नारे लगाए।

## नाकेबंदी के दौरान 6 लुटेरे पकड़े गए

**धमतरी,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा तथा समस्त राजपत्रित अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा लूट की सूचना पर त्वरित कार्रवाई के अभ्यास हेतु वास्तविक परिस्थिति आधारित मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य लूट जैसी गंभीर घटनाओं के प्रति पुलिस की सतर्कता, समन्वय और कार्रवाई की तत्परता को परखना था।

मॉकड्रिल का परिदृश्य इस प्रकार रहा कि एक लूट की सूचना के बाद, तीन अलग-अलग मोटरसाइकिलों में सवार कुल 6 युवक अलग-अलग दिशाओं में भागते हैं। पूर्व निर्धारित वाहनों एवं सवारों का विवरण इस प्रकार था, काले रंग की होंडा शाइन - 02 युवक, काले रंग की बजाज सीटी 110 - 02 युवक और एक काले रंग की हीरो सुपर स्प्लेंडर - 02 युवक थे।

# कांग्रेस ने 3 राज्यसभा सांसद गैर राज्यों से बनाए एक भी आदिवासी को लायक नहीं समझा



**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम समेत अन्य लोग भी गांधी से मिले तो क्या इस मेल-मुलाकात के दौरान वे छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के हक में बात कर पाए या परम्परानुसार गांधी-परिवार की चरण वंदना और चाटुकारिता करके ही लौट आए?

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि भूपेश सरकार के शासनकाल में प्रदेश के आदिवासियों के साथ तो छलावा और धोखाधड़ी का एक पूरा सिलसिला चला, लेकिन बैज और मरकाम मुँह में दही जमाए बैठे रहे। मरकाम को तो फिर भी विधानसभा में कोंडागाँव जिले के डीएमएफ फण्ड पर सवाल उठाने की कीमत अध्यक्ष पद खोकर चुकानी पड़ी, पर अभी हाल ही कांग्रेस की पोलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में सबके सामने अपने नेतृत्व पर किए गए हमले के बाद भी बैज च्मौनी बाबाज्ज बने बैठे हैं! श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के हक और कल्याण की सोच और दृष्टि से जिस कांग्रेस का दूर-दूर तक कोई रिश्ता ही नहीं है, उस कांग्रेस के नेता राहुल गांधी आदिवासी नेताओं से मिलने का सिर्फ पाखण्ड ही कर रहे हैं।

प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने राहुल गांधी और प्रदेश के कांग्रेस नेताओं से सवाल किए हैं: क्या राहुल गांधी से यह प्रश्न पूछने की हिम्मत बैज कर पाए कि जब भूपेश बघेल की सरकार थी, तब प्रदेश से भेजे गए तीन राज्यसभा सांसदों में छत्तीसगढ़ के किसी व्यक्ति को राज्यसभा सांसद क्यों नहीं बनाया गया था? किसी आदिवासी को कांग्रेस ने इस लायक क्यों नहीं समझा? छत्तीसगढ़ के किसी आदिवासी व्यक्ति को एक राज्यसभा की सीट क्यों नहीं दी? तीनों की तीनों सीटें तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसके इशारे पर बेच दीं और छत्तीसगढ़ का अहित किया? बैज क्या राहुल गांधी से यह पूछने की हिम्मत कर पाए या फिर दिल्ली गए और च्सर नमस्तेज्ज करके आ गए? यदि राहुल गांधी को सच में आदिवासियों की इतनी ही फिक्र थी तो वह उस समय क्यों चुप्पी साधे रहे, जब छत्तीसगढ़ की पिछली भूपेश सरकार लगातार आदिवासियों के साथ अन्याय कर रही थी? आदिवासी बहुल इलाकों बस्तर व सरगुजा में धर्मांतरण के चलते आदिवासियों में वर्ग संघर्ष की नौबत लाने वाले अपने तत्कालीन मुख्यमंत्री बघेल को तलब क्यों नहीं किया?

## खैरा स्कूल में मनाया गया गुरू पूर्णिमा

**कटगी/बलौदाबाजार,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला खैरा क में उत्कृष्ट प्रधानपाठक जगन्नाथ प्रसाद देवांगन (राज्यपाल पुरस्कृत) के नेतृत्व में एसएमसी सदस्य रामभरोस साहू के आतिथ्य में गुरू पूर्णिमा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संचालन कर रहे श्री देवांगन ने कहा कि प्रथम गुरु माता पिता, स्कूल गुरुजी और तीसरा गुरु बुजुर्ग, दादा दादी से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सीखने का मौका मिलता है। वहीं जीवन संवरता और खुशहाल बनता है ऐसे में सभी गुरुजनों का सम्मान करते हुए सबका ख्याल रखते हुए आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। वही छात्र और संस्कारवान व्यक्ति ही जीवन में सफ्ल होते है। इसी प्रकार सभा को रामभरोस साहू, विनोद बंजारे और तेजवंत प्रताप पटेल ने भी गुरु की महिमा बताए।

## ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारंभ



**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज रेडक्रॉस सभाकक्ष में ई-ऑफिस प्रणाली का विधिवत शुभारंभ किया। डॉ. सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ज़िले के सभी शासकीय कार्यालयों एवं विभागों की कार्यप्रणाली को डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए ई-ऑफिस एक अहम कदम है। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली से न केवल दस्तावेजों की डिजिटल ट्रैकिंग और प्रसंस्करण आसान होगा, साथ ही इस पहल से शासकीय कार्यों में पारदर्शिता के साथ-साथ समयबद्धता और दक्षता सुनिश्चित होगी, कार्य प्रक्रिया में तेजी आएगी और कार्य निष्पादन की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। ई-ऑफिस प्रणाली के सुचारू संचालन हेतु जिले में अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है, ताकि इस प्रणाली का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

# प्रथम सोमवार को महामाया मंदिर में रुद्राभिषेक संपन्न



**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर राजधानी पुरानी बस्ती स्थित श्री राजराजेश्वरी महामाया माता मंदिर में आज प्रथम सोमवार को विधि विधान के साथ रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। इसका आयोजन मंदिर के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया था। मंदिर व्यवस्थापक पं विजय कुमार झा एवं सचिव दुर्गा प्रसाद पाठक ने बताया है कि आज प्रथम सोमवार को प्रतिवर्ष अनुसार मंदिर के कार्यकर्ता गणों द्वारा रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यास समिति के अध्यक्ष व्यास नारायण तिवारी, वरिष्ठ सदस्य उपेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, शिबू बिहारी शुक्ला आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। रुद्राभिषेक का आयोजन देवेंद्र शर्मा, मदन यादव,जगदीश देवांगन, वैभव शर्मा,सतीश तिवारी, ललित शुक्ला,कैलाश पटेल, शैलेंद्र शर्मा,भावेश शुक्ला, लक्ष्मण प्रसाद शर्मा आदि के द्वारा संपन्न कराया गया। पूजन कार्य मंदिर के आचार्य पं श्रीकांत पांडे एवं पं मनोज शुक्ला व पं विवेक पुराणिक,पं जगमोहन तिवारी आदि आचार्य के द्वारा संपादित कराया गया।

# दलहन की खेती पर मिलेंगे 11 हजार प्रति एकड़

## किसानों को होगा सीधा लाभ, 'कृषक उन्नति योजना' के तहत दिशा-निर्देश जारी

**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में खरीफ 2025 के लिए कृषक उन्नति योजना के तहत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कृषि में निवेश बढ़ाने और किसानों की लागत में राहत देने के उद्देश्य से यह योजना प्रारंभ की गई है।

राज्य सरकार ने फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए दलहन, तिलहन और अन्य वैकल्पिक फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के साथ चिन्हित फसलों पर आदान सहायता राशि देने का निर्णय लिया है। योजना का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा, जिन्होंने एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराया हो। विगत खरीफ मौसम में पोर्टल में पंजीकृत ऐसे किसान, जिन्होंने धान की खेती कर सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया है, वे इस योजना के पात्र होंगे। यदि वे इस बार धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसलें (जैसे—दलहन, तिलहन आदि) लेते हैं, और पोर्टल पर पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि हो जाती है, तो उन्हें ?11,000 प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता दी जाएगी। वहीं, यदि किसान दलहन, तिलहन, कोदो, कुटकी, रागी अथवा कपास जैसी फसलें लेते हैं, तो ?10,000 प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि मिलेगी—पंजीयन और गिरदावरी की पुष्टि के आधार पर। उप संचालक कृषि श्री सतीश अवस्थी ने बताया कि जिले में धान के अतिरिक्त वैकल्पिक फसलों जैसे अरहर, उड़द, कोदो आदि के बीजों का भंडारण जिले के सभी विकासखंड स्तरीय कृषि कार्यालयों में कर लिया गया है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसान क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या विकासखंड स्तरीय कृषि विभाग कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# भक्तों को तारने और राक्षसों के संहार के लिए हुआ भगवान राम का जन्म : लाटा महाराज

**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। श्रावण सोमवार के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विवाह सोमवार को समता कॉलोनी स्थित मैक कॉलेज के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। अवसर था श्री राम कथा का । अंतर्राष्ट्रीय संत श्री शंभू शरण लाटा जी के श्री मुख से भक्तों को पवन श्री राम कथा सुनने का अवसर मिल रहा है श्री राम कथा के तृतीय दिवस भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विवाह बड़े ही सुंदर ढंग से संपन्न हुआ इस अवसर पर विवाह में पहुंचे भक्त खुशी से झूठे और नाचते नजर आए।



राम कथा में संत श्री शंभू शरण लाटा जी ने भक्तों को श्री राम कथा का रसपान कराते हुए आगे बताया कि जब भगवान श्री राम लक्ष्मण भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ तो पूरी अयोध्या धाम खुशी में डूब गई थी जितनी भी देवी देवता थे वह किसी न किसी रूप में धरती पर आ चुके थे सभी भगवान के दर्शन के लिए और भगवान के अवतरण के लिए आतुर थे भगवान का जब जन्म हुआ सरयू मैया हिलोरा ले रही थी पवन पुरवाई के साथ चल रही थी भगवान सूर्य नारायण भी अपने जगह पर ठहर चुके थे भगवान राम के एक झलक पाने के लिए सभी देवता किसी न किसी रूप में उन्हें देखने के लिए उनके दर्शन के लिए आतुर थे भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के अवसर पर श्री राम कथा के दौरान भगवान श्री राम की भक्ति में भक्ति डूबे हुए थे। आगे संत श्री ने बताया कि भगवान राम का अवतरण संतों और भक्तों को तारने के साथ ही दुष्टो के संहार और धरती मैया के भार को कम करने के लिए हुआ था।

## संसार नश्वर है जो आया है उसे जाना होगा

संत श्री ने आगे श्री राम कथा में बताया कि यह संसार नश्वर है जो आएगा उसे जाना होगा स्वयं माता सती और भगवान भोलेनाथ के दामाद भी अमर नहीं हो सके तो हम जैसे साधारण मनुष्य की बात ही क्या करना इसलिए विचार कर लीजिए कोई अमर नहीं है इस संसार में आया है सो जाएगा राजा रंग फकीर। इसलिए हमें समय रहते जितनी भगवान की भक्ति कर सकते हैं वह कर लेना चाहिए।

# शहीद कौशल यादव की पुण्यतिथि 25 को शहीद दिवस के रूप में मनाई जाएगी

**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ यादव समाज द्वारा शहीद कौशल यादव की पुण्यतिथि 25 जुलाई को शहीद कौशल यादव चौक काली माता मंदिर आकाशवाणी के पास, रायपुर में शहीद दिवस के रूप में मनाई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि शहीद कौशल यादव कारगिल युद्ध में देश के लिए लड़ते-लड़ते अपने जान की आहुति दे दी। देश के लिए इनके द्वारा गौरव पूर्ण कार्य किये जाने पर संपूर्ण देश एवं संपूर्ण यादव समाज को इन्होंने गौरवांवित किया है। इनके याद में संपूर्ण देश में उनके पुण्यतिथि पर कारगिल युद्ध को याद करते है तथा छत्तीसगढ़ यादव समाज द्वारा प्रतिवर्ष उनके पुण्यतिथि पर शहीद कौशल यादव चौक में शहीद दिवस मनायी जाती है। शहीद की याद में यादव समाज द्वारा स्कूल के बच्चो को पेन, कॉपी, कम्पॉस, पुस्तक आदि शिक्षण सामग्री वितरित किया जायेगा।

# टोल प्लाज़ा में चक्काजाम, एनएसयूआई अध्यक्ष समेत 9 के खिलाफ एफआईआर

**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। तरपोंगी टोल प्लाज़ा पर रविवार को हुए एनएसयूआई के विरोध प्रदर्शन के मामले में अब कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई है। चक्काजाम और यातायात बाधित करने के आरोप में प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे सहित 9 नामजद पदाधिकारियों और अन्य अज्ञात कार्यकर्ताओं के खिलाफ जुर्म दर्ज की गई है। मामला धरसीवां थाना क्षेत्र का है। जहां पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।



## रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर लगा था लंबा जाम

13 जुलाई को एनएसयूआई रायपुर जिला इकाई द्वारा टोल टैक्स, छात्र हित, और स्थानीय बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर तरपोंगी टोल प्लाज़ा पर प्रदर्शन किया गया था। प्रदर्शन की अगुवाई जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने की, जबकि प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे की मौजूदगी में सैकड़ों छात्र कार्यकर्ता टोल प्लाज़ा पर जुटे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने टोल का घेराव कर चक्का जाम किया, जिससे रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर लंबा जाम लग गया।

एफ आई आर में नामजद पदाधिकारी नीरज पांडे प्रदेश अध्यक्ष, प्रशांत गोस्वामी जिला अध्यक्षअमित शर्मा उपाध्यक्ष, लेमन सोनवानी, विशाल कुकरेजा, जग्गू जांगड़े, वैभव मुजेवार, भावेश साहू, जितेश वर्मा समेत कई अन्य अज्ञात कार्यकर्ताओं के खिलाफ भी कार्रवाई दर्ज हुई है। प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बी.एन.एस की धारा 191 (2) यानी दंगा करने और 126 (2) गलत तरीके से रोकने के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# आबकारी अधिकारियों ने लगाई अग्रिम जमानत के लिए याचिका

**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश के बहुचर्चित शराब घोटाले में फंसे निलंबित 22 आबकारी अफसरों ने अग्रिम जमानत के लिए जिला अदालत में याचिका दायर की है। याचिका पर 18 जुलाई को सुनवाई होगी। सभी के खिलाफ ईओडब्ल्यू-एसीबी ने प्रकरण दर्ज किया है।

## सुनवाई 18 को होगी

शराब घोटाला मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने सात जुलाई को विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। इनमें से 22 आबकारी आबकारी अफसरों को निलंबित कर दिया गया है।

चार्जशीट में आबकारी अधिकारी जनार्दन कौरव, विकास गोस्वामी, नीतू नोतानी, दिनकर वासनिक, अनिमेष तेनाम, विजय सेन शर्मा, इकबाल खान, नितिन खंडूजा, नवीन प्रताप सिंह तोमर, मंजुश्री कसेर, सौरभ बख्शी, अशोक सिंह, गरीबपाल दर्दी, नोहर सिंह ठाकुर, सोनल नेताम, प्रमोद नेताम, मोहित जायसवाल, रविश तिवारी, रामकृष्ण मिश्रा के नाम शामिल हैं। करीब 5000 पन्नों के इस चार्जशीट में अधिकारी की भूमिका का विवरण दिया गया है। इस घोटाले में डुप्लिकेट होलोग्राम वाली शराब की अवैध बिक्री शामिल थी, जिसे च्जिला आबकारी अधिकारियों की देखरेख में सीधे डिस्टिलरी से खुदरा दुकानों तक पहुंचाया जाता था।

# डॉ. रमेश प्रसाद गुप्ता को पीएचडी की उपाधि



**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। भारती आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय, दुर्ग में पदस्थ डॉ. रमेश प्रसाद गुप्ता (सह प्राध्यापक) को गोपाबंधु आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय, पुरी उड़ीसा (उत्कल विश्वविद्यालय) द्वारा पी. एचडी. की उपाधि प्रदान की गई है। इन्हें यह उपाधि आयुर्वेद-काया चिकित्सा के क्षेत्र में दी गई है। उनके शोध का विषय स्थौल्य/ मोटापे में लेखन बस्ती एवं त्रायुष्णादि लौह के उपचारात्मक प्रभाव का मूल्यांकन करने वाला नैदानिक परीक्षण है। यह शोध कार्य इन्होंने प्रोफेसर डॉ. बिपिन बिहारी खुटिया के मार्गदर्शन में किया है।

# शिक्षा ही विकास का मूल मंत्र : बृजमोहन

**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठ द्वारा आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, अध्यक्षता रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के साथ आए हुए अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी बच्चों कक्षा पहली, नवमी, ग्यारहवीं के बच्चों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर गणवेश तथा पुस्तक देकर स्वागत किया गया। शाला विकास एवम् प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय अग्रवाल द्वारा अध्यक्षीय भाषण दिया गया जिसमें शिक्षा गुणवत्ता, सुधार छात्रों की उपस्थिति, अनुशासन एवम् विद्यालय के समस्या एवम् मांगों को अतिथियों को विस्तार से अवगत कराया। स्वागत भाषण संस्था ई प्राचार्या श्रीमती सरोज चंद्राकर द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। शाला प्रवेश उत्सव के साथ साथ अतिथियों द्वारा एक पेड़ मां नाम से विद्यालय परिसर में फलदार एवम् आक्सीजन युक्त पौधे रोपे गए। मुख्य अतिथि सांसद अग्रवाल द्वारा अपने उद्बोधन में बच्चों को शिक्षा ही विकास का मूल मंत्र एवम् शिक्षा के गुणवत्ता पर जोर देते हुए शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवम् प्राचार्या द्वारा की गई मांगों पर अपने सांसद निधि से अतिरिक्त कमरे निर्माण हेतु 10 लाख देने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक सुनील सोनी ने अपने भाषण में बच्चों को शिक्षा के प्रति विशेष जोर देते हुए कमजोर बच्चों की सहयोग करने पर बल दिया और विधायक निधि से अतिरिक्त कमरा निर्माण हेतु 10 लाख रुपए देने की घोषणा किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा अतिथियों का स्वागत, स्वागत गीत के साथ किया गया साथ ही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जो अत्यंत मनमोहक था ।



## उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठपुरेना के शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, मनोज वर्मा पार्षद रमेश सपहा पार्षद, प्रमोद साहू पार्षद, रवि सोनकर पार्षद, श्री रामकृष्ण धीवर, राकेश सिंह सांसद प्रतिनिधि, मण्डल अध्यक्ष संस्था के प्राचार्या श्रीमती सरोज चंद्राकर, प्रधान पाठक संजीव बल्लाल, श्री उत्तम पाण्डेय, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# अनवर ढेबर और अनिल टुटेजा की 21 तक बढ़ी रिमांड

**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। बहुचर्चित कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने आज मुख्य आरोपियों अनवर ढेबर और पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को पुलिस रिमांड की मियाद पूरी होने पर कोर्ट में पेश किया। विशेष कोर्ट ने सुनवाई के बाद दोनों को एक बार फिर 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। अब यह रिमांड 21 जुलाई 2025 तक प्रभावी रहेगी। इससे पहले दोनों आरोपियों को 9 जुलाई को कोर्ट में पेश कर पहली बार 5 दिन की रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि के दौरान हुई पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर ई ओ ने अदालत से रिमांड बढ़ाने का अनुरोध किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।



ईओडब्ल्यू ने इस प्रकरण में अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 11, 13(1)(क), 13(2), भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी (आपराधिक साजिश), 384 (जबरन वसूली) एवं 409 (लोकसेवक द्वारा आपराधिक विश्वासभंग) के तहत मामला दर्ज किया है।

## कस्टम मिलिंग घोटाला

**पूछताछ का दायरा होगा और बड़ा:** सूत्रों के अनुसार, रिमांड के नए चरण में ई ओ डब्लू उन आर्थिक चैनलों, लेनदेन की कड़ियों और संभावित लाभार्थियों की गहन पड़ताल करेगी जिनके माध्यम से करोड़ों रुपये का अवैध लेनदेन किया गया। पूछताछ में कई और नाम सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर पहले से शराब घोटाला मामले में जेल में बंद हैं, लेकिन इस कस्टम मिलिंग घोटाले में ईओडब्ल्यू की जांच के बाद इनकी संलिप्तता स्पष्ट होने पर विधिवत गिरफ्तारी की गई। जांच में सामने आया है कि दोनों ने मिलकर राज्य में चावल मिलर्स से करोड़ों रुपये की अवैध वसूली की सुनियोजित साजिश रची और उसे अंजाम तक पहुंचाया।

**ईओडब्ल्यू की जांच तेज:** ईओडब्ल्यू इस पूरे प्रकरण की जांच तेजी से कर रही है और आने वाले दिनों में और भी बड़े खुलासों की संभावना है। जांच एजेंसी अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी पड़ताल कर रही है।

यह घोटाला वर्ष 2021ङ्क22 के दौरान रचा गया था, जब धान की कस्टम मिलिंग के लिए केंद्र सरकार से 62 लाख मीट्रिक टन की मंजूरी मिली थी। इसके बाद प्रदेश सरकार के भीतर कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों ने मिलर्स से दो किस्तों में अवैध वसूली का तंत्र खड़ा किया।

रिपोर्टों के अनुसार, इस योजना में राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश रुंगटा, कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर, रामगोपाल अग्रवाल और सिद्धार्थ सिंघानिया जैसे नाम भी शामिल हैं। रोशन चंद्राकर द्वारा अलग-अलग जिलों से वसूली की गई राशि सिद्धार्थ सिंघानिया के माध्यम से अनवर ढेबर और फिर अनिल टुटेजा तक पहुंचाई गई।

# नाबालिग का अपहरण कर रचाई शादी, दोस्त और पिता गिरफ्तार

**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। पुलिस ने टिकरापारा की एक कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय एक बालिका का अपहरण और रेप के आरोप में गांधीनगर सरगुजा निवासी उसके पिता और दोस्त को गिरफ्तार किया है। सवा साल पहले आरोपी किशोर गाइन पिता कन्हैया गाइन 24 वर्ष अपने दोस्तों के साथ कार से रायपुर आया और बालिका को भगाकर ले गया था। दोनों में फेसबुक के जरिये दोस्ती हुई थी। घरवालों ने उस वक्त अपहरण की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। इधर फेसबुक फ्रेंड ने मांग भरकर बालिका से शादी कर ली और अपने घर में पत्नी बनाकर रखा। हाल ही में घरेलू विवाद में बालिका के साथ मारपीट हुई और उसे ज्यादा चोट लगने पर इलाज के लिए रायपुर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। तब मामला पुलिस के पास पहुंचा।

**कार लेकर तीन दोस्त आए थे 2024 में रायपुर:** टिकरापारा पुलिस के मुताबिक अप्रैल 2024 में आरोपी किशोर रायपुर आया था। उसके साथ दोस्त भी थे 17 साल की बालिका को शादी का झांसा देकर अपहरण करके ले गए थे। अब उक्त बालिका बालिग हो चुकी है कथित तौर पर ससुराल में रहते हुए उसके साथ मारपीट की गई। सूत्रों ने दावा किया कि खेती-किसानी से जुड़े आरोपियों के घर में एयरगन से बालिका पर फायर किया गया है। पुलिस ने पीड़िता के बयान में यह बात आने पर एयरगन भी जब्त कर ली है। मारपीट की घटना में कथित ससुर कन्हैया गाइन, कथित पति किशोर का नाम आया है।

अपहरण के वक्त कार में मौजूद किशोर के दो दोस्तों में से एक विक्की उर्फ समर विश्वास की गिरफ्तारी की गई है। रेप और अपहरण के मामले में पति के खिलाफ कार्रवाई जारी है। मां की रिपोर्ट के आधार पर जांच कार्रवाई जारी पीड़िता की मां की रिपोर्ट पर जांच कार्रवाई जारी है। पीड़िता को निजी अस्पताल में दाखिल कराकर आरोपी फरार हो गए थे पुलिस ने लोकल पता लेकर परिजनों से मुलाकात की। उसके बाद बेटी से मिली जानकारी के आधार पर मां ने रिपोर्ट लिखाई। रिपोर्ट है कि नाबालिग का अपहरण करके जबरदस्ती सिंदूर लगाकर लगातार शारीरिक शोषण किया जाता रहा। हत्या करने की नीयत से बालिका पर एयरगन से गोली चलाई गई। पुलिस द्वारा धारा 363, 366, 376 (2) एन, 323, 506, 34, भादवि पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

# ई-वे बिल में व्यावहारिक सुधार की मांग कैट ने जीएसटी आयुक्त को ज्ञापन सौंपा



**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य (भारत सरकार) अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट प्रतिनिधि मंडल ने पुष्पेंद्र कुमार मीणा, आयुक्त, जीएसटी छत्तीसगढ़ शासन से मुलाकात कर ई-वे बिल नियमों में व्यावहारिक सुधार की माँग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।

- नियमों में सुधार से व्यापार करना अधिक सरल होगा
- छोटे व मध्यम व्यापारियों को राहत मिलेगी

श्री पारवानी ने बताया कि ज्ञापन में छत्तीसगढ़ के व्यापारियों एवं उद्योगपतियों की ओर से ईज ऑफ डुइंग बिज़नेस की भावना के तहत निम्नलिखित प्रमुख माँगें रखी गईं।

एक ही जिले के भीतर माल के परिवहन पर ई-वे बिल से पूर्ण छूट दी जाए। आवश्यक वस्तुएं जैसे पुस्तकें, नोटबुक, शैक्षणिक सामग्री, एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे ताज़ा फल-सब्ज़ियाँ, खाद्य पदार्थ चिकित्सा और उपकरण आपूर्ति, कृषि निवेश और उपकरण, डेयरी व ताजे उत्पाद आदि के लिए राज्य में न्यूनतम प्रतिबंध लागू किए जाएं। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित सुधार से राज्य में व्यापार करना और अधिक सरल होगा, विशेषकर छोटे और मध्यम व्यापारियों को राहत मिलेगी। यह सुधार कर अनुपालन और कर संग्रह की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखेंगे तथा राज्य सरकार और व्यापार समुदाय - दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। कैट टीम ने आयुक्त से अनुरोध किया कि इन मांगों को प्राथमिकता से विचाराधीन रखा जाए श्री मीणा ने ज्ञापन को ध्यानपूर्वक अवलोकन किया एवं कैट प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक आश्वासन प्रदान किया। मुलाकात में कैट टीम के पदाधिकारी अमर पारवानी, सुरिन्द्रर सिंह भरत जैन, प्रीतपाल सिंह बग्गा, सीए मुकेश मोटवानी एवं भरत भूषण गुप्ता शामिल थे।

# भांजे ने मामा के साथ की धोखाधड़ी

**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। अजीत पाल ने थाना तिल्दा नेवरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम कोहका थाना तिल्दा नेवरा रायपुर में रहता है तथा उसका भांजा अभिजीत सिंह बघेल टिकरापारा रायपुर में रहता है, जो उसके पास ग्राम कोहका में आना जाना करता रहता था। कुछ वर्ष पूर्व अजीत पाल के भांजा अभिजीत सिंह बघेल उसके पास ग्राम कोहका आया और बोला कि ट्रेवल्स का काम करना है आप अपनी वाहन मेरे ट्रेवल्स में लगा दो। जिसके पश्चात् प्रार्थी उसकी बातों पर विश्वास करके अपनी वेगनआर कार क्रमांक सीजी/04/पी पी/6865 एवं स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी/04/पी जे/2757, एक्टीवा वाहन क्रमांक सीजी/04/पी जे/1751 एवं एक्टीवा वाहन क्रमांक सीजी/04/पी टी/2951 को दे दिया था तथा उसका लिखा पढ़ी नही किया था। अजीत का भांजा के द्वारा प्रार्थी को प्रतिमाह 10,000-10,000 रूपये एवं वाहनो के फायनेंस का मासिक किस्त उसके द्वारा भुगतान किये जाने का बातचीत हुआ था, अजीत पाल के भांजे के द्वारा दोनो चारपहिया वाहन का मासिक किश्त कुछ माह भुगतान करने के बाद से उसका भुगतान किया जाना बंद कर दिया गया। जिसके पश्चात् अजीत के द्वारा अपने वाहनों की वापस करने मांग की गई किन्तु उसके द्वारा अजीत पाल के वाहनों को वापस न करते हुए अजीत से संपर्क करना बंद कर दिया एवं कहीं चला गया।



## वाहनों को ट्रैवल्स में लगाकर पैसा कमाने का झांसा देकर किया अमानत में खयानत, आरोपी भांजा गिरफ्तार

इस प्रकार अजीत पाल के भांजे अभिजीत बघेल द्वारा प्रार्थी की वाहनों को ट्रैवल्स के नाम पर प्राप्त कर उसके साथ अमानत में खयानत कर लाखों रूपये की ठगी की गई है। जिस पर आरोपी अभिजीत सिंह बघेल के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

जिस पर थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा और पूरी टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी अभिजीत सिंह बघेल की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में आरोपी अभिजीत सिंह बघेल को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया है।

जिस पर आरोपी अभिजीत सिंह बघेल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 नग चारपहिया वाहन एवं 02 नग दोपहिया वाहन कीमती लगभग 5,00,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

# आनंद समाज वाचनालय से बूढ़ातालाब मार्ग को जोड़ने वाला बायपास खोला गया

**रायपुर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के क्षेत्र में आनंद समाज वाचनालय के बाजू से सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम के समीप से श्याम टाकीज श्री गणेश मंदिर के सामने स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब के समीप के मुख्य मार्ग को जोडने एक अतिरिक्त बायपास मार्ग खोल दिया गया है और बायपास मार्ग खोलकर श्याम टाकीज श्री गणेश मंदिर मार्ग और आनंद समाज वाचनालय मार्ग में प्रतिदिन होने वाले यातायात के भारी दबाव को कम करने के उद्देश्य से इस नये बायपास मार्ग को एकागी मार्ग घोषित कर दिया गया है।




## प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात्रि 8 बजे के मध्य उपयोग कर सकेंगे लोग

इस एकागी मार्ग का उपयोग नागरिक आनंद समाज वाचनालय के बाजू से इंडोर स्टेडियम के पास से श्याम टाकीज श्री गणेश मंदिर स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब मार्ग तक पहुंचने हेतु प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक इस एकागी मार्ग का केवल जाने के लिए उपयोग कर सकते हैं। यह निर्णय मार्ग में भारी यातायात के दबाव को नियंत्रित कर नागरिको वाहन चालको को सुगम और सुव्यवस्थित यातायात प्रबंध देने हेतु किया गया है।

नगर निगम रायपुर द्वारा नागरिको व वाहन चालको से आनंद समाज वाचनालय के बाजू से इंडोर स्टेडियम के पास से होकर श्याम टाकीज स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब के बाजू में मार्ग पहुंचने हेतु प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात्रि 8 बजे के मध्य इस एकागी मार्ग का उपयोग कर यातायात के भारी दबाव को नियंत्रित करने सहित सुगम आवागमन प्राप्त करने उपयोग करने की अपील की है।

## संपादकीय

### एनएचएम कर्मियों के मुद्दे हल हों

*राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राज्य में कार्यरत 16 हजार कर्मचारी पुन: हड़ताल पर जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने अपनी एक अर्से से लम्बित मांगों को लेकर मंगलवार व बुधवार को काम बन्द करने का ऐलान किया है। इन मांगों को लेकर ये कर्मचारी पहले भी आंदोलन कर चुके हैं। वैसे तो ये 10 जुलाई से ही चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं जिसके तहत यह कामबन्दी की जायेगी। 15 जुलाई तक ये कर्मी काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। संविदा कर्मचारियों के रूप में कार्यरत इस महत्वपूर्ण मानव संसाधन पर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बड़े पैमाने पर टिकी हैं। इनके काम बन्द करने से निश्चित ही जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसलिये सरकार को चाहिये कि वह संघ के प्रतिनिधियों के साथ सहानुभूतिपूर्वक बातचीत कर उनके मुद्दों का हल निकाले। विपक्ष में रहते हुए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के कई नेता संघ की मांगों को जायज ठहरा चुके हैं।*

*पिछले दो वर्षों से संविदा कर्मचारी जो मांगें कर रहे हैं, उनमें प्रमुख हैं- उनका संविलयन, वेतन वृद्धि, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे का निर्धारण आदि। राज्य के विभिन्न जिला अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक ये संविदा कर्मचारी लोगों के स्वास्थ्य की देख-भाल कर रहे हैं। जिस वर्ग के कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगे उनमें डॉक्टर, नर्सें, फार्मासिस्ट, लैब, एक्सरे टेक्नीशियन, कार्यालयीन व हाऊस कीपिंग स्टाफ, सफाईकर्मी आदि हैं।*

*किसी भी अस्पताल-मेडिकल कॉलेज में जाकर देखा जा सकता है कि ये कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में नियमित कर्मचारियों का कंधे से कंधा मिलाकर साथ निभाते हैं। टीबी, कुष्ठ, मलेरिया आदि की रोक-थाम में इनका अहम रोल होता ही है, पैथालॉजी सम्बन्धी जांच, मरीजों को दवाइयां पिलानी व उनका वितरण, टीके व सुइयां लगाना उनका दायित्व होता है। स्कूलों तथा आंगनबाड़ियों में बच्चों के सेहत की जांच, शिशुओं की देख-भाल, पोषण, पुनर्वास केन्द्र, वरिष्ठ व बीमार नागरिकों की फिजियोथेरेपी, गांवों के आयुष्मान केन्द्रों की ओपीडी का संचालन जैसी जिम्मेदारियां भी वे ही निभा रहे हैं। ऐसे ही, मौसमी रोगों के प्रसार को रोकने में भी उनका बड़ा योगदान होता है।*

*कहने को ये संविदा कर्मचारी होते हैं लेकिन वे किसी भी नियमित कर्मचारियों के बराबर और कुछ मामलों में तो उनसे बढ़कर काम करते हैं। उनके कामों के घंटों को देखें तो वे पूरा समय लगाते हैं जबकि उनके वेतन वर्तमान महंगाई को देखते हुए बहुत कम होते हैं। अक्सर ये संविदा कर्मचारी बाहरी गांवों या शहरों में रहते हैं जिसके कारण उन पर और भी कई तरह के खर्च होते हैं। इसके चलते वे अपने परिवार का भरण-पोषण समुचित ढंग से नहीं कर पाते। लगभग सभी राजनीतिक दल उनकी मांगों से सहमति जता चुके हैं। सरकार को चाहिये कि वह घोषित हड़ताल को टाले।*

**उल्टा पुल्टा**

मां - किससे बात कर रहा है, इतनी रात को?
बेटा - कियारा की मां से...
मां - अब ये कियारा कौन है?
बेटा - तुम्हारी होने वाली पोती...!!!
फिर मां ने रात में ही उतारा बेटे के इश्क का भूत..

# अछोली ग्राम में शराब दूकान खोलने का ग्रामवासियों ने किया विरोध

## भानपुरी के ग्रामीणों ने आवासीय पट्टा देने की गुहार लगाई जनदर्शन में



**दुर्ग**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी मौजूद थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 118 आवेदन प्राप्त हुए।

ग्राम भानपुरी के ग्रामीणों ने आवासीय पट्टे की मांग की। ग्रामवासियों ने बताया कि वे पिछले 50 वर्षों से इस भूमि पर मकान बनाकर निवासरत हैंए लेकिन आज तक उनके पास मकान की वैध स्वामित्व से संबंधित कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। इस कारण वे शासन की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं और उन्हें अपने घरों को लेकर हमेशा एक अज्ञात भय बना रहता है। उन्होंने बताया कि उनके पास उनके पास राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि मौजूद हैं। इतने वर्षों पुराने निवास को वैधानिक मान्यता देते हुए आवासीय पट्टा प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

किसान बंधु संगठन धमधा द्वारा ग्राम अछोली में शराब दुकान खोलने में आपत्ति एवं निविदा निरस्त करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम अछोली, तहसील धमधा में कंपोजिट मदिरा दुकान खोलने की तैयारी एवं निविदा प्रक्रिया शुरू हो जाने के कारण ग्राम पंचायत अछोली सहित आसपास के 15 से 20 गाँवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम धमधा और आबकारी विभाग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

ग्राम पंचायत मड़ियापार के सरपंच ने ग्राम पंचायत मड़ियापार के आश्रित ग्राम परसदापार में राशन उप.वितरण केन्द्र खोलने की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में गांव के 243 राशनकार्डधारी नागरिकों को अपने मासिक राशन के लिए लगभग 4 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम मडियापार की उचित मूल्य की दुकान तक जाना पड़ता है। गाँव के बुजुर्ग, महिलाएँ और असहाय परिवारों के लिए यह दूरी तय करना बेहद कठिन हो जाता है, जिससे वे समय पर और नियमित रूप से राशन प्राप्त नहीं कर पाते हैं। इस पर कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।




# पहले सावन सोमवार को शिवमंदिरों में लगा श्रद्धालुओं का तांता

**दुर्ग**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। नगर के शिवालयों में आज श्रावण मास के प्रथम सोमवार को श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगी रही। जगह जगह लोगों ने भगवान शिव का दुग्ध व जल से अभिषेक किया। इसके अलावा भी श्रद्धालुओं ने अपने निवास पर भी भगवान शिव का अभिषेक कराया। अनेक व्यापारियों ने अपनी दूकानों का शुभारंभ किया तथा गृहप्रवेश भी किये गये।

प्रथम सावन सोमवार पर आज दुर्ग शहर शिवमय रहा। शिवनाथ नदी तट के मंदिरों से लेकर शनिचरी बाजार, एकता द्वार के पास, शिवपारा, सिंधी कालोनी, संतराबाड़ी, गायत्री मंदिर वार्ड, इंदिरा मार्केट, ग्रीन चौक केलाबाड़ी, कसारीडीह, बोरसी, बघेरा, पद्मनाभपुर, आदर्श नगर, हरनाबांधा मार्ग, मोहन नगर, सिकोला बस्ती, सिकोला भाठा, छ.ग. विद्युत मंडल के पास स्थित शिव मंदिरों सहित विभिन्न मंदिरों में आज सुबह से ही स्त्री पुरूष श्रद्धालुओं की पूजा पाठ, जलपात्र लेकर भीड़ उमड़ रही थी। यह सिलसिला दोपहर तक चला। लोग षोडषोपचार का पूजा अर्चना व अभिषेक करते रहें। शाम को भी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

# पुलिस ने साइबर ठगी पीड़ितों को छह महिने में वापस करवाए 1.93 करोड

**दुर्ग**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में साइबर ठगी के खिलाफ पुलिस ने बड़ा अभियान चलाकर छह महीनों में पीड़ितों को 1.93 करोड़ रू. की राशि वापस दिलाने में सफलता हासिल की है। यह सफलता साइबर ब्रांच और लोकल साइबर सेल की सक्रियता और त्वरित कार्रवाई का नतीजा है। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि साइबर अपराध से पीड़ित लोगों द्वारा अगर समय रहते शिकायत दर्ज कराई जाए, तो उनका पैसा वापस लाया जा सकता है। दुर्ग पुलिस ने साइबर सुरक्षा और जागरूकता अभियान की भी शुरूआत की है जिसमें नागरिकों को बताया जा रहा है कि 1930 हेल्पलाईन पर समय रहते शिकायत दर्ज करें, अनजान काल, लिंक, फर्जी जॉब ऑफर या लोन स्किम से सतर्क रहें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। एसएसपी अग्रवाल ने कहा कि डर और लालच से दूर रहकर अगर लोग सतर्कता बरते, तो वे खुद को और अपने पैसे को सुरक्षित रख सकते है।

# महापौर ने लिया सिकोला बस्ती का जायजा, डेयरी संचालकों को दी चेतावनी

- **गोबर नालियों में बहते देख लगाई फटकार**



**दुर्ग**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। महापौर अलका बाघमार ने आज वार्ड क्रमांक 16 सिकोला बस्ती की विभिन्न बस्तियों का निरीक्षण किया और इस दौरान नालियों में गोबर बहते देख डेयरी संचालकों तथा वार्ड सुपरवाईजर को कड़ी फटकार लगाई। महापौर ने डेयरी संचालकों को चेतावनी देते हुए नालियों में गोबर गंदगी बहाये जाने पर आगे कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने साथ चल रहे नगर निगम अधिकारियों को दोषियों के विरूद्ध नोटिस जारी कर जुर्माना लगाने के निर्देश दिये।

सिकोला बस्ती वार्ड की सिकोला भाठा, कर्मचारी नगर, जयंती नगर, एवं सांई नगर की विभिन्न गलियों का लगभग ढाई घंटे तक भ्रमण कर निरीक्षण किया। श्रीमती बाघमार ने इस भ्रमण में पाया कि वार्ड की अधिकांश नालियों की महिनेभर से सफाई नहीं कराई गई है। कर्मचारी नगर से जयंती नगर तक के मार्ग की नालियों व इनसे लगी गलियों में गंदगी का आलम देख महापौर ने नगर निगम के सफाई कर्मचारियों पर जमकर नाराजगी जताई।

महापौर के साथ इस भ्रमण में एमआईसी के प्रभारीगण नरेन्द्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पार्षद खिलावन मटियारा, युवराज कुंजाम, उपआयुक्त मोहेन्द्र साहू, उपअभियंता विनोद मांझी, प्रेरणा दुबे साथ थीं।

# प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करें आयुक्त ने की व्यापारियों की बैठक में अपील




**दुर्ग**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने आज चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों की बैठक लेकर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक, थैलियों, पालिथीन को प्रचलन से बाहर करने में सहयोग की अपील की। आयुक्त श्री अग्रवाल ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे घर से थैला लेकर बाजार जाएं, और थैले में ही सामान लेकर आये।

आयुक्त श्री अग्रवाल ने बैठक में बताया कि नगर निगम द्वारा शीघ्र ही शहर के मुख्य हिस्सों, बाजारों व वार्डो में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पालिथिन, कैरीबैग एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के विरूद्ध जनजागरण अभियान चलाया जायेगा। इस बैठक में उपस्थित सभी व्यापारियों ने कहा कि वे शासन के निर्देशों के अनुरूप सिंगल यूज प्लास्टिक, पालिथिन, केरीबेग इत्यादि का उपयोग बिल्कुल नहीं करेगें तथा लोगों में भी इसे लेकर जागरूकता अभियान में चलायेगें।

बैठक में व्यापारियों में प्रकाश सांखला, पवन बड़ज़ात्या, मो. अली हिरानी, लीलाराम, सुखदेव पंजवानी, आशीष खंडेलवाल, रवि केवल, पवन झमनी, संजय पाण्डेय, अनीस जैन, बाजार अधिकारी शुभम गोईर, ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव उपस्थित थे।

# दोपहिया चोरों का पांच सदस्यीय गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा, 10 लाख के 14 वाहन बरामद





**दुर्ग**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। पद्मनाभपुर एवं एसीसीयू पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर मोटर साइकिल चोरों के 5 सदस्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर उनके पास से 10 लाख रूपयों के अनुमानित मूल्य की 14 मोटर साइकिल बरामद की गई। ये मोटर साइकिल अलग अलग कंपनियों की है जो अलग अलग स्थानों से चोरी की गई थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर इन चोरों के 5 सदस्यों को पद्मनाभपुर शराब भट्‌टी के पास से पकड़े गये जो मोटर साइकिल बेचने के लिये ग्राहक की तलाश में थे। इन आरोपियों में 4 राजनांदगांव व 1 बालोद का है।

उल्लेखनीय है कि पिछले काफी समय से दुर्ग कोतवाली, मोहन नगर, पद्मनाभपुर एवं विभिन्न थानों में लगातार मोटर साइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही थी। मोटर साइकिल चोरी की लगातार बढ़ती घटनाओं को देखते हुए एसीसीयू एवं पद्मनाभपुर पुलिस की टीम द्वारा मुखबिरों के माध्यम से चोरी से संबंध में पतासाजी की जा रही थी। इस बीच पुलिस को दो मोटर साइकिलों में सवार 5 लड़कों को शराब भट्‌टी के पास मोटर साइकिल बेचने हेतु ग्राहक तलाश किये जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम ने उन्हें पकड़कर कड़ाई से पूछताछ की। इस पूछताछ में प्रहलाद उर्फ बोडो देवार ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथियों नरेन्द्र मरकाम मोहन मरकाम, राजेश देवार, मुकेश देवार के साथ मिलकर अलग अलग स्थानों से अलग अलग समय व तारीख में मोटर साइकिलों की चोरी की। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में उन्होंने चोरी की सभी 14 मोटर साइकिल अटल आवास में बेचने के उद्देश्य से छिपाकर रखने की जानकारी दी। आरोपियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पुलिस ने उक्त अड्डे पर पहुंचकर एक एक्टीवा, दो पल्सर, दो सीडी डिलक्स, 6 एचएफ डीलक्स, दो टीव्हीएस एक्सल एक यामाहा तथा इस तरह 14 मोटर साइकिल बरामद कर इन सभी चोरी के पांच आरोपियों नरेन्द्र मरकाम (23), मोहन मरकाम (24), मुकेश मरकाम (44), राजेश मरकाम (42), एवं प्रहलाद उर्फ बोडो देवार (21) को गिरफ्तार किया। इनसे से मोहन मरकाम बालोद तथा शेष राजनांदगांव जिले के रहने वाले है।

# बौद्धगया महाबोधी महाविहार मुक्ति आंदोलन को मिला बसपा का समर्थन




**दुर्ग**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष दीपक चंद्राकर के नेतृत्व में आज बसपा कार्यकर्ताओ ने 'आल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम' एवं समस्त बौद्ध संगठनों के तत्वधान में महाबोधी महाविहार (बौद्ध गया) में बीटी एक्ट 1949 को निरस्त करने तथा बौद्ध गया को गैर बोद्धों के कब्जे से मुक्त कराने दुर्ग जिले में लगातार अनवरत जारी धरना प्रदर्शन को आज धरना स्थल पर जाकर प्रदर्शनकारीओं व बौद्ध भिक्षुओं से मिलकर उनकी मांगों का समर्थन किया, उन्होंने कहा की बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमारी मायावती ने 10 अप्रेल को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उक्त एक्ट को रद्द करने की मांग की थी तथा 12 मई बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी गौतम के द्वारा स्वयं बौद्ध गया जाकर आंदोलन को समर्थन ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# ज्ञान की प्राप्ति के लिये समर्पण भाव अनिवार्य : साध्वी लब्धियशा



**दुर्ग**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। आचरण के लिए ज्ञान का होना जरूरी है। ज्ञान और क्रिया एक सिक्के के दो पहलू हैं। ज्ञान की प्राप्ति के लिए समर्पण भाव अनिवार्य है। उक्त उद्‌गार श्री आचारांग सूत्र व्याख्यान श्रृंखला में साध्वी लब्धियशाश्रीजी ने व्यक्त किए।

श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में चातुर्मास आराधकों को संबोधित करते उन्होंने ने कहा कि जो परमात्मा की आज्ञा का अनुसरण करता है, वह मेधावी है। जिस तरह रोटी बनाने के लिए आटा-पानी और अग्नि तीनों की आवश्यकता होती है वैसी ही शाश्वत सुख की प्राप्ति के लिए सम्यक दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र तीनों जरूरी है। इसके लिए परमात्मा के द्वारा बताये मार्ग, सिद्धांत पर हमें श्रद्धा और समर्पण रखना होगा। समर्पण के अभाव में हमें अपने वास्तविकता का बोध नहीं होता है। परिस्थिति जैसी भी हो, मन:स्थिति मजबूत होनी चाहिए। प्रतिकूलताओं को सहर्ष स्वीकार करनाएसंयम है। जैसे स्वस्थ शरीर के लिए रोग की निदान जरूरी है वैसे ही ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# जैन आगम के साथ तीर्थंकरों की वाणी है : साध्वी सुलक्षणा



**दुर्ग**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। दुर्ग आगम एक दर्पण है इसके लिए मेरा सब कुछ समर्पण है जैन दर्शन का नियम है आगम । यह जरूर है कि जैन परंपरा में आगम को लेकर भिन्न.भिन्न मत है, मंदिर मार्गी परंपरा 45 आगम मानती है वही स्थानकवासी परंपरा में 32 वां गमों को प्रमुखता से स्थान दिया गया है । वहीं दिगंबर परंपरा में भी आगम का मत अलग है । उक्त विचार जय आनंद मधुकर रतन भवन दुर्ग की धर्म सभा को संबोधित करते हुए श्रीजी ने कहीं । उन्होंने आगे कहा तीर्थंकर अधिनास से लेकर भगवान महावीर तक के द्वारा कही गई देशना को सूत्र रूप में आगमों में समाहित किया गया है विश्व की सबसे प्राचीन भाषा प्राकृत भाषा है । जैन धर्म जैन दर्शन भी प्राचीन काल में लिखे गए ग्रंथ सूत्र भी प्राकृत भाषा में ही मिलते हैं। आगम के हर सूत्र आत्मा को तिराने का काम करते हैं और वही आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का कार्य एक सेतु के रूप में करते हैं । तीर्थंकरों की वाणी है आगम नवकार महामंत्र भी प्राकृत भाषा में ही लिखा गया है जिसमें अरिहंत सिद्ध आचार्य उपाध्याय और विश्व के सभी साधु साध्वियों की वंदना की गई है ।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए समन्वय साधिका प्रियदर्शना जी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा धर्म का मूल सम्यक दर्शन है जिसके अंतर्गत सत्य अहिंसा दया धर्म दान तप सभी समाहित है । मैं कौन हूं कहां से आया हूं की खोज आज अत्यंत आवश्यक है ।

वर्षावास लगने के बाद से ही जय आनंद मधुकर रतन भवन में त्याग तपस्या का अनुष्ठान प्रारंभ हो गया है। ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ करेगा 1 अगस्त से प्रदेश व्यापी आंदोलन



**दुर्ग**, 14 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ की दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक दुर्ग में प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक का आयोजन संभाग अध्यक्ष नवी मोजेश एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। बैठक में दुग, बेमेतरा, खैरागढ़ सहित विभिन्न जिलों से आए 200 से अधिक संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भागीदारी दी।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव के नेतृत्व में प्रदेश संरक्षक तापस रॉय, प्रदेश महासचिव उनीत राम साहू, प्रदेश संयुक्त सचिव कनकन हलदारए प्रदेश सह सचिव हरिओम शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता विवेक राठौरए प्रदेश मीडिया प्रभारी सतीश यदु तथा प्रदेश कार्यकारिणी के अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आगामी रणनीति एवं संविदा शिक्षकों की नियमितीकरण मांग को लेकर चल रहे आंदोलन पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 20 जुलाई को सभी जिलों में सांकेतिक धरना आयोजित किया जाएगा एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही 1 अगस्त से प्रदेशव्यापी आंदोलन व हड़ताल की तैयारी हेतु ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

## सूने घरों में चोरी

**भिलाईनगर** । जामुल स्थिति एसीसी कॉलोनी के आधा दर्जन घरों में चोरी की वारदात से लोगों में हड़कप देखा गया है। मिली जानकारी के अनुसार कॉलोनी के जिन आवासों में चोरी हुई है वे सभी छुट्टियों में गए हुए हैं। सोमवार को कॉलोनी में रहने वाले एक कर्मचारी जब अपने आवास पहुंचा तो उसे चोरी का पता चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। एक ही कॉलोनी के 6 से 7 घरों में चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस एक्टिव हो गई। फ्लिहाल जामुल पुलिस जांच कर रही है। बता दें एसीस कंपनी से लगी हुई एसीसी कॉलोनी है। यहां नियमित कर्मचारियों को कंपनी द्वारा आवास उपलब्ध कराया जाता है। दीगर राज्यों से यहां कर्मचारी नियुक्त हैं। छुट्टियों में कर्मचारी अपने गृहग्राम जाते हैं। सोमवार को जामुल पुलिस को सूचना मिली कि एसीसी कॉलोनी के 6 से 7 घरों में चोरी हो गई है। सूचना के बाद जामुल पुलिस के साथ सीएसपी छावनी हरेश पटेल भी पहुंचे। फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वाड भी पहुंची। पुलिस ने पहुंचते ही जांच शुरू कर दी है।

# कुम्हारी से गुरूद्वारा तिराहा में मध्य कटिंग होंगे बंद

## आज से मजार सुपेला के पास कांक्रीट की डिवाइड बनाकर बंद किया जायेगा



**भिलाईनगर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। यातायात पुलिस द्वारा जिले की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने हेतु लगातार सड़क सुरक्षा के मीटिंग में सड़क की अभीयांत्रिक त्रुटि दूर करने एजेंडा में शामिल कर चर्चा की जा रही है। जिसके परिपालन में सुधार कार्य किये जा रहे हैँ साथ ही यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा संबंधित विभाग से समन्वय कर सुधार कार्य कराने का कार्य किया जा रहा हैँ। नेशनल हाईवे 53 के अंतर्गत कुम्हारी से गुरूद्वारा तिराहा में बने डिवाईडर के मध्य कटिंग बनाया गया था और कुछ स्थानो पर अवैध कटिंग भी बन गये थे। जिससे रात्रि के समय अचानक सडक पार करने से सडक दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती थी इस बिन्दु पर यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा पूर्व में हुए सडक सुरक्षा समिति की बैठक में चर्चा की गई थी जिस पर जनहित को देखते हुए इस बंद करने का संबंधित विभाग को निर्देश दिये गये थे उक्त निर्देश के परिपालन में संबंधित विभाग द्वारा पूर्व में छोटे कटिंग को बंद करने का कार्य किया गया था कल सें मजार सुपेला के पास ओवर ब्रिज के आगे जाली सें बने कटिंग चोरी और टूथफुट गये थे जिनके स्थान पर कंक्रीट की डिवाइड बनाकर बंद किया जा रहा है।

यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा जिले की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने हेतु सडक पर बाधा उत्पन्न करने वालो पर लगातार कार्यवाही की जा रही है एवं मार्केट क्षेत्र में यातायात पुलिस पेट्रोलिंग कर नो पार्किंग में खडे दो पहिया एवं चार पहिया वाहनो पर कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा लगातार जिले के मार्ग व्यवस्था एवं मार्केट क्षेत्र में यातायात का सुगम और सुरक्षित आवागमन का प्रयास किया जा रहा है इसी कडी मे को सण्डे मार्केट की व्यवस्था में सुधार लाने हेतु यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा पेट्रोलिंग कर रोड किनाने ठेला लगाने वाले को सफेद पट्टी के बाहर दुकान की ओर लगायेगें सडक पर कोई भी दुकान व ठेला नहीं लगेगा इसी तारत्यम में लगातार पेट्रोलिंग कर जो ठेला सडके उपर लगा था उन्हे हटाया गया और सडक पर खडी दो पहिया वाहनो को क्रेन से उठाकर कार्यवाही की गई एवं चार पहिया वाहनो पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 122/177 नो पार्किंग के तहत कार्यवाही की गई साथ ही ई चालान भी जारी किया गया।

## पावर हाऊस स्टेशन का किया निरीक्षण



**भिलाईनगर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव चितरंजन कुमार पर्वत एवं प्रदेश अध्यक्ष खुलेश वर्माए सदस्य रेलवे परामर्शदत्त उपयोगकर्ता सलाहकार समिति रायपुर के द्वारा भिलाई के नागरिकों की मौखिक शिकायत के आधार पर आज पावर हाउस स्टेशन भिलाई नगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वहां के व्यवस्थापक इंद्र भोई (सीएस) मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि स्टेशन में स्टेशन के मुख्य द्वार के आस पास शीतल पेयजल की व्यवस्था नहीं थी ना ही बाथरूम (महिला एवं पुरुष यूरिनल) में पानी की व्यवस्था बिल्कुल नहीं थी, साथ ही एक नंबर प्लेटफार्म पर पंखे भी पर्याप्त नहीं थे। प्रमुख बिंदु पर हमने देखा कि जो सेक्टर 1 मार्ग की ओर पार्किंग में पर्ची काटा जा रहा है उसमें सीरियल नंबर बिल्कुल नहीं थे और वहां पर दो प्रकार की पर्ची काटी जा रही है एक रेलवे के द्वारा ऑथराइज्ड और एक अलग से पर्ची काटी जा रही है जो की लीगल नहीं है। ना ही बुक नंबर ना ही सीरियल नंबर पाया गया। जो पर्ची काटा जा रहा है बहुत ही डिफरेंस है राशि में इतनी धनराशि जो डिफ्रेंस अमाउंट है वह अधिकारियों की मिलीभगत से निजी उपयोग एवं दुरुपयोग किया जा रहा है। जिसकी जिम्मेदार कोई नहीं ले नहीं रहा। फोन के माध्यम से जे पी सिंह (सीसीएस), अरुण चौधरी (आईओडब्ल्यू), श्री नायक (आईओडब्ल्यू) से संपर्क करने पर टाल मटोल करते रहे। इससे रेलवे का बहुत बड़ा नुकसान अधिकारियों द्वारा किये जाने का आरोप लगाया। इस दौरान संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेष चौधरी, दुर्ग जिलाध्यक्ष एम आर पाटिल, राजनांदगांव जिलाध्यक्ष दिलीप शर्मा मौजूद रहे।

## जीवन में जैसे मां की छाया जरूरी है वैसे ही वृक्षों की छाया



**भिलाईनगर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। गुजराती बाज खेड़ावाल समाज भिलाई के समाज भवन गुजराती सेवा सदन में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। आर्टकॉम संस्था के सहयोग से ये कार्यक्रम आयोजित हुआ। समाज के सभी सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा। उपस्थित सभी सदस्यों ने वृक्षारोपण के माध्यम पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। समाज की ओर से अमित भट्ट ने कहा कि जैसे मां हमारे जीवन में महत्व रखती है वैसे ही प्रकृति मां का भी महत्व है। प्रकृति की रक्षा के लिए जरूरी है कि अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाया जाए। कार्यक्रम में प्रीति भट्ट, स्मिता सेलट, देवीला ठाकर, जया भट्ट, प्रिया ठाकर, संध्या भट्ट, शिल्पी त्रिवेदी, रितु भट्ट, मानसी त्रिवेदी, सुदीपा भट्ट, सीमा दवे, विनीता शुक्ला, निधि जोशी, शिरीष सेलट, वैभव जोशी, अमित भट्ट, अनुराग ठाकर, अनीश भट्ट, डा.अशोक त्रिवेदी, आलोक भट्ट, मयूर भट्ट, अमीश भट्ट, मनीष शुकुल, संजय देव, नवनीत दवे, ज्योति त्रिवेदी, सुदीप दव आदि उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिविर का अनेक ग्रामीणों ने लिया लाभ




**भिलाईनगर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 की टीम भिलाई सहित दुर्ग जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर रही है। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी के निर्देश पर स्वास्थ्य महकमा सहयोगी मरीजों उपचार कर लोगों को लाभ पहुंचा रहा है। इसी कड़ी में विकास खंड पाटन के शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई-तीन के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर देवबलौदा में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि शिविर में कुल 96 लोगों का पंजीकरण किया गया। उच्च रक्तचाप ओर डायबिटीज टाइप 2 और नवजात शिशुओं की विशेष स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 6 मरीज उच्च रक्तचाप और 10 मरीज टाइट 2 डाइबिटीज के मरीज मिले हैं। नवजात शिशुओं की स्क्रीनिंग में माताओं को बच्चों को स्तनपान के बाद बच्चों को डकार दिलाने की विधि बताई गई। डा ए एल बेंजामिन ने बताया कि बच्चों में चर्म रोग और बुखार सर्दी जुकाम वायरल फीवर के मरीज मिले। जिसके लिए दवा देकर साफ सफाई और ताजा भोजन करने और स्वाद अनुसार व्यंजन बनाकर बच्चों को देने बताया गया ताकि बच्चों को बाहरी बिकने वाली चीजें से बचाए जा सके। उन्होंने माताओं को बताया कि सूजी के अलग-अलग व्यंजन में हलवा, उपमा, खीर बनाकर अलग.अलग दिन दें, जिससे बच्चों में खानपान के प्रति रुचि बनी रहे। उसी तरह अन्य साग सब्जी और बेसन को अलग.अलग स्वरूप में बनाकर देने से बच्चों में रुचि रहेगी। बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि महिला और पुरुष रोग में कमर दर्द और कमजोरी एनीमिया सामान्य रूप से मिले हैं। जिसका प्रमुख कारण कुपोषण, अच्छा पौष्टिक आहार की कमी है। चर्म रोग को लेकर वर्षा ऋतु में नमी ओर गीलेपन से बचाव जरूरी है। कपड़े सुखा कर और प्रेस करके पहने जिससे फंगल इंफेक्शन से बचाव हो सकता है। इस समय फंगल इंफेक्शन व्यापक रूप ले रहा है। तालाब के पानी में नहाने से बचना चाहिए। डॉ बेंजामिन ने कहा स्वच्छता को हर स्तर पर अपना, ताजा भोजन करें, प्रतिदिन स्नान करे बच्चों में व्यावहारिक स्वच्छता जरूर सीखना चाहिए। शिविर में फार्मासिस्ट सोशन जेकब, नर्सिंग सिस्टर प्रभा सेमवाल, शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई-3 सीनियर कंसल्टेंट एल एच व्ही आर विश्वास देवबलौदा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका देविला चंद्राकर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कुमेश साहू और रजिस्ट्रेशन में मंसूर अली ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की।

## लोगों ने बारिश का पानी घर में घुसने की शिकायत की



**भिलाईनगर,** 14 जुलाई (देशबन्धु) विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर.5 स्थित अपने जनसंपर्क कार्यालय में भिलाई नगर के विभिन्न वार्डों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। वर्तमान में हो रही लगातार बारिश के कारण नागरिकों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों ने शिकायत की कि बारिश का पानी उनके घरों और गलियों में भर रहा है, जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं कई वार्डों के लोगों ने नलों में गंदा और दूषित पानी आने की समस्या भी बताई, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में नागरिकों ने बिजली, नाली निर्माण, राशन कार्ड, पेयजल व्यवस्था, पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं भी रखीं। विधायक देवेंद्र यादव ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर समाधान के निर्देश दिए। विधायक श्री यादव ने कहा कि बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र में जलभराव की विकराल स्थिति के लिए बीएसपी प्रबंधन की लापरवाही जिम्मेदार है।

## आयुक्त ने पाइप लाईन शिफ्टिंग का किया अवलोकन



**भिलाईनगर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत जुनवानी रोड स्थित कोसानाला पुलिया के पास पाइप लाईन शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है। जिसका निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय पहुंचे। पाइप लाईन शिफ्टिंग के कार्य अतिशीध्र पूर्ण कराने जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत एवं उपस्थित सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा को निर्देशित किए। विगत कुछ दिन पहले भारी बारिश के कारण कोसा नाला सप्लाई पाइप लाइन बैंड हो गया है, जिसका संधारण कार्य कराया जाना है जायजा लेते हुए आयुक्त ने तत्काल पाइप लाईन ठीक कराने निर्देशित किए हैं। आकाश गंगा सब्जी मंडी पार्किंग स्थल में पेवर ब्लाक लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिसका अवलोकन करते हुए आयुक्त ने गुणवत्ता युक्त कार्य कराने जोन आयुक्त को निर्देशित किये स पार्किंग निर्माण से आकाशगंगा शॉपिंग काम्पलेक्स में आने-जाने वाले लोगो को सुविधा मिलेगी। प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम स्थित गुलमोहर उद्यान में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के अनुशंसा अनुसार विधायक निधि से कार्य होना प्रस्तावित है। जिसका निरीक्षण आयुक्त द्वारा किया गया। समिति से चर्चा अनुसार आवश्यक कार्यो को प्राक्कलन में शामिल करने का निर्देश कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर को दिए। टेनिस ग्राउण्ड एवं उद्यान में सफाई व्यवस्था बनाए रखते हुए ग्रास कटिंग हेतु उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किए। निरीक्षण के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, उप अभियंता बसंत साहू उपस्थित रहे।

## डीएवी हुडको में प्रकृति संरक्षण प्रदर्शनी का आयोजन

**भिलाईनगर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। डी.ए.वी पब्लिक स्कूल हुडको भिलाई में क्षेत्रीय अधिकारी प्रक्षेत्र अ व डी.ए.वी पब्लिक स्कूल हुडको भिलाई के प्राचार्य प्रशांत कुमार की मार्गदर्शन में इको क्लब की ओर से पर्यावरण संरक्षण पर एक प्रदर्शनी रखी गई जो हर रोज पृथ्वी दिवस की संकल्पनाओं को चरितार्थ करती है। इको क्लब का गठन विद्यालयों में पर्यावरण जागरूकता और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना है। प्रकृति संरक्षण प्रदर्शनी का उद्देश्य पेड़ लगाना, स्वच्छता अभियान, प्राकृतिक संरक्षण, बागवानी के प्रति बच्चों को जोड़ा जाना रहा साथ ही यह छात्रों को एक दूसरे के साथ सहयोग करने और अधिक से अधिक सीखने का मौका प्रदान करता है। प्रदर्शनी में कक्षा एल.के.जी से 10 तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न आकर्षक और ज्ञानवर्धक मॉडल, चाट्र्स, पोस्टर्स और ईको फ्रेंडली प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। जल संरक्षण वनों की रक्षा, कचरा प्रबंधन, जैविक खेती, पुनर्चक्रण, वायु प्रदूषण, ओजोन की परत पर दबाव और प्लास्टिक मुक्त भारत जैसे विषयों पर आधारित जीवंत मॉडल, झाकियां व प्रदर्शनी सभी की विशेष रुचि का केंद्र रहीं। प्राचार्य प्रशांत कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रदर्शनी भविष्य की पीढ़ी के बीच पर्यावरणीय जागरुकता बढ़ाने के लिए अहम् भूमिका निभाएगी। प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। तो वहीँ असमय मौसम का बदलाव न केवल कृषकजन को हतोत्साहित कर जनधन की हानि पहुँचाता है बल्कि राष्ट्र की क्षमता को भी प्रभावित करती हैं। ऐसे में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, प्रकृति और पर्यावरण का महत्व समझाने के उद्देश्य से विद्यालय की ओर से ऐसे प्रकृति प्रदर्शनी का आयोजन कर रहे ताकि बच्चों में जैव विविधता के बारे में जानकारी हो सके। साथ ही छात्रों के बीच प्रकृति प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी और पोस्टर प्रतियोगिताओं आदि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा ताकि बच्चों में पौधों वन, वन्यजीव, जैव विविधता और प्रकृति से संबंधित मुद्दों के प्रति उत्साह पैदा हो सके। इस तरह की प्रकृति संरक्षण आधारित प्रदर्शनी से सभी बच्चों को इकोलॉजी और पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भागीदारी और सहयोग का मौका मिलेगा। इससे ज्ञान बढ़ेगा और अपने विद्यालय और समुदाय के लिए एक स्वच्छए शुद्ध और बेहतर पर्यावरण निर्मित करने में बच्चे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने वर्तमान समय में बढ़ते हुए तापमान और उससे उत्पन्न होने वाली भविष्य की स्थितियों के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए सभी से अपील की है कि ऐसी विकट स्थिति और भविष्य की गंभीरता को देखते हुए हम सबको एक साथ आना होगा और पर्यावरण का संरक्षण करना होगा। उन्होंने छात्र छात्रों को वृक्षारोपण द्वारा अपने आस-पास के पर्यावरण को हरा भरा और स्वच्छ रखने के लिए प्रोत्साहित किया।



## आयुक्त ने संयंत्र प्रबंधन को जारी किया नोटिस



**भिलाईनगर,** 14 जुलाई (देशबन्धु। महापौर परिषद के विशेष बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार टाउनशिप क्षेत्र में स्थित नालों की सफाई नहीं कराए जाने के संबंध में निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र को चेतावनी नोटिस जारी किये हैं। जिला कलेक्टर दुर्ग द्वारा पूर्व में ही टाउनशिप क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्डों में बीएसपी प्रबंधन द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, डेंगू, मलेरिया एवं जल जनित बीमारियों के रोकथाम हेतु समुचित कार्रवाई करने और बेक लेन की सफाई तथा आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्र की संपूर्ण मार्गों की साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधित पत्र एवं निर्देश दिए हैं। टाउनशिप क्षेत्र अंतर्गत नालों में जलकुंभी की सफाई बरसात के पूर्व 15 जून तक करना था, जिससे पानी के बहाव में रुकावट न हो और आसपास बस्तियों में जल भराव न हो । किंतु भिलाई इस्पात संयंत्र नगर सेवाएं प्रबंधन द्वारा सभी कार्य नहीं कराए गए हैं । टाउनशिप क्षेत्र में स्थित नाला की जलकुंभी निगम क्षेत्र अंतर्गत बरसाती पानी में बह कर आने से जुनवानी, कोसानाला पुलिया में फंस जाने से सेक्टर 6 भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास बौद्ध भूमि, प्रियदर्शनी परिसर, कोसा नगर, कोसा नगर रेसने आवास, गांधीनगर एवं विनोबा नगर में नाला के आसपास की बस्ती एवं घरों में पानी भर गया। इस तरह की स्थिति निर्मित होने से आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा है और प्रभावित लोगों का नुकसान भी हुआ है। जनहानि की आशंका बनी है जिससे प्रशासन की छवि धूमिल हुई है। टाउनशिप क्षेत्र के नालों एवं बेक लेन की सफाई व्यवस्था जल्द सुधारने हेतु चेतावनी दी गई है। अन्यथा जिम्मेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई होगी ।

## जीई फाउंडेशन ने बालिका हॉस्टल में किया स्कूली सामग्री का वितरण



**भिलाईनगर,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। शिक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्यरत गोल्डन एंपथी (जीई फाउंडेशन) ने संजीवनी बालिका हॉस्टल में स्कूली छात्राओं स्कूल बैग, जूते, नोटबुक और स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया। छात्राओं को शिक्षा में सहूलियत प्रदान करने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से की गई इस पहल के दौरान फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बेटियों की शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बच्चियों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि हर बार की तरह सभी बेटियां उल्लेखनीय अकादमिक परिणाम लाएंगी। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन भविष्य में भी ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षाए स्वास्थ्य और समग्र विकास के लिए इस प्रकार के प्रयास करता रहेगा। इस दौरान विशेष तौर पर उपस्थित समाजसेविका श्रीमती कमला देवी टावरी ने बच्चियों को संबोधित करते हुए कुछ प्रेरक प्रसंग सुनाए और जीवन में हर चुनौती का सामना करने तैयार रहने का आह्वान किया।

## मंदिर से चोरी

**भिलाईनगर** 14 जुलाई। न्यू खुर्सीपार श्री राधाकृष्ण मंदिर में कल अज्ञात चोर ने दरवाजे का कुंड़ा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। लकड़ी की दान पेटी का निचला हिस्सा तोड़कर अंदर रखें चढोत्तरी के रुपए लेकर फरार हो गया। दान पेटी में कितने रुपए थे। इसका खुलासा नहीं हो सका है पुजारी की रिपोर्ट पर से खुर्सीपार पुलिस के द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। प्रार्थी सुरेश कुमार मिश्रा 53 वर्ष न्यू खुर्सीपार सब्जी मार्केट के पास रहते है। न्यू खुर्सीपार श्री राधाकृष्ण मंदिर के पूजारी है। 12 जुलाई को रोज की तरह मंदिर में पूजापाठ करने के बाद मुख्य दरवाजे पर ताला लगाकर विश्राम करने घर चले गए थे। दूसरे दिन सुबह करीब 4.30 बजे मंदिर आकर देखा तो मंदिर के मुख्य द्वार ताला का कुंडा टूटा हुआ था। दरवाजा बंद था दोनो हाथों से दरवाजा धकेला तो दरवाजा खुल गया।

## राज्यसभा सदस्य बनाने पर मीनाक्षी को दी बधाई

**भिलाईनगर।** जैन मिलन सेक्टर 6 श्री खंडेलवाल दिगंबर जैन सभा बाकलीवाल भवन जैन ट्रस्ट और श्री महावीर सेवा समिति मानव सेवा परिसर जैन भोजनालय सेक्टर 9 के सभी सदस्यों की ओर से राष्ट्रपति एवं नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए डॉ मीनाक्षी जैन को हार्दिक शुभकामना दी है। जैन समाज की ओर से डॉक्टर मीनाक्षी जैन समस्त ने राज्यसभा सदस्य बनाया गया। बधाई देने वालों में अरविंद जैन, प्रदीप जैन बाकलीवाल, निर्मल कोचर, सुधीर, प्रभात जैन, संतोष गोलछा, मुकेश जैन, ज्ञानचंद बाकलीवाल, भागचंद जैन, महावीर प्रकाश जैन, गौतम चंद टाटिया, अशोक पहाड़िया, भावेश शाह, भीकमचंद जैन, वीरेंद्र भरा, जिनेंद्र जैन हुकुमचंद ओसवाल, संजय जैन, मनीत जैन, राजेश जैन, भूपेंद्र जैन, जिनेंद्र जैन, सतीश जैन अजीत जैन प्रमुख है।

## विधायक प्रतिनिधि ने शालाओं का जाना हाल

**भिलाईनगर,** 14 जुलाई (देशबन्धु) ।भिलाई नगर३ विधायक देवेंद्र यादव के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि अजय शिरबावीकर ने विधानसभा क्षेत्र की अनेक शालाओं का निरीक्षण किया । कांग्रेस सरकार की महत्वाकांक्षी शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयो में और केंद्र सरकार की पीएम श्री शालाओं में निरीक्षण के दौरान अनेक समस्याओं से रूबरू हुए। श्री शिरबावीकर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दोनों शालाओ में अब तक पाठ्य पुस्तके नहीं पहुंची है। पीएम श्री शालाओं में पृथक सेटअप मिला है ना ही अधो संरचनाओं का विकास हुआ है। सेजेस शालाओं में नर्सरी केजी-1, केजी-2 कक्षायें आरंभ कर दी गई है । किंतु न ही उसके लिए स्टॉफ़ मिला है और ना ही कक्षों की व्यवस्था दी गई । भर्ती प्रक्रिया को राजनीतिक और प्रशासनिक दबाव में ध्वस्त कर दिया है। 40 की जगह एक-एक कक्षा में 55 से 60 और कहीं कहीं उससे भी ज्यादा प्रवेश दिए गए हैं । इसी प्रकार गरीब और वास्तविक जरूरतमंदों की जगह संपन्न परिवार के बच्चो ने सीट कब्जा लिया है। छात्र संख्या के आधार पर और विषयों का ध्यान ना रखकर युक्तियुक्त करण की प्रक्रिया ने शैक्षणिक व्यवस्थाओं को बुरी तरह प्रभावित किया है। उन्होनें बताया कि उक्त समस्या के समाधान के लिये विधायक



## छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कल निकालेंगे रैली

डोंगरगढ़ ,14 जुलाई (देशबन्धु) छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ ने प्रांतीय आह्वान पर छत्तीसगढ़ शासन को मोदी की गारंटी लागू करने का नोटिस दिया है। फेडरेशन की बैठक के प्रारंभ में सर्वप्रथम मंगोखुटा के प्रधान पाठक दिवंगत शैलेन्द्र मेश्राम जी को श्रद्धांजलि दी गई ,फिर तय हुआ है कि प्रथम चरण में 16 जुलाई को प्रदेश के सभी ब्लॉक तथा जिलों में रैली निकालकर मोदी की गारंटी लागू करने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा इसी तारतम्य में डोंगरगढ़ में भी ज्ञापन सौंपा जायेगा।

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के तत्वाधान में होगा शिक्षक प्रशिक्षण एवं प्रतिभा सम्मान

- जिले के 500 से अधिक शिक्षक प्रशिक्षण में सम्मिलित होंगे
- राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक देंगे प्रशिक्षण



बेमेतरा,14 जुलाई (देशबन्धु)। आज समाधान महाविद्यालय बेमेतरा में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन जिला बेमेतरा की आवश्यक बैठक संपन्न हुई जिसमें आर टी ई पोर्टल के संबंध में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के सदस्य संचालकों एवं संचालक प्रतिनिधियों को दिया गया यह प्रशिक्षण संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी के सहसचिव कृष्ण कुमार सोनी द्वारा प्रदान किया गया जो रॉयल पब्लिक स्कूल के संचालक है। इस अवसर पर महत्वपूर्ण प्रशोत्तर आरटीई पोर्टल और उसमें आ रही त्रुटि को सुधारने संबंधी प्रश्नोत्तरी भी किया गया द्य आज के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अवधेश पटेल ने बताया कि आज संगठन की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि आगामी जुलाई माह में 20 जुलाई, रविवार को एक दिवसीय महत्वपूर्ण प्रशिक्षण 500 से अधिक शिक्षकों को एलंस पब्लिक स्कूल बेमेतरा में संगठन के द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में बेमेतरा जिले के एसोसिएशन से जुड़े 500 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में दिल्ली मुनि इंटरनेशनल स्कूल के संचालक डॉक्टर अशोक ठाकुर जो एक इंटरनेशनल शिक्षाविद एवं लेखक हैं जिनके स्कूल को यूनेस्को ने वर्ल्ड स्टार के रैंकिंग में सातवां नंबर का अवार्ड प्रदान किया है जो देश में बजट स्कूल में सीबीएसई में पिछले 8 वर्षों से लगातार नंबर वन स्कूल बना हुआ है और जापान सरकार का एकमात्र भारत देश का पार्टनर स्कूल है आप संगठन के सदस्य शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, एवं इसके अलावा श्री मुकेश शाह, शिक्षाविद डायरेक्टर शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गोविंद मुदलियार, शिक्षाविद, डॉ अवधेश पटेल, नेशनल मेमोरी एंड माइंड पावर ट्रेनर, एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षाविदों से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन में बेमेतरा जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी संगठन के माध्यम से किया जाएगा एवं प्रत्येक स्कूल से एक बेस्ट टीचर का भी सम्मान प्रदान किया जाएगा। आज इस मीटिंग में समूचे बेमेतरा जिले के लगभग 30 से अधिक संचालक गण एवं उनके प्रतिनिधि सम्मिलित हुए जिसमें मुख्य रूप से इंडियन पब्लिक स्कूल से संगठन के सचिव रामकुमार भारती न्यू गुरुकुल स्कूल नवागढ़ के संचालक गजपाल सिंह खुराना, गुरुकुल स्कूल से राजशेखर दीवान, विवेकानंद पब्लिक स्कूल से जितेंद्र सिंह राजपूत, दीक्षा पब्लिक स्कूल से मालिक राम वर्मा, बाल संस्कार शिशु मंदिर बरगा से डॉक्टर रेवाराम पाल, स्वामी विवेकानंद गुरुकुल विद्यालय से दिलहरण कुमार साहू, जय हिंद पब्लिक स्कूल से विवेक तिवारी, सरस्वती पब्लिक स्कूल खाती से नोहर साहू, गुरु कृपा पब्लिक स्कूल से श्रीमती श्रीपति साहू, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, बेमेतरा, सृजन पब्लिक स्कूल से राम सर, एवं माईड्स आई इंटरनेशनल स्कूल, ललित विद्यानिकेतन नवागढ़, संस्कार पब्लिक स्कूल, सरस्वती ज्ञानदीप मंदिर वेदिता पब्लिक स्कूल, सूर्या पब्लिक स्कूल, गुरु कृपा पब्लिक स्कूल, रॉयल पब्लिक स्कूल, ज्ञानोदय विद्या निकेतन, सरस्वती ज्ञान मंदिर स्वामी विवेकानंद विद्यालय नवागढ़, आइडियल पब्लिक स्कूल, इंडियन पब्लिक स्कूल विभिन्न स्कूलों से संचालक गण एवं उनके प्रतिनिधि गण सम्मिलित हुए सभी ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने-अपने विचार साझा किया एवं पाट्य पुस्तक को अति शीघ्र प्रदान करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को एवं पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष को पत्र लिखने की सहमति बनी।

# विकासखंड में वृहद वृक्षारोपण के लिए डॉ. जैन ने किया स्थल का निरीक्षण



गुरुर,14 जुलाई (देशबन्धु)। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में 18 जुलाई को आयोजित होने वाली वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की तिथि को अपरिहार्य कारणों से संशोधित करते हुए रविवार 20 जुलाई को कर दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा इस वृहद कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है।

जनपद पंचायत गुरुर के विभिन्न गांव में भी इसकी तैयारी को लेकर पशु चिकित्सा के प्रमुख डॉ. पदुम जैन राजधानी से गुरुर पहुंचे, जहां उन्होंने वृक्षारोपण महाभियान हेतु आवश्यक तैयारी का जायजा लिया गया।

### कुलिया में 500 सौ पौधों का होगा रोपण

निरीक्षण के दौरान ग्राम चिटौद, मिर्रीटोला, बोरिद कला, कनेरी,कुलिया, गुरुर, धनेली, बोहरा, डंडेसरा, जेवरतला, मोहारा में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, बिहान समूह की महिलाओं से मुलाकात कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर समाज सेवी जयंत किरी, सीईओ उमेश रात्रे, अतिरिक्त सीईओ, तकनीकी सहायक साथ ही कुलिया सरपंच रुद्राणी नेताम , सचिव आमिर मण्डावि,मेहतर नेताम , ग्रामीण अध्यक्ष डोमार साहू उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जानकारी दिया गया कि, ग्राम भेजा मैदानी में 500 पौधे, कुम्हारखान में 500, चांदनबिहरी में 570 पौधे लगाए जाएंगे। डॉ. पदुम जैन ने कहा कि अगर हमें वृक्षारोपण करना है तो सबसे पहले स्थल का चयन करना चाहिए, मिट्टी का परीक्षण करना चाहिए, दो पौधों के बीच 3 मीटर या 10 फीट की दूरी होनी चाहिए।

### 2 फीट लंबा, 2 फीट चौड़ा और 2 फीट गहराई में हो पौध रोपण

उन्होंने बताया कि जिस जगह पौधारोपण करना है उस जगह गड्ढे की गहराई या डाइमेंशन 2 फीट गहरा, दो फीट चौड़ा और 2 फीट लंबा होना चाहिए, इस गड्ढे से जो मिट्टी निकलती है उसे हमें देखना चाहिए कि इस मिट्टी में ज्यादा मुरम या पथरीला तो नहीं है, अगर ऐसा है तो हमें प्योर मिट्टी से रिप्लेस कर देना चाहिए और जब हम उस गड्ढे में पौधे लगाने के समय दो हिस्सा मिट्टी और एक हिस्सा खाद मिलाकर डालकर पौधे का रोपण करना चाहिए, जब पौधे लगा रहे हो तो पौधों के चारों तरफ इस मिट्टी को डालकर अच्छे से कॉम्पैक्ट कर देना चाहिए जिससे पौधों के जड़ों में किसी भी प्रकार का हवा नहीं जाए और पौधा सुरक्षित रहे। पौधा लगाने के बाद कम से कम 5 से 10 लीटर पानी डालना चाहिए। जनपद पंचायत सीईओ उमेश रात्रे ने कहा कि हम सिर्फ पौधा लगाने के लिए नहीं लगायें, बल्कि सभी पौधों को वृक्ष बनाने के उद्देश्य से संकल्पित रहे।

ग्राम कुलिया सरपंच रुद्राणी नेताम ने कहा कि मैं अपने गांव को हरियाली से आच्छादित करना चाहती हूं , ताकि मैं यहां रहूं ना रहूं लोग इन हरियालियों में मुझे याद रखें ।

# गुरुर तहसील में मध्यम बारिश के बाद रोपाई कार्य शुरू



गुरुर ,14 जुलाई (देशबन्धु) ।नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में लगभग 1 सप्ताह तक रिमझिम बारिश होने से किसानों ने राहत की सांस ली है, बारिश का पानी खेतों मे ठहरने से क्षेत्र में रोपाई कार्य तेजी से चल रहा है, इसके पअलावा खेतो में नीदाई कार्य होने से वर्तमान में क्षेत्र में मजदूरों की समस्या उत्पन्न हो गई है, ऐसे में किसान एक दूसरे का सहयोग कर नीदाई एवं रोपाई कार्य कर रहे है, वहीं क्षेत्र के किसानों द्वारा खरीफ फसल का बीमा भी कराया जा रहा है,

वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय गुरुर से जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत गुरुर सहित जिले के किसान धान के अलावा उड़द, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, मक्का, अरहर, रागी, सोयाबीन फसल का भी बीमा करवा सकते है, इसके लिए पंजीयन की अंतिम तारीख 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

### निर्धारित दस्तावेज से होगा बीमा

कृषि विभाग से जानकारी के मुताबिक अधिसूचित फसलों का फसल बीमा, ऋणी किसान अपने संबंधित समिति या बैंकों में जाकर करा सकते हैं, जबकि अऋणी किसान अपने नजदीक के लोक सेवा केन्द्र, बैंक तथा अपने मोबाइल के क्रॉप इंश्योरेंस एप के माध्यम से बीमा करा सकेंगे।

वही अऋणी कृषकों को फसल बीमा पंजीयन के लिए जरूरी दस्तावेज नवीनतम आधार कार्ड, फसल बुआई प्रमाण पत्र, बैंक खाते संबंधी प्रपत्र, किसान का वैध मोबाइल नंबर, बटाईदार, कास्तकार, साझेदार किसानों के लिए फसल साझा कास्तकार का घोषणा प्रमाण पत्र एवं भूमि स्वामित्व संबंधी प्रपत्र लगेगा।

# आर्थिक समस्या,जूझ रही तृप्ति के पढ़ाई का खर्च की जिम्मेदारी ली जनपद सदस्य मंजू

- बिटियां समाज भविष्य बेटीयों की मदद के लिए हम सभी आगे आने चाहिये :संजय बैस



डौण्डी,14 जुलाई (देशबन्धु) ।ग्राम पंचायत बिटाल की निवासी कुमारी तृप्ति मानिकपुरी शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बिटाल की होनहार छात्रा है द्य आर्थिक समस्या कमजोर होने के कारण विद्यालय के फीस कापी पुस्तक स्कूल ड्रेस जैसे समस्या छात्रा कुमारी तृप्ति मानिकपुरी को हो रही थी द्य उन्होंने अपनी समस्या को स्थानीय जनपद सदस्य झमित बाई के पास रखी ।जिस पर जनपद सदसय ने इस होनहार छात्रा कुमारी तृप्ति मानिकपुरी के सहयोग के लिए कुसुमकसा के जनपद सदस्य संजय मंजू बैंस को सहयोग करने के लिए निवेदन किया द्य क्योंकि हमेशा जरूरतमंदों के सहयोग के लिए संजय बैंस व उनकी धर्मपत्नी जनपद सदस्य सदैव तत्पर रहती है द्य संजय मंजू बैस ने इस होनहार बेटी की समस्या को देखते हुए तुरंत विद्यालय पहुंच कर तृप्ति मानिकपुरी कक्षा दसवीं में अध्यनरत उस बेटी का विद्यालय के फीस के साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल के फीस को जमा कराए और कापी पेन स्कूल ड्रेस के साथ भविष्य में भी लगने वाले पूरी पढ़ाई का खर्चा इस बेटी का उठाने का जिम्मादारी भी लिया द्य पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस ने कहा कि बिटिया हमारी समाज की भविष्य है ऐसी प्रतिभावान होनहार बेटी का हम सबको मिलकर मदद करना चाहिए द्य जनपद सदस्य मंजू संजय बैस से पालक शिक्षा समिति व प्राचार्य एस एल रावटे ने विद्यालय के लिए बाउंड्रीवाल और सीमेंटीकरण कराने के लिए भी आग्रह किए द्य तब मंजू बैस ने विद्यालय की बाउंड्रीवाल के लिए 10 लाख रुपए और सीसी सड़क के लिए पांच लाख रुपए की शीघ्र स्वीकृति के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

# गोविंद इंडेन बालोद के सौजन्य से रसोई गैस सुरक्षा व बचत के विषय में संगोष्ठी

बालोद,14 जुलाई (देशबन्धु)। गत रविवार को ग्राम पंचायत सिवनी में रसोई गैस से सुरक्षा एवं बचत के विषय में एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में ग्राम सिवनी की महिलाओं को रसोई गैस के सुरक्षित एवं किफायती उपयोग की जानकारी विक्रय अधिकारी भिलाई सेल्स श्री पंकज क्षेत्तीजा एवं गोविन्द इंडेन बालोद के प्रोपराइटर पल्लवी टावरी द्वारा दी गई तथा साथ ही गैस व चूल्हे के सुरक्षित उपयोग तथा रखरखाव की जानकारी उपस्थित ग्रामीण महिलाओं के समक्ष प्रत्यक्ष प्रदर्शन के द्वारा दी गई। उपरोक्त संगोष्ठी में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा सुरक्षा से संबंधित सवाल भी पूछे साथ ही गैस जलाने के उपकरणों व एप्रन के सही उपयोग के विभिन्न लाभ के बारे में उन्हें जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में कुमारी बाई, जमुना बाई, खिलेईश्वरी, कुलेईश्वरी, मोनिका साहू, ज्योति बाई, सीमा साहू, नेहा साहू, अनीता बाई, राधा बाई, त्रिवेणी बाई, सुशीला बाई, ईश्वरी बाई, मीना बाई, रेखा बाई, चमेली बाई, फूलेईश्वरी बाई, पीला बाई, रमभा बाई, जया बाई, कौशल्या बाई, माधुरी, प्रीति बाई, मालती बाई गैस एजेंसी से भरत लाल साहू, गणेश, मिथिलेश, मिथुन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन गोविन्द इंडेन बालोद के सौजन्य से किया।



## नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे के समक्ष वार्डवासियों ने रखी मांग



डोंगरगढ़ ,14 जुलाई (देशबन्धु) ।नगर के इंदिरा नगर वार्ड नंबर 5 में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ,भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना ,पूर्व पार्षद अलका जयेश सहारे, गीतांजलि कोच्चे परिहार ,सोशल मीडिया प्रभारी शुभम परिहार ने उपस्थित होकर वार्डवासियों की समस्या सुनी। इस दौरान वार्ड वासियों के द्वारा इंदिरा नगर में एक शिव मंदिर निर्माण एवं पानी की उचित व्यवस्था के लिए नई पाइपलाइन बिछाने की मांग की गई । जिस पर अध्यक्ष रमन डोंगरे के द्वारा तुरंत इंजीनियर को बुलाकर मंदिर के लिए जगह दिखाया गया एवं पाइपलाइन का काम भी जल्द ही चालू होगा ऐसा आश्वासन दिया गया, साथ ही अध्यक्ष जी के द्वारा वार्ड का पैदल भ्रमण किया गया।

# सुदीप श्रीवास्तव प्रेस क्लब छुईखदान के अध्यक्ष बने



छुईखदान,14 जुलाई (देशबन्धु)। शहिद नगरी छुईखदान में प्रेस क्लब छुईखदान का गठन किया गया जिसमें पत्रकार सुदीप श्रीवास्तव को सर्वसम्मति से प्रेस क्लब के छुईखदान का अध्यक्ष चुना गया दीपक देशमुख सचिव शैलेंद्र तिवारी को उपाध्यक्ष बनाए गए कोषाध्यक्ष संदीप महोबिया दीनदयाल यदू को सहसचिव

विक्रम सिंह ठाकुर को संगठन सचिव बनाया गया । ज्ञात हो की छुईखदान प्रेस क्लब वर्षों से संचालित होते आ रहा है उसके तत्कालीन अध्यक्ष नीलम वैष्णव का कार्यकाल पूरा होने के बाद पिछले महीने नया सदस्यता के साथ बैठक किया गया। जिसमें 15 सदस्य बनाए गए स उसके बाद आज स्थानिय पी डब्ल्यू डी विश्राम गृह में प्रेस क्लब के गठन को लेकर एक बैठक की गई जिसमें सर्वसम्मति से दैनिक भास्कर के संवाददाता सुदीप श्रीवास्तव को अध्यक्ष हेतु सर्व समिति से चुना गया।

### 20 वर्षों से पत्रकारिता से जुड़े है श्रीवास्तव

सुदीप श्रीवास्तव छेत्र के जुझारू एवं निष्पक्षता के साथ पत्रकारीता हेतु जाने जाते है। श्रीवास्तव 20 वर्षो से पत्रकारिता से जुड़े हुए हैं प्रेस क्लब अध्यक्ष चुनाव के बाद सुदीप श्रीवास्तव ने सभी वरिष्ठ पत्रकारों का आशीर्वाद लिया और सबको एक साथ मिलकर चलने के लिए अनुरोध किया ज्ञात हो की छुईखदान प्रेस क्लब एक ऐसा प्रेस क्लब है ।जो वर्षों से संचालित है। व लगातार किसी न किसी रूप में संचालित होते रहा है आज के बैठक में प्रेस क्लब के संरक्षण के जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष सज्जाक खान नीलम वैष्णव संजय शर्मा दीपक जैन अनिल यादव को प्रेस क्लब का संरक्षक बनाया गया एवं कार्यकारी सदस्य में महेंद्र सिंह देवेश सोनी करण सिंह ठाकुर,अंकित महोबिया को बनाया गया है।

# ताराचंद वर्मा बने बेमेतरा जनपद सरपंच संघ के अध्यक्ष



बेमेतरा ,14 जुलाई (देशबन्धु)। बेमेतरा जनपद सरपंच संघ के अध्यक्ष पद पर ताराचंद वर्मा निर्वाचित हुए उन्होंने अपने दो प्रतिद्वंद्वी को पराजित कर अध्यक्ष पद पर आसीन हुए पुराने जनपद भवन में सोमवार को बेमेतरा जनपद सरपंच संघ के अध्यक्ष का चुनाव हुआ जिसमें तीन प्रत्याशी ताराचंद वर्मा राजा राम चंद्राकार एवं प्रीति यदु थे बेमेतरा जनपद क्षेत्र में 108 सरपंच है जिसमें से 102 सरपंचों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें से 11 मत निरस्त हो गया और शेष वोट में ताराचंद वर्मा को 57 वोट मिला वही राजा राम चंद्राकर को 30 वोट और प्रीति यादव को 4 वोट से ही संतुष्ट होना पड़ा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद जिला भाजपा कार्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू उमरिया सोसायटी अध्यक्ष मोहित साहू ने नवनिर्वाचित सरपंच संघ अध्यक्ष का स्वागत किया इसके साथ ही क्षेत्र के विभिन्न सरपंचों ने भी वर्मा को बधाई दिया बधाई देने वाले में मोहित साहू गजानन साहू सेवक वर्मा भीम सिंह वर्मा लखन कुर्रे ताराचंद पाल लेखू वर्मा अश्वनी साहू खिलेद्री साहू संतोषी राधे साहु महावीर वर्मा सरस्वती सुखराम एवं बसंती पाल सहित अन्य लोग शामिल ।

# सेजस जंजगिरी के तीन विद्यार्थीयों का चयन सैनिक स्कूल अंबिकापुर में हुआ




कुम्हारी,14 जुलाई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जंजगिरी में बीते वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा 2025 में कक्षा आठवीं के कुंजला साहू, चित्रांशी निर्मलकर, पूर्वांश वर्मा, विद्यार्थियों ने चयनित होकर शाला का नाम रौशन किया है इसके साथ ही जंजगिरी में इस परीक्षा में बीते 3 वर्षो में सैनिक स्कूल की चयन परीक्षा में कुल सफल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढती ही जा रही है। प्राचार्य श्रीमती मिनी गोपीनाथन ने बताया की सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा की मेंटर शिक्षिका अंजना सिंह के कुशल नेतृत्व में हर वर्ष बच्चे सफलता की नई कहानी लिख रहे हैं इन प्रतियोगी परीक्षाओं की यह उल्लेखनीय बात है कि इसकी तैयारी से नए नए विद्यार्थी हर वर्ष लाभान्वित हो रहे हैं। मेंटोर अंजना सिंह ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करना बच्चों को एक अलग तरह का दिलाता है द्य शिक्षिका ने तीनो बच्चों व उनके माता-पिता को इस सफलता के लिए बधाई दी। साथ ही जिन बच्चों को सफलता नहीं मिली है वह भी हताश न हों और भविष्य में सफलता के लिए लगातार प्रयास करें। विद्यार्थियों की सफलता से शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं सहित बच्चों के पालकों ने भी हर्ष जताया है।

## विधानसभा में आयोजित वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम



डोंगरगढ़ ,14 जुलाई (देशबन्धु)। नया रायपुर डोंगरगढ़ की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा विधानसभा, नया रायपुर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग ली है यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जिसमें विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों और सरकारी अधिकारियों ने हिस्सा लिया। विधायक बघेल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वृक्षारोपण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा, च्पर्यावरण को बचाना हम सबकी सामूहिक

## प्रादेशिकी का शेष...

### बौद्धगया महाबोधी महाविहार...

दिया था व इनकी मांगों को राज्यसभा में जोरदार तरीके से उठाने का वादा किया । बसपा ने स्पष्ट किया कि बौद्ध धर्मस्थलों की रक्षा व बौद्ध समाज के अधिकारों की बहाली के लिए पार्टी हर स्तर पर संघर्ष करेगी । कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुर्ग शहर विधानसभा इकाई अध्यक्ष सचिन गवई, बंटी चौरे, देवा आनंद कुंभकार, मुकेश महिलागे, राधेश्याम प्रसाद, भारत जोशी, चैन सिंह धृतलहर, एल.डी. मासुलकर जितेंद्र रंगारी, महेंद्र चौहान, रमेश कुर्रे, पखर मदन, संजय श्यामकुवार, विनोद वासनिक, राजेंद्र गेडाम, संतोष बंजारे व अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### ज्ञान की प्राप्ति के लिये ...

निज स्वरूप को जानने के लिए अज्ञान रूपी रोग को दूर भगाना होगाए ।कुछ पाने के लिए झुकना होता है। आध्यात्मिक क्षेत्र में विकसित होना है तो परमात्मा के बताए मार्ग का श्रद्धापूर्वक अनुसरण जरूरी है, जिनवाणी के प्रति श्रद्धा, विनय की भावना, हमारे आचरण में शुद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है। भावना के साथ पुरुषार्थ आवश्यक है बिना पुरुषार्थ भावना फलीभूत नही हो सकती। ज्ञान के लिए पुरुषार्थ जरूरी है। ज्ञान के साथ किया हुआ क्रिया ही फलित होती है।

### जैन आगम के साथ...

उपवास आयंबिल एकासना बेला तेला एवं अठाई तप की आराधना प्रारंभ हो गई है जिसमें सोनू पारख आदित्य चौरडिया नेहा सुराणा रोमा पारख धर्मेंद्र मोदी संगीता बाफना की तपस्या निर्विघ्न गतिमान है, इसी तरह कई गुप्त तपस्या भी जय आनंद मधुकर रतन भवन में साध्वी श्री की प्रेरणा से चालू है ।चातुर्मास काल में सुबह सूर्योदय के पश्चात प्रार्थना युवाओं की धार्मिक कक्षाएं प्रवचन दोपहर महिलाओं की धार्मिक कक्षाएं संध्याकालीन प्रतिक्रमण एवं प्रतिक्रमण के पश्चात साध्वी समुदाय के द्वारा धार्मिक जिज्ञासा और समाधान क्रम लगातार चल रहा है ।धर्म सभा का संचालन मंत्री राकेश संचेती कर रहे हैं।

### आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी ...

सभी सदस्यों को संगठित रहने का आव्हान किया गया। संगठनात्मक विस्तार के तहत खैरागढ़ जिले के लिए अंकुर मिश्रा को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। दुर्ग संभाग के कोषाध्यक्ष एवं प्रवक्ता के रूप में हरीशंकर चंदेल को जिम्मेदारी दी गई। वहीं बेमेतरा जिले के लिए अनिल कुमार खांडे को नवीन जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश संयुक्त सचिव कनकन हलदार ने वन.टू.वन संवाद के माध्यम से उपस्थित सदस्यों की समस्याएं सुनीं और समाधान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# विधायक भावना बोहरा ने प्रदेश में शराब दुकानों के संचालन, पर्याप्त बिजली आपूर्ति एवं पंडरिया विधानसभा में नवीन शासकीय विद्यालयों की स्थापना एवं उन्नयन के संबंध में विधानसभा में पूछा प्रश्न

**पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा में नवीन विद्यालयों की स्थापना और प्रदेश में शराब दुकानों के संचालन एवं विद्युत आपूर्ति बाधित होने का विधानसभा में उठाया मुद्दा**



कवर्धा ,14 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 14 जुलाई से प्रारंभ होकर 18 जुलाई को समाप्त होगा। इस दौरान सत्र के प्रथम दिन अपनी सक्रीय सहभागिता निभाते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने प्रदेश में संचालित शराब दुकानों एवं पर्याप्त बिजली आपूर्ति तथा पंडरिया विधानसभा अंतर्गत नवीन विद्यालयों की स्थापना व उनके उन्नयन के संबंध में विधानसभा सदन के समक्ष प्रश्न किया।

श्रीमती भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से प्रश्न किया कि वर्तमान में राज्य शासन द्वारा आबकारी विभाग के माध्यम से कुल कितनी देशी एवं विदेशी मदिरा की दुकानों का संचालन किया जा रहा है तथा मदिरा दुकानों में से कितनी शराब दुकानें शैक्षणिक संस्थानों (जैसे स्कूल/कॉलेज), चिकित्सालयों तथा धार्मिक स्थलों के समीप स्थित हैं? इसके साथ ही कितनी मदिरा दुकानें राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों अथवा प्रमुख सार्वजनिक सड़कों के निकट संचालित हैं और क्या शासन द्वारा मदिरा दुकानों के स्थान निर्धारण हेतु कोई निर्धारित मानक अथवा दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं? इस प्रश्न का लिखित उत्तर देते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने बताया कि वर्तमान में 161 देशी मदिरा दुकान, 179 कंपोजिट देशी मदिरा दुकान, 200 विदेशी मदिरा दुकान, 105 कंपोजिट विदेशी मदिरा दुकान एवं 31 प्रीमियम मदिरा दुकान इस प्रकार कुल 676 मदिरा दुकानों का संचालन प्रदेश में किया जा रहा है। संचालित मदिरा दुकानें सामान्य प्रयुक्ति नियम के प्रावधानों के तहत् आपत्तिरहित स्थल पर अवस्थित हैं तथा राज्य अंतर्गत समस्त मदिरा दुकानों का स्थान निर्धारण छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत सामान्य प्रयुक्ति नियम के प्रावधानों के अनुरूप किया जाता है।श्रीमती भावना बोहरा ने विद्युत् आपूर्ति बाधित होने से जनता को हो रही परेशानी के सन्दर्भ में प्रश्न किया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने की घटनाएँ उत्पन्न होने के प्रमुख कारण क्या हैं? क्या विभाग में तकनीकी एवं मैदानी कर्मचारियों की संख्या आवश्यकता से कम है? यदि हाँ, तो विभाग द्वारा इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु कौन-कौन से कदम उठाए जा रहे हैं? इस प्रश्न के लिखित उत्तर में जवाब देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने के मुख्य कारण विद्युत लाईनों में होने वाले विभिन्न प्रकार के फाल्ट जैसे कि मानसून अवधि के दौरान उपकरणों का खराब होना एवं लाईनों के इंसुलेटरों का टूटना/खराब हो जाना, जम्पर का कट जाना, तेज आंधी-तूफान के कारण विद्युत लाईनों पर पेड़ बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स इत्यादि का गिर जाना जिसके फलस्वरूप पोल या तार टूट जाता है, अप्रत्याशित रूप से वाहनों का पोल से टकराकर दुर्घटना होने की स्थिति में पोल या तार का टूट जाना, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कारणों से लाईनों को बंद करना इत्यादि कारणों से विद्युत आपूर्ति बाधित होती है।

मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि इसके अतिरिक्त उत्पादन इकाईयों के सुधार के लिये बंद होने की स्थिति में राज्य की विद्युत मांग को नियंत्रित करने तथा ग्रिड को सुरक्षित रखने के दृष्टिगत विद्युत आपूर्ति को नियंत्रित किया जाता है। इसके अलावा समय समय पर लाईनों एवं उपकेन्द्रों के रख-रखाव हेतु शटडाउन किये जाते है। माह अप्रैल 2025 की स्थिति में छ.ग.स्टे. पॉ.डि.कं. लिमि. में तकनीकी एवं मैदानी कर्मचारियों के कुल स्वीकृत पद 12317 है, जिनमें से 5747 पदो पर नियमित कर्मचारी कार्यरत है। रिक्त 6570 पदों के विरूद्ध बाह्य स्त्रोत से 2728 कुशल कर्मचारी एवं 4687 अकुशल कर्मचारी नियोजित किये गये है। इस प्रकार 6570 रिक्त पदों के विरूद्ध 7415 कर्मचारी कार्य पर नियोजित किये गये है एवं विभाग द्वारा प्रदेश के सभी भागों में तकनीकी एवं मैदानी कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त मांग का प्रस्ताव आने पर, प्रकरण की समीक्षा किया जा रहा है और अतिरिक्त कर्मचारियों की स्वीकृति यथासमय प्राधिकृत अधिकारी से स्वीकृत कराया जा रहा है। पंडरिया विधानसभा अंतर्गत स्कूलों के उन्नयन एवं नवीन विद्यालयों की स्थापना के संबंध में श्रीमती भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से प्रश्न किया कि विगत डेढ़ वर्षों के दौरान पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर कुल कितने नए शासकीय विद्यालयों का निर्माण किया गया है? पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 के मुख्य बजट में शामिल एवं स्वीकृति प्राप्त शालाओं में से कितने शाला भवन वर्तमान में निर्मित हो चुके हैं एवं कितने शालाओं का कार्य निर्माणाधीन व अप्रारम्भ है ? इसके साथ ही विगत डेढ़ वर्षों में राज्य के शासकीय विद्यालयों में विभिन्न विषयों के शिक्षकों की कितनी संख्या में नियुक्तियाँ की गई हैं मुख्यमंत्री ने लिखित उत्तर देते हुए बताया कि विगत डेढ़ वर्षों के दौरान पंडरिया विधानसभा क्षेत्र जिला कबीरधाम अंतर्गत नये प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर के शालाओं में निर्माण कार्य प्रगति पर है। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के मुख्य बजट में शामिल एवं स्वीकृति प्राप्त शालाओं में से 06 शासकीय शालाएं निर्माणाधीन है एवं अप्रारंभ कार्य निरंक है। विगत डेढ़ वर्षों में राज्य के शासकीय विद्यालयों में कुल 3371 नियुक्तियां की गई है। जिसके अंतर्गत 2638 सहायक शिक्षक, 686 शिक्षक, 19 व्याख्याता गणित एवं 27 व्याख्याता भौतिकी शास्त्र में नियुक्ति की गई है।

## निधन

### कुँदन वर्मा



पलारी, 14 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पलारी के वार्ड नं 12 के प्रतिष्ठीत नागरिक कुँदन वर्मा का रविवार को निधन हो गया उनका अँतिम सँस्कार सोमवार को स्वर्गधाम स्थित मोक्षधाम मे किया गया वे भाजपा युवा मोर्चा मँडल अध्यक्ष भोला वर्मा और घनश्याम वर्मा के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में परिजनों के अलावा गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

# छत्तीसगढ़ कलमकार मंच की काव्य-गोष्ठी में 4 पुस्तकों का विमोचन

**बालोद,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। रविवार को कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क बिलासपुर में राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान एवं राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार प्राप्त समिति. छत्तीसगढ़ कलमकार मंच मस्तूरी के तत्वावधान में पुस्तक विमोचन एवं काव्य.गोष्ठी का सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम कलमकारों की टीम द्वारा कानन पेंडारी जंगल सफारी का भ्रमण किया गया। प्राकृतिक सुषमा से परिपूर्ण कानन में सेड के नीचे जहाँ पर्याप्त संख्या में कुर्सियाँ लगी हुई थीं वहाँ पर काव्य.गोष्ठी, पुस्तक विमोचन और सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के उद्घोषक की कमान सम्हालते हुए नवागढ़.बेमेतरा से पधारे विख्यात गायक. कवि जुगेश बंजारे धीरज द्वारा सर्वप्रथम बिलासपुर, रायपुर, बेमेतरा, मुंगेली इत्यादि जिलों से पधारे हुए कलमकारों का पुष्प माला पहनाकर सम्मान कराया गया। तत्पश्चात सभी कलमकारों एवं दर्शकगणों को ससम्मान भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। इसके पश्चात करतल ध्वनि के बीच चार पुस्तकों का विमोचन किया गया। सर्वप्रथम डॉण् किशन टण्डन क्रान्ति द्वारा सम्पादित एवं श्री सुरजीत द्वारा संकलित पुस्तक. ष्शब्द.संसारष् राष्ट्रीय साझा काव्य



संग्रह का विमोचन हुआ। इस पुस्तक में 48 कलमकारों के जीवन परिचय एवं उनकी श्रेष्ठ रचनाओं का संकलन हैं। तत्पश्चात डॉण् किशन की 61वीं कृति. ष्बस्तर की ओरष् यात्रा.संस्मरण का विमोचन सम्पन्न हुआ जो 209 पृष्ठ की पुस्तक है। इसके बाद उनकी 62वीं कृति. ष्पगडण्डीष् काव्य.संग्रह 155 पृष्ठ और 63वीं कृति. ष्सत् श्वेत सतनामष् का लोकार्पण सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम को गति देते हुए छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के संस्थापक.अध्यक्ष डॉण् किशन टण्डन क्रान्ति ने उपस्थित कलमकारों का अभिनन्दन करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर सारगर्भित प्रकाश डाला। उन्होंने साझा संकलन में शामिल कलमकारों को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के तत्वावधान में आज चार पुस्तकों . शब्द.संसार, बस्तर की ओर, पगडण्डी तथा सत् श्वेत सतनाम का विमोचन सम्पन्न हुआ है। इसे मिलाकर मंच के बेनर तले विमोचित पुस्तकों की संख्या 58 हो गई है जो किसी भी साहित्यिक समिति द्वारा तीन वर्ष के अन्दर विमोचित पुस्तकों के मामले में एक नया कीर्तिमान है। इसके अलावा आज 48 साहित्यकारों को ष्साहित्य शब्दांजलि सम्मान 2025 का सम्मानपत्र एवं मेडल प्रदान किये जाएंगे। इसे मिलाकर छत्तीसगढ़ कलमकार मंच द्वारा सम्मानित होने वाले कलमकारों की संख्या 1114 हो जाएगी। यह हमारे लिए अत्यन्त गौरव का विषय है। इसके पश्चात उपस्थित कवियों द्वारा अपनी मनभावन रचनाओं की प्रस्तुति दी गई। मंच तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। कानन पेंडारी के भ्रमण में आए लोग राह से गुजरते समय काव्य पाठ के दौरान वहाँ रुककर आनन्द लेते रहे। बारी.बारी से काव्य पाठ पूर्ण होने पर साहित्यकारों को मेडल पहनाकर सम्मानपत्र एवं पुस्तकें प्रदान की गईं। कार्यक्रम के दौरान बिलासपुर, रायपुर, बेमेतरा, बलौदाबाजार, कोरबा, जांजगीर सहित कुल 7 जिलों के साहित्यकार उपस्थित रहे। इनमें संरक्षक डॉण् गोवर्धन मार्शल, उपाध्यक्ष जुगेश बंजारे धीरज, डॉण् गुलाबचंद कुसुम, कार्तिक पुराण घृतलहरे, राजेन्द्र कश्यप, डॉण् प्यारेलाल आदिले, कृष्णा मानसी, लक्ष्मी डहरिया, सुश्री श्वेता डहरिया, सुरजा खाण्डे तनया, सचिव नवीन कुमार कुर्रे, प्रचार सचिव मणिशंकर दिवाकर, गदगद, संयुक्त सचिव सुरजीत क्रान्ति, चतुर सिंह चंचल, गणेश महन्त नवलपुरिहा, रमेश कुमार रसिय्यार, पण्डित कुँवर दास डहरिया, विनोद जांगड़े, अश्वनी पात्रे, हिराऊ जांगड़े इत्यादि साहित्यकार शामिल हैं। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन जुगेश बंजारे धीरज द्वारा किया गया। अन्त में आभार प्रदर्शन पश्चात कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

# सावन के पहले सोमवार को जिले के मंदिरों, शिवालयों में श्रद्धा, भक्ति व हर हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**बालोद,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। सावन मास के पहले सोमवार को बालोद जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण अंचलों में शिवभक्तों का आस्था से भरा हुजूम मंदिरों में उमड़ पड़ा। अलसुबह से ही भक्तों ने जलाभिषेक और पूजन.अर्चन के लिए शिवालयों का रुख किया। जलेश्वर महादेव, कपिलेश्वर महादेव, शीतला मंदिर, गंगासागर तालाब स्थित शिव मंदिर, स्टेशन रोड, मोखला मांझी मंदिर, रेलवे फाटक, पुराना बस स्टैंड व अन्य प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में दर्शन किए। महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, भांग, धतूरा व फूल अर्पित करते नजर आए। मंदिरों के प्रांगण हर.हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे। कई स्थानों पर दिनभर भजन.कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन भी हुआ।



सावन के पहले सोमवार से ही जिले के प्रमुख शिवालयों में भजन.कीर्तन की शुरुआत हो गई है जो पूरे माह प्रतिदिन आयोजित किए जाएंगे। शिवालयों को फूल.मालाओं और रंग.बिरंगी बिजली की झालरों से आकर्षक रूप से सजाया गया है। भक्तों ने बताया कि प्रत्येक सोमवार को विशेष श्रृंगार और रात्रि आरती की भी व्यवस्था रहेगी। गंजपारा स्थित दशौंदी तालाब किनारे बने प्रसिद्ध जलेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। सुबह से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर को तोरण.पताकाओं और फूलों से सजाया गया था। यहां भक्तों ने परिवार की सुख.समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की और विशेष अभिषेक किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन मास शिव को अत्यंत प्रिय है। मान्यता है कि इस माह में भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं और सृष्टि का संचालन भगवान शिव करते हैं। इसलिए इस दौरान शिव की पूजा करने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है। श्रद्धालु सावन सोमवार को उपवास रखकर शिव भक्ति में लीन रहते हैं। सावन के पहले सोमवार ने बालोद जिले में आस्था और भक्ति की अनोखी छटा बिखेरी। पूरे माह चलने वाली शिव पूजा और भजन कीर्तन की शुरुआत के साथ ही शिवालयों में आस्था की बयार बहने लगी है। हर सोमवार को मंदिरों में श्रद्धा का यह उत्सव नए रंग भरता रहेगा।

# जिपं अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी के द्वारा सावन के पहले सोमवार पर शिवलिंग स्थापना एवं रुद्राभिषेक माँ गोदावरी आनंद वन, गोमची में सम्पन्न

**बेमेतरा,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम गोमची स्थित माँ गोदावरी आनंद वन में आज सावन मास के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर शिवलिंग की विधिवत स्थापना एवं रुद्राभिषेक का आयोजन भक्ति एवं श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन की अगुवाई जिला पंचायत अध्यक्ष एवं माँ गोदावरी आनंद वन की ट्रस्टी श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी जी ने अपने परिवारजनों के साथ की।

शिवलिंग स्थापना के पश्चात रुद्राभिषेक, मंत्रोच्चार और सामूहिक आरती ने सम्पूर्ण वातावरण को भक्ति से सराबोर कर दिया। आयोजन में आश्रम में निवासरत सभी बुजुर्गों ने भी भाग लेकर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की।

श्रीमती तिवारी ने कहा सावन का यह पुण्य अवसर सेवा और संस्कार को जोड़ने का समय है। बुजुर्गों की सेवा करना और शिवभक्ति में लीन होना दोनों ही हमारे जीवन के सच्चे उद्देश्य हैं। माँ गोदावरी आनंद वन सिर्फ एक



आश्रम नहीं, बल्कि एक भावनात्मक परिवार है, जहां हर पर्व आध्यात्मिक उत्सव बन जाता है।

इस अवसर पर भजन, आरती, प्रसाद वितरण और सामाजिक सौहार्द का सुंदर दृश्य देखने को मिला।

इस विशेष कार्यक्रम में शामिल हुए- डॉ. सीपी सेन (प्रबंधक), श्रीमती संगीता सेन, श्री होरीलाल तिवारी, श्री हमेश्वर दुबे, श्री सुशील तिवारी, श्री सुरेश, श्री शांतिलाल जैन, श्री सकलदेव, श्री चंद्रहास, श्रीमती पूनम, श्री विनय शर्मा, श्रीमती नर्मदा, श्री दिलीप सहित अन्य सेवा भावी व बुजुर्गजन।

## राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

# बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को दायित्वों की दी गई विस्तृत जानकारी

**बेमेतरा,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत बेमेतरा के सभाकक्ष में आज बूथ लेवल अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों का राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, पर्यवेक्षक एवं संबंधित निर्वाचन स्टाफ उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ, पर्यवेक्षकों एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन से जुड़े उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और सटीकता में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए समयबद्ध और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य करना अत्यावश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को फॉर्म-6 (नवीन मतदाता पंजीयन), फॉर्म-7 (नाम विलोपन/आपत्ति) एवं फॉर्म-8 (नाम, फोटो, पता आदि में सुधार) के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रोजेक्टर के माध्यम से बीएलओ एप्लिकेशन का उपयोग करते हुए फार्म भरने की विधि प्रदर्शित की गई। पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से एप में कार्य करने की चरणबद्ध प्रक्रिया समझाई गई, जिससे उपस्थित बीएलओ और पर्यवेक्षक तकनीकी रूप से दक्ष हो सकें।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवीन मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में जोड़ना रहा। प्रशिक्षण में विशेष रूप से इस बात पर बल दिया गया कि जो भी योग्य नागरिक अब तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज नहीं करा पाए हैं, उनसे संपर्क कर उनका नाम पंजीकृत कराया जाए। अंत में अधिकारियों ने सभी बीएलओ से आग्रह किया कि वे निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सारणी का पूरी निष्ठा के साथ पालन करें और मतदाता सूची को सटीक एवं अद्यतन बनाने में सक्रिय सहयोग दें। यह प्रशिक्षण आगामी चुनाव प्रक्रिया को सुचारू एवं सफल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# मानस के सुरों में बंधा घोरहा, मानस और गुरू भजनों से सराबोर हुआ ग्राम

**थानखम्हरिया,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। जिला स्तरीय गुरु पूर्णिमा मानस महोत्सव का आयोजन ग्राम घोरहा( संबलपुर) तहसील नवागढ़ में ग्रामवासी एवं माँ भद्रकाली तहसील मानस संघ नवागढ़ एवं माँ भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस आयोजन में उपस्थित जिलाध्यक्ष देवलाल सिन्हा ने अपने संबोधन में गुरु की महिमा पर कहा कि सच्चे गुरु का सानिध्य मिलने से कठिन से कठिन कार्य सुलभ हो जाते हैं एवं मानस से जुड़े सभी कलाकारों को संगठित होकर रहने अनुरोध किया गया। जिला संरक्षक-माधोराम साहू सेवानिवृत्त तहसीलदार ने अपने व्याख्यान में नई युवा पीढ़ी को मानस से जुड़ने,व पेड़ लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने संदेश दिया। जिले के चारों विकासखंडों की मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी जिसमें वैदेही मानस मण्डली गोपालभैना नवागढ़, श्री राम




सेवा सत्संग समिति पिपरभट्ठा बेमेतरा, अनुराग सरोवर मानस मंडली बेतर साजा ,आदर्श मानस मंडली भरचट्टी बेरला, स्वर रागिनी मानस परिवार नवागांव करंजिया बेमेतरा, जय माँ दुर्गा मानस मंडली कोसपातर बेरला,भजनांजली मानस मण्डली घोटवानी साजा ने अपनीमनमोहक प्रस्तुतियाँ दी 7 संगठन के वरिष्ठ कलाकार राजकुमार ताम्रकार, राजेश वैष्णव, तानेश्वर साहू, नोहर दास मानिकपुरी, महेश साहू, नरेन्द्र जायसवाल ने एक साथ मंचस्त होकर श्रीरामचरितमानस की आरती व विसर्जन सम्पन्न कराया 7 उक्त कार्यक्रम में मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा के जिला एवं तहसील स्तर के पदाधिकारी श्री माखन साहू ओंकार चंद्राकर,राजकुमार ताम्रकार, राजेश वैष्णव ,एम.डी.धीवर, बिहारी यदु ,ओम यदु युवास्वर , गजेन्द्र वर्मा, बिष्णु साहू महेश साहू, नरेंद्र जायसवाल, भीखम देवांगन, डॉ. ललित साहू, सनत साहू, चुरावन साहू, डूमन लाल साहू, जलेश्वर मानिकपुरी, धनेश साहू, कन्तिरम साहू, अदालत वर्मा , रमा साहू, रुखमनी साहू, शकुंतला साहू, लता निषाद, ममता साहू, बंशी ठाकुर, अदालत सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। ग्राम-घोरहा में लगभग 50 वर्षों से मानस मंडली एवं राम लीला का मंचन किया जा रहा है जो की संस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण से बहुत ही सराहनीय हैँ ग्रामीण स्तर मे आयोजन से बहुत ही उत्साह व समर्पण भाव देखने को मिला कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति के सदस्य मनेजर धरमू राम राजपूत, ईश्वर राजपूत (कथा ब्यास),पवन सिंह राजपूत, धनसाय राजपूत, खेमलाल विश्कर्मा, सतानंद राजपूत, रामश्वरूप राजपूत, भिखा राम राजपूत एवं बड़े संख्या में उपस्थित रहे ग्रामवासी घोरहा द्वारा उत्साहपूर्वक आयोजन को सफल बनाने में अपना अविस्मरणीय योगदान दिया। यह जानकारी ईश्वर राजपूत (कथा ब्यास) द्वारा प्राप्त हुआ।

# राधाकृष्ण जमात मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा व रुद्राभिषेक का शुभारंभ, निकाली शोभायात्रा

**थानखम्हरिया,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। नगर के श्री राधाकृष्ण जमात मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह एवं रुद्राभिषेक का शुभारंभ 14 जुलाई को भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा हनुमान मंदिर से आरंभ होकर श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर, पंचवटी शिव सरोवर, गौरव पथ, भारतमाता चौक, जयस्तंभ चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुँची।




नगरवासियों ने जगह-जगह फूल-मालाओं से भागवत भगवान तथा कथावाचिका सुश्री विद्या दुबे का आत्मीय स्वागत किया। यात्रा में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पं. ओमप्रकाश जोशी, महंत बसंतबिहारी दास, अशोकानंद महाराज, युगल दुबे, अनिल सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, मनोज मुरारका, उमा, दीपक बंसल, राजेश ठाकुर, हरि अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। शिवेंद्र व प्रीति बिंदल मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विधि-विधान से व्यास पीठ का पूजन किया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीराम सेवा सत्संग मानस समिति एवं महिला स्व सहायता समूह, शिव शक्ति मानस मंडली ग्राम दर्री द्वारा किया गया।

कथा के प्रथम दिन सुश्री विद्या दुबे ने गौकर्ण और धुंधकारी की कथा सुनाई जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे गौकर्ण ने अपने भाई के मोक्ष के लिए भागवत कथा का आयोजन किया और प्रेत योनि में फंसे भाई धुंधकारी को मोक्ष दिलाया। यह कथा श्रोताओं को आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। भक्तिमय वातावरण में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का रसपान किया।

# मोबाइल दुकानदारों का सामूहिक निर्णय, अब हर सोमवार को साप्ताहिक अवकाश



**थानखम्हरिया,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पंचायत थानखम्हरिया में संचालित समस्त मोबाइल दुकानदारों ने व्यवसायिक एकता और सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सभी दुकानदारों ने एकमत होकर यह तय किया कि प्रत्येक सोमवार को साप्ताहिक अवकाश रखा जाएगा।

इस सामूहिक निर्णय के तहत सभी मोबाइल दुकानों ने इस सोमवार को पहली बार अपनी दुकानें बंद रखकर इसे लागू किया, जिससे नगर में व्यापारिक अनुशासन और आपसी सहयोग की मिसाल देखने को मिली।

मोबाइल विक्रेताओं का कहना है कि यह कदम न केवल व्यक्तिगत विश्राम के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे व्यवसाय में भी नई ऊर्जा का संचार होगा। इस पहल को स्थानीय नागरिकों और व्यापार मंडल द्वारा भी सराहना मिल रही है।

# हर-हर महादेव के उद्घोष और बोल बम की जयघोष से गूंजा कवर्धा, भव्यता के साथ निकली भोरमदेव पदयात्रा

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भगवा ध्वज दिखाकर पदयात्रा को किया रवाना और ध्वज पकड़कर पदयात्रा में शामिल हुए
- हजारों श्रद्धालुओं ने स्वस्फूर्त इस पदयात्रा में शामिल हुए मां नर्मदा के पवित्र जल से हुआ भोरमदेव बाबा का जलाभिषेक



**कवर्धा,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। श्रावण मास के प्रथम सोमवार को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पुरातत्व, पर्यटन, जनआस्था के केन्द्र एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर के लिए पदयात्रा में भारी उत्साह, दिव्यता और भक्तिभाव के साथ भोरमदेव पदयात्रा से पहले प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंचमुखी बुढ़ा महादेव की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने हर-हर महादेव, बोल-बंम के जयघोष के साथ भगवा ध्वज हाथों में लिए लगभग 18 किलोमीटर श्रद्धालुओं का भोरमदेव पदयात्रा का शुभारंभ किया। पदयात्रा शुभारंभ होने से सांसद संतोष पाण्डेय, पहले राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव और तात्कालिक कलेक्टर सिद्धार्थ कोमल परदेशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह, वन मंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओं अजय कुमार त्रिपाठी, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पंचमुखी बुढ़ा महादेव की विधिवत पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किए।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कबीरधाम जिला पूरे प्रदेश में अध्यात्म, पुरातत्व और पर्यटन के क्षेत्र में अपनी एक विशिष्ट पहचान रखता है। आज श्रावण मास के प्रथम सोमवार को आयोजित पदयात्रा में जिले भर से जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों और आमजन की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा न केवल आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि जिले की सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण भी है। पदयात्रा को लेकर पूरे जिले में उत्सव जैसा माहौल है और हर वर्ग के लोग पूरे जोश और श्रद्धा के साथ इसमें शामिल हो रहे हैं। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समस्त जिलावासियों को श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जनभागीदारी और संस्कृति के इस उत्सव में सक्रिय सहभागिता के लिए आभार भी व्यक्त किया।

**माँ नर्मदा जल से हुआ जलाभिषेक**- इस वर्ष की पदयात्रा को विशेष और आध्यात्मिक रूप से और भी समृद्ध बनाने के लिए मां नर्मदा के पवित्र जल से भोरमदेव बाबा का जलाभिषेक किया गया। इसके लिए उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा 1000 पैकेट नर्मदा जल की विशेष व्यवस्था की गई थी। यह अभिनव पहल कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी के संयुक्त प्रयास से संभव हो सकी है, जिसे श्रद्धालुओं और नगरवासियों द्वारा अत्यंत सराहा जा रहा है।

**पदयात्रियों को जगह-जगह पुष्प गुच्छ भेंट व तिलक लगाकर स्वागत और अभिनंदन किया**- भोरमदेव पदयात्रा को लेकर कवर्धा से भोरमदेव मंदिर पूरे 18 किलोमीटर तक पदयात्रा में दोगुनी उत्साह और उमंग देखने को मिला। जिले के विभिन्न संगठनों से लेकर अलग-अलग समाजिक संगठनों, ग्रामीणों ने पदयात्रा में शामिल जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों का पुष्प गुच्छ, माला भेंट कर व तिलक लगाकर स्वागत और अभिनंदन किया। ग्राम पंचायतों के पंच-सरपंच के आलावा वन विभाग, इंजिनियर एसेसिएशन संघ, जिला प्रेस क्लब, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आबकारी विभाग, विद्युत विभाग, ज्वाईन हैण्डस, ट्रक मालिक संघ, प्रायवेट स्कूल संघ और परिवहन विभाग ने अलग-अलग स्थानों में स्टॉल लगाकर श्रद्धालु, पदयात्रियों कांवरियों के लिए चाय, कॉफी, नास्ता, जूस, शरबत, नीबू पानी, खीर-पूडी और फल वितरण किया।

**राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भोरमदेव पदयात्रा में शामिल हुए**- श्रावण मास के प्रथम सोमवार को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पुरातत्व, पर्यटन, जनआस्था के केन्द्र एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर के लिए पदयात्रा में राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव और तात्कालिक कलेक्टर सिद्धार्थ कोमल परदेशी और मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार अपने पूरे परिवार के सभी सदस्यों के साथ इस पदयात्रा में शामिल हुए और बाबा भोरमदेव की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने कवर्धा से भोरमदेव मंदिर तक पदयात्रा भी की।

**उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, हजारों पदयात्री हुए शामिल**- लगभग 18 किलोमीटर की यह पदयात्रा कवर्धा से भोरमदेव मंदिर तक निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु, भक्त और पदयात्री सम्मिलित हुए। वर्ष 2008 से निरंतर जारी इस पदयात्रा की भव्यता और सहभागिता हर वर्ष बढ़ती जा रही है।

**झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र**- इस बार की पदयात्रा में शिवजी की बाल्यावस्था से लेकर विविध स्वरूपों में तैयार की गईं झांकियां, नदी की सवारी जैसी झांकी और भक्तिमय प्रदर्शनियां विशेष आकर्षण रहीं। झांकियों ने न केवल धार्मिक भावनाओं को जागृत किया, बल्कि कला और संस्कृति की झलक भी प्रस्तुत की।

# बगैर नोटिस/व्यवस्थापन गरीबों का रोजगार उजाड़ रहे जिला प्रशासन व नगर निगम, रसूखदारों पर कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं : हफीज खान

■ वरिष्ठ पार्षद नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व नेता प्रतिपक्ष हफीज खान ने कहा कि बरसात में तो पक्षियों के घोंसलों को भी नहीं हटाया जाता

**राजनांदगांव,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम राजनांदगांव के अतिक्रमण पर चल रही बुलडोजर कार्यवाही पर नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ पार्षद हफीज खान ने जारी बयान में कहा है कि बिना किसी नोटिस या पूर्व सूचना बिना व्यवस्थापन के इस तरीके से भरी बारिश में गरीबों के रोजी रोटी के साधन पर बेरहमी से बुलडोजर चलाना बेहद अमानवीय है, उन्होंने यह भी कहा कि बरसात में तो पक्षीयों का घोंसला भी नहीं हटाया जाता है और यहां बिना किसी पूर्व नोटिस इत्यादि के गरीब मजबूर लोगों की दुकानों में तोड़ फोड़ की जा रही है, गौरतलब है कि पूरे शहर में कई ऐसी जगह हैं जहां बड़े बड़े रसूखदारों द्वारा व भाजपा से जुड़े लोगों द्वारा मनमाने अतिक्रमण किया गया है ढेरों बड़ी बड़ी दुकानें अस्पताल बिना पार्किंग चल रहे हैं उसपर चुप्पी साध कर केवल गरीबों की दुकानें तोड़ कर अपनी पीठ थपथपाने का काम और मीडिया की सुर्खियों में आने का कुंठित प्रयास नगर निगम राजनांदगांव द्वारा किया जा रहा है ।



श्री खान ने जिला प्रशासन व नगर निगम पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कार्यवाही गरीब विरोधी है और निगम के भाजपा नेताओं का मौन उनकी सहमति दर्शाता है, जनता से उनके विकास के लिए उन्हें संपन्न बनाने वोट मांग कर सत्ता में आई भाजपा आज अपना असली रंग दिखा रही है छत्तीसगढ़ को भी उत्तर प्रदेश-बिहार बनाने और वर्ग संघर्ष की स्थिति उत्पन्न करने की ओर अग्रसर हो चुकी है, शहर में बड़े बड़े रसूखदारों द्वारा मनमाने तरीके से अतिक्रमण किया गया है ज्यादातर जगहों पर पार्किंग है ही नहीं बिना पार्किंग अवैध अतिक्रमण किए हुए अस्पताल संचालित हो रहे हैं बड़ी बड़ी शॉपिंग मॉल जैसी दुकानें बिना पार्किंग सामने अतिक्रमण की हुई हैं लेकिन मजाल है निगम की या भाजपा नेताओं की इनपर कार्यवाही करने की सोच भी सकें, ये केवल गरीबों पर ताकत दिखाते हैं और धन्ना सेठों के सामने सरेंडर हो जाते हैं क्योंकि उन्हीं के टुकड़ों पर चंदा चकोरी इत्यादि पर ही इनकी पार्टी चल रही है, निगम में ही भाजपा से जुड़े लोगों के बड़े बड़े भ्रष्टाचार लगातार सामने आ रहे हैं लेकिन उसपर कार्यवाही करने की निगम की हैसियत नहीं है वे केवल गरीबों का घर उजाड़ सकते हैं और भ्रष्टाचार कर सकते हैं इसके अलावा कुछ नहीं कर सकते और अगर इसी प्रकार का रवैया अगर नगर निगम का रहा तो जल्द ही बड़ा आंदोलन होगा ।

# डाक कांवड़ यात्रा पहुंची बागेश्वर धाम, पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



**राजनांदगांव,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। सावन पर्व के प्रथम सोमवार डाक कांवड यात्रा मोहरा शिवनाथ नदी से जल लेकर बागेश्वर धाम मंदिर रायपुर नाका पहुंची, जहां हिंदू जागरण मंच के द्वारा डाक कावड़िया का पुष्प से स्वागत कर फलाहारी की व्यवस्था की गई।

जीवनदान सेवा संस्था ने बताया यह लगातार डाक कांवड यात्रा का तीसरा वर्ष है। आयोजनकर्ता शिवगण जहां से संस्था को प्रेरणा मिली, श्री बागेश्वर धाम मंदिर, मां पाताल भैरवी बर्फानी धाम से राजेश मारू, श्री महाकाल मंदिर सिंघोला से पवन डागा, हिंदू जागरण मंच से सुशील लड्डा। आज पहले सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, राज बहादुर सिंह, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष विजय साहू, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन ने सिटी बजाकर इस यात्रा को प्रारंभ किया। 21 जुलाई को मोहारा शिवनाथ नदी से जल लेकर मां शीतला मंदिर बुढ़ा सागर जाएगी।

इस यात्रा में जीवनदान सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र लाल जंघेल, प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष अभय जंघेल, भारतभूषण वैष्णण, कोषाध्यक्ष अमर सिंह राजपूत, आनंद मुंदडा, राजनांदगांव जिलाध्यक्ष अविनाश जैन, जिला उपाध्यक्ष अमित चौहान, शहर अध्यक्ष रिषभ मल्ल, महेश्वर जंघेल, यस साहू, रितेश साहू, चंदन साहू, राहुल साहू, सत्यम ओझा, शिवम ओझा, बेटी चेष्टा जंघेल, मिताली वर्मा, पूर्व जंघेल, अनुज, नितिन, दुर्गेश, दिव्यांश, कमलेश डड़सेना आदि उपस्थित थे।

# पहले पुराना मुआवजा दो फिर विकास करना विकास के नाम पर भाजपा सरकार गरीबों के घर धंधे उजाड़ रही: निखिल द्विवेदी



**राजनांदगांव,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। लखोली की जनता के साथ आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे निखिल द्विवेदी ने कहा कि लखोली में सन 2012 2013 में विकास के नाम पर चौड़ीकरण तो कर दिया गया मगर बहुत से परिवारों को उसका मुआवजा आज तक नहीं दिया गया है गरीब परिवार अपनी जमीन गहना बेंच कर घर का निर्माण करवाया था किंतु फिर उसे तोड़ने के लिए नाप जोक निगम श्च2स्र के अधिकारियों द्वारा शुरू कर दिया गया है जबकि पुराना मुआवजा ही नहीं दिया गया है ।

द्विवेदी ने कहा कि भाजपा की टिपल इंजन की सरकार में गरीबों के घर व व्यवसाय उजाड़ने का काम हो रहा है भाजपा नेताओं और सरकार में हिम्मत है तो अवैध कालोनियों को उजाड़ कर दिखाए गरीबों के घर व्यवसाय उजाड़ कर क्या मिलेगा।

लाखोली वार्ड की सुरेखा सोनकर ने कहा कि मेरा एक बेटा है पति भी नहीं है निजी जमीन पर बने घर को 2012 में विकास चौड़ीकरण के नाम पर जबरदस्ती तोड़ दिया गया था किंतु आज तक एक रुपया मुआवजा नहीं दिया गया अपना गहना बेच कर अपना मकान निर्माण करवाया उसमें एक छोटी सी दुकान संचालित कर अपने परिवार का भरण। पोषण कर रही हु फिर अधिकारी आकर फिर से नाप जोक शुरू कर दिए है जिससे मेरा पूरा घर ही टूट जाएगा हम रहेंगे कहा।

वहीं मालती सोनकर व अन्य महिलाओं ने भी यही बात की हमारे परिवार का गुजर बसर मुश्किल से होता है घर तोड़ देंगे तो हम कैसे जीवन यापन करेंगे ।

जिलाधीश सर्वेश भूरे ने कहा कि मेरे संज्ञान में नहीं है न ही कोई राशि अभी तक जारी हुई है यदि कोई ऐसी योजना आती भी हैं तो सभी पीड़ित परिवारो को मुआवजा राशि भी जारी की जाएगी और उनके साथ न्याय होगा।

इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी गोपी रजक पूर्व पार्षद मनीष साहू पूर्व पार्षद महेश साहू पूर्व पार्षद प्रतिनिधि दीनू साहू शुभम शुक्ला हर्ष साहू मोहित कोचर मालती सोनकर सुरेखा सोनकर नीलू सोनकर चुन्नीलाल सोनकर पूर्णिमा सोनकर संजय सोनी लक्की सोनकर दुर्गा साहू नितेश आहूजा ललित अग्रवाल काशी शर्मा संजय जैन प्रवीण बघेल सौरभ सोनी और बड़ी संख्या में लखोली के वार्ड वासी उपस्थित थे ।

समस्त जानकारी प्रवक्ता शुभम शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी ।

# फ्लाई ओव्हर के नीचे फिर चली अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही



**राजनांदगांव,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। जी.ई.रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सुथरा कर व्यवस्थित रखने एवं सु-व्यवस्थित पार्किंग व अन्य सुविधा के लिये नगर निगम तथा यातायात की टीम सुनियोजित अभियान चला रही है, अभियान के तहत शनिवार को फ्लाई ओव्हर के नीचे पुराना बस स्टैण्ड चौक से भगत सिंह चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी और आज भगत सिंह चौक से गुरूद्वारा चौक तक ठेला व गुमटी हटाया गया तथा खडे वाहन हटाने वाहन मालिकों को समझाईस दी गयी।

उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा शहर के बाजार क्षेत्रों को व्यवस्थित करने एवं सुगम आवगमन के लिए अतिक्रमण हटाव अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तथा एस.डी.एम. खेमलाल वर्मा स्वयं अतिक्रमण दस्ता के साथ जाकर लोगो से समान दुकान के अंदर रखने तथा अतिक्रमण हटाने समझाईस दे रहे है। इसी कडी में फ्लाई ओव्हर के नीचे भी अतिक्रमण मुक्त करने कार्यवाही की जा रही है। बेतरतीब खडे वाहनो तथा अव्यवस्थित रखे ठेला खोमचा के कारण फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सफाई नहीं हो पा रही है और वहा गंदगी व्याप्त हो गयी, जिसे ध्यान में रखकर यातायात विभाग के साथ मिलकर फ्लाई ओव्हर के नीचे अतिक्रमण मुक्त करने अभियान चलाया जा रहा है। आज भगत सिंह चौक से गुरूद्वारा चौक तक ठेला खोमचा हटाया गया और कुछ वाहन हटाकर वाहन मालिकों को अपने वाहन हटाने समझाईस दी गयी तथा कुछ ठेला खोमचा वालो द्वारा स्वयं हटाने की मांग पर उन्हे आज ही हटाने कहा गया।

आज की कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त विश्वकर्मा एवं एस.डी.एम. श्री वर्मा ने बताया कि पार्किंग एवं अन्य सुविधा देने तथा साफ सुथरा व व्यवस्थित रखने फ्लाई ओव्हर के नीचे अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। निगम एवं यातायात की टीम द्वारा सुनियोजित अभियान चलाकर गुरूद्वारा चौक तक ठेला खोमचा हटाकर अतिक्रमण मुक्त करने कार्यवाही की गयी, शेष क्षेत्रों से भी अतिक्रमण हटाया जावेगा, ताकि फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सुथरा व व्यवस्थित हो सके। उन्होंने लोगो से स्वयं अपने वाहन व ठेला खोमचा हटाकर फ्लाई ओव्हर को व्यवस्थित करने में सहयोग करने की अपील की है।

# बाप दमड़ी देख रहा है और बेटा चमड़ी देख रहा है इसलिए हो रहे कलह: मुनि वीरभद्र

■ स्त्री का सबसे बड़ा गुण है सील

**राजनांदगांव,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां पारिवारिक विवाद और तलाक के बढ़ते मामलों के संबंध में कहा कि यह स्थिति इसलिए हो रही है लड़की देखते समय बाप दमड़ी देखता है और बेटा चमड़ी देखता है। गुण,धर्म और परिवार अब किनारे रह गए हैं, केवल चमड़ी- दमड़ी का खेल चल रहा है।

जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में आज अपने नियमित प्रवचन में मुनि श्री ने फरमाया कि स्थितियां बदल रही है और जो लगातार बदलता रहता है, उसी को हम संसार कहते हैं। जब तक व्यक्ति नहीं बदलेगा, मान्यता नहीं बदलेगी तब तक हम आगे कैसे बढ़ पायेंगे। व्यक्ति के दुखी होने का कारण ही संतान होता है। बच्चा बड़ा हुआ तो उसकी शिक्षा-दीक्षा, स्वास्थ्य को लेकर व्यक्ति चिंतित रहता है। व्यक्ति हमेशा डर कर रहता है। संतान ठीक हुआ तो ठीक नहीं तो दुख ही दुख, बहु ठीक हुई तो ठीक नहीं तो दुख ही दुख, आज की तारीख में हर व्यक्ति डरा हुआ है और वह बहुत सावधान रहता है। उन्होंने सोनम गुप्ता और नीले ड्रम वाली घटना का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे पतन का कारण मोबाइल, टीवी का दुरूपयोग और बच्चों को स्वच्छंद छोड़ देना है। हम अपने बच्चों को स्वच्छंद छोड़ देते हैं। बच्चों के हाथ में मोबाइल थमा देते हैं। बच्चों की शादी के समय हम परिवार एवं संस्कार को नहीं देखते। यही वजह है कि वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों की संख्या एवं कोर्ट में डायवोर्स के मामले बढ़ें हैं।



मुनि श्री ने कहा कि आज से 50 वर्ष पहले न मोबाइल थी और ना कोई वृद्धा आश्रम ही था। टीवी, मोबाइल के दुरुपयोग ने हमारी संस्कृति पर कड़ा प्रहार किया है। रुचि और अपेक्षाएं संसार की ही है, सारी प्रवृत्तियां संसार की है। जब तक मोक्ष का लक्ष्य नहीं बनेगा तब तक जीवन सार्थक नहीं हो पाएगा। परंपराओं के चलते हम तक थोड़ा बहुत जो ज्ञान पहुंचा है, उसमें भी काफी रस है और इस ज्ञान का लाभ उठाते हुए हम मोक्ष मार्ग में आगे बढ़े और आत्म साधना करें।

## शिक्षा, चिकित्सा और पके हुए खाने की जरुरत आज भी

मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि संसार परिवर्तनशील है, आज जो है वह कल नहीं होगा किंतु शिक्षा, चिकित्सा और पके हुए खाने की जरूरत आज भी है। संसार में इन तीनों चीजों की आवश्यकता हमेशा बनी रहेगी। हम कितनी भी धन संपदा बना ले एक न एक दिन हमें इसे यही छोड़कर जाना पड़ेगा तो फिर क्यों ना हम इसका सदुपयोग करें। हम किसी जरूरतमंद की मदद करें और ऐसे काम करें कि हमारे जाने के बाद भी लोगों को हमारा कर्म याद रहे।

# जिलेवासियों को मिली मेडिकल बोर्ड की सौगात, कल से संचालन होगा प्रारंभ

## दिव्यांगता सहित सभी प्रकार के मेडिकल प्रमाण पत्र होंगे जारी




**खैरागढ़,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 16 जुलाई से जिला मेडिकल बोर्ड का शुभारंभ किया जा रहा है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल के निर्देशन में तथा संयुक्त कलेक्टर सुमन राज एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में यह व्यवस्था प्रारंभ की गई है।इस बोर्ड के माध्यम से दिव्यांगता अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत 21 प्रकार की दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे साथ ही समस्त प्रकार के मेडिकल एवं फिटनेस प्रमाण पत्र, फिट व अनफिट प्रमाण पत्र भी यहीं से जारी किए जाएंगे। मेडिकल बोर्ड प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को सिविल अस्पताल खैरागढ़ में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगा। दिव्यांगता या अन्य मेडिकल प्रमाण पत्र की आवश्यकता वाले व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय पर सिविल अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण व जांच उपरांत प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे।

# 19 पौवा देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**खैरागढ़,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। बाजार अतरिया में रविवार की शाम पुलिस ने दबिश देकर पप्पू धुर्वे नाम के युवक को घर के सामने देशी शराब बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। उसके पास से 19 नग देशी पौवा और 300 रुपये की बिक्री रकम जब्त की गई। पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(ब) के तहत कार्रवाई की है मगर असली सवाल आज भी कायम है क्या सिर्फ छोटे कोचियों को पकड़ने से यह कारोबार रुक पाएगा ?ज्ञात हो कि बाजार अतरिया एक पॉइंट बन चुका है जहां दूर-दूर के गाँवों से शराब कोचिये रोज़ जुटते हैं। ये लोग बिना किसी लाइसेंस या दस्तावेज़ के खुलेआम अवैध शराब बेचते है जिसकी चपेट में युवा वर्ग अधिक आ रहे है। नशे की लत ने न सिर्फ युवाओं को बर्बाद किया है बल्कि गरीब घरों के चूल्हे भी ठंडे कर दिए हैं। सबसे खतरनाक बात पुलिस कार्रवाई के बाद भी यह खेल नहीं रुकता क्योंकि असली मास्टरमाइंड और बड़े कोचिये अब भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। वही लोग जो अपने मुनाफे के लिए गाँव-गाँव में नशे की जड़ें मज़बूत कर रहे हैं। नशे से उजड़ते परिवार बिगड़ती युवा पीढ़ी और गांव के माहौल में फैली दहशत। बाजार अतरिया अब महज़ हाट-बाजार नहीं बल्कि धीरे-धीरे पूरे अंचल के लिए ज़हर का अड्डा बनता जा रहा है।

# गौठान की दुर्दशा उठा सवाल, मिशन संडे की टीम ने किया निरीक्षण



■ नगर पालिका में गाय बांधकर गरजे मनराखन
■ जल्द सुधार नहीं हुआ तो पालिका को ही कांजी हाउस बनाने कही बात

**खैरागढ़,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। नगर के वार्ड क्रमांक 14 सोनेसरार स्थित गौठान की बदहाली को उजागर करने मिशन संडे की टीम ने निरीक्षण किया। टीम के संयोजक मनराखन देवांगन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका के गेट पर ही आवारा गायों को बांधकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। मनराखन देवांगन ने चेतावनी देते हुए कहा कि गौ माता के नाम पर सत्ता में आई भाजपा सरकार ने सबसे पहले गौठान बंद कर दिए। अब लावारिश पशु सड़कों पर घूम रहे है, हादसे हो रहे हैं, फसलें बर्बाद हो रही हैं और नगर पालिका आंखें मूंदे बैठी है। अगर जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो हम गायों को नगर पालिका के दफ्तर में घुसाकर वहीं बांध देंगे और पालिका को ही कांजी हाउस बना देंगे। निरीक्षण के दौरान गौठान परिसर में भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति खंडित मिली जिस पर यादव समाज के वरिष्ठ सदस्य सूर्यकांत यादव समेत कार्यकर्ताओं ने तीखी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने चेताया कि अगर तत्काल नई मूर्ति स्थापित नहीं हुई तो यादव समाज उग्र आंदोलन करेगा। मौके पर पहुंचे मिशन संडे प्रतिनिधिमंडल ने देखा कि गौठान की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें हैं, पानी की टंकी में क्रैक है और साफ-सफाई का नामोनिशान नहीं। किसान कुंवरदास टंडन ने कहा गौठान चालू रहने पर मवेशी बंधे रहते थे फसलें बची रहती थीं। अब फसलें चौपट हो रही हैं और प्रशासन को कोई फर्क नहीं पड़ता। मिशन संडे टीम ने स्पष्ट तौर पर मांगे रखी गौठान को तुरंत पुनः शुरू किया जाए, खंडित मूर्ति की जगह नई मूर्ति स्थापित की जाए, पानी की टंकी और परिसर की मरम्मत कराई जाए, चारे-पानी की समुचित व्यवस्था हो, स्थायी कर्मचारी नियुक्त किया जाए जो देखभाल करे। मिशन संडे टीम ने आक्रोशित होकर नगर पालिका के बाहर गायों को बांधकर प्रतीकात्मक विरोध जताया। प्रशासन अगर मवेशियों की जिम्मेदारी नहीं उठाएगा तो अब हम भी चुप नहीं बैठेंगे! मनराखन देवांगन की हुंकार ने माहौल को गरमा दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सीएमओ नरेश वर्मा ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा की और जल्द समस्या समाधान का भरोसा दिलाया। मगर मिशन संडे टीम ने साफ कहा कि आश्वासन नहीं अमल चाहिए। मनराखन देवांगन ने कहा कि अगर जल्दी कुछ व्यवस्था दुरुस्त नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में हम नगर पालिका को कांजी हाउस बनाएंगे गायों को वहीं अंदर घुसाकर बांध देंगे। नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विप्लव साहू, विधायक प्रतिनिधि अरुण भारद्वाज समेत कई कांग्रेसी नेताओं ने भी भाजपा सरकार और नगर पालिका प्रशासन पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही आवारा मवेशियों की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो मिशन संडे टीम को मजबूरन सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करना पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में प्रशासन को आगाह किया कि जनता की उपेक्षा और लापरवाही का परिणाम गंभीर होगा इसलिए समय रहते जिम्मेदारी समझें और समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें। भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और गौठानों को बंद करने के फैसले को जनविरोधी बताया। इस दौरान पूरन सारथी, रवींद्र सिंह गहरवार, महेश यादव, शेखर दास वैष्णव, सूरज देवांगन, कवल टंडन, भगवानी कोसरे, हरिदर्शन ढीमर व विनोद सिन्हा समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

## गुणवत्तापूर्ण कार्यों के लिए दिए निर्देश



**खैरागढ़,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना एवं समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूलों में चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की समीक्षा बैठक जिला पंचायत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के मैकाल सदन में आयोजित की गई। बैठक कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत 281 निर्माण एवं मरम्मत कार्य स्वीकृत हैं जिनमें से केवल 58 कार्य प्रगतिरत हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए जिला पंचायत के सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और शीघ्र पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। वनांचल क्षेत्रों में जनपद पंचायत के तकनीकी सहायकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसकी गुणवत्ता पर संतोष जताते हुए सीईओ ने प्रशंसा की। साथ ही सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। समग्र शिक्षा के अंतर्गत स्वीकृत नवीन कार्यों की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ करने कहा गया वहीं जिन विद्यालय भवनों की स्थिति जर्जर है उनके प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गए।खैरागढ़ विकासखंड अंतर्गत शाला क्रमांक 1 में स्थित बीआरसी कार्यालय के मरम्मत कार्य की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए सीईओ ने भवन में रखी अप्रचलित पुस्तकों के लिए एक समिति बनाकर सूची तैयार करने के निर्देश दिए।बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जनपद पंचायत एवं नगर पालिका के अधिकारी, समग्र शिक्षा के एपीसी, बीआरसी, तकनीकी सहायक तथा शिक्षा विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

CMYK

उल्टा पुल्टा

अब तो शक की इंतहा ही हो गई।
बीवी- तुम्हारे शर्ट पर एक भी बाल नहीं है।
सोनू- हां तो क्या?
बीवी- सच-सच बताओ कौन थी वह गंजी?

## संपादकीय

### एनएचएम कर्मियों के मुद्दे हल हों

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राज्य में कार्यरत 16 हजार कर्मचारी पुनः हड़ताल पर जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने अपनी एक अर्से से लम्बित मांगों को लेकर मंगलवार व बुधवार को काम बन्द करने का ऐलान किया है। इन मांगों को लेकर ये कर्मचारी पहले भी आंदोलन कर चुके हैं। वैसे तो ये 10 जुलाई से ही चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं जिसके तहत यह कामबन्दी की जायेगी। 15 जुलाई तक ये कर्मी काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। संविदा कर्मचारियों के रूप में कार्यरत इस महत्वपूर्ण मानव संसाधन पर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बड़े पैमाने पर टिकी हैं। इनके काम बन्द करने से निश्चित ही जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसलिये सरकार को चाहिये कि वह संघ के प्रतिनिधियों के साथ सहानुभूतिपूर्वक बातचीत कर उनके मुद्दों का हल निकाले। विपक्ष में रहते हुए सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के कई नेता संघ की मांगों को जायज ठहरा चुके हैं।

पिछले दो वर्षों से संविदा कर्मचारी जो मांगें कर रहे हैं, उनमें प्रमुख हैं- उनका संविलयन, वेतन वृद्धि, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे का निर्धारण आदि। राज्य के विभिन्न जिला अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक ये संविदा कर्मचारी लोगों के स्वास्थ्य की देख-भाल कर रहे हैं। जिस वर्ग के कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगे उनमें डॉक्टर, नर्सें, फार्मासिस्ट, लैब, एक्सरे टेक्नीशियन, कार्यालयीन व हाऊस कीपिंग स्टाफ, सफाईकर्मी आदि हैं।

किसी भी अस्पताल-मेडिकल कॉलेज में जाकर देखा जा सकता है कि ये कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में नियमित कर्मचारियों का कंधे से कंधा मिलाकर साथ निभाते हैं। टीबी, कुष्ठ, मलेरिया आदि की रोक-थाम में इनका अहम रोल होता ही है, पैथालॉजी सम्बन्धी जांच, मरीजों को दवाइयां पिलानी व उनका वितरण, टीके व सुइयां लगाना उनका दायित्व होता है। स्कूलों तथा आंगनबाड़ियों में बच्चों के सेहत की जांच, शिशुओं की देख-भाल, पोषण, पुनर्वास केन्द्र, वरिष्ठ व बीमार नागरिकों की फिजियोथेरेपी, गांवों के आयुष्मान केन्द्रों की ओपीडी का संचालन जैसी जिम्मेदारियां भी वे ही निभा रहे हैं। ऐसे ही, मौसमी रोगों के प्रसार को रोकने में भी उनका बड़ा योगदान होता है।

कहने को ये संविदा कर्मचारी होते हैं लेकिन वे किसी भी नियमित कर्मचारियों के बराबर और कुछ मामलों में तो उनसे बढ़कर काम करते हैं। उनके कामों के घंटों को देखें तो वे पूरा समय लगाते हैं जबकि उनके वेतन वर्तमान महंगाई को देखते हुए बहुत कम होते हैं। अक्सर ये संविदा कर्मचारी बाहरी गांवों या शहरों में रहते हैं जिसके कारण उन पर और भी कई तरह के खर्च होते हैं। इसके चलते वे अपने परिवार का भरण-पोषण समुचित ढंग से नहीं कर पाते। लगभग सभी राजनीतिक दल उनकी मांगों से सहमति जता चुके हैं। सरकार को चाहिये कि वह घोषित हड़ताल को टाले।

## गायत्री शक्ति पीठ नवापारा में ट्रस्ट का पुनर्गठन, पवन यदु बने मुख्य प्रबंध ट्रस्टी

### प्रबंधन समितियों में महिला ट्रस्टी में नीता धीवर, धनमती साहू का नाम चयन कर महिला ट्रस्टी का किया विधिवत पुनर्गठन



**नवापारा राजिम,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। गायत्री शक्तिपीठ के प्रभावी संचालन के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में रविवार को बैठक हुई और ट्रस्ट का ऐतिहासिक पुनर्गठन करने के पहले वेद माता गायत्रीए परम पूज्य गुरुदेव वंदनीय माता को साक्षी मानते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

यह आयोजन श्रद्धा, संकल्प और संगठन का अद्भुत संगम रहा, जिसमें गायत्री शक्ति पीठ नवापारा के सभी कार्यकर्ता, प्रज्ञा मंडल के सदस्य उपजोन संगठन प्रभारी एम. एल. साहू उपजोन समन्वयक, सी.पी. साहू, जिला समन्वयक, लच्छूराम निषाद, ब्लॉक समन्वयक आर.एस. चौरसिया सहित रायपुर जिले एवं ब्लॉक के समर्पित सैकड़ों कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शक्ति पीठ के पूर्व मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुदर्शन वर्मा ने प्रस्ताव रखते हुए पवन कुमार यदु का नाम रखा और उन्हें मुख्य प्रबंध ट्रस्टी के पद पर सभी ने सर्वसम्मति से चयन किया। सहायक-ट्रस्टी के लिए मोहनलाल मानिकपन और अन्य ट्रस्टी के रूप में रामनारायण यदु, दशरथ लाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, गजेंद्र कुमार साहू, नेमीचंद साहू जैसे युवाओं को ट्रस्टीयों में शामिल किया गया।

**महिला ट्रस्ट का भी हुआ पुनर्गठन**

कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के प्रबंधन समितियों में महिला ट्रस्टी के लिए भी नाम प्रस्ताव करते हुए नीता धीवर, धनमती साहू का नाम चयन कर महिला ट्रस्टी के लिए विधिवत पुनर्गठन किया गया। सुदर्शन लाल वर्मा, श्रीराम सोन, डॉ उमा गुप्ता, एम एल साहू, अशोक कुमार शर्मा को संरक्षक मनोनीत किया गया।

पुराहितों द्वारा सभी समितियों में योग्यता, प्रतिबद्धता और सेवाभावना को प्राथमिकता देते हुए चयन किया गया, जिससे ट्रस्ट के कार्यों में पारदर्शिता, समर्पण और गति सुनिश्चित की जा सके। इस आयोजन में उपस्थित सभी ट्रस्टियों एवं सदस्यों ने पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों, आदर्शों एवं मिशन की मर्यादा का पालन करने का सामूहिक संकल्प लिया, साथ ही, उन्होंने गायत्री परिवार के प्रचार-प्रसार और सामाजिक, आध्यात्मिक जागरूकता अभियान को और व्यापक बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

**युग निर्माण मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प**

जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद ने कहा कि यह ट्रस्ट केवल संगठनात्मक संरचना नहीं, बल्कि युग निर्माण आंदोलन की एक नवीन ऊर्जा का केंद्र बनेगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से गुरुदेव के विचारों को आत्मसात कर जनसेवा में जीवन समर्पित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित गायत्री परिजनों ने हम बदलेंगे, युग बदलेगा के संकल्प के साथ युग निर्माण मिशन को आगे बढ़ाने की प्रतिज्ञा ली।

## कटगी में अवैध महुआ शराब बिक्री जोरों पर स्कूल के छात्र-छात्राओं को हो रही हैं परेशानियां

**कटगी/बलौदाबाजार,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। आदर्श ग्राम पंचायत कटगी में इन दिनों अवैध महुआ शराब बिक्री जोरों से चल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कटगी में शुभ साईं पब्लिक स्कूल और लखमाईसत्ती स्कूल के पास अवैध महुआ शराब बिक्री जोरों पर है। शराब बेचने वाले के यहां सुबह 5 बजे से ही शराबियों की लाइन लग जाती है, और यह सब शासन प्रशासन की आंखों के सामने हो रहा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

स्कूली छात्रों को परेशानी-ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल के पास शराब दुकान होने के कारण स्कूली छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शराबियों की भीड़ और उनकी अश्लील हरकतें स्कूली छात्रों के लिए एक बड़ा खतरा बन गई हैं। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से स्कूल के पास हो रही अवैध महुआ शराब बिक्री को रोकने और उन पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

शासन प्रशासन की अनदेखी-यह जानना बहुत दुखद है कि शासन प्रशासन को इस अवैध गतिविधि के बारे में पता होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे शराब बेचने वालों का हौसला बढ़ रहा है और वे और भी अधिक सक्रिय हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही इस पर कार्रवाई नहीं की गई तो स्थिति और भी खराब हो सकती है।

कार्रवाई की मांग-ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि स्कूल के पास हो रही अवैध महुआ शराब बिक्री को तुरंत बंद कराया जाए और उन पर उचित कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यह उनके बच्चों के भविष्य के लिए बहुत जरूरी है और वे नहीं चाहते कि उनके बच्चे ऐसी अवैध गतिविधियों के संपर्क में आएं। इस प्रकार कटगी में अवैध महुआ शराब बिक्री एक बड़ी समस्या बन गई है और शासन प्रशासन को इस पर तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है। ग्रामींणों की मांग है कि स्कूल के पास हो रही अवैध महुआ शराब बिक्री को बंद कराया जाए और उन पर उचित कार्रवाई की जाए। इससे न केवल स्कूली छात्रों को परेशानी से बचाया जा सकता है, बल्कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था भी बनी रहेगी।

## निर्माणाधीन पानी टंकी का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**महासमुंद,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। अयोध्या नगर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे गार्डन में निर्माणाधीन पानी टंकी का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार को कार्य में गति लाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि टंकी निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को निर्बाध रूप से पेयजल की आपूर्ति की जा सकेगी। उन्होंने अधिकारियों को समय.समय पर कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

## 38 किसानों को उड़द बीज का किया गया वितरण



**बलौदाबाजार,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में एक्सटेंशन रिफार्म्स आत्मा योजनांतर्गत विकासखण्ड कसडोल के ग्राम सोनाखान, भुसड़ीपाली एवं कसौदी के 38 कृषकों को फसल प्रदर्शन का आयोजन हेतु उड़द बीज का वितरण किया गया। कृषकों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न केन्द्र एवं राज्य पोषित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

वर्तमान खरीफसीजन में डी.ए.पी. के स्थान पर एस.एस.पी. अथवा एन.पी. के. उर्वरक के उपयोग हेतु कृषकों को सलाह दिया गया, साथ ही विभिन्न फसलों में उर्वरकों के संतुलित उपयोग के माध्यम से खेती हेतु प्रोत्साहित किया गया। भारत सरकार के माध्यम से कृषकों को रासायनिक उर्वरक की उपयोग में कमी हेतु नैनो यूरिया एवं नैनो डी.ए.पी. का छिडकाव के बारे जानकारी दी गई। कृषकों को प्राकृतिक, परम्परागत एवं जैविक खेती से लाभ के बारे में भी बताया गया। कृषक उन्नति योजना खरीफ2025 हेतु जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी कृषकों को प्रदाय की गई जिसके अन्तर्गत विगत खरीफमें एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगाई हो तथा प्रदेश के सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो, उन्हें धान के स्थान पर अन्य खरीफफसल हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टी उपरान्त मान्य रकबे पर राशि रूपये 11000 प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जायेगा। खरीफ में दलहन, तिलहन, मक्का, लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी एवं रागी) एवं कयास लेने वाले कृषकों को एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टी उपरान्त मान्य रकबे पर राशि रूपये 10000 प्रति एकड़ की दर से सहायता राशि प्रदान किया जाएगा। खरीफ2025 में समितियों में धान विक्रय हेतु सभी किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इस दौरान कृषि स्थायी समिति सभापति देवसिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति खेल एवं युवा कल्याण विभाग सुश्री गायत्री बरिहा, जनपद सदस्य सुंदरमति बरिहा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी धनेश्वर साय, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हेमंत डडसेना एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक योगेश सिंगौर एवं किसान उपस्थित रहे।

## सावन के पहले सोमवार को बाबा कुलेश्वर नाथ मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब



**राजिम,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध बाबा कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर में सावन माह के पहले सोमवार को सुबह 4 बजे से ही भक्तों का बड़ा सैलाब उमड़ा हुआ है। यह मंदिर त्रिवेणी संगम पैरी, सोंदूर और महानदी में स्थित है। मान्यता है कि वन वास काल के समय माता सीता ने अपने हाथों से शिवलिंग का निर्माण किया था। देश प्रदेश से पहुँचे शिव भक्त पूजा अर्चना जलाभिषेक करने आते हैं। मान्यता है यहां हर मनोकामना पूरी होती है।

## प्रेस क्लब की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई सार्थक चर्चा

**धमतरी,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। प्रेसक्लब की सदस्यता, पंजीज्यन नवीनीकरण सहित कुछ अन्य मुद्दों को लेकर रविवार को प्रेसक्लब सामान्य सभा की बैठक प्रेस क्लब भवन में रखी गई थी। बैठक में सभी मुद्दों पर काफी सार्थक चर्चा हुई। वरिष्ठों द्वारा प्रेस क्लब के हित में कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। वहीं कुछ सदस्यों द्वारा कुछ आपत्तियां भी दर्ज करायी गई।

प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने सभी की बातें ध्यान से सुनी और आश्वस्त किया कि जरूरी सुझावो को अमल में लाने का पूरा प्रयास किया जायेगा। पंजीयन नवीनीकरण के बारे में बताया गया कि इसमें कुछ बाधाएं आ रही है जिसे दूर कर इस काम को आगे बढ़ाया जायेगा। पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से सहयोग बनाय रखने और आगे की बैठकों में अच्छी उपस्थिति की उम्मीद की है। इससे निश्चीत तौर पर क्लब के हित में सार्थक परिणाम सामने आएंगे।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शाह, मेघराज ठाकुर, अध्यक्ष विशाल ठाकुर, महासचिव विक्रांत शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश श्रोती, उपाध्यक्ष कमलेश पाण्डेय, सचिव राज सोनवानी, सत्येंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, पवन तिवारी, पवन साहू जुनैद रिजवी, माधवेन्द्र हिरवानी आदि मुख्यरूप से उपस्थित थे।

## डबल लॉक में भण्डारित उर्वरक को समितियों में शीघ्र पहुंचाएं : कलेक्टर

**कलेक्टर ने खाद-बीज भण्डारण एवं वितरण की समीक्षा की**



**बलौदाबाजार,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को कृषि, सहकारिता, विपणन सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में खाद-बीज की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने डबल लॉक में भण्डारित उर्वरकों को शीघ्र समितियों में पहुंचाकर किसानों को वितरित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि विकासखंड मुख्यालयों में स्थित डबल लॉक में भण्डारित उर्वरकों को समितियों तक शीघ्र पहुंचाएं ताकि किसानों को समय पर जरूरत के अनुसार उर्वरक उपलब्ध हो सके। उन्होंने किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद व बीज उपलब्ध हो सके इसके लिए समितियों एवं कृषि सेवा केंद्रों का सतत निगरानी के निर्देश दिये। बताया गया कि यूरिया की रेक लगी है जिसमें से लगभग 1750 मेट्रिक टन जिले को आवंटन मिला है। इसके साथ ही जुलाई माह में लगभग 7000 मेट्रिक टन यूरिया मिलने की संभावना है।

डबल लॉक में यूरिया 1950 मे. टन, डीएपी 335 मे. टन एसएसपी 1581 मे.टन उपलब्ध है। डीएपी के विकल्प के रूप में आधा बोरी यूरिया, 3 बोरी सुपर एसएसपी एवं 20 किलोग्राम पोटाश का मिश्रण उपयोग करने किसानों को सलाह दिया जा रहा है। सहकारी समितियों में यूरिया 20957 मेट्रिक टन, डीएपी 6075 मे. टन, एमओपी 2652 मे. टन, एसएसपी 5850 एवं एनपीके 65777मे. टन कुल 42111 मेट्रिक टन उर्वरक का भण्डारण किया गया है। भण्डारित उर्वरक मे से अब तक 38364 मेट्रिक टन का वितरण किया गया है।

## राधाकृष्ण मंदिर में 68 हजार 301 पार्थिव शिवलिंग का किया गया निर्माण



**नवापारा राजिम,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। नगर के राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में दद्दा शिष्य मंडल के द्वारा आयोजित पार्थिव शिवलिंग निर्माण का यह 4 था वर्ष है। भक्तों को श्रावण का इंतजार रहता है क्यो कि शिव पूजन की सबसे बड़ी पूजा मानी गई है, जहां शिव लिंग निर्माण के लिए कोपरा, मिट्टी की गोलियां, दुध दही, बिल्वपत्र एवम पूजन सामग्री भी भक्तों को दी जाती है, उसके बाद देवेंद्र महाराज के निर्देशन में 5 ब्राम्हण पुरे विधि विधान से अभिषेक एवम आरती करते है, फिर सिर पर धारण कर क्रमबद्ध होकर महानदी में विषर्जन करते है उसके बाद भोजन प्रसादी की व्यवस्था सभी भक्तों के लिए होती है, निर्माण स्थल में प्रवेश करते ही भक्तों के मस्तक पर ओम नमः शिवाय का तिलक लगाया जा रहा था। इधर शिव लिंग निर्माण चल रहा था उधर सालासर समिति के नेमी साहू भजनों की अमृत रूपी गंगा की वर्षा कर रहे थे।

आज पहले सोमवार को भक्तों की भीड़ के कारण समय से पहले मिट्टी की गोलियां समाप्त हो गई, जिससे 68301 पार्थिव, शिवलिंग का निर्माण हुवा। आयोजको ने दूसरे सोमवार21 जुलाईको अधिक से अधिक संख्या मे शिव भक्तों से शामिल होने की अपील की है।

## नगर में जय भोले सेवा समिति, द्वारा सहस्त्र जलधारा अभिषेक सम्पन्न, आस्था, भक्ति और एकता का अनोखा संगम



**नवापारा राजिम** 14 जुलाई देशबंधु। वार्ड क्रमांक 16 श्री राम जानकी पारा में जय भोले सेवा समिति एवं मोहल्लेवासियों के सामूहिक तत्वाधान में आज 14 जुलाई को, श्रद्धा और परंपरा के साथ पवित्र उत्सव ष्सहस्त्र जलधारा अभिषेकष् का भव्य आयोजन किया गया। महादेव के दिव्य अभिषेक एवं पूजन-अर्चना के माध्यम से जनमानस ने अपनी आस्था को प्रकट किया। सुबह से ही नगरवासियों और मोहल्ले के श्रद्धालुओं ने मिलकर शिवलिंग पर सहस्त्र जलधारा के द्वारा जलाभिषेक किया, मंत्रोच्चारण और भक्तिरस से वातावरण गूंज उठा। भक्ति के इस महापर्व में हर वर्ग, हर उम्र के लोगों ने सहभागिता की, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि आज भी हमारी धार्मिक एकता और संस्कृति की जड़ें गहरी हैं।

## काव्यांश के स्नेह सम्मेलन में शामिल हुए नपाध्यक्ष



**महासमुंद,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान द्वारा संस्था के स्थापना दिवस के पूर्व संध्या पर आयोजित साहित्यिक स्नेह सम्मेलन में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। अध्यक्षता भागवत जगत भूमिल ने की। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रलय थिटे, श्रीमती एस चंद्रसेन, डॉ साधना कसार उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रसिद्ध कवयित्री श्रीमती द्रोपती साहू सरसीज द्वारा रचित पुस्तक दस्तक नपाध्यक्ष को भेंट किया गया। साथ ही संस्थान द्वारा नपाध्यक्ष को काव्यांश युवा सृजन सम्मान.2025 के तहत मामेंटों प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि साहित्यकार राष्ट्र निर्माण के शिल्पी होते हैं, वह अपने साहित्यिक ओज से राष्ट्र को प्रकाशित कर सकते हैं। यह आयोजन साहित्य की शक्ति और रचनात्मकता को प्रेरित करने का बेहतर माध्यम है। काव्यांश कला पथक संस्थान साहित्यकारों के लिए बेहतर मंच साबित हो रहा है। साहित्यकार अपने काव्य संग्रह, लेख के माध्यम से समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में स्वागत भाषण काव्यांश साहित्य एवं कलापथक संस्थान के अध्यक्ष भागवत जगत भूमिल ने तथा आभार प्रदर्शन उमेश भारती गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महासचिव जयराम पटेल, कोषाध्यक्ष डी बसंत साव, सुरेन्द्र मानिकपुरी, बी आर साहू सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सेवानिवृत होने पर शिक्षक डोमार को दी विदाई



**महासमुंद** 14 जुलाई (देशबंधु)। शासकीय उप्राशा खरोरा में पदस्थ उच्च वर्ग शिक्षक डोमार राम साहू के सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार द्वारा सम्मान समारोह आयोजित विदाई दी। इस अवसर पर डोमार राम साहू के साथ व्यतित किए गए समय को याद करते हुए सभी लोगों ने शिक्षक के रूप में उनकी मेहनत और लगन को मंच पर साझा किया। इस अवसर पर शासकीय आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य ने कहा कि शिक्षक हमें किताबी ज्ञान के साथ साथ जीवन के मूल्यों को भी सिखाते हैं। शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि शिक्षक समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं, शासकीय उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक उमेश भारती गोस्वामी ने सेवानिवृत्त शिक्षक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपकी उपस्थिती ने इस कार्यस्थाल मे रोशनी ला दी है। खरोरा की पूर्व सरपंच श्रीमती सुनीता चंद्राकर के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अंत में आशीष वचन के रूप में डोमार राम साहु ने कहा कि जब मैं इस विभाग में आया तो मेरे पास उत्साह था पर अनुभव नहीं,आप सभी ने मुझे अनुभव प्राप्त करने में साथ दिए हैं और इसके लिए मैं आप सबका आभारी रहूँगा। समारोह में शाला समिति अध्यक्ष आशा परमार, संगीता यादव, शिक्षक गण श्रीमती रामेश्वरी ध्रुव,श्रीमती मोना चंद्राकर, श्रीमती प्रीति तिवारी, ओमप्रकाश शर्मा, लता चंद्राकर, माधुरी, राम प्रसाद आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दुबे कुमार पटेल व आभार श्रीमती गायत्री चंद्राकर ने किया।

# खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा रत्न सम्मान योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद** 14 जुलाई (देशबंधु)। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, साहसिक, शैक्षणिक खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं को उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना लागू की गई है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से युवा रत्न सम्मान की स्थापना किया गया है। इस कार्य में व्यक्तियों, संगठनों के योगदान को प्रोत्साहित करने मान्यता देने एवं प्रतिष्ठ मंडित करने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों एवं संगठनों को युवा रत्न सम्मान प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है। युवा रत्न सम्मान योजना का उद्देश्य राज्य में सामाजिक, संस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्र में 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों को प्रेरित करना तथा युवाओं में अपने समुदाय के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना। इस प्रकार अच्छे नागरिक के रूप में उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार होए राष्ट्रीय विकास और समाज सेवा के लिए युवाओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करना, राष्ट्रीय विकास और समाज सेवा के लिए युवाओं के साथ काम करने वाले स्वैच्छिक संगठनों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करना है। खेल अधिकारी ने बताया कि छग युवा रत्न सम्मान असाधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य के क्षेत्र में दिया जाएगा। जिसके अंतर्गत चयनित युवा को 2 लाख 50 हजार रूपए एवं चयनित संगठन को 5 लाख रूपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसी तरह युवा रत्न सम्मान अंतर्गत सामाजिक, साहित्य, नवाचार उद्योग, शिक्षा, खेल, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, मीडिया, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण कला एवं संगीत सांस्कृतिक, लोककला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को 1.1 लाख रूपए का पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। केंद्र राज्य शासन के कर्मचारी, केंद्र राज्य सरकारों के सार्वजनिक उपक्रमों विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में कार्यरत व्यक्ति पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगे। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद बरोंडा चौक, यातायात थाना, बागबाहरा रोड़ से संपर्क कर सकते हैं।

# मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर दी गई सलाह



**बिलाईगढ़** 14 जुलाई (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ.आर. निराला के मार्गदर्शन में बरमकेला विकासखंड के विभिन्न छात्रावासों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बारिश के कारण मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी, खांसी, बुखार, उल्टी, दस्त, खुजली और घाव आदि की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश पाणिग्राही के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में बरमकेला, सरिया, लेन्धरा, डोंगरीपाली, बोंन्दा, झनकपुर, बड़े नावापारा सहित कन्या छात्रावासों के सभी छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में बच्चों के लक्षणों के आधार पर तुरंत दवा वितरण भी किया गया।

डॉक्टरों ने बताया कि बारिश के मौसम में डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बना रहता है। इसलिए सभी बच्चों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने, गर्म और ताजा भोजन करने तथा पीने के पानी को छानकर या उबालकर सेवन करने की सलाह दी गई है। साथ ही यह भी कहा गया कि खुले में रखा या बासी भोजन बिल्कुल न खाएं और किसी भी प्रकार के लक्षण जैसे उल्टी, दस्त, बुखार, सिरदर्द आदि महसूस होते ही तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचें।

स्वास्थ्य विभाग की यह पहल छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में सराहना का विषय बनी हुई है। विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसी तरह की सावधानी बरतने और जागरूकता फैलाने की अपील की है, जिससे मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रहा जा सके।

## छुईहा स्कूल में 'बच्चों की बैंक अफलातून' की सातवीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



**बिलाईगढ़** 14 जुलाई(देशबंधु)। सुतिउरकुली संकुल के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला छुईहा में बच्चों की बैंक अफलातून की सातवीं वर्षगांठ बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अनूठे कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा और राजकीय गीत के सामूहिक गायन से की गई।

विद्यालय के 37 बच्चों ने अपनी बचत से ?15,000 से अधिक की राशि जमा की। इस पहल के तहत बच्चों को बचत और वित्तीय जिम्मेदारी का महत्व सिखाया जाता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में आरिचि टण्डन ने पहला स्थान प्राप्त किया, चांदनी सोनवानी द्वितीय और नंदनी महिलांगे तृतीय स्थान पर रहीं। तीनों विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं कापी, पेन देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में श्री जायसवाल सर (वरिष्ठ व्याख्याता, सुतिउरकुली), रमेश कुमार पैकरा (संकुल केंद्र प्रभारी), राजकुमार जांगड़े, अरुण कुमार टण्डन (प्रधान पाठक), त्रिलोक कुमार हरिप्रिय अफलातून प्रभारी, महेंद्र कुमार मरावी, राकेश कुमार जाटवर, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बच्चों की बैंक अफलातूनजैसी पहल ग्रामीण अंचलों में आर्थिक साक्षरता,एवं बच्चों में बचत करने की भावना को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित हो रही है।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक सम्पन्न



**सरायपाली** 14 जुलाई ( देशबन्धु)। विकासखंड सरायपाली पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनधारियों मंगल प्रसाद साहू एवं ईश्वर नंद को अध्यक्ष ध्रुव मलिक द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया तथा सर्वसम्मति से पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें पेंशनधारी कल्याण संघ के संरक्षण रत्नाकर कर एवं श्यामलाल नायक अध्यक्ष ध्रुव मलिक उपाध्यक्ष थबीर दास ,लक्ष्मण लाल पटेल, चंद्रहास पात्र, गांडाराय साहू ,प्रवक्ता नेहरू लाल चौधरी, सचिव चंद्रसाय मांझी, कोषाध्यक्ष मधुसूदन महापात्र ,मीडिया प्रभारी भोजराज पटेल तथा विकासखंड के कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सीताराम चौधरी, कृष्ण कुमार तिवारी, पुर्नचंद सेठ ,सुभाष राणा, महादेव साहू ,ताराचंद नायक, मनीराम चौहान, मनीराम लोई ,राघव प्रधान ,रामप्रसाद नायक ,रास बिहारी साहू ,जगबंधु तांडी, बष्टम राणा, गोकुल कुमार प्रधान,विपिन बिहारी प्रधान, खिरोद्र कर।सदस्यता शुल्क कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर सम्मिलित होना पेंशनरकार्ड बनवाना तथा सेवानिवृत कर्मचारियों के पेंशन प्राप्त करने हेतु अतिरिक्त काउंटर की मांग हेतु संबंधित बैंक को पत्र व्यवहार करना।सभा को संबोधित करने वालों में रत्नाकर कर,ध्रुव मलिक,चंद्रहास पात्र, भोजराज पटेल,थबीर दास, नेहरू लाल चौधरी बैठक में मधुसूदन महापात्र एवं रत्नाकर कर द्वारा पुराने गीतों से सभा को मंत्र मुक्त कर दिया जिन्हें सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक थबीर दास द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया आभार प्रदर्शन सचिव चंद्रसराय मांझी द्वारा किया गया।

## खैरा स्कूल में मनाया गया गुरू पूर्णिमा पर्व



**कटगी/बलौदाबाजार,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला खैरा क में उत्कृष्ट प्रधानपाठक जगन्नाथ प्रसाद देवांगन (राज्यपाल पुरस्कृत) के नेतृत्व में एसएमसी सदस्य रामभरोस साहू के आतिथ्य में गुरू पूर्णिमा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संचालन कर रहे श्री देवांगन ने कहा कि प्रथम गुरु माता पिता, स्कूल गुरुजी और तीसरा गुरु बुजुर्ग, दादा दादी से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सीखने का मौका मिलता है। वहीं जीवन संवरता और खुशहाल बनता है ऐसे में सभी गुरुजनों का सम्मान करते हुए सबका ख्याल रखते हुए आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। वही छात्र और संस्कारवान व्यक्ति ही जीवन में सफल होते है। इसी प्रकार सभा को रामभरोस साहू, विनोद बंजारे और तेजवंत प्रताप पटेल ने भी गुरु की महिमा बताए। सभी बच्चों के लिए प्रसाद की व्यवस्था किया गया था। बच्चों के द्वारा सभी गुरुजनों को पेन देकर सम्मानित किया गया। श्री देवांगन द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सिवनीकला से चोरी हुई हनुमान जी की प्रतिमा बसुलाडबरी बाँध से बरामद

- **सरकारी घाँस जमीन पर अवैध कब्जा रोकने ग्रामीणों ने स्थापित की श्री हनुमान जी की मूर्ति**



**बागबाहरा,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। अंचल के कोमाखान तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिवनीकला से चोरी हुई पवन पुत्र हनुमान जी की मूर्ति को कोमाखान पुलिस ने बसुलाडबरी बाँध से बरामद कर लिया है। उक्त मूर्ति को गांव में सरकारी जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए खाली पड़े घाँस जमीन पर हनुमान जी की मूर्ति को बीच में ग्रामीणों ने स्थापित किया था। जो 11 जुलाई की रात में चोरी हो गई थी। जिससे गांव में हड़कंप मच गया था। तथा ग्रामीणों में आक्रोश पैदा हो गया था। इस मामले को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने कोमाखान थाने में ज्ञापन सौंप कर तत्काल कार्यवाही किए जाने की मांग पुलिस प्रशासन से की गई थी।

कोमाखान पुलिस ने ग्रामीणों से शिकायत मिलते ही 24 घंटे के भीतर गायब हुई 4 फीट की हनुमान जी की प्रतिमा को बसुलाडबरी बाँध से ढूंढ निकाला। वहीं पुलिस ने मूर्ति चोरी करने और आपराधिक साजिश के मामले में बीएनएस की धारा 303(2) एवं 61(2) के तहत गांव के दो लोगों को गिरफ्तार कर उसे व्यवहार न्यायालय बागबाहरा में प्रस्तुत किया गया। जहाँ से दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

जबकि इस आपराधिक षड्यंत्र में गांव के 4 और लोग तथा अपराध में प्रयुक्त वाहन की तलाश में पुलिस जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोमाखान तहसील एवं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनीकला में सरकारी घाँस जमीन पर गांव के कुछ लोग अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। जिसे अतिक्रमण होने से बचाने के लिए गांव वालों ने उक्त भूमि पर बीच में 4 फ़ीट ऊँची पवन पुत्र हनुमान जी की प्रतिमा उनके जन्मोत्सव के दिन स्थापित कर दी गई थी। जिसे गांव के कुछ अन्य व्यक्ति गत 11 व 12 जुलाई की रात में उक्त सरकारी जमीन से हनुमान जी की प्रतिमा गायब होने के बाद गांव में हड़कंप मच गया था। इस मामले को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने कोमाखान थाने में ज्ञापन सौंप कर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई थी। जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए तत्परता के साथ बागबाहरा के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मिलिंद पांडेय एवं कोमाखान थाना प्रभारी निरीक्षक नितेश सिंह ठाकुर ने अपने सहयोगी पुलिसकर्मियों के साथ आखिरकार 24 घंटे के भीतर इस चोरी की गुत्थी को सुलझा लिया। चोरी के मामले में गांव के मुख्य आरोपी प्रेमलाल साहू 55 वर्ष पिता गणेश राम साहू एवं हितेश कुमार यादव 27 वर्ष पिता हीरालाल यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस और ग्रामीणों को पहले से अतिक्रमण करने की कोशिश करने वालों पर आशंका था।

जब पुलिस की पूछताछ शुरु हुई तो दोनों ने घटना के प्रति अनभिज्ञता जाहिर की। बाद में कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने घटना को अंजाम देने का अपराध स्वीकार कर लिया है।

तत्पश्चात बीती रात ही उनकी निशानदेही पर बसुलाडबरी बाँध से चोरी हुई हनुमान जी की प्रतिमा को पुलिस ने बरामद कर थाने में सुरक्षित रखा है।

कोमाखान पुलिस के अनुसार गांव के मुख्य आरोपी प्रेमलाल साहू ने पूरे मामले की साजिश रची थी। उसने अपने पुत्र छोटू साहू को उसके मित्रों के साथ स्थापित प्रतिमा को उखाड़कर उसे दूसरी जगह पर छिपाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। प्रेमलाल साहू, हितेश यादव के अलावा गांव के 4 और लोग भी इसमें शामिल हैं। घटना की रात सभी योजनाबद्ध तरीके से ई रिक्शा के जरिए ही उन्होंने प्रतिमा को उखाड़कर बाँध तक पहुंचाया। और बाँध के तीन चार फीट पानी के भीतर उसे डुबो दिया। पुलिस ने उक्त मूर्ति को बरामद कर थाने में सुरक्षित रखा है। फरार 4 आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## सांसद प्रतिनिधि बनने पर दयालु पहुंचे आशीर्वाद लेने अपने राजनीतिक आकाओं के पास



**नवापारा राजिम** 14 जुलाई (देशबंधु )। नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा में वरिष्ठ भाजपाई पूर्व मंडल अध्यक्ष दयालुराम गाड़ा को सासंद प्रतिनिधि बनाए जाने पर भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल का आभार एवं धन्यवाद् व्यक्त करने सासंद निवास पहुंचे साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात किये जिसमें इंद्रकुमार साहू विधायक अभनपुर, पूर्व मंत्री , चंद्रशेखर साहू , अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष , अशोक बजाज , जिलाध्यक्ष श्याम नारंग का धन्यवाद आभार व्यक्त कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्रशेखर दुबे के निधन का समाचार अत्यंत दुखद.: टिकेन्द्र ठाकुर



**नवापारा राजिम** 14 जुलाई (देशबंधु )। पूर्व सांसद, झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्रशेखर दुबे के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। श्री दुबे के नाम से लोकप्रिय, चंद्रशेखर मजदूर संगठन इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। एक संवेदनशील नेता के रूप में उन्होंने वंचितों और कमज़ोरों के हक़ की आवाज़ को हमेशा बुलंद किया।

उन्हें नमन करते हुए इस दुख की घड़ी में शोकसंतप्त परिवार और समर्थकों को अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक ने मैं भी अपनी शोक संवेदना प्रकट की ।

# जिले में 30 स्थानों पर की गई नाकेबंदी, तीन दिशाओं से भाग रहे 6 लुटेरे पकड़े गए



**धमतरी,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा तथा समस्त राजपत्रित अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा लूट की सूचना पर त्वरित कार्वाई के अभ्यास हेतु वास्तविक परिस्थिति आधारित मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य लूट जैसी गंभीर घटनाओं के प्रति पुलिस की सतर्कता, समन्वय और कार्वाई की तत्परता को परखना था।

मॉकड्रिल का परिदृश्य इस प्रकार रहा कि एक लूट की सूचना के बाद, तीन अलग-अलग मोटरसाइकिलों में सवार कुल 6 युवक अलग-अलग दिशाओं में भागते हैं। पूर्व निर्धारित वाहनों एवं सवारों का विवरण इस प्रकार था, काले रंग की होंडा शाइन - 02 युवक, काले रंग की बजाज सीटी 110 - 02 युवक और एक काले रंग की हीरो सुपर स्प्लेंडर - 02 युवक थे। इन तीनों मोटरसाइकिलों के सवारों का हुलिया और दिशा पूर्व नियोजित थी। सूचना मिलते ही जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा तत्काल 30 स्थानों पर नाकाबंदी लगाई गई।

- एसपी के निर्देश पर धमतरी पुलिस की मॉकड्रिल-लूट जैसी स्थिति में त्वरित कार्यवाही का अभ्यास
- आपसी समन्वय, तत्परता और तकनीकी दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन

त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही में पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहनों की पहचान कर दृढ़ चेकिंग एवं घेराबंदी की गई। मॉकड्रिल में शामिल सभी पुलिस टीमों ने सटीक समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी छह युवकों को गिरफ्तार किया। नाकाबंदी और चेकिंग की यह समन्वित कार्यवाही शाम 06 बजे से 08 बजे तक चली। यह मॉकड्रिल धमतरी पुलिस की सजगता, समन्वय, रणनीतिक योजना एवं तकनीकी संसाधनों के प्रभावी प्रयोग को दर्शाती है।

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने समीक्षा में कहा कि इस तरह के मॉक अभ्यास समय-समय पर आवश्यक हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस बल सजग, संगठित और त्वरित कार्वाई के लिए पूरी तरह तैयार रह सके।

## वृक्षारोपण पौधे लगाना ही नहीं बल्कि जैव विविधता को वापस लाने की पहल भी

**बलौदाबाजार,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। वन विभाग द्वारा इस वर्ष कैम्पा योजना के अंतर्गत किए जा रहे वृक्षारोपण अभियान में पारिस्थितिकी की बहाली और जैव विविधता पुनर्स्थापना के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। इस वर्ष 2025 में कैम्पा योजना के अंतर्गत कुल 9 स्थलों का चयन किया गया है जिनमें कुल 171.49 हेक्टेयर क्षेत्र में लगभग 1,16,081 पौधों का रोपण किया जा रहा है। भारत सरकार और राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार अब वृक्षारोपण के साथ साथ इको रेस्टोरेशन मतलब खोई हुई जैव विविधता को वापस लाने का प्रयास किया जा रहा है।

- **171 हेक्टेयर क्षेत्र में एक लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य**

वैज्ञानिक पद्धति का समावेश-वृक्षारोपण स्थल चयन के समय हर स्थल का मिट्टी परीक्षण और बेसलाइन सर्वे किया जाएगा जिसमें वर्तमान में उस क्षेत्र की जानकारी प्राप्त होगी और वृक्षारोपण के बाद मृदा, मिट्टी के नमी, जलवायु और जीव जंतुओं के वापसी में आने वाले बदलाव की जानकारी मिलेगी। साथ ही इन अपेक्षित परिणामों से दीर्घकालिक पर्यावरणीय लाभ सुनिश्चित होगा । इस योजना में स्थानीय प्रजातियों को प्राथमिकता दी जा रही है जिससे यह न केवल जैव विविधता में वृद्धि करेगा बल्कि वन्यजीव जैसे कीट-पतंगे, पक्षियों को भी एक उपयुक्त आवास उपलब्ध कराने में मदद करेगा।

जन-समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास-बलौदाबाजार वनमण्डल अधिकारी गणवीर धम्मशील नें बताया कि दीर्घकालिक पारिस्थितिकीय सुधार की दिशा में यह एक ठोस प्रयास है। इससे स्थानीय वन्यजीवों के लिए सुरक्षित आवास तैयार होंगे। ग्रामीणों को हरियाली का लाभ मिलेगा और जलमृदा-संरक्षण के परिणाम सामने आएंगे। साथ ही इस पहल में जन-समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने से पर्यावरण और वन्यजीव के संरक्षण के प्रति सामाजिक चेतना को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई**

*गरियाबंद - प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 तय की गई है। जिले में खरीफ 2025 के लिए बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को बीमा कम्पनी बनाया गया है। कलेक्टर बीएस उइके ने किसानों से तय समय में बीमा कराने की अपील की है।*



# नरेंद्र देवांगन 9वीं बार बने तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष

## करीबी मुकाबले में प्रशांत, प्रदीप और हेमराज को भी जीत मिली

**गरियाबंद,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। गरियाबंद तहसील अधिवक्ता संघ का चुनाव गुरुवार को न्यायालय परिसर में संपन्न हुआ। वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र देवांगन ने 9वीं बार अध्यक्ष पद जीतकर नया रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने 57 में से 33 मत हासिल कर शिवदयाल साहू को 9 मतों से पराजित किया। शिवदयाल साहू को 24 मत मिले। मतगणना के दौरान कुछ समय के लिए गहमा-गहमी की स्थिति बनी रही, लेकिन दोबारा गिनती के बाद परिणाम स्पष्ट हो गया और देवांगन को विजेता घोषित किया गया।

इधर अन्य पदों पर हुए चुनाव में भी दिलचस्प मुकाबले देखने को मिले। उपाध्यक्ष पद पर प्रशांत मानिकपुरी ने मात्र एक वोट के अंतर से जीत दर्ज की। सचिव पद के लिए प्रदीप लांबे को तीन मतों से सफलता मिली, जबकि कोषाध्यक्ष हेमराज दाऊ ने भी एक वोट से प्रतिद्वंद्वी को हराया। सहसचिव रमेशवर निर्मलकर और देवभोग उपाध्यक्ष घनश्याम पात्र निर्विरोध निर्वाचित हुए। इन मुकाबलो में कुछ मत निरस्त भी हुए। इधर मतगणना के दौरान पूरे न्यायालय परिसर रानजीतिक अखाड़ा जैसे नजर आया। वोट के लिए मान मनोव्व्ल और रूझाने जैसे घटनाक्रम भी दिखे। अधिवक्ता भी राजनेता जैसे काम करते नजर आए। हालाकि चुनाव के बाद पुनः स्थिति सामान्य हो गई। सभी ने मिलकर विजय अधिवक्ताओ को बधाई और शुभकानायें दी।



इधर लगातार 09 जीत के बाद अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन ने कहा कि आने वाले वर्ष अधिवक्ताओं के सशक्तिकरण, न्यायिक सुधार और आधुनिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए समर्पित रहेंगे। ग्रामीण क्षेत्र के वकीलों के लिए विशेष कार्यशालाएं और महिला अधिवक्ताओं के लिए नई योजनाएं शुरू करने के दिशा में भी पहल करेंगे। ज्ञात हो कि देवांगन वर्ष 2007 से लगातार अध्यक्ष पद पर हैं, और यह उनका लगातार 18वां वर्ष है। इस अवसर पर अधिवक्ता साबिर मुर्तुजा खान, रामकुमार वर्मा, हरलाल मिश्रा, हरिनारायण त्रिवेदी, मुकेश मिश्रा, सिराज खान, अश्वनी तिवारी, फहद खान, विकास तिवारी, आकाश दीक्षित, दुष्यंत सिन्हा, वंश गोपाल सिन्हा, गजानंद सिन्हा, कुमारी प्रतीक्षा यादव, कुमारी हिमाचली सिन्हा, लक्ष्मी नारायण अवस्थी, रमेश कुमार साहू, सत्यनारायण बेहरा, सुशील बेहरा, सुशील दौरा, सतीश दौरा, दुर्योधन मांझी, लकेश्वर यादव, दयाशंकर सिन्हा, नरेंद्र खरे, आर्चना खरे, नोकेंस साहू, घनानंद अवस्थी और जगदीश जैन ने बधाई दी।

# राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ( आरपीएम ) की मासिक गूगल मीट सम्पन्न

### ◆ संगठन विस्तार व पत्रकार हितों पर हुई विस्तृत चर्चा

**खरोरा,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की मासिक गूगल मीट बैठक का सफल आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से जुड़े पत्रकारों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस ऑनलाइन बैठक में पत्रकारिता से जुड़े विविध विषयों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया। संगठन के सदस्यता अभियान, राज्य इकाइयों के गठन और संगठनात्मक विस्तार को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस वर्चुअल मीटिंग में निम्न प्रमुख पत्रकार एवं सदस्यगण उपस्थित रहे-

महताब खान चंद, अमरजीत मौरा, श्रीनिवास राव, कमलेश कुमार, सुनीता उपाध्याय, धीरज कुमार, शांति गौतम, संतोष कुमार यदु, प्रियब्रत नायक, गोपीनाथ साहू, ताहिर अहमद, अज्जत चौधरी, आतिश कुमार बासा, इश्तियाक अहमद, तर्क संचार, एमडी नसीब, समरक्रांति सेन, नवनीत रावत और डॉ. पबित्रा मोहन सामंत्रे। बैठक के दौरान पत्रकारों और समाचार पत्रों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों जैसे ङ्क पत्रकार सुरक्षा,



न्यूनतम पारिश्रमिक, क्षेत्रीय स्तर पर पत्रकारों की भागीदारी, फर्जी पत्रकारिता पर रोक, एवं मीडिया के क्षेत्र में हो रहे बदलावों पर चर्चा की गई। ऋक्रू ने स्पष्ट किया कि संगठन का उद्देश्य पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा और सशक्तिकरण है। संगठन ने सदस्यता अभियान को गति देने, राज्यों में सक्रिय इकाइयों का पुनर्गठन करने एवं नई समितियों के गठन के लिए जिम्मेदारियां तय कीं। साथ ही आने वाले महीनों में जिला स्तरीय संवाद और वर्कशॉप आयोजित करने की योजना भी बनाई गई। राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने यह संदेश दिया कि निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता ही लोकतंत्र की आत्मा है, और हर पत्रकार को एकजुट होकर इस जिम्मेदारी को निभाना चाहिए।

# धान की फसलों को बर्बाद कर रहे आवारा मवेशी,चिंतित किसानों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**आरंग,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। अब तक क्षेत्र में हुई अच्छी बारिश से एक तरफ किसानों के चेहरे पर खुशी दिख रही है वही दूसरी तरफ क्षेत्र में आवारा मवेशी खेत में लगी धान की फसलों को काफी नुकसान कर रही है जिससे किसान काफी चिंतित है।आरंग नगर में वर्तमान स्थिति को देखते हुए किसानों के लिए कभी खुशी कभी ग़म वाली स्थिति है। आवारा मवेशी द्वारा धान की फसलों को हो रहे नुकसान से बचाने के लिए आरंग के किसानों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी से अतिशीघ्र नगर में कांजी हाउस की व्यवस्था करने ज्ञापन सौंपा है।पीड़ित किसानों ने बताया कि वर्तमान समय में नगर में आवारा मवेशियों की तादाद काफी बढ़ गई है।पशुपालक अपने पशुधन को घर में रखने के बजाय खुला छोड़ दिए।खुला छोड़ने के कारण चारा भोजन की तलाश में मवेशी खेतों में घुसकर फसलों को काफी नुकसान पहुंचा रहे है।पिछली बार भी ऐसी ही स्थिति निर्मित हुई थी तब नगर पालिका के सहयोग से पशुओं को किसानों द्वारा गौठान में रखा जाता था जिससे काफी हद तक किसानों को सहायता मिली थी।इस बार भी किसानों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से सहयोग की अपेक्षा के साथ मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया है।इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश तिवारी,भोला साहू, घासीराम साहू,संतोष यादव,रामकुमार जलक्षत्री,श्याम साहू,रमेश यादव,गोपी यादव,नरसिंह साहू सहित बड़ी संख्या ने किसान उपस्थित रहे।

# पुलिस ने खुरसुला के जंगल में छापामार कार्रवाई कर 6 जुआडी को किया गिरफ्तार

### ◆ आरोपीयो के कब्जे से व फड से 11200रू एवं 52 पत्ती तास तथा 06 नग एंड्राइड मोबाइल को किया गया जप्त



**बिलाईगढ** 14 जुलाई(देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे, अनु.अधि. पुलिस विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना तथा जिले में जुआ सट्टा शराब जैसे अपराधों की रोकथाम हेतु निर्देश दिए गए। जिसके पालन में थाना प्रभारी उप निरी शिवकुमार धारी के नेतृत्व में बिलाईगढ़ के खुरसुला जंगल में जुआ खेलते 06 आरोपीयो को किया गया गिरफ्तार। विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 13 ,07, 2025 को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम खुरसुला के जंगल में 52 पत्ती ताश से रूपए पैसे का दाव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं की,सूचना पर ग्राम खुरसुला के जंगल में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया, जिसे कुछ जुआड़ीयान पुलिस को देखकर मौके से भाग गए,तथा 6 जुआडीयन काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथ पकडे गए। आरोपीयान समीर कुर्रे पिता गंगू कुर्रे उम्र 20 साल ग्राम बागलोटा, नंदकिशोर कर्ष पिता छेदीलाल कर्ष उम्र 29 साल ग्राम कैथा, रामकुमार नवरत्न पिता धुरवा नवरत्न उम्र 40 वर्ष ग्राम बगलोटा,जितेंद्र साहू पिता जवाहर लाल उम्र 29 साल ग्राम कैथा, मुकुटधर साहू पिता गोविंद राम उम्र 41 वर्ष ग्राम पवनी,दिलचंद पिता जगन्नाथ साहू उम्र 51 साल ग्राम पंडरीपानी के कब्जे से एवं फड़ से नकदी रकम 11200 रू एवं 52 पत्ती तास तथा 06 नग एंड्राइड मोबाइल कीमती 30000 रु जुमला कीमती 41200 को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपीयो के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 (2)के तहत विधिवत गिरफ्तार किया गया। प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शिवकुमार धारी प्र आर भंवरलाल काटले प्र आर किशोर खटकर आर. कमल कुर्रे, हेमंत जाटवर अश्वनी डडसेना एवं समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

# जिले का एकमात्र राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर स्थित थाना सिमगा में पुलिस बल की कमी

### ◆ बढ़ रहा है लगातार अपराध नगर सहित थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी - चोर पुलिस पकड़ से बाहर

**सिमगा ,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। मिली जानकारी के अनुसार सिमगा नगर सहित थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ते जा रही है । लेकिन पुलिस चोरों तक पहुंचने में असफल हो रही है ।कहीं खेत में काम पर गए वृद्ध दंपति के सूने मकान का ताला तोड़कर दिन दहाड़े सोने चांदी के जेवरात व नगदी रकम ले उड़े रहे हैं ।तो कहीं बाजार में सूपा पर्रा बेचने वाले का टी वी एस दो पहिया वाहन को अज्ञात चोर ले उड़े रहे हैं वहीं रायपुर बिलासपुर मार्ग में सिमगा सोसायटी के समीप ही मोटरसाइकिल रिपेयर सेंटर से टायरों की चोरी हुई है । लेकिन इन सभी चोरियों में चोर पुलिस पकड़े से बाहर है ।




उल्लेखनीय है कि जिले का एकमात्र थाना सिमगा राष्ट्रीय राज्य मार्ग रायपुर बिलासपुर के मध्य स्थित है उसके बावजूद सिमगा थाना में पुलिस कर्मियों की कमी समझ से परे है ।प्रतिदिन सड़क दुघर्टना होना न्यायाधीश मुख्यमंत्री राज्यपाल सहित कई नेताओं का आवागमन होता रहता है ।सिमगा थाना क्षेत्र लिमतरा से लेकर गड़रिया नाला के आसपास क्षेत्र में रात्रि में खड़ी ट्रकों से डीजल चोरी मारपीट हत्या लूटपाट जैसे गंभीर घटनाएं बढ़ते ही जा रहा है । जिससे अपराध करने वाले लोग पुलिस बल की कमी का भरपूर फायदा उठा रहे हैं ।और एक से बढ़कर एक अपराध को अंजाम दे रहे हैं ।इस संबंध में थाना प्रभारी रितेश मिश्रा ने कहा कि सभी घटनाओं में अपराधियों की सघन पता साजी किया जा रहा है शीघ्र ही अपराधियों को पकड़ लिया जायेगा ।

# शिवालय में में गूंजा नम: शिवाय का मंत्र

**जी जामगांव,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। शिवालय में में गूंजा ? नम: शिवाय का मंत्र ।श्रावण मास के प्रथम सोमवार को अंचल के शिवालय में गूंजा ? नम : शिवाय का मंत्र,सुबह से शिव भक्तों का भीड़ देखने को मिला, शिव शम्भू को रिझाने किसी के हाथ मे फूल,तो किसी ने दूध का लोटा,तो किसी ने जल भरा बाल्टी व बेल पत्र लिए बच्चे,महिलाएं भोलेनाथ के दरबार मे अर्जी लगा रहे थे ।अपनी भावनाओं को प्रेम रूपी जल ,दूध,घी,बेलपत्र से मंत्रो का जाप करते हुए समर्पित कर रहे थे ।मानो यैसा प्रतीत हो रहा था जैसे कई महीनों के इंतजार बाद शिव शम्भू को मानव कल्याण एवम ग्राम खुशहाली की कामना से प्रार्थना कर रही हो ।पूर्ण अपेक्षा के साथ आरती ,भजन करती हुई प्रसाद लेकर शिवालय से आनंदित होकर अपने अपने घर के लिए प्रस्थान हो गए ।अंचल में आज शिवमय हो गया ।



# कलेक्टर ने धान संग्रहण केंद्र का निरीक्षण किया

**पिथौरा ,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज पिथौरा स्थित धान संग्रहण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान के भंडारण, सुरक्षा, परिवहन और उठाव की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए धान का शीघ्रता से उठाव सुनिश्चित किया जाए, जिससे धान की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण रखरखाव किया जा सके। उन्होंने कहा कि धान भीगने या खराब होने की स्थिति में संभावित नुकसान को रोकना सुनिश्चित करें। मौके पर डीएमओ श्री राठौर ने बताया कि यहां कुल 2 लाख 53 हजार चिंटल धान का भंडारण किया गया है। जिसमें 50 हजार चिंटल धान का डी.ओ. (डिलिवरी ऑर्डर) पहले ही कट चुका है, इस पर कलेक्टर ने संबंधित परिवहन एजेंसी और फूड विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस धान का तत्काल उठाव प्रारंभ किया जाए और परिवहन में किसी भी प्रकार की देरी न हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संग्रहण केंद्र तक पहुंचने वाले मार्ग की स्थिति देखते हुए कहा कि बरसात में कीचड़ और जलभराव से उठाव कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए सड़क की मरम्मत मुरूम या गिट्टी से शीघ्र की जाए। कलेक्टर ने गोदामों की साफ-सफाई, तिरपाल व्यवस्था, नमी नियंत्रण और सुरक्षा प्रबंधों का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि केंद्र में कार्यरत सभी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाया जाए और उठाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक दिवस उठाव की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए और कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिथौरा ओंकारेश्वर सिंह, खाद्य अधिकारी अजय यादव, डीएमओ टिकेंद्र राठौर एवं धान संग्रहण केंद्र प्रभारी अश्वनी ठाकुर सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे ।



# आरंग नगर में हो रहा गंदे पानी की सप्लाई,कांग्रेस पार्षदों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**आरंग,** 14 जुलाई (देशबन्धु) ।बीते 03 दिनों से आरंग नगर में घरेलू नल कनेक्शन से आ रहे गंदे पानी के कारण जल आपूर्ति बाधित हो रही है ।जनता को रही परेशानी को कांग्रेस पार्षदों ने सीएमओ शीतल चंद्रवंशी के समक्ष रखा है ।युवा कांग्रेस ग्रामीण के जिलाध्यक्ष सजल चंद्राकर के साथ आरंग नगर पालिका के कांग्रेस पार्षदों ने ज्ञापन सौंपकर जनता को शुद्ध पेयजल प्रदान करने की बात कही है ।इसके अलावा नगर में कई इलाकों के बंद स्ट्रीट लाइट को सुधारने का निवेदन किया है ।ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद शरद गुप्ता,खिलावन निषाद,समीर गोरी,ईश्वर पटेल,पार्षद प्रतिनिधि सूरज सोनकर,युवा कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष सजल चंद्राकर उपस्थित रहे।

# अवैध गांजा परिवहन पर थाना सरिया की कार्रवाई

**बिलाईगढ** 14 जुलाई(देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के द्वारा जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को जुआ, सट्टा, शराब, अवैध मादक पदार्थ गांजा में संलिप्त व्यक्तियों के उपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की निर्देश पर अति0 पुलिस अधीक्षक निमिषा पाण्डेय एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सारंगढ़ अविनाश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रमोद यादव के नेतृत्व मे आज दिनांक 14/07/2025 को जरिये मुखबीर सुचना पर थाना सरिया मेन रोड में घेराबंदी कर ओड़िशा से मोटर सायकल में आ रहे 02संदिग्ध व्यक्तियों के कब्जे से सफेद थैला में रखा हुआ 05 पैकेट मादक पदार्थ गांजा कुल 05 किलो 280 ग्राम एवं घटना मे प्रयुक्त 02 नग मोबाईल एवं एक डिस्कवर मोटर सायकल जुमला किमती लगभग 90,000 रूपये को जप्त कर धारा 20 बी , NDPS ACT के तहत विधिवत कार्यवाहीकर आरोपीगण के विरूद्ध थाना सरिया मे अप क्र 152/25 धारा 20 B ndps एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगणों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी प्रमोद यादव, सउनि,सुमन चौहान,प्र.आर. सुरेंद्र सिदार, आरक्षक श्रवण टंडन, राम पटेल, राजकुमार साव, लक्ष्मी पटेल, दिलीप स्नेही, एवं समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ का किया स्वागत



**पलारी ,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव के नेतृत्व में बलौदा बाजार के नये जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे जी का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव जिला अध्यक्ष देवेश वर्मा कार्यकारी अध्यक्ष तोमर डोंडे जिला संयोजक खेलावन घृतलहरे जिला सचिव सीएम साहू महेंद्र वैष्णव आदि उपस्थित थे।

# तरपोंगी टोल प्लाजा घेराव

**कोहका / तिल्दा,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। तिल्दा नेवरा ब्लाक के ग्राम तरपोंगी में टोल प्लाजा संचालित है, जिसमें टोल प्लाजा वाले ने छत्तीसगढ़ के बाहर के आपराधिक तत्व के गुंडों को काम पर रखकर आम जनता से दादा गिरी व गुंडा गर्दी करवाते हैं, अवैध रूप से वसूली भी करवाते है, इसलिए आम जनता के परेशानी को देखते हुये हस्र्ङ्ख के रायपुर जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी के नेतृत्व में हस्र्ङ्ख के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के उपस्थिति में (01) ष्टत्र 04 पासिंग गाड़ियों का टोल मुक्त हो (02) प्रत्येक दिन रायपुर से आवागमन करने वाले छात्र/ छात्राओं के लिये टोल स्टूडेंट पास बनाकर टोल मुक्त हो (03) टोल कर्मचारियों का यात्रियों से दुर्व्यवहार करवाना बंद करवाया जाय (04) टोल प्लाजा में समस्त अधिकारी कर्मचारी छत्तीसगढ़ के स्थाई निवासी हो ये सब मांगो को लेकर टोल प्लाजा का सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ घेराव किया गया।




*उक्त घेराव कार्यक्रम के मुद्दा जनहित में था इसलिये राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम, नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश महासचिव एवं रायपुर जिला अध्यक्ष दास जी साहू , तहसील अध्यक्ष तिल्दा नेवरा मोहन साहू, तहसील महामंत्री एवं पुर्व सरपंच जुडावन साहू , तहसील महामंत्री गोविंद राम कुंवर दादर, ग्राम अध्यक्ष दारा सिंह जोशी, कामू साहू, संजय चक्रधारी बेमता, ज्ञान दास मानिकपुरी उपसरपंच

# अवैध परिवहन करते लकड़ी-ट्रैक्टर जब्त

**पिथौरा ,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। रात्री गस्त में निकले वन परिक्षेत्रअधिकारी पिथौरा सालिकराम डड़सेना एवं उसकी टीम ने एक महेन्द्रा ट्रेक्टर 275 (ट्रेक्टर नं0 नही लिखा है )से अवैध रूप से सुखीपाली के सरकारी जंगल कक्ष क्रमांक 237से गिला साजा धावड़ा रोहिना भिर्रा मिश्रित लकड़ी ताजा गिला काटकर अवैध परिवहन करतेआरोपी ट्रेक्टर मालिक दिलीप सिंह पिता दरियावसिंह ठाकुर उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम बरेकेल एवं उसके पुत्र ट्रेक्टर चालक चुरामणि ठाकुर पिता दिलीप सिंह ठाकुर उम्र 22 वर्ष को रात्री मे सरकारी जंगल सुखीपाली बीट से गिला जलाऊ लकड़ी लगभग 02 चट्टा अवैध रूप से काटकर परिवहन करते पकड़कर ट्रेक्टर एवं लकड़ी जप्ती कर भारतीयवनअधिनियम 1927 की धारा 33 च, धारा 52, एवं परिवहन अधिनियम धारा 41 केतहतराजसातकीकार्यवाही किया जा रहा है ।रात्री गस्त मे परिक्षेत्र अधिकारी पिथौरा के साथ वनपाल जयसिंह भोसले, परिसर पिथौरा, विरेंद्र बंजारे परिसर रक्षी भिथीडीह, शुभम तिवारी परिसर रक्षी राजाडेरा , राकेश ध्रूव परिसर रक्षी पश्चिम अंरड, सुरक्षा श्रमिक कमल साहू एवं सुधीर रवि का सहयोग रहा ।मौका घटना स्थल एवं परिवहन मे जप्त वनोपज का ठूंठ मिलान करने पर कक्ष क्रमांक 237 से काटे गए 46 नग ठूंठ सत्यापित पाया गया है ।



## निधन

### कुँदन वर्मा

**पलारी,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पलारी के वार्ड नं 12 के प्रतिष्ठीत नागरिक कुँदन वर्मा का रविवार को निधन हो गया उनका अँतिम सँस्कार सोमवार को स्वर्गधाम स्थित मोक्षधाम मे किया गया वे भाजपा युवा मोर्चा मँडल अध्यक्ष भोला वर्मा और घनश्याम वर्मा के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में परिजनों के अलावा गणमान्य नागरिक शामिल रहे।



# व्यवसायी ने महाविद्यालय को दान की किताबें

**महासमुंद,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी दिलीप कृष्णानी द्वारा सीए इंटरमीडिएट की अंग्रेजी माध्यम की 23 किताबें जिले के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय महासमुंद को प्रथम बार दान में अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकें प्राप्त हुई है। यह किताब उनकी पुत्री सुश्री कृष्णानी की है जो महाविद्यालय के लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए प्रदान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने इस कार्य की सराहना की है। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि पुस्तकों का अपना महत्व है पुस्तकों से हमें ज्ञान मिलता है। किताबें हमारी सच्ची मित्र हैं, किताबें हमारी समस्याओं का समाधान करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आत्मा के बिना शरीर खाली रहता है वैसे ही किताबों के बिना घर खाली रहता है। उन्होंने बताया कि जो किताबें दान की गई है वह सीए से संबंधित है चूंकि हमारे महाविद्यालय के बहुत से छात्र छात्राएं सीए, सीएस, सीएमए की पढ़ाई करते हैं उन सभी विद्यार्थियों के लिए ये पुस्तकें लाभदायक होगी इस अवसर प्राचार्य ने आव्हान किया कि महाविद्यालय में बुक बैंक की स्थापना की जाए इसके तहत जिनके पास भी अतिशेष किताबें हों वे अपनी किताबों को महाविद्यालय को दान कर पुण्य के भागी बन सकते हैं। विदित हो कि ये किताबें निर्धन एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों के काम आ सकेंगी। किताबें दान करने के लिए श्री कृष्णानी को धन्यवाद ज्ञापित तरुण कुमार बांधे विभागाध्यक्ष वाणिज्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, रवि देवांगन एवं ऑफिस स्टाफ शेष नारायण साहू, जगतारण दास बघेल एवं कंप्यूटर ऑपरेटर नानक साहू उपस्थित रहे।



# एक पेड़ मां के नाम विधायक इंद्र साव ने नए विधानसभा में किया पौधा रोपण

**भाटापारा,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत विधान सभा कार्यवाही के पश्चात विधायक इंद्र साव ने भी नए विधानसभा परिसर पर पौधारोपण करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बताया।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन की कार्यवाही के पश्चात समस्त विधायकों ने नए विधानसभा परिसर पर पौधा रोपण किया क्षेत्र के कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने भी एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया। विधायक श्री साव ने चर्चा में कहा कि प्रकृति की सुंदरता और भविष्य को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को ना केवल पौधारोपण करना चाहिए बल्कि उसका संरक्षण भी करना चाहिए। प्रकृति जीवन देने के साथ साथ बिना किसी स्वार्थ के अपनापन भी देती हैं। पौधरोपण से हम न केवल पर्यावरण को सुरक्षित करते हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ ताजी हवा और स्वस्थ वातावरण मिलता है। इस दौरान सभी विधायकों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में हिस्सा लेकर नए विधानसभा परिसर में पौधारोपण किया।



# युवा सर्व यादव समाज प्रदेश महामंत्री बने लोकेश

**पलारी,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। सर्व युवा यादव समाज का बैठक रविवार को न्यू राजेंद्र नगर रायपुर विजेता कॉम्प्लेक्स में रखा गया जिसमें प्रमुख रूप से सर्व यादव के प्रदेशाध्यक्ष रमेश यदु सर्व युवा यादव युवाध्यक्ष परमेश्वर यादव प्रदेश मीडिया प्रभारी तापेश्वर यादव एवं प्रदेश प्रवक्ता कुंजलाल यादव के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के अनुशंसा पर प्रदेश युवा अध्यक्ष परमेश्वर यदु द्वारा युवा प्रकोष्ठ का विस्तार किया गया, जिसमें पलारी निवासी पूर्व युवा जिलाध्यक्ष लोकेश यदु को प्रदेश महामंत्री बनाया गया साथ ही लवन से प्रशांत यादव को प्रदेश संगठन मंत्री बलौदाबाजार शहर से दिनेश यादव को प्रदेश कार्यकारणी सदस्य एवं बलौदाबाजार -भाटापारा युवा जिलाध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी सभापति उमेश यदु को बनाया गया। सभी की नियुक्ति पर बलौदाबाजार भाटापारा सर्व यादव सहित शुभचिंतकों ने बधाई शुभकामनाएं दिए प्रमुख रूप से सर्व यादव समाज प्रदेशाध्यक्ष रमेश यदु बसावन यदु राजकुमार यदु पुहुप राम यादव सुरेश यदु शिवराम यादव सुनील यदु बोधन यादव हरीश यादव मनीराम यादव संतोष यादव भूषण यादव किशोर यादव इतवारी यादव प्रकाश यादव तरुण यादव रितेश यादव शनि यादव शेखर यादव कमलेश यदु भेख यादव रमैया यादव गेमू यादव गौतम यादव मिनेंद्र यादव लखन यादव हरिकीर्तन यादव भावेश यादव रामबचन यादव रिखीराम यादव बृजभान यादव आजूराम यादव ऋषि यदु दिलीप यादव भूमेश धेनुसेवक सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के लोगों ने बधाई दिए।



**प्रदेश सर्व युवा यादव प्रकोष्ठ का हुआ विस्तार**

# छह बड़ी प्रतिमाओं के साथ विराजेंगे साढ़े तीन सौ विघ्न विनाशक

**भाटापारा,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। आकार लेने लगे हैं विघ्न विनाशक। शुरुआत के पहले दौर में ही जैसा रुझान मिल रहा है, उसने मूर्तिकारों का उत्साह दोगुना कर दिया है।

मूर्तिकार तिलकराम वर्मा इस वर्ष तय समय से करीब एक पखवाड़े पूर्व ही निर्माण का काम शुरू कर चुके हैं। पूछने पर वह बताते हैं कि अब तक 6 बड़ी प्रतिमाओं के आर्डर मिल चुके हैं। छोटी-बड़ी मिलाकर करीब 350 प्रतिमा निर्माण का लक्ष्य लेकर चल रहे श्री वर्मा को थोड़ी हैरत इसलिए है क्योंकि कच्ची सामग्रियों की कीमत में बढ़ोतरी से कुल कीमत में इजाफा होने के बावजूद स्थापना को लेकर उत्साह बहुत है।

**पहली बार पैरा:** निर्माण की द्वितीय सामग्री पैरा। पहली बार इसकी कीमत ने रिकॉर्ड छलांग लगाई है। एक साथ 1500 रुपए की बढ़ोतरी के बाद मूर्तिकारों को पैरा की खरीदी 3000 रुपए प्रति ट्रॉली पर करनी पड़ी। यह इसलिए क्योंकि हाथ से काटी गई फसल का पैरा की उपलब्धता तेजी से कम हो रही है। आवश्यकता इसी पैरा की इसलिए क्योंकि मानक लंबाई और कड़ापन इसमें होता है। हार्वेस्टर से काटी गई फसल के पैरा में यह दोनों नहीं मिलते।



**खुश है तिलकराम, तैयारी शुरू**

**2 से 3 प्रतिशत वृद्धि इनमें भी:** मिट्टी की कीमत में 2त्न और जरूरी रंग- रोगन 3 फ़ीसदी तेज। इसने भी निर्माण की लागत बढ़ाई हुई है। स्वीकार कर रहे हैं मूर्तिकार यह वृद्धि लेकिन मिट्टी की गुणवत्ता को लेकर जो चिंता बन रही है, उसने चालिटी सॉइल जैसे उच्च गुणवत्ता वाली मिट्टी की डिमांड बढ़ा दी है। यही वजह है पैक्ड मिट्टी की खरीदी को लेकर मूर्तिकार ज्यादा रुझान दिखा रहे हैं।

**समितियां का रुझान बढ़ा रहा उत्साह:** तेज बढ़ोतरी के बावजूद समितियां प्रतिमा स्थापना को लेकर जैसा रुझान दिखा रहीं हैं, उससे मूर्तिकारों का हौसला बढ़ा हुआ है। यही वजह है कि 9 फीट जैसी ऊंचाई वाली श्री गणेश प्रतिमाएं आकर ले रहीं हैं। प्रथम चरण की शुरुआत में छोटी और मध्यम ऊंचाई वाली प्रतिमाओं को आकार दिया जा रहा है। दूसरे चरण में ऊंची प्रतिमाएं बनाई जाएंगी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के 20 हजार हितग्राहियों ने किया वृक्षारोपण



**बलौदाबाजार,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियो के लिए एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत क्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत जिले के 20 हजार हितग्राहियों ने सोमवार को अपने आवास में छायादार व फलदार पौधे लगाए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 जुलाई 2025 को एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के वर्ष 2024-25 में पूर्ण 20 हजार आवास में वृक्षारोपण किया गया। वर्ष 2024 -25 में जिले को 48137 आवास का लक्ष्य मिला था जिसमे से 20 हजार आवास का निर्माण पूर्ण हो गया है। इन 20 हजार पूर्ण आवास के हितग्राहियो द्वारा अपने घरों में फलदार एवं छायादार पौधे जिला प्रशासन के सहयोग से वृक्षारोपण कराने का लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि राज्य शासन की मंशानुसार जिला प्रशासन द्वारा बारिश के मौसम में बृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा वृक्षारोपण हेतु कार्ययोजना तैयार किया गया है।

## पाहंदा स्कूल में किया गया वृक्षारोपण

**बलौदाबाजार,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला पाहंदा में सोमवार को वृक्षारोपण किया गया। जिसमें प्रधान पाठक कंचन ध्रुव, ललिता नामदेव, द्वारिका कश्यप, किशन लाल बंजारे एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को पर्यावरण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए वृक्षारोपण की महत्ता को भी बताया।



# योगेश चंद्राकर का मनाया गया जन्मदिन

**पलारी,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता का जन्मदिन मनाया गया। जहां सुबह से ही बधाई देने वालो का ताता लगा रहा। बधाई देने वालों में भाजपा के मंडल जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी शामिल रहे के साथ ही गणमान्य नागरिक श्रम जीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल पलारी पत्रकार संघ के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# गायत्री मंत्र के साथ बच्चों के हाथों पर कलावा बांध तिलक वंदन के साथ विद्यारंभ संस्कार किया गया

**नवापारा राजिम,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। आदर्श शासकीय नवीन प्राथमिक शाला दीनदयाल नगर नवापारा में कक्षा पहली के नव प्रवेशी बच्चों का विद्यारंभ संस्कार गायत्री परिवार के संपत लाल साहू मंगल सेन मोहन मानिकपन श्रीमती निशा सेन द्वारा कराया गया. अतिथियों द्वारा श्रीगणेश सरस्वती व गायत्री माता का पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलन किया गया पश्चात मां सरस्वती वंदना किया गया। गायत्री मंत्र के साथ बच्चों के हाथों पर कलावा बांधा गया एवं तिलक वंदन के साथ विद्यारंभ संस्कार किया गया बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु प्रेरणा गीत के साथ गायत्री परिवार के संपत लाल साहू ने विभिन्न उदाहरण द्वारा शिक्षा के साथ संस्कार की आवश्यकता बताते हुए कहा है आज शिक्षा एवं विद्या का मंदिर स्कूल है. अच्छा इंसान बने इसके लिए सेवा की भावना हमारे मन में जागृत हो माता-पिता एवं गुरूजन सभी बड़ों का सम्मान एवं बात मानने का स्वभाव हम सबका बने. समाज में हिंसा बढ़ रहा है बाल अपराध न हो

इसके लिए माता-पिता एवं समाज को सतर्कता पूर्वक ध्यान देने की आवश्यकता है. गोपाल यादव प्रधान पाठक ने आभार व्यक्त किया इस अवसर पर त्रिपदा बासवार एकता शर्मा योगिता साहू ईश्वर लाल साहू बेनीराम साहू शिक्षक गण संस्कार महोत्सव के इस कार्यक्रम में सहयोगी रहे हैं।



# खैरा में शासकीय भूमि से हटाया गया कब्जा




**महासमुंद,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत खैरा में ग्राम सभा के प्रस्ताव पर सोमवार को शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की गई। तहसीलदार महासमुंद जुगल पटेल एवं मोहित अमिला के नेतृत्व में यह कार्रवाई ग्राम पंचायत के सरपंच प्रांशु चंद्राकर, राजस्व विभाग तथा पंचगण एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में हुई। तहसीलदार ने बताया कि गांव के कुछ व्यक्तियों द्वारा शासकीय भूमि जैसे आंगनाबड़ी मैदान, तालाब पार, गौठान, ;बड़े झाड़ के जंगल और अन्य शासकीय भूमि पर अवैध रूप से मकान निर्माण कर अतिक्रमण किया जा रहा था। जिस पर ग्राम पंचायत द्वारा तीन.तीन बार नोटिस दिया गया। बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। अत: उक्त भूमि पर कब्जा हटाने हेतु प्रशासन द्वारा सोमवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया। इस कार्रवाई में सरपंच, पंचगण, हल्का पटवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। तहसीलदार श्री पटेल ने इस दौरान ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि ग्राम पंचायत के मंशानुरूप अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। भविष्य में भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# 10.5 बल्क लीटर महुआ एवं 9 बल्क लीटर देशी शराब जब्त

**बलौदाबाजार,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। आबकारी आयुक्त श्याम धावडे एवं कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसा जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में संभागीय उड़नदस्ता रायपुर संभाग तथा जिला आबकारी टीम बलौदाबाजार द्वारा पलारी वृत्त क्षेत्र के थाना गिधपुरी अंतर्गत ग्राम जुनवानी में आरोपी मिलान कोसले पिता साध राम कोसले साकिन जुनवानी के कब्जे से 10.5 बल्क लीटर महुआ शराब जप्त किया गया। महुआ शराब का बाजार मूल्य 2100 होना पाया।

इसी प्रकार भाटापारा वृत्त क्षेत्र के थाना भाटापारा ग्रामीण अंतर्गत ग्राम डिग्गी में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी पूरन सिंह जोगी पिता मंशा सिंह जोगी के कब्जे से 9.0 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जप्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 5000 होना पाया। उक्त कार्यवाहियों में आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। कार्यवाहियों में आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, दिनेश कुमार साहू, पी. माधव राव, आबकारी मुख्य आरक्षक राधा गिरी गोस्वामी एवं मदन लाल ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## आपदा पीड़ित 3 परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 11 एवं 14 जुलाई 2025 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में राजकुमारी गेंडरे पति स्व. अशोक गेंडरे, निवासी ग्राम मुड़पार तहसील सुहेला, उत्तम कुमार पिता स्व. संतलाल, निवासी ग्राम सिरियाडीह, तहसील लवन एवं रोशनी जांगड़े पति स्व. राजकुमार जांगडे, निवासी ग्राम मुसवा नवागांव तहसील सिमगा शामिल हैं।

# भीखम सिंह ठाकुर फिर से बनाए गए सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष

**बागबाहरा,** 14 जुलाई (देशबन्धु)। कल रविवार को नगर के पीडब्लूड़ी रेस्ट हाऊस में जिले के सर्व आदिवासी समाज के जिम्मेदार लोगों की एक आवश्यक बैठक हुई। जहाँ देर शाम तक सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष बनाए जाने को लेकर गहरा विचार मंथन किया गया। आखिरकार सर्व आदिवासी समाज के प्रमुखों ने एक राय होकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं कद्दावर युवा भाजपा नेता भीखम सिंह ठाकुर को जिलाध्यक्ष बनाया गया। जिससे सर्व आदिवासी समाज के अलावा अन्य समाज एवं उनके शुभचिंतकों में जम कर हर्ष व्याप्त है। श्री ठाकुर शुरू से ही सर्व आदिवासी समाज के लोगों को जोड़ने, संगठित करने एवं एक जुटता बनाए रखने में वर्षों से जुटे रहे। जिससे आदिवासी समाज के लोग उनसे जुटे रहे। तथा उनके छोटे-मोटे समस्याओं को सामाजिक एवं राजनीतिक स्तर पर निराकरण करते रहे। जिसका सुखद परिणाम आज उन्हें देखने को मिला है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर को सर्व आदिवासी समाज महासमुंद जिले के नए जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समाज को नई दशा-दिशा देने पर फोकस करेंगे। उन्हें जिलाध्यक्ष पद देकर आदिवासी भाईयों ने एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी से नवाज़ा है। श्री ठाकुर ने सर्व आदिवासी समाज के सभी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है।

सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव को आदिवासी समाजजनों द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें जिले भर से समाज के साथ-साथ क्षेत्र के समाज सेवी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, क्षेत्रीय नेता एवं मंत्री गणों को भी आमंत्रित किया जाता है। साथ ही सांस्कृतिक मनोरंजन कार्यक्रम हेतु अन्य क्षेत्रों से पहुंचे समाज के कलाकारों को आमंत्रित कर विभिन्न कला एवं पारंपरिक वेषभूषा में सुसज्जित कलाकारों द्वारा गायन, वादन एवं नर्तक दलों द्वारा नृत्य एवं झांकियां प्रस्तुत की जाती है। कार्यक्रम की भव्यता एवं सफल आयोजन के लिए पूर्व से ही आयोजन समिति की बैठकें एवं तैयारियां शुरू हो जाती है द्य इसी तारतम्य में आज बागबाहरा के विश्राम गृह में सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद के जिला कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक आहूत की गई थी। बैठक का मुख्य विषय आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव के जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजन के संबंध में तैयारी को लेकर चर्चा परिचर्चा की गई। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मीडिया प्रभारी अजय ध्रुव ने बताया कि वर्तमान समय में महासमुंद जिले में व प्रदेश में बाहरी दमनकारी शक्तियों के दखल के कारण समाज दो संगठनों में बंट गया था। जो आज दोनों संगठनों के समाज जनों की गरिमामयी उपस्थिति में कल रविवार को हुए बैठक में आपसी सामंजस्य स्थापित कर विलय हुआ। तथा जिले के प्रतिनिधित्व व संचालन के लिए पुन:जिलाध्यक्ष का चयन किया गया। सर्वसम्मति से उपस्थित समाजजनों द्वारा आदिवासी कद्दावर नेता भीखम सिंह ठाकुर को पुन: जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद बनाया गया।





**भाजपा नेता भीखम सिंह ठाकुर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भी हैं**

तथा थानसिंह दीवान को कार्यकारी जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस बैठक में उपस्थित समाजजनों ने दोनों महानुभावों को अक्षत एवं पीले चांवल से टीका लगाकर सहर्ष बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। दोनों संगठनों के विलय की खबर सुनकर क्षेत्र के समस्त सर्व आदिवासी समाजजनों में हर्ष व्याप्त है। कहा जा रहा है कि अलगाव से समाज में पड़ रहे कुप्रभाव को दूर करने की जो परिकल्पना की जा रही थी। आज वह अंतत: समाज के प्रबुद्धजनों की पहल से सफल हुई। नए जिलाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि समाजजनों द्वारा सर्व सम्मति से पुन: जो दायित्व सौंपा गया है। उसे मैं पूर्व की भांति सत्यनिष्ठा एवं पूरी ईमानदारी से आप सबके साथ और सहयोग से निश्चित रुप से अपने कार्य के प्रति प्रतिबद्ध रहूंगा। तथा सदैव समाज के विकास और उत्थान में निरंतर अपने सेवा कार्य जारी रखूंगा। ज्ञात हो कि वर्तमान में भीखम सिंह ठाकुर समाज सेवा के साथ ही जिला पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं थानसिंह दीवान ने उपस्थित समाजजनों द्वारा उन्हें दिए गए नए दायित्व के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। और कहा कि समाज सबसे बड़ा है ,समाज ही सर्वोपरि है। पहले समाज फिर बाद में कोई संगठन या राजनैतिक दल। पूरी कर्तव्यनिष्ठता के साथ समाज के प्रत्येक गतिविधियों में कदम से कदम मिलाकर साथ चलने की बात कही। बताया गया है कि आगामी तीन वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात पुन: नए कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। चाहे किसी भी प्रकार का सामाजिक कार्यक्रम हो। शुरू से जिस तिथि में जहां प्रायोजित हो निश्चित ही उन्हीं स्थान पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सर्व आदिवासी समाज पूरे जिले में एक है। तथा सभी सामाजिक कार्यों में एकता और अखंडता प्रदर्शित होगी। समाज द्वारा किसी भी प्रकार के धरना,आंदोलन समाज के हक अधिकार की लड़ाई तथा सामाजिक कार्यक्रम एक ही बैनर तले किया जाएगा। सामाजिक एकीकरण और संगठन को मजबूत कर आगे सभी कामों को मिलकर करने की बात कही गई। जिले में इसकी सक्रियता को सिरे से खारिज किया गया। तथा भविष्य में सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद में किसी भी अन्य पंजीकृत सामाजिक संस्था को समाज द्वारा स्वीकार और समर्थन नहीं करने की बात कही गई। जिसे उक्त बैठक में उपस्थित सभी समाज जनों ने स्वीकार करते हुए अपनी सहमति जताई। आगामी 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव के आयोजन को बड़े ही भव्य और धूमधाम से मनाने में पूर्ण तैयारी में सहयोग प्रदान करने व अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है। इस बैठक में जिला मीडिया प्रभारी अजय ध्रुव, सर्व आदिवासी समाज के नए जिलाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, कार्यकारी जिलाध्यक्ष थानसिंह दीवान, जिलाध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ जिला महासमुंद मनराखन ठाकुर सहित जिले भर के समाज प्रमुख,वरिष्ठ समाज सेवी, जिले एवं ब्लॉक पदाधिकारीगण ,राज एवं सर्कल अध्यक्ष गण,शासकीय अनुसूचित जनजाति अधिकारी कर्मचारी गण,महिला एवं युवा प्रभाग के समस्त पदाधिकारी गण सहित अधिक संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता गण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।